


लल्ल प्रकाश

श्रीमते आर. एल. गहम्र

सप्रेमार्पितम्

[illegible]

[illegible]

17-4-12

लल्लु प्रकाश



व्याख्याकार (कश्मीरी भाषा में)
स्व. पं० प्रेमनाथ शास्त्री

पुस्तक का नामः लल्लु प्रकाश

व्याख्याकार स्व॰ पं॰ प्रेम नाथ शास्त्री (कश्मीरी भाषा में)

हिन्दी अनुवादकः पं॰ ओंकार नाथ शास्त्री

प्रकाशन सन : 2011

प्रथम संस्करण : 500 प्रतियां

मूल्य : ₹ 300/-

प्रकाशकः

पं॰ प्रेमनाथ शास्त्री सांस्कृतिक शोध संस्थान

अजीत कालोनी, गोलगुजराल जम्मू

9419133233, 2555607

punchang.vijayshwar@yahoo.com

Foreward :	Sh. Prof. R.N.K. Bamezai Vice Chancellor Shri Mata Vaishno Devi University Kakriyal, Katra, Jammu, J&K
Foreward :	Sh. O. N. Koul K.A.S Ret. Hon. Gen. Sectt. J&K Council of Cultural and Historical Research 312, Sect. 9, Roop Nagar, Jammu, Tawi
पुरोवाक्	श्री त्रिलोकी नाथ धर 'कुन्दन'
दो शब्द	श्री प्रो० मोहन लाल कौल एम. ए. (अंग्रेज़ी) (संस्कृत) (हिन्दी) 64/2, पम्पोश कालोनी जानीपुर जम्मू
प्राक्कथन	श्री प्रो० ओंकार नाथ च्रंगू
भूमिका	पं० ओंकार नाथ शास्त्री

सम्पादक

विजयेश्वर पंचांग

Foreword



Historically Kashmir has been the land of Yogis, Saints and Sufis, weaving a common identity in the composite cultural heritage despite witnessing turmoil from time to time. Concepts of tolerance, non-violence, respect towards other faiths and a continuous urge towards self-actualization and spiritual growth have been a part of Kashmiri culture and ethos. Life of most Kashmiri Hindus is imbued and inspired by saints who are helping the devout towards the spiritual quest to find meaning and balance. This search for the unfathomable made the great saint of Kashmir, Laleshwari, a household name and her spiritual experience has weaved a common thread among people of different faiths. Lai Ded's spiritual philosophy has influenced the culture for the past 600 years which needs revitalization in the present socio-political context of Kashmir. The compilation of 'Vakhs' of Laleshwari (Lal-Vakhs) with well researched and appropriate translation by Pandit Omkar Nath Shastri Ji is a commendable effort.

The long yearning and desire of decades to read and understand 'Lal-Vakhs' has been possible through this unexpected opportunity, probably a divine subterfuge! I feel blessed to have this opportunity to remove my ignorance which is 'no longer a bliss'. Going through these 'Vakhs' repeatedly and allowing them to sink in has added to my spiritual growth, coming as if at an appropriate time of my life. I am sure those who would get the chance to read,

which I suggest to all-young and old, are bound to be benefitted in shaping their attitudes and behavior in the process of self realization. If the lessons emanating from 'Lai-Vakhs' are practiced in true sense, miseries due to reasons beyond our control and some due to our own creation could be prevented. For, the 'Lal-Vakhs' encapsulate the essence of Vedas and Upnashids and the messages of Bhagvadgita and Shaivism and unravel methods for both initiated and un-initiated souls to achieve perfection to be one with 'Paramshiva'.


The dream of Late Pandit Prem Nath Shastri Ji to reach out to Kashmiri Pandits has now been taken forward in tangible way by his son, Pandit Omkar Nath Shastri Ji, to reach out to a wider readership. Late Pandit Prem Nath Shastri Ji was a highly educated scholar and had learnt well the astrological-mathematical logic with the past history of almost 350 years in his family at Bijbihara, Kashmir. He knew how the vibrations emitted out of each 'Vakh' purified the soul and kept the fire of spirituality alive with practice to recognize our inner-self, the subatomic nature of 'suksham sharira and aatma'. His Kashmiri version of 'Lal-Vakhs' now presented in a unique manner by his son, Pandit Omkar Nath Shastri Ji, has taken the process forward in an enlightened way, putting together the translation of each 'Vakh' by Shri Bhaskaracharya and Acharya Ram Shastri in 'Sanskrit shlokas' and the poetic expression in Hindi by Late Dr. Bhushan Lal Kaul. The approach adopted would not only allow this compilation to reach out to the scholars but also provide an opportunity to a larger readership to benefit from the wisdom of the 'Vakhs'. Pandit Omkar Nath Shastri Ji himself has contributed by illustrating and explaining the 'Lal-Vakhs' in detail in Hindi for both Kashmiri and non-Kashmiri readers. The initiative, I am

sure, would facilitate others to translate 'Lal-Vakhs' in different languages in future to spread the message of self realization in the whole world.

I wish Pandit Omkar Nath Shastri Ji the best for bringing out this compilation of 'Lal-Prakash', and hope it would help in unraveling the essence of divinity to those who would read it with honesty of purpose.

Prof.R.N.K.Bamezai
Vice Chancellor
Shri Mata Vaishno Devi University
(SMVDU)
Kakriyal, Katra, Jammu, J&K

Foreward



Kashmir has been called a land of great saints and sages and Lall Ded was one amongst such , who through her wise sayings called Vaaks, has left knowledge which till date is giving refuge to suffering people. This book on her is accordingly titled Lall Prakash ,which means light of knowledge. The knowledge in it is contained in the wise sayings of Lalleshori or Lall Ded, who during her life time ,on occasions uttered the Vaaks and people around her would listen and remember these by heart because these were so attractive and appealing. She spread out these precious pearls in the towns and villages of Kashmir during her life time from 1301 to 1372.These have all through been acknowledged as gift from mother Lalla for soothing people who fall upon thorns of life and would get them out of the sad state of mind. These vaakhs appear so true and attractive that some adopted them for life and achieved the final goal of being one with the almighty lord.She came to be known Lalla Mooj or Lalla mother This is a precious cultural legacy Lal Ded has left for us.

Lalla's Vaakhs makes life of her followers peaceful and happy by enlightening their minds through her captivating vaakhs about reality of life. She had gained knowledge from her personal experience from her trying times that started from her marriage time which led to her renunciate the world and became a wandered and achieved her final goal and through her yogic powers and even traveled in space. What she achieved and how, she has given details of all that in her Vaaks so that people may get benefited from her foot prints.

In this connection a tribute paid to her at the time she left for her heavenly abode at Bijbehara forty five Kms south of srinagar city towards close of fourteenth century, by a Kashmiri great Muslim

sage, Sheikh Ul Alam or Nund Reshi as Hindus call him, may be cited as one of the examples which, in fact, is a historic record made by the great sage the founder of Reshi cult in Kashmir.He says in one of his sayings, called Shrukh,

' Tas Padma Porachi Lallai — Temi Chev Amrit Gala Gala

Temi Shiv Wuch Thale Thale—Tethuiue Meh Var Dita Deva.

It means, Lalla of Padma Pore (present Pampore) - drank nectar of immortality draught by draught,She saw Shiva face to face—O God destines me to the same fate.

Not only Kashmiris seven foreigners also collected some Vaakhs and translated these for utility of all. The first person who translated the Vaaks of Lalleshori was a britisher,Mark Arul Stein.He had collected sixty of these from a Muslim Darvesh (saint) in Kashmir about four hundred years ago. These are preserved in Oxford Musium called Stein Collection. Another foreigner George Ibrahim Grairson also collected 107 vaakhs of Lalla and translated these in English language. The third foreigner, Richard temple also collected over one hundred vaakhs of Lalleshori and translated these.

Amongst Indians, Swami Basker Razdan of Srinagar Kashmir translated 60 vaakhs of Lalla in Sanskrit language.Lakhman Kak, a devotyee of Lalla, translated 100 vaakhs in Sanskrit language,Master Aftab Kaul wanchoo and master Sarwanand Charagi jointly translated 200 Vaakhs of Lal Ded in Urdu, Hindi and English languages in order to express their devotion to the great sage. Pandit Anand Kaul Bamzi father of the great historian of Kashmir Late P.N.Kaul Bamzai also has translated a number of vaakhs of Lalleshori.In 1920 A D Pandit Gopi Nath Kral Khud has translated 250 vaakhs of Lalleshori.

In addition to the above, numerous translations are now available of the Vaakhs of Lalleshori done by her devotees. The process of collecting and translating ,as per ones capacity of research and knowledge, continues. The recent books are from Nilkanth Kotru

in 1990 and Lall Vaakh by B.N.Sopori in 1999.

Lalleshori Performed numberless miracles in 1377 when Sheikh - ul- Alam, Sheikh Nur-ud-din Valli was born in Khei Jogi Pora village in district Anantnag Kashmir, he was not sucking milk from the Brest of his mother for days His mother Zoon Moj got upset. Lalleshori appeared on the scene and whispered following in the ear of the baby',

'You are not shying by coming to this mortal world-but you are shying from eating' The baby started sucking the milk. By this people learnt that some great soul has come down on the earth.Lalleshori re-established secular traditions in Kashmir which were followed by Sheikh Ul Alam,Noor Din Walli. Her famous vaək in this direction is always remembered which says:

' Shiv Chue Thali Thalui Rozan
Mov Zaan Hand Tai Musalman
Truki Chukh Panun Pan parzan
Soi Ghayi Sahibas Seet Zani Zan.

It means Shiv is always present face to face before you. Do not differentiate between a Hindu and a Muslim, If you are intelligent, realize you are no body actually this is He in you. If you realize that you have realized God.

For becoming one with the reality, one of the ways she gives is contained in the following Vaak:

AKOOIE OMKAR YUS NABI DARI
KOMBOOI BRAMANDAS SOMI GARAI
AKOI MANTR YOU CHAT - AS KARAI
TAS SAAS MANTAR KYAH ZAN KARAI

One who remembers word OM from down below body, called NABI in kashmiri, he establishes straight path to reach cosmos and be one with it , accordingly one who remembers just one *mantra* . what use are a thousand mantras for him.

Mr. Sopori interprets that remembrance of OM from Nabi, releases

energy levels which become all pervading from centre of the body to the cosmos. The seeker looses his individuality and finds his body comprising of the whole cosmos. Thus, one who adopts this one mantra, what shal! a thousand mantras do for him?

Lal Ded gives address of Lord Shiva for meeting Him in her following Vaak:

Shiv Chue zavul Zaal Waharaveth
Kranzan manz Chei tareth keth
Zinda Nai Wucha hen Teli Katya marith
Paan manz Paan kad , Vichareth Kath.

It means Lord Shiva has spread finest netting all over, and it goes through all beings, so if you can not see him when he is within your self, then how can you see him when you are dead.

She says go for the lasting thing and not for that does not last. This she says in a beautiful way in the following Vaak :

Aanchara Hanzin Krekh deeth wanan
Nadir Chiv ta heviv Maa
TeBoozeth Trukev waath hech wanan
Nader Cheva ta Hevav Maa.

Aanchar is name of a lake in the outskirts of Srinagar Kashmir and grows plenty of Nadur or lotus roots! Hanzin means a boat woman in Kashmiri language, and she shouts from her boat from Anchar lake ,Nadirs are, would you like to purchase. Nadur are roots of water lily which makes a delicious vegetable for eating but Nadur has another meaning of, not being lasting. As this shout was heard by intelligent people, they left for mountains for god realization which is a lasting tranquillity and not unlashing enjoyment of eating of lily roots or Nadur The shout of the boat woman also meant, do not purchase temporary thing like Nadur. Thus the boat woman left both options with the purchasers either to enjoy worldly temporary pleasure of eating Nadur or go for lasting pleasure of God realization. One can infer Lall Ded makes one to realize that world has provided every thing for you but you have to decide

what to have.

By this one would come to know Lall ded was a Godly woman promoting welfare of all. Lalleshori was born in 1317 A D at Sempore, a village on the banks of river Jehlum or Vitasta as it is locally called, at the distance of about seven km from Srinagar on the national highway going to Jammu. At the age of twelve years she was married with a kashmiri Pandit boy called Sona Pandit at Padmapore now called pampore about 5 kms ahead of Sempore on the same road. Her mother-in-law tortured her considerably and did not even give her sufficient food to eat or allow her to have good relations with her husband.

She would put a round white stone under cooked rice in her plate, making other members of the household feel as if her plate was full of rice. Once her neighbor congratulated her about a grand non vegetarian feast thrown by his father-in-law on entering a new house. She replied' *Hund Martin Ta Kehya-Noshi Nelawath Chali No Zanha*" They may sacrifice a sheep, what then, round white stone shall never leave Lalla. She did not reveal about her torturous wedded life to any one but remained patient.

She was every day early morning going to the river Vetasta or river Jhelum which flows nearby, with a clay pitcher to fetch water for the household as in those days there were no water taps. She would cross over the river bed and pray in a Shiva temple across the river. Some how this information reached to her husband and one day came to see the scene by himself.He revealed the story to his mother who branded her to be a witch.

As she returned with the water pitcher on her head to enter her kitchen, her husband struck hard with a stick on the water pitcher. The pitcher broke down but water remained stagnant and frozen .Lalla used the water as per the daily routine, but still enough water remained as surplus. She threw the surplus water out from her kitchen window and it turned into a water pond and exists till this day. It is called **Lalla Trag.**This is the only relic existing about Lall Ded in Kashmir It has become identification of the great Lalla.

Unfortunately the government is not preserving this national heritage of real secularism.

Thereafter lall Ded renunciated her house and became a wanderer and even children stoned her on occasions and later she came to be worshiped and enjoyed extreme comforts and reached a stage where her sayings or Vaakhs have been shaping lives of millions of sufferers and bringing peace to them. All this is described in her Vaakhs and every where Kashmiris sing these Vaakhs in their festivities and festivals. People of all religions hold these spiritual sayings with reverence and adopt these to lead a peaceful and happy life.

Lall Ded is considered one of the top saints of Kashmir who has cemented the hearts of Hindus and Muslims at a time when Muslim fundamentalist rulers had brought down secular ethos to lowest level through their ruthless killings of Hindus, loot and destruction, but Lall Ded through her wise sayings about realities of life strengthened their conviction in secularisnr.

Lall Ded has also made prophecies about the future generations. She about seventeen hundred years before predicted happenings that are coming true now. She said:

Teli mali aasan tethi Caren, tang Tsunth papan Cheran Seet
Maja Kori Athwas Kareth Neran
Dooh Deen baran Gharen Seet.
Vatha Hokhan Ta henar Grazan
Teli mali Aasi Wander Raj

This in Kashmir means: My dear that time there shall be such activities that Pears and Apples shall ripen with Apricots Mothers and daughters shall go out hand in hand and enjoy day and days with strangers.

She further says , Vetha Hokhan meaning rivers shall become dry and marshy pools shall roar with water , thereby meaning that well to do shall be stricken with poverty and poor shall be having the day. My dear that time it shall be rule by apes. Accordingly

presently we do see such degrideation of social values. Miss administration.

In the following Vaak Lall Ded reveals her relations with almighty lord :

Ayas Te Sedue Ghati saude
Sedis Hool Meha Karem
Be Tas Aasas Agrai Wani
Vades Ta wandes Karem keyah

This means ,Straight I came and straight shall I return what can a crooked person do unto me? I was known to Him at the very source, what can any one do to me as I am already familiar. About remaining patient in all circumstances in this world she says :-

Tsalun Chue Wuzmal Ta Tratai
Tsalun Chue Mandenis Ghatakar
Tsalun Chue Paan Panun Kadun Gratai
Hata mali santora Watai panai

Patience is to bear lightening and thunder
Patience is to endure darkness at mid-day
Patience is getting through the grinding mill
Be patient whatever befalls, O dear he will surely come to you.

This is for the first time that this great legacy of India's cultural heritage has been presented by the illustrious son of late Jotshi Prem Nath Shastri, Pandit Omkar Nath Shastri, not only for Kashmiris alone but for the people of the country and abroad by translating the Lall Deds Vaaks in Hindi Script which were translated in Kashmiri by his father and dubbed by him in eight audio cassettes. The great difference in the earlier translations of Lalla Vaaks and present one is that the author has given references in translating the Vaaks to the entire inheritance of Indian Cultural legacy like Shrimat Bhagwat Geeta, Vedas, Upnisheds and the like to establish that while studying Lall Deds Vaaks one would travel through the entire spiritual heritage of Indias Cultural legacy. Lall Deds Vaaks were bound to be so, for Lal Ded was born in Kashmir, once termed to


be a Holy Land of Hinduism. Centuries back foreign scholars like Schopenhauer and Maxmuller had embraced the Indian philosophies for its magnificence.

Late Jotshi Prem nath Shastri wanted the Vaaks be brought out in a book form for reaching to larger number of people for bringing relief to them and his wish has been full filled by Jotshi Omkar Nath Shastri. I have very briefly touched a few out many Vaaks of Lall Ded to convey very briefly the idea as to what Lall Deds Vaaks are like and the entire light of the knowledge in Lalla Vaaks is presented in the Lall Prakash which is bound to serve the humanity by giving solace, peace and enabling them to achieve oneness with the almighty lord .

Lall Ded shall always be remembered by good people.Nila Muni of Kashmir in his Nilmat Purana of 6th.centuryA.D. Confirms the same as he says about it, "Full of gardens and pleasure groves and resounding with the sounds of drums and lutes ,it (Kashmir) is always crowded with people and is dear tb the hearts of good men."

O.N. Kaul
K.A.S. Ret. Hon. Gen. Sectt. J&K Council
Of Cultural and Historical research 312
Sector 9, Roop Nagar, Jammu Tawi.
Dated January 24, 2011

पुरोवाक्



त्रिलोकीनाथ धर 'कुन्दन'

ललद्यद के वाख काश्मीरी वाङ्मय में उपनिषद् का स्थान रखते हैं। यूं तो इन वाखों के कितने ही संस्करण प्रकाशित हुये हैं परन्तु प्रस्तुत संस्करण की अपनी ही विशेषता है। सब से प्राचीन प्रति जो मिलती है वह भास्कराचार्य कृत संस्कृत अनुवाद है। इसके पश्चात् कई अनुवाद, हिन्दी और अंग्रेज़ी में प्रकाशित हुये, कई व्याख्यायें विभिन्न भाषाओं में उपलब्द कराई गईं। विद्वानों ने अपने अपने ढ़ंग से इन वाखों का आंकलन किया और इनके अर्थ निकाले। दिल्ली से प्रकाशित 'कोशुर समाचार' ने एक विशेष अंक प्रकाशित किया जिसमें इन वाखों का हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषाओं में सुन्दर अनुवाद भी दिया गया था। इन सब संस्करणों के होते हुये भी इस संस्करण का अपना महत्व है। सर्व प्रथम इसमें प्रत्येक वाख का संस्कृत अनुवाद दिया गया है, अधिकांश वाखों के साथ भास्कराचार्य द्वारा किया गया अनुवाद दिया गया है और शेष के साथ आचार्य राम शास्त्री कृत पद्यानुवाद दिया गया है। इसके साथ ही प्रो. भूषण लाल कौल का किया गया हिन्दी काव्यानुवाद भी इसमें सम्मिलित किया गया है जो सरल, सुगम

और बोधगम्य एवं सार गर्भित है। सब से बड़ी बात तो यह है कि इसमें पं. प्रेमनाथ शास्त्री द्वारा दी गई व्याख्या भी है जिसमें इन वाखों को उपनिषदों, श्रीगीता तथा अन्य शास्त्रों के वचनों, मंत्रों तथा संस्कृत वाङ्मय के कतिपय ग्रंथों के श्लोकों के साथ जोड़कर समझाने का प्रयास किया गया है जो अपने में एक उत्कृष्ठ प्रयास है। शास्त्री जी की विद्वत्ता का लाभ हर उस पाठक को मिलेगा जो इन वाखों को व्याख्या समेत बड़े ही ध्यान से पढ़कर इनका मनन करे। आज मुझे अपने बचपन का वह सुखद दिन स्मरण होता है जब स्वर्गीय शास्त्री जी मेरे मामाजी के साथ हमारे घर पधारे थे। मैंने उस दिन भी उनके मुख मंडल का तेज देखा था और समझ गया था कि वे एक साधारण व्यक्ति नहीं अपितु एक ऋषि हैं। उनकी इन वाखों की व्याख्या से मेरी उस धारणा की पुष्टि होती है। यहां मैं एक बात की ओर ध्यान दिलाना आवश्यक समझता हूं। जिन वाखों का संस्कृत अनुवाद आचार्य भास्कर ने किया है उनकी मूल काश्मीरी भाष विशुद्ध, सरल तथा मौलिक प्राचीन लोक भाषा है, उसममें किसी अन्य भाषा का प्रक्षेप नहीं है।

लल द्यद के वाखों में जन साधारण के लिये जो संदेश हैं वे लौकिक भी हैं और आध्यात्मिक भी। उन्होंने सांसारिक और पारमार्थिक दोनों क्षेत्रों में सहनशीलता

भरतने का उपदेश दिया है।

सहॅनऽकि सलिलय योदवय मल कासख
आसख ऑनऽ खोतऽ प्रज़लवुन

उन्होंने प्रेम तथा सद्भाव पर बल दियाः

लोलऽकि वोखलय वॉलिंज्य पिशिम
क्वकल चज़मि तऽ रूज़ऽस रसॅ

मिथ्या एवं असत्य धारणाओं का खंडन किया है औ
वास्तविकता तथा सत्य की प्राप्ति का मार्ग दिखाया है

यि कम्यू वोपदीश दितुय बटा
अच़ीतन वटस सच़ीतन कठ ह्युन अहार?
असी ऑस्य तय असी आसव
असी दोर कॅर्य पतऽवथ
शिवस सोरिनऽज़्योनतऽ मरुन
रवस सोरिनऽ अतऽगथ।

उनके विचार में एक साधक के लिए एक सद्गुरू क
होना परम् आवश्यक है।

गवरऽ शब्दस युस यछ़पछ़ करे,
ग्यान वगि रटि चेतऽ तोरगस
यॅद्रय शोमरिथ आनंद करे
अदऽ कुस मरे तऽ मारन कस।

यूं तो उनकी सारी शिक्षा ही काश्मीर शैवमत प
आधारित है परन्तु बीजमंत्र ॐ का विशेष महत्व उन्हों

अपने कतिपय वाखों में दर्शाया है। प्रस्तुत संस्करण भी ऐसे ही एक वाख से आरम्भ होता है।

अकुय ॐकार युस नाभि दरे
कुम्बय ब्रह्मांडस सुम गरे
अकुय मंत्र युस च़्यतस करे
तस सास मंत्र क्याह ज़न करे।।

यह पुस्तक लल द्यद के एक सौ सोलह वाखों का संग्रह है। अधिकांश वाख आध्यात्मिक गुत्थियों को सुलझाने, स्व को पहचानने, ईश्वर की सत्ता को प्राप्त करने तथा सृष्टि के गूढ़ रहस्य को समझने में सहायक हैं। कुछेक वाख सांसारिक समस्याओं के समाधान की ओर भी संकेत देते हैं। लल के वाखों की विशेषता यह है कि इनकी भाषा साधारण है और अर्थ गूढ़। यह इतने लोक प्रिय हैं कि जनजन को कंठस्थ हैं। काश्मीर के शास्त्रीय संगीत के आरंम्भ में इनका गायन होता है। हमारी मातायें इनको गुनगुनाती हैं। बात बात में इनका उदाहरण दिया जाता है। उपदेश के रूप में इनका प्रयोग होता है और इनसे लल द्यद की जीवन चर्या, उनके चिन्तन तथा ऊहा–पूह पर यथेष्ठ प्रकाश पड़ता है। अप्रत्यक्ष रूप से उस समय की सामाजिक स्थिति तथा जन जीवन का भी चित्रन मिलता है।

श्री ओंकारनाथ शास्त्री जी का यह प्रयास सराहनीय है कि उन्होंने अपने पिता श्री के वैदुष्य का लाभ सभी

भक्तजनों तक पहुन्चाने का बीड़ा उठाया। मैं तो समझता हूं कि शास्त्री जी का परिवार एक परिवार ही नहीं है अपितु अपने में एक संस्था है जिसने काश्मीरीपंडितों की संस्कृति को, धार्मिक आस्था को, परम्परा को रीति–रिवाजों को तथा उनकी पहचान को अक्षुन्न रखा, संवर्धित किया, पुष्ट किया तथा उनके ब्राह्मणत्व के तेज को बनाये रखने में प्रशंसनीय, सराहनीय अद्विितीय योगदान दिया। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें सामर्थ्य प्रदान करें कि वह इस सत्कार्य में सदा सफल हों। मैं उनका आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इस पवित्र यज्ञ में अपनी छोटी सी आहुति देने का सु–अवसर दिया।

लल द्यद साक्षात भगवती थी। अंत में मैं उनको उन्हीं के वाख से सम्बोधित करना चाहूंगाः

गगन चॖऽय बूतल चॖऽय छुख द्यन, पवन त, राथ

आरऽग, चॖंदन, पोश पोन्य चॖऽय, चॖऽय छुख सोरुय तऽ लॉगिज़ि क्याह?

तुम ही गगन हो, भूतल हो, तुम दिन हो, पवन हो, रात हो। अक्षत भी हो, चॖंदन हो, पुष्प हो, जल हो। तुम ही सब कुछ हो तो तुम्हें क्या अर्पण किया जाये?

।। इति शुभम् ।।

दो शब्द

लल–द्यद का स्थान काश्मीरिक संस्कृति तथा साहित्य के क्षेत्रों में अनूठा और अद्वितीय है। वह मूल–रूपेण एक कवियित्री है जिसने अपनी संवेदनाओं तथा अनुभूतियों की अभिव्यक्ति के लिए 'वाख' का प्रयोग किया जो प्रायः छन्द–मुक्त है। 'वाख' का प्रयोग लल–द्यद से पूर्व बहुत्र सारे कवियों ने किया था। अतः यह कहना संगत होगा कि लल–द्यद को अपने मनोद्‌गर अभिव्यक्त करने के निमित्त 'वाख' परम्परा से ही प्राप्त हुआ था। संस्कृत भाषा तथा साहित्य से वह भली–भान्ति परिचित थी, पर उसने कश्मीरी–भाषा को ही भावाभिव्यक्ति के लिए चुना क्योंकि देश–भाषा में लिखने की परम्परा बहुत ही दृढ़ थी।

लल–द्यद कवियित्री होने के साथ–साथ एक दार्शनिक भी थी। वह शैव–दर्शन की मूल–भूत तथा गूढतम गुत्थियों से परिचित थी। अपने महान् गुरु सिद्ध श्रीकण्ठ द्वारा वह दीक्षित थी। लल–द्यद द्वारा कहे हुए 'वाखों' से यह बात सिद्ध होती है कि आत्म–प्रत्यभिज्ञा की प्राप्ति के लिए उसने शैव–योग की ही साधना–पद्धति को अपनाया था। कश्मीरी पंडित विद्वानों के अतिरिक्त सर रिचर्ड टेम्पल प्रथम विदेशी विद्वान् हैं जिसने लल–द्यद की साधना–पद्धति के आधार पर ही उसे

शैव–योगिनी की संज्ञा से अभिहित किया है। लल–द्यद का समूचा वाख–साहित्य मूल–रुपेण शैव–दर्शन पर ही आधारित हैं। कोई भी मूल्यांकन जो शैव–दर्शन के परिप्रेक्ष्य से हट कर हो वह लल–द्यद की सांस्कृतिक महत्ता को प्रकटाने में अक्षम है। शैव–दर्शन सुदूर दक्षिण भारत में तन्त्रों की आधार–भित्ति पर पल्लवित तथा पुष्पित हुआ, पर काश्मीर की शारदा–भूमि में इस दर्शन को नए आयामों के साथ अद्वैत–वाद की मूल–भूत धारणा के आधार पर नए ढंग से प्रस्तुत किया गया। लल–द्यद शिव की दार्शनिक रुपरेखा को अपने हर 'वाख– में प्रस्तुत करती है। शिव जगत से परे हैं, पर जगत में समाये भी हैं और व्याप्त भी हैं। वह चिदानन्द स्वरूप हैं। प्रकाश और विमर्श हैं। शिव सम्पूर्ण जगत को अपनी 'चित्ति' में ही अभिन्न रूप से रखते हैं। इच्छा होने पर ही वह जगत को अपनी ही 'चित्ति' में अभिव्यक्त करते हैं। लल–द्यद कहती हैं–

चिदा नंदस ज्ञान प्रकाशस
यिमव च्यून तिम ज़ीवतय मौखुत।

लल–द्यद शिव की भक्त है जिसे वह अपने ही मन में खोजती है। बाह्य जगत से आँखें हटा कर अपने ही अन्तर्मन में शिव की खोज का उपदेश लल–द्यद को अपने शैव–गुरु सिद्ध श्रीकण्ठ से ही प्राप्त हुआ था। यह वह उपदेश था जिसने लल–द्यद के समूचे जीवन को ही आमूल–चूल परिवर्तित किया। वह बोल

उठी–

गोरन दोपनम कुनुय वचुन
न्यबरु दोपनम अन्दर अचुन।
सुय म्य ललि गोम वाख तु वचुन
तवय ह्ययोतुम नंगय नचुन।।

गुरु ने एक ही बात बताई – बाह्य जगत से मुख मोड और अपने मन को खोज। बस, उसी वचन से प्रेरित मैं नग्न नाचने लगी।

इस 'वाख' की अंतिम पंक्ति विद्वानों द्वारा भिन्न–भिन्न प्रकारेण टिप्पणी का विषय बनी है। शैव–दर्शन के एक ज्ञानवान व्यक्ति ने 'नंगय' शब्द के स्थान पर 'नोंगुय' शब्द का प्रयोग किया। अधिकांश विद्वान् इस पंक्ति के आधार पर लल–द्यद के निर्वस्त्र घूमने की जन–प्रचलित धारणा को स्थापित करते हैं। पर सच बात तो यह है कि न तो 'नोंगुय' शब्द ही उपयुक्त है और न ही लल–द्यद नग्न घूमती फिरती थी। मेरा अपना विचार है कि 'नंगय नचुन' का मूल्यांकन भारतीय सौन्दर्य–शास्त्र के अनुसार ही किया जाना चाहिए जिसमें प्रत्येक शब्द के तीन अर्थ देखे गए हैं। 'नंगय नचुन' का अभिधा–अर्थ भद्दा और अनुपयुक्त है और लक्षणात्मक अर्थ लल–द्यद की मूल–संवेदना को प्रकटाने में अक्षम है। अतः ध्वन्यात्मक अर्थ के आधार पर 'नंगय नचुन' का अर्थ 'प्रसन्नता से फूले न समाना' ही है। लल'द्यद के निर्वस्त्र घूमने की बात ईरानी

सूफियों सय्यदों द्वारा ही चलाई गई है।

लल–द्यद के सांस्कृतिक तथा साहित्यिक महत्त्व को घटाने के बहुत सारे प्रयत्न किए जा रहे हैं। लल–वाखों की भाषा को तोडा और मरोडा जा रहा है। दूसरे कवियों के घटिया श्रुखों और नज़मों को लल–वाख में जोडा गया है। यहाँ तक यह भी कहा जा रहा है कि लल–द्यद को शैव–दर्शन के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत न किया जाए ताकि उसका स्थान काश्मीरिक साहित्य में बना रहे।

लल–द्यद के वाखों को ग्रन्थ–रूप में प्रस्तुत करने का प्रशंसनीय कार्य विश्व–प्रसिद्ध भाषाविद् डा० ग्रियरसन ने किया। इस संदर्भ में जया लाल कौल, प्रोफेसर पं० जिया लाल कौल जलाली, पं० गोपी नाथ रैणा, प्रोफेसर भद्री नाथ पारिमू, पं० रामजू कल्ला, पं० सर्वानन्द चरागी, पं० आनन्द कौल बामज़ई और सर रिचर्ड टैम्पल के योगदान को यदि न स्वीकारा जाए तो बहुत बड़ी भूल होगी। इन सभी विद्वानों ने लल–द्यद के सांस्कृतिक तथा साहित्यिक महत्त्व को आंकने का भरपूर प्रयास किया है।

विजयेश्वर निवासी पं० प्रेमनाथ शास्त्री जी ने भी लल–वाखों की विद्वता–पूर्ण व्याख्या करके इस लम्बी सूची में अपने नाम को जोड दिया है। शास्त्री जी संस्कृत भाषा और साहित्य के प्रकाण्ड पंडित थे। भारतीय दर्शन पर उनकी पैठ अद्भुत और चौंकाने

वाली थी। उन्होंने प्रत्येक 'वाख' की व्याख्या वेद, उपनिषद्, रामायण और षट्–दर्शनों के आधार पर की है। इस पुस्तक की हस्त–लिपि को पढ़ कर मुझे लल–वाखों को नई दृष्टि से आंकने की प्रेरणा मिली। मुझे पूरा विश्वास है कि देश–भर के लल–द्यद् के विद्वान् और प्रशंसक पंडित प्रेमनाथ शास्त्री जी की इस पुस्तक से लाभान्वित होंगे।

प्रो० मोहन लाल कौल
एम.ए (अंग्रेज़ी) (संस्कृत) (हिन्दी)
64/2, पम्पोश कालोनी
जानीपुर, जम्मू
30-1-2011

प्राक्कथन



लल्लद्यद का कवित्व उस के लल्लवाक्य से जाना जाता है प्राचीन काल में और मध्ययुग में भी पद्यों को पत्रबद्ध करने का ज़्यादा रिवाज नहीं था। इसी कारण लल्लवाक्यों की उस समय की पत्रबद्ध कोई प्रति प्राप्त नहीं हुई हैं जो कुछ प्राप्त हुआ है वह पण्डितों के कुल परम्परा आचारक्रम से प्राप्त हुआ है। सब से पहले राजानक भास्कराचार्य ने लल्लवाक्यों का संस्कृत भाषा में पद्यानुवाद किया है पर यह भी कोई साठ वाक्यों अर्थात् पद्यों का ही प्राप्त है। इस समय कोई एक सो साठ (160) से कुछ अधिक ही प्राप्त हैं।

ललद्यद को लल्लायोगेश्वरी नाम से पुकारा जाता है कारण कि वह एक योगिनी थी। ललद्यद को कश्मीर शैव दर्शन का पूरा ज्ञान प्राप्त था। त्रिकदर्शन पर उसका अडिंग विश्वास था, उस के वाक्यों में स्थान स्थान पर शैवदर्शन के सिद्धांतों की झलक मिलती है। यदि यह कहा जाये कि उसको शक्तिपात प्राप्त था तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी।

उसने स्वयं कहा– **मल व्वन्दि ज़ोलुम**

जिगरे मोरुम।
त्यलि लल्ल नाव द्राम
यलि दुऽल्य त्राविमस तती।।

शिव को शक्ति स्वरूप में जानना, शव का 'ई' मात्रा से शिव बनना यही ज्ञान लल्ला का धर्म, दर्शन, उपदेश व व्यवहार रहा है। लल्ला के भारे में उनके वाक़ों के सम्बन्ध में बहुत कुछ जानने की अभी आवश्यकता है। एक महात्मा का कथन है कि उसने भादून के शुक्ल पक्ष में जन्म लिया, तिथि के बारे में कुछ नहीं कहा है। कुछ इतिहास कारों ने लल का जन्म 1335 ई० राजा उदयन के समय को ही माना है और आयू कुछ ८० वर्ष का माभा है।

इन के कुल–पुरोहित सिद्ध श्री कण्ठ शैवमत के वरिष्ट ज्ञानी तथा विद्वान थे और वही उनके दीक्षा गुरु भी थे, अपनी गुरुपरम्परा के प्रति सम्मान और गुरु प्रशस्ति में, लला ने कहाः

गोरुन वोनुम कुनुय वचुन
न्यबरॅ दोपनम अन्दर अचुन
सुय गव ललि वाख तु वचुन
अदैललि हयोत नोंगुय नचुन

यहां नोंगुय शब्द की व्याख्या करते हुये प० शंकर कौल, जो सारे काशमीर में मास्टर शंकर के नाम से जाने जाते थे, एक बार एक गोष्टी में 'नोंगुय' का अर्थ बताते हुए कहा कि ऊँची–ऊँची चोटियों पर एक

जंगली फूल खिलता है, जिसको हाथ में लेकर ढंठल को दो उंगलियों के बीच दबाया जाये तो यह फूल नाचते हुए ऊपर चला जाता है, चित की इसी अवस्था को लल्लेश्वरी ने नोंगुय नचुन का प्रयोग किया है श्रीमती बिम्ला रैना ने भी अपनी पुस्तक "ललम्यानि नज़रि मंज़" में इस की यही व्याख्या और वर्णन किया है


आभार

स्वदेशे पूज्यते राजा, विद्वान् सर्वत्र पूज्यते

राजा को अपने देश में सम्मान मिलता है पर एक विद्वान को हर देश तथा हर एक समाज में पूजा और सम्मान दिया जाता है यही बात श्री प्रेमनाथ जी शास्त्री के सम्बन्ध में उचित होगी। यहां में उनके एक सौ (100) से अधिक प्रशन्सनीय लल्लेश्वरी के 'वाख' और उनके साथ संस्कृत भाषा में विद्वानों द्वारा व्याख्या तथा शास्त्री जी का उपनिषदों, दर्शन शास्त्रों तथा श्रीमद् भगवद्गीता के साथ तुलनात्मक अध्ययन के बारे में, पं० ओमकार नाथ शास्त्री ने जो यह एक ही पुस्तक के रूप में प्रस्तुत कर 'लल्लु–प्रकाश' नाम रूप देकर एक प्रशंस्नीय काम दिया है और पं० प्रेमनाथ जी शास्त्री को श्रद्धा रूप बेंट है। मित्र पाठक इस का स्वागत करेंगे।

प्रो० औंकार नाथ च्रंगू

भूमिका



हिमालय की कोक्ष में कश्यप ऋषि के द्वारा बसाया गया कश्मीर प्रदेश ऋषि–मुनियों की तपोभूमि रही है यह देव, गन्धर्व, यक्ष तथा किन्नरों का लीलास्थल रहा है इसी कारण इस को '**भूतल स्वर्ग**' कहा गया है। कवि बिल्हण ने कश्मीर के विषय में लिखा है:–

सहोदरः कुंकम् केसराणां
नवन्ति नूनं कविता विलासः
न शारदा देशं अपास्य दृष्टः
तेषां यदन्यत्र मया प्ररोहः।

अर्थः कविता तथा केसर का समन्वय मैं ने कश्मीर के बिना कहीं नहीं देखा, जहां कविता का विलास है वहां कसेर नहीं है जहां केसर है वहां कविता का विलास नहीं है परन्तु कश्मीर में यह दोनों सगे भाइयों के समान हैं। कश्मीर प्राचीन काल से पूरे विश्व में प्राकृतिक, साहित्यक, धार्मिक तथा ऐतिहासिक केन्द्र रहा है यहां की भाषा शारदा थी इस कारण इसको **शारदापीठ** भी कहते हैं यहां पर बडे बडे ऋषियों मुनियों तथा सन्तों ने जन्म लिया है यह उद्‌भट्ट, वामन, वसुगुप्त, सोमानन्द, उत्पलदेव,

रुद्रट्, आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, मम्मट, क्षेमेन्द्र, बिल्हण, कल्हण, ज़ोनराज, जगद्धरभट्ट जैसे पुण्यात्मों की तपोभूमि रही है इसी तपो भूमि में पहली कवयित्री महायोगिनी लल्लेश्वरी का जन्म चौदहवीं शताब्दी के आस पास हुआ है जब कश्मीर में ब्रह्मणत्व के विपरीत नई सभ्यता का आरम्भ होने लगा था तथा जब कश्मीर राजनैतिक तथा धार्मिक दृष्टि से एक अग्नि परीक्षा से गुज़र रहा था, जब कश्मीर में एक धर्म संकट का वातावरण था, जब एक मानव पशु बन कर हिंसा का तांडव रचने का प्रयास कर रहा था उसी धर्म संकट के वातावरण में महायोगिनी लल्लेश्वरी ने यह शंख नाद किया:

शिव छुय थलि थलि रोज़ान
मोज़ान ह्योन्द तु मुसलमान।
त्रुख अय छख् तु पान् पर्ज़नाव
स्वय छय साहिबस् सूतिजानी ज़ान्।।

अर्थः शिव सर्वत्र है, हिन्दू और मुसलमान में कोई भेदभाव न कर, यदि आप बुद्धिमान हैं, तो अपने आपको पहचानो, वही वास्तव में साहिब (शिव) के साथ तुम्हारी जानंकारी है।

जन श्रुति के आधार से लल्लेश्वरी का जन्म 'पांद्रठन' नाम वाले गांव में भाद्र शुक्ल पक्ष अष्टमी को हुआ था तथा इस का देहान्त फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी को बिजबिहारा में हुआ था। उस के पूर्वज उसी गांव में रहते थे 'पांद्रठन' गांव दक्षिण श्रीनगर से चार किलोमीटर

की दूरी पर स्थित है आज कल यह स्थान बादामीबाग आरमी ऐरिया में अच्छी स्थिति में विद्यमान है। इस का विवाह बारह वर्ष की आयु में 'सिंहपुर' गांव पांपोर के एक ब्रह्मण परिवार में हुआ था, उस गांव को 'पद्मपुर' से भी पुकारते थे इस के पति का नाम 'निक्कभट्ट' था, विवाह के पश्चात् लल्लेश्वरी को सुसराल में 'पदमावती' नाम से पुकारते थे। लल्लेश्वरी का 'गृहस्थ जीवन' एक सुखमय जीवन नहीं रहा। लल्लेश्वरी बाल्यावस्था से ही साधना में मग्न रहती थी। उनके गुरु का नाम 'सिद्ध श्रीकण्ठ'' (सिद्धमोल) था। लल्लेश्वरी शरीर से सुडोल तथा सुन्दर थी इसी कारण उसको लल्ल नाम से पुकारते थे (संस्कृत शब्द कोश में लल्ला प्रियतम को कहते हैं) लल्लेश्वरी के विषय में यह संशय होना कि उसने इतना ज्ञान कहां से प्राप्त किया था न मालूम लल्लेश्वरी कितने जन्मों से साधना तथा वेदों उपनिषदों का अध्ययन कर चुकी थी।

''बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान मां प्रपद्यते'' (अ. 7 श्ल 19)

लल्लेश्वरी के वाखों से स्पष्ट प्रतीत होता है कि लल्लेश्वरी सरस्वती माता ही उस समय प्रकट हुई थी जिसने कश्मीर की प्रजा को संकेत रूप में वेदों, उपनिषदों, गीता, शैवदर्शन को सूत्रों (वाखों) के माध्यम से पहुंचाने का प्रयत्न किया है। लल्लेश्वरी के वाख कश्मीरी प्रजा के पास एक आध्यात्मिक निधि है जिसकी रक्षा करना तथा घर घर में लल्लवाखों का प्रचार

करना हमारा कर्तव्य है।

लल्लेश्वरी ने स्वयम कोई वाख लिखा नहीं है अपितु जिस जिस महानुभाव ने इन वाखों को सुना था उन्होंने ही यह वाख लिपिबद्ध किये हैं जिस को जितने वाख याद थे उसने उतने ही वाख लिखे हैं, समय बीतने के साथ साथ और भी कई सन्तों के वाख झुड गये हैं जिन के पढने तथा उन पर मनन करने से ही प्रतीत होता है कि यह वाख लल्लेश्वरी का नहीं हो सकता है इस कारण यह बताना असम्भव है कि लल्लेश्वरी के असली वाख कितने हैं तथा उनके वाख क्रमबद्ध भी नहीं हैं मैं ने इस 'लल्लप्रकाश' पुस्तक में 116 वाख लिखे हैं तथा वाखों के विषय में अपनी ओर से सावधानी से काम लिया है हो सकता है इन वाखों में भी कोई वाख लल्लेश्वरी का न हो कर मिश्रित वाख हो तो उसके लिये क्षमायाची हूं।


स्व० पं० प्रेमनाथ शास्त्री ने इन वाखों की व्याख्या कश्मीरी भाषा में 7 कैस्टों में रिकार्ड की है उन्हीं वाखों का हिन्दी रूपान्तरण मैं प्रकाशित करने जा रहा हूँ हर एक लल्लवाख के साथ श्री भास्कराचार्य एवं आचार्य राम शास्त्री का संस्कृत रूपान्तरण पाठकों की सुविधा एवं ज्ञान बोध के लिये प्रस्तुत कर रहा हूँ। मूल लल्ल वाखों के साथ प्रो० डा० भूषण लाल कौल कृत हिन्दी भाषा में काव्यानुवाद भी दिया जा रहा है।

पं० ओंमकार नाथ शास्त्री

लल्लत्राग

जन्मश्रुति के आधार से एक दिन लल्लेश्वरी घाट पर पानी लेने गई थी। देर होने पर इस की सास ने अपने बेटे को बहकाया कि लल्ला पानी लाने गई है विदित नहीं देर क्यों कर दी। इतने में इसके पति को क्रोध आया और हाथ में छड़ी लेकर घाट की ओर जाने लगा, लल्ला कन्धे पर पानी का घड़ा लेकर आ रही थी, देखते ही पति ने घड़े पर छड़ी मारी घड़ा टूट कर नीचे गिरा परन्तु पानी घड़े के टूटने पर भी कन्धे पर टिका रहा। लल्ला पानी लेकर घर पहुंची और घर के सभी बर्तन पानी से भर लिये और बचा हुआ पानी खिड़की से फैंक दिया, वह फैंका हुआ पानी कुछ दिनों में छोटा सा तालाब बन गया जो आज कल भी पाम्पोर में 'लल्लत्राग नाम' से प्रसिद्ध है।





(व्याख्याकार कश्मीरी भाषा में)

पं. प्रेम नाथ शास्त्री

प्रस्तावना

लल्लेश्वरी के पद्यों को कश्मीरी पण्डित 'लल्ल –वाख' अथवा 'लल्ल वाक्य' कहते हैं, ऐसा क्यों ?

प्रायः प्रत्येक लेख के आरम्भ में शीर्षक लिखा जाता है, ऐसे ही चारों वेदों के भिन्न–भिन्न चार शीर्षक है जिन को महावाक्यं कहते हैं, ऋग्वेद का महावाक्य है, **"प्रज्ञानं ब्रह्म"** यजुर्वेद का महावाक्य है **"अहं ब्रह्मास्मि"** सामवेद का महावाक्य है **"तत्त्वमसि"** अथर्ववेद का महावाक्य है **"अयं आत्मा ब्रह्म"**। आस्तिक जनता को वेदों के महावाक्यों पर जैसी श्रद्धा है, वैसी ही श्रद्धा या निष्ठा लल्ल –वाखों पर है। वर्तमान काल में संसार के प्रायः सभी छोटे–बड़े देश राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा भिन्न–भिन्न प्रकार के संकटों में उलझे हैं इस प्रकार के सामूहिक संकटों से बचने का क्या उपाय है? ऐसे कष्टों से बचने के लिये हमें लल्लेश्वरी का आदर्श सामने रख कर चलना चाहिये–लल्लेश्वरी ने कष्टों से बचने के सम्बन्ध में एक विशेष उपाय कहा है।

"दोद क्याह ज़ानि यस नो बने,
गॅमुक जामु हा वलिथ तने
गरु गरु फीरुस प्यॅयम कन्ये,
डयूठुम नु कॉंह पनुनि कन्ये।।

अर्थ : यह, मैं जानती हूँ कि मैंने कैसे असहनीय कष्ट सहन किये हैं, कोई दूसरा उन कष्टों को क्या जान सकता है, मेरा शरीर भिन्न–भिन्न संकटों ने घेरा था, सभी मुझे अनादर करते थे, मुझे पत्थर मारते थे, सब मुझे धिक्कारते थे, संकट ग्रस्त अवस्था में मेरी कोई सहायता नहीं करता था परन्तु ऐसे मुसीबतों में भी मैंने धीरज नहीं छोड़ा, मैंने हर एक कष्ट को सहन किया और भगवान् पर अटल विश्वास रखा – इसी सहनशीलता और आस्था ने मुझे उस पद पर पहुँचाया जिस पर पहुँचने के लिये देवता भी तरसते हैं, इसी बात का समर्थन श्रीमद्भगवत् गीता भी करती है **"मामनुस्मर युध्य च"** अर्थात् हे अर्जुन। मुझ पर विश्वास रख, युद्ध अथवा संघर्ष भी करता जा, यह सफलता की कुञ्जी है। मैं ने हर एक वाक्य के साथ श्री भास्कराचार्य और आचार्य राम शास्त्री द्वारा संस्कृत पद्यानुवाद का एक एक श्लोक भी जोड़ा है और भी कई विद्वानों जिन्होंने लल्लेश्वरी के वाक्य एकत्र किये हैं अथवा उन के वाक्यों का अर्थ करने का प्रयत्न किया है उन पुस्तकों का भी मैं ने अध्ययन किया। अतः उन सब विद्वानों के प्रति आभार व्यक्त करना मेरा धर्म है। अधिकाशं लल्ल वाक्य वेदों और उपनिषदों पर आधारित हैं, मैं ने उन्हीं लल्ल वाखों पर उपनिषदों, दर्शन शास्त्रों तथा श्रीमद्भगवद् गीता के साथ तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर विचार किया है।

पं. प्रेमनाथ शास्त्री

लल्लु प्रकाश

लल्लु प्रकाश

अकुय ॐकार युस नाभि दरे,
कुम्बय् ब्रह्माण्डस् सुम् गरे,।
अकुय् मन्त्र् युस् च्यतस् करे,
तस् सास् मन्त्र् क्याह् जन् करे।। - 1

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :

आ ब्रह्माणडं नाभितोयेन नित्यम्
ॐकाराख्यो मन्त्र एको धृतोऽयम्।
कृत्वा चित्तं तत् विमर्शैक सारम्
किं तस्यान्यै र्मन्त्र वृदैर्विधेयम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

एक ओम्कार जो धारण करे नाभिस्थल में
'सुम' (पुलिया) स्थापित होगी घट और ब्रह्माण्ड के बीच
जपता निरन्तर एकाक्षर मंत्र जो
व्यर्थ हैं सहस्त्र मंत्र उस के हेतु।

अर्थ : जो साधक मन्त्र राज ॐकार नाभिस्थान में ध्यानपूर्वक धारण करता है वह कुम्भ और ब्रह्माण्ड की परस्पर दूरी पाता है यही **'ॐ'** अनाहत ध्वनि उसे (कुंडलिनी योग से) ब्रह्मरन्ध्र तक पहुँचाती है। जो **'ॐ'** ब्रह्म वाचक मन्त्र का जप करता है उसे सहस्रों मन्त्रों के जप करने की क्या अवश्यकता है।

व्याख्या : इस वाक्य में लल्लेश्वरी ने कुम्भ शब्द का प्रयोग किया है यहां पर 'कुम्भ' का अर्थ है 'कुम्भक' जो प्राणायाम की एक प्रक्रिया है। प्राणायाम योग का चौथा अंग है। प्राणायाम का वास्तविक अर्थ है नियम पूर्वक श्वास उश्वास का रुकाना। प्राणायाम से मन स्थिर रहता है। प्राणायाम की तीन प्रक्रियायें हैं 'पूरक, रेचक और कुम्भक' **पूरक** नियम पूर्वक श्वास का अन्दर रोकना। **रेचक** श्वास का बाहर निकालना, **कुम्भक** श्वास का नियमपूर्वक रुकाना। इस वाक्य में लल्लेश्वरी ने विशेष रूप से 'ॐ' को महत्व दिया है सान्बपञ्चाशिका इस का समर्थन इस प्रकार करती है।

"ओमित्यन्र्तनदति नियतं, यः प्रति प्राणि शब्दो"

अर्थः मैं उस चित सूर्य को प्रणाम करता हूँ जो प्रत्येक प्राणी के हृदय में "**ॐ**" शब्द का उच्चरण निरन्तर करता है जो शब्द केवल योगी ही सुन सकते है। लल्लेश्वरी ने सब मन्त्रों में से "**ॐ**" को ही मन्त्र राज माना है '**ॐ**' परमशिव के साथ मिलाने के लिये एक पुल का काम करता है **"ब्रह्माण्डसु सुमगुरे"**

कठोपनिषद् का ऋषि भी "**ॐ**" की महानता के विषय में कहता है।

सर्वे वेदा यत् पदमामनन्ति,
तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति
तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत्।।

अर्थः हे नचिकता! जिस का वर्णन चारों वेद भिन्न भिन्न छन्दों में करते हैं सब तपस्याओं का जो लक्ष्य है, जिस के लिये साधक ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करते हैं उसी परम.तत्व के विषय में कहूंगा कि वह वही '**ॐ**' एक अक्षर है। तैतरीयोपनिषद में लिखा है: **'ॐ' इति ब्रह्म ॐ** ही ब्रह्म है **"ओमितीदं सर्वं"** जो कुछ भी प्रत्यक्ष दिखाई देता है वही "**ॐ**" है। **"एतदालम्बनं श्रेष्ठं, एतदालम्बनं परम्"** यही ॐकार परमशिव के साथ मिलाने का एक सहारा है। उपनिषद् इस प्रकार कहता है **"सदेव सौम्य इदमग्र आसीत"** (उपनिषद्)– सृष्टि के आरम्भ में केवल सत् ही था – उसी ब्रह्म रूपी सत् से आकाश उत्पन्न हुआ **"शब्दत्वमाकाशस्य लक्षणम्"** आकाश का लक्षण शब्द अथवा ध्वनि है – संगीत का आधार भी ध्वनि है, शब्द दो पदार्थों के टकराव से उत्पन्न होता है परन्तु '**ॐ**' बिना किसी टकराव अथवा हलचल के स्वयं ही उत्पन्न होता है इसलिये **'ॐ'** को अनाहत ध्वनि भी कहते हैं यह अनाहत ध्वनि निरन्तर हर समय ब्रह्माण्ड में गूँजती रहती है इसी प्रकार हर प्राणी में **'ॐ'** की झंकार गूँजती रहती है। लल्लेश्वरी ने इस वाक्य में **'ॐ'** का महत्त्व दिखाते हुए कहा है

अकुय् मन्त्र च्यतस करे तस सास मन्त्र क्या करे'।

उपनिषदों में भी **'ॐ'** को **मन्त्र-राज** कहा है, भगवान् भगवत् गीता में कहते हैं, सृष्टि का आदि शब्द होने के करण ब्रह्मवादी लोगों के यज्ञ, दान, तप आदि क्रियायें

इसी **'ॐ'** के उच्चारण से आरम्भ की जाती हैं। उपनिषद् में लिखा है **"तस्य वाचकः प्रणवः"** यद्यपि ब्रह्म का कोई नाम रूप नहीं है तो भी **'ॐ'** नाम से पुकारा जाता है। जबकि अव्यक्त व्यक्त से ही जाना जाता है। (From Known to unknown) जैसे एक बालक नदी को नहीं जानता है उस को छोटा सा नाला दिखा कर कहा जाता है, जब यह नाला विशाल रूप धारण करेगा तो नदी कहलायेगी। ओम् (अ+उ+म्) से मिलकर बना है। **'अ'** ऋग्वेद का संकेत है **'उ'** यजुर्वेद का संकेत है **'म्'** सामवेद का संकेत है। **'अ'** जाग्रत का प्रतिनिधित्व करता है **'उ'** स्वप्न का **'म्'** सुषुप्ति का। **'अ'** भूलोक का सूचक है **'उ'** भुवः लोक का और **'म्'** स्वर्ग लोक का सूचक है। अतः यह सारी सृष्टि **'ॐ'** में ओतप्रोत है। यद्यपि प्राणायाम में अन्यान्य मन्त्रों के प्रयोग का विधान है भी परन्तु योगिन् लल्लेश्वरी प्राणायाम में **'ॐ'** का प्रयोग करने को ही महत्त्व देती है। **"ब्रह्माण्डस् सुम गरे"** **'ॐ'** ब्रह्म के साथ मिलाने की एक पौडी है। **'ॐ'** एक साधन है परन्तु पाठक यह न समझें **'ॐ'** ही साध्य या लक्ष्य है, बल्कि लक्ष्य शिव है **"मुण्डकोपनिषद्"** का यह मन्त्र इस बात का समर्थन करता है

"प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते"

'ॐ' जो परमात्मा वाचक है मानो धनुष है, जीवात्मा बाण है ब्रह्म को उस का लक्ष्य मानिये।

लल्लु ब्वह् द्रायस् कपसि पोशिचि स चु ये,
कॉडय् तु धून्य कॅरनम य चु य लथ।
तुयि यलि खारिनम ज़ॉयिजि तुये,
वोवुरि वानु गॅयम अलॉ जु य लथ।। - 2

संस्कृत पद्यानुवाद आर्चाय राम शास्त्री

कपीस पुष्पकलिका तुलना दधाना
लल्लाहमत्र जगति प्रमुदा प्रफुला।
हा हन्त! तत्र निष्पीडन चक्रपिष्टा
पश्चात् च चर्म तन्त्री ध्वनेन ध्वस्ता
कुविन्देस्य गृहं प्राप्ता तन्त्रवाये विलम्बिता।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मैं लल्ल आई कपास डाँडी से विकसित पुष्प सदृश आशावान
धुनिया ने धुनकी से धुनक लिया भरपूर, फटका
फुलफुली रेशों से फिरकी पर चढ़ा तागा लिपटा
तंतुवाय ने लटकाया तख़्त पर, बुना ताने बाने के बन्धन में।

अर्थ : इस श्लोक में लल्लेश्वरी कहती है, मैं कैसे उस पदवी पर पहुँची जहाँ पहुँच कर कुछ प्राप्त करना शेष नहीं रहता है उस अवस्था में जीव सब बन्धनों से मुक्त होकर परमशिव का साक्षात्कार करता है।

व्याख्या : योगिनी लल्लेश्वरी तथ्य पर प्रकाश डालते हुए कहती है जब मैं ने परमशिव को जानने की साधना आरम्भ की मैंने कपास के फूल की भांति कष्टों को सहन किया। कपास का फूल जब खिलता है उस फूल के साथ कपास के बीज (बिनौले) होते हैं बिनौले

कपास में से अलग करने के लिये 'चरखे पर रगड़–रगड़ कर अलग किये जाते हैं – जिस रगड़ के असहनीय कष्ट को सहन करके कपास आगे बढ़ती है यह मानिये कपास के फूल की **पहली भूमिका** है, अब यह कपास रूई धुनने वाले धुनिया के पास ली जाती है वह धुनिया कपास की खूब पिटाई करता है परन्तु वह कपास धीरज से उस पिटाई के दुःख को सहन करती है, कपास ने अब रूई का रूप धारण किया तो यह कपास की **दूसरी भूमिका है**, अब बारीक कील पर चढ़ा कर इस रूई से सूक्ष्म तार निकाली जाती है। यह सूक्ष्म धागे का रूप धारण करना कपास के फूल की **तीसरी भूमिका है**। अब यह धागा जुलाहे के पास बुनने के लिये पहुँचाया जाता है, जुलाहा इस धागे को सुव्यवस्थित रूप से लटकाता है, फिर इन धागों के ताने बाने में लकड़ी के छोटे से गोल डंडे से प्रहार करता है, यह धागा ऐसे कष्ट में भी धीरज रखता है जिस धीरज से कपड़े का रूप धारण करता है। यह कपड़े का रूप धारण करना कपास के फूल की **चौथी भूमिका** है।

दोब्य यलि छॉवनस दोब्य कनि प्यठ य,
सज़ेत्त साबन मॅछ़नम यचुय।
सुचि यलि फिरनम हनि-हनि कॉ चु य,
अदु लल्लु म्य प्रॉवुम परम गथ।। - 3

संस्कृत पद्यानुवाद आचार्य राम शास्त्री

पूर्वंफेनिल मेलनेन रजको
मां प्रस्तरेपोथ यत्।
पश्चात् सौचिक कर्त्तरी कृतसिता
गात्रेष्वहं समभवम्।
एवं साधन शोधिता तनुरभूत्
योग्या प्रियस्यार्पणे।
धन्याहं निजजीवने दुर्लभां,
प्राप्ता तु परमां गतिम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

धोबी ने जब पटका रजक-पट पर
ख़ूब मला साबुन और 'सज़'[1]
दर्ज़ी ने हर हिस्से पर कर्तरी फेर दी
तब मुझ लल्ला को परमगति प्राप्त हुई।

अर्थ : कपड़ा बनने के पश्चात् इस कपड़े को धोने के लिये धोबी के पास भेजा जाता है, धोबी धोने से पहले कपड़े पर 'सज़'[१] (सरपत) तथा साबुन से ज़ोर-ज़ोर से रगड़ता है, इस रगड़ रूपी दुःख को भी कपड़ा सहन करता है यह कपास के फूल की **पांचवी भूमिका** है। धोबी पटाक-पटाक कर इस कपड़े को बार-बार पत्थर पर मारता है परन्तु कपड़े ने हिम्मत नहीं हारी

---

१ 'सज़' – 'ब्रन' नामक वन्य वृक्ष की शाखाओं को जलाकर जो राख निकलती है उसे साबुन के रूप में कपड़े धोने के लिये प्रयोग में लाया जाता था। कभी कभी इस राख से साबुन की टिकिया भी बनायी जाती थी जिसे 'सज़ साबन' कहते हैं।

आ. एक खाद्य पदार्थ गनुहार। पौधे की सूखी टहनियों को जला कर उस की राख को कपड़े धोने के लिये प्रयोग मे लाया जाता है। उसे भी 'सज़' कहते है।

आगे बढ़ता गया, फिर इस कपड़े पर धोबी ने गर्म इस्तिरी आदि भी फेरी परन्तु कपड़े ने धोबी द्वारा पहुँचायी गई पीड़ा को सहन किया। अब कपड़ा बिल्कुल साफ–सुथरे रूप में तैयार है यह है कपड़े की **छट्ठी भूमिका**। अब इस कपड़े को दर्ज़ी कांट छांट करके कर्तरी से छलनी करके सिलाई करता है और यह पहनने के लिये वस्त्र तैयार हो जाता है यह है कपड़े की **सातवीं भूमिका।** लल्लेश्वरी कहती है कि तब यह जानकर मैंने परम गति प्राप्त की।

कुश् पोष् तिल् दीफ ज़ल् ना गच्छे,
युस सद्भावु ग्वरु कथ मनि ह्यये।
शम्भुहस् स्वरि पनन्ये यछे,
सय दॅपज़े सॅहज़ा क्रॅये।। - 4

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

पुष्पादिकं द्रव्यमिदं न तस्य
पूजासु सर्वमुपयोगि किंचित्।
गुरुपदेशाद् दृढया च भक्त्यो
स्मृत्यार्च्यते येन विशुद्ध आत्मा।।

हिन्दी काव्यानुवाद

नहीं चाहिये कुश, फूल, तेल, दीप और जल उसे
गुरूपदेश ग्रहण करे जो सद्भावना पूर्वक
स्वेच्छा निष्ठापूर्वक नित्य शम्भू का स्मरण करे
उसे ही कहते 'सहज क्रिया'।

अर्थ : जो साधक श्रद्धा से गुरु मन्त्र को मन में रखेगा तथा नित्य अनन्य भक्ति से परमशिव की अराधना करता रहेगा वही साधक सहज–अवस्था को प्राप्त करता है यह अवस्था प्राप्त करने पर साधक को और कुछ करने की आवश्यकता नहीं है, तथा वह आवागमन के बन्धन से छुटकारा प्राप्त करता है इस के अतिरिक्त भगवान् शिव को दर्भ, फूल, तिल, दीप इत्यादि अर्पण करने की भी आवश्यकता नहीं है। इस की पुष्टि अध्यात्म रामायण का निम्नलिखित श्लोक भी करता है:–

"यावत् शरीरादिषु माययात्मधीः
तावत् विधेयो विधिवाद् कर्मणाम्।
नेतेति वाक्यैरखिलं निषध्य तत्,
ज्ञात्वा परात्मानमथ त्यजेत क्रिया।

अर्थ : जब तक साधक (भक्त) सहज आनन्द अवस्था को प्राप्त नहीं करेगा तब तक शास्त्र विधि अनुसार यज्ञ–अनुष्ठान आदि सम्पन्न करने चाहिये लेकिन अनुष्ठानादि के बन्धन में फंसे रहना नहीं चाहिये। जैसे एक छोटा पौधा लगाने पर हम उस की रक्षा के लिये उसके चारों ओर लकड़ी का एक जंगला खड़ा करते हैं परन्तु जब यह छोटा पौधा एक बड़े वृक्ष का रूप लेता है उस समय वह जंगला उसके लिये रुकावट का कारण बनता है लल्लेश्वरी इस वाक्य में यही कहती है कि जब

साधक सहज अवस्था प्राप्त करता है फिर उस को यज्ञ–अनुष्ठानादि की कोई आवश्यकता नहीं होती है परन्तु इस अवस्था को प्राप्त करने के लिये शास्त्र विधि अनुसार अनुष्ठानादि का करना ज़रूरी है। लल्लेश्वरी ने कई वाखों में **'सहज'** शब्द का प्रयोग किया है यह शब्द शैव दर्शन के साथ सम्बन्धित है **"सहज"** का अर्थ है **"ज्ञातस्य ज्ञानम्"** अर्थात् जाने हुये का जानना, जीवात्मा खुद ही शिव है, वह पहचान होनी ही सहज पहचान है। जीवात्मा परमात्मा का अंश है, शैव शास्त्र के अनुसार जीवात्मा शक्ति का केन्द्र होने पर भी पांच प्रमुख शक्तियों से युक्त है वह शक्तियां हैं, **चित्त, आनन्द, इच्छा, ज्ञान, क्रिया** परन्तु शक्ति का केन्द्र होने पर भी यह जीव अपने आप को हीन–दीन, मानता है जिन आवरणों के कारण मनुष्य की यह दशा होती है वेदान्त के अनुसार वे तीन हैं **मल, विक्षेप, आवरण** और शैव दर्शन के अनुसार उन को **आणवमल, मायीय मल, कार्म मल** कहते हैं। जिस आवरण से जीवात्मा अपने अस्तित्व के यथार्थ को नहीं पहचानता, अपनी शक्तियों से अनभिज्ञ रहता है उस को **"आणव मल"** कहते हैं। यह वास्तव में अपनी पहचान से अपरिचित रहने का परिणाम है। जब जीवात्मा अपने आप को दूसरे प्राणियों अथवा वस्तुओं के भिन्न मानता है तथा जिस अविद्या या माया से जीव में यह भेद भाव उत्पन्न होता है उस को **'मायीय मल'** कहते हैं। वह इस तथ्य से अपरिचित

रहता है कि मूलतः एकत्व में ही भिन्नत्व है। यह विपरीत ज्ञान अथवा भ्रान्ति की अवस्था है। उचित अनुचित का बोध न होने के कारण जीव भ्रम में पड़ जाता है। वह वासना की कीचड़ में बहुत गहराई के साथ धंस जाता है। वह यथार्थ से अपरिचित होने के कारण आवागमन के चक्कर में कोल्हू के बैल की तरह बन्धा रहता है। कर्म, बोध के अभाव के कारण जो मल जीव को ढक लेता है उसे **कार्म मल** कहते हैं।

गगन चु य भूतल चु य,
चु य द्यन पवन् तु राथ।
अर्घ च़न्दन् पोष् पांञि चु य,
चु य छुख् सोरुय् लागिज़िय् क्याह।। - 5

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

आकाशो भूर्वायुरापोऽनिलश्च
रात्रिश्चाहेश्चेति सर्वं त्वमेव।
तत्कार्यत्वात्पुष्पमर्घादि च त्वं
त्वत्पूजार्थं नैव किंचिल्लभेऽहम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

तुम्ही गगन हो भूतल हो
तुम्ही दिन, पवन और रात
तुम्ही हो अर्घ्य, चन्दन, पुष्प और जल
तुम्ही हो सब कुछ तो भेंट करूँ मैं क्या।

अर्थ : हे शंकर ! आप ही आकाश हैं, आप ही पृथ्वी हैं, आप ही दिन, पवन और रात हैं; आप ही अर्घ, चन्दन, फूल, जलादि सामग्री हैं। जब आप ही सब कुछ हैं तो आप को क्या भेंट करूँ?

पंचस्तवीकार भी इस लल्ल वाख के आशय को निम्नलिखित श्लोक से पुष्ट करते हुए सार्थक सिद्ध करता है।

त्वं चन्द्रिका शशिनि तिग्मरुचौ रुचिस्त्वं,
त्वं चेतनासि पुरुषे पवने बलं त्वम्।
त्वं स्वादुतासि सलिले शिखिनि त्वमूष्मा,
निःसारमेव निखिलं त्वत् ऋते यदि स्यात्।।

(पंच.अम्बास्तव 4 - श्लोक 20)

अर्थ : हे माता ! आप चन्द्रमा में चान्दनी के रूप में हैं, आप सूर्य में प्रकाश के रूप में हैं आप प्राणियों में चेतना के रूप में हैं। आप वायु में बल के रूप में हैं, आप जल में मिठास के रूप में हैं। आप अग्नि में गर्मी के रूप में हैं, आप के बिना सारा विश्व साररहित है लल्लेश्वरी कहती है यदि शिव हर जगह हर वस्तु में व्याप्त है तो फिर कौन सी वस्तु शिव को भेंट करूँ। ईशावास्योपनिषद् में इस तथ्य की पुष्टि इस प्रकार से की गई है –

"ईशावास्यमिदं सर्वं यत् किं च जगत्यां जगत्"

अर्थ : जो कुछ भी जड़ चेतन रूप दिखाई देता है वह

सब सर्वशक्तिमान परमात्मा ने घेरा है। जिधर देखता हूं उधर तू ही तू है।

चु ह ना ब्वह् ना ध्येय् ना ध्यान
गौव-पानय् सर्व क्रिय् मशिथ्।
ॲन्य ड्यूठुख् केंछ़ ना अनुय्,
गय् सत् लय पर् पशिथ्।। - 6

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :

नाहं न च त्वं न च कापि चर्चा
ध्यानस्य योग्यात्र पदेऽतिशान्ते।
कोऽप्यन्वयश्चात्र न भाति तस्मात्
विस्मार्य लीनं स्वमिवात्र सद्भिः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

न तुम हो और न मैं, न लक्ष्य है और न ध्यान
स्वयं व्याप्त सर्वत्र, लय है अणु अणु में
नेत्रहीन नहीं देख पाये कुछ भी, ना समझे अन्वय
सत्जऩ हुए लय, पराये पछताते रह गये।

अर्थ : परमस्थान को पहुँच कर साधक के लिये मैं और आप नहीं रहता है, वहां न ध्याता, न ध्यान, न ध्येय रहता है वह सर्व शक्तिमान शिव भी लय हो जाता है, परन्तु अन्धा उस शिव को कैसे देख सकता है, सन्त लोग ही उन को प्रत्यक्ष देख सकते हैं

व्याख्या : मुण्डकोपनिषद् में लिखा हैं :

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नो,
अनीशया शोचति मह्यमानः।
जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशम्,
अस्य महिमानमिति वीत शोकः।।

भावार्थ : एक वृक्ष पर हृदय रूपी गोंसले में दो पक्षी जीवात्मा तथा परमात्मा नाम वाले अथवा तत् और त्वं इकट्ठे रहते हैं जब तू और मैं, तत् और त्वं, जीवात्मा तथा परमात्मा एक होंगे, तो भेदभाव समाप्त होगा। बन्धन से मुक्त हुआ साधक परमशिव को प्रत्यक्ष रूप में देख सकता है अन्धा उस परम शिव को कैसे देख सकता है! योगी अथवा सन्त लोग ही उस को देख सकते हैं।

लल्लेश्वरी के इस वाख के अन्तिम चरण (**कि सत्जन ही उस को देख सकते हैं**) को इस मंत्र से पुष्ट किया जा सकता है

"तत्-विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः,
दिवीव चक्षुराततम्"

ज्ञानी लोग अथवा योगी लोग उस परम शिव को उसी प्रकार प्रत्यक्ष रूप में देख सकते हैं जिस प्रकार आम लोग सूर्य भगवान् को प्रत्यक्ष रूप में देखते हैं।

दीहिचि लरि दारि बर त्रोपरिम,
प्रानु चूर रोटुम त च्रुलमस दम।
हृदयिचि कूठरि अन्दर गोण्डुम
ओमुकि चोबुक तुलमस् बम।। - 7

संस्कृत पद्यानुवाद आर्चाय राम शास्त्री

सम्यक निरुद्धा निजकाय मार्गा,
मया गृहीतो हृदि प्राण चौरः।
नादं चकाराति महुः प्रताडितः,
ॐकार कायात् नुकशभिर्घातात्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

शरीर गृह में खिड़कियाँ और द्वार बन्द किये
प्राण चोर को पकड़ा और साध लिया दम
हृदय कोठरी में बान्ध लिया उसे
ओउम् के चाबुक से बारम्बार ख़ूब पीटा।

अर्थ : लल्लेश्वरी कहती है : देह रूपी मकान की खिड़कियाँ और दरवाज़े बन्द करके प्राणरूपी चोर को हृदयरूपी कमरे में बन्द किया अर्थात् इस को अपने नियन्त्रण में किया। इस वाख में इस बात का संकेत है कि प्राणायाम भी परमशिव के साथ मिलाने की एक साधना है परन्तु प्राणायाम रूपी साधना में मन्त्र रूपी चाबुक की आवश्यकता पड़ती है जो प्राणरूपी चोरों को वश करने में सहायक बनता है, लल्लेश्वरी कहती है **"ॐ"** जो मन्त्रों का राजा है, का प्रयोग मैंने इस प्राणायाम में किया।

व्याख्याः ऊपर लिखित वाक्य प्राणायाम से सम्बन्धित है सर्व प्रथम '**प्राण**' पर विचार करेंगे। कुछ लोग प्राणों को '**आत्म तत्त्व**' कुछ '**चेतना तत्त्व**' मानते हैं प्रायः सभी इस चीज़ से सहमत है कि '**श्वास**' को प्राण कहते हैं, शरीर में मुख्य पांच प्राण हैं : **प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान।**

प्राण वायु, पाचन शक्ति, रक्त, वसा अथवा मलमूत्र बनाने में सहायता करता है। **अपान वायु** शरीर से मलमूत्रादि त्यागने में सहायता करता है। **समान वायु** सभी नाड़ियों में रस इत्यादि पहुँचाने में सहायता करता हैं। **व्यान वायु :** गुह्यस्थान से ही सभी नाडियों में खून को गतिशील रखने में सहायता करता है। **उदान वायु :** यह गले से ब्रह्मरन्ध्र तक काम करता है, मरते समय यही उदान वायु सूक्ष्म शरीर को स्थूल शरीर से अलग करता है। जो सूक्ष्म शरीर अपने अच्छे बुरे संस्कारों समेत नया जन्म लेता है प्राणों के नियन्त्रण से स्वयमेव शरीर इन्द्रियों तथा मन पर नियन्त्रण होता है।

मनुष्य शरीर में असंख्य नाड़ियाँ हैं उन में **'इड़ा, पिंगला और सुषुम्णा प्रधान शक्ति वाहिणी नाडियाँ हैं'** इन तीन में से सुषुम्णा नाडी सर्वश्रेष्ठ है जो मूलाधार (गुह्यस्थान के मूल) से आरम्भ होकर ब्रह्मरन्ध्र तक होती है। इस सुष्मणा नाड़ी के बाईं ओर इड़ा नाड़ी

तथा दाई ओर पिंगला नाडी, भौंहों के मध्य में यह तीनों नाड़ियाँ मिलती है जिस को त्रिकुटी (त्रिवेणी) कहते हैं। यहाँ त्रिकूट चक्र की स्थिति मानी जाती है।

मॉकरिस मल ज़न चोलुम मनस
अदु मे लॅबुम ज़नस ज़ान।
सु यलि ड्यूठुम निशि पानस
सोरुय सुय त बु नो कुंह।। - 8

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

चित्तादर्शे निर्मलत्वं प्रयाते
प्रोद्भूता मे स्वे जने प्रत्यभिज्ञा।
दृष्टो देवः स्वस्वरूपो मयासौ
नाहं न त्वं नैव चायं प्रपञ्चः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

धुल गया जैसे मन का मल, पारदर्शी बना
तब मुझे पहचान का वरदान मिला
जब उसे पाया अपने आप में
वे ही हैं सब कुछ और मैं, कुछ भी नहीं।

अर्थ : जब मेरे मन का सारा मल धुल गया तब ही मैं ने उस पूर्व परिचित शिव को फिर से पहचान लिया। मैंने उसे अपने समीप पाया। वही है सर्वेसर्वा इस सारे जड़शरीर को वही चलाता है मैं स्वयं किसी गिनती में नही हूँ।

व्याख्याः इस वाक्य में लल्लीश्वरी ने मन की र्निमलता तथा स्थिरता को परमशिव प्राप्त करने की साधना मानी है परन्तु मन की स्थिरता तथा र्निमलता का होना आसान नहीं है। इसी समस्या को लेकर अर्जुन भगवान् के पास जाकर कहता है

''चंचलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्
तस्याहं - निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्।''

(अ. ६ श्ल ३४)

अर्थः हे कृष्ण! मन बहुत चंचल है, इन्द्रियों को लताडने में सुदृढ तथा हट्ठी है मन को नियन्त्रण करना वायु को वश करने से ज्यादा कठिन है भगवत् गीता कहती है मन को नियन्त्रण में रखने के लिये दो उपाय है **अभ्यास, वैराग्य** अभ्यास का क्या अर्थ है?

तत्र स्थिरौ यत्नोऽभ्यासः

मन को एकाग्र करने के लिय बार बार प्रयत्न करने को अभ्यास कहते हैं, अभ्यास से ही योगी, चित्रकार, वैज्ञानिक, नयेनये आविष्कार करता है। अर्जुन शब्दवेधी बान चलाने में अद्वितीय माना जाता था वह अर्जुन कैसे शब्द वेधी बान चलाने का पण्डित बना था कहते हैं एक दिन अर्जुन अन्धेरे में खाना खा रहा था तो उस को विचार आया कि यह झड हाथ कैसे मुंह में ही अन्न का लुकमा इस अन्धेरे में भी डालता है आंख में क्यों नहीं, क्योंकि हाथ को इस प्रकार का अभ्यांस है कि

वह अन्धेरे में भी खाने की वस्तु को मुंह में डाल सकता है उसी से प्रेरित हो कर अर्जुन ने अन्धेरे में शब्द पर बान चलाने का अभ्यास किया और वह शब्दवेधी बान चलाने का पण्डित बना।

वैराग्य का क्या अर्थ है?

वैराग्य का वास्तविक अर्थ है विषयों की आसक्ति न होना, विषयों का गुलाम न बनना। मन की एकाग्रता के लिये अभ्यास के साथ वैराग्य की आवश्यकता होती है पातंजल्ययोग शास्त्र में लिखा है

''अभ्यास वैरागाभ्यां, चितनिरोधः''

''चित्त्वृत्ति निरोधः योगः''

अर्थः चित्तवृति को योग कहते हैं वह चित्तवृति अभ्यास तथा वैराग्य से ही बनती है। जन्म जन्मारों के संस्कारों के कारण मन के ऊपर तीन प्रकार के आवरण होते हैं।

शिव के साथ साक्षात्कार करने का स्थान मनुष्य का मन ही है उपनिषद् भी यही कहते हैं। **आत्मास्य जन्तो र्निहितो गुहायां** जो मन निर्मल नहीं होगा तथा मन में मोह उत्पन्न होगा तब शिव को पाना सम्भव नहीं। मन को प्रायः हर समय कोई न कोई मल लगा ही रहता है। शैवदर्शन के अनुसार मल तीन प्रकार के हैं **आणवमल, मायीय मल** तथा **कार्ममल** जिन का सम्यक् उल्लेख पृष्ठ संख्या 13 पर किया गया है। वेदान्तानुसार

भी तीन प्रकार के मल हैं। मान लीजिये गिलास में पानी है वह पानी मैला अथवा पानी के ऊपर धूल की परत छा गई हो तो उसमे मुहँ साफ नहीं दिखाई देगा इस को **“मल”** कहते है अगर पानी का गिलास किसी टेड़ी जगह पर रखा हो तथा गिलास हिलता हो तो उस में से मुहँ साफ नहीं दिखाई देगा इस को **“आक्षेप मल”** कहते हैं अगर पानी के गिलास के ऊपर परदा रखा हो तो उस गिलास में बिल्कुल ही मुहँ नहीं दिखाई देगा इस को **“आवरण मल”** कहते है। लल्लेश्वरी इस वाख में कहती है कि जब मेरे ये तीनों मल दूर हो गये तब मुझे **“प्रत्यभिज्ञा”** का आभास हो गया प्रत्यभिज्ञा का अर्थ है – **“ज्ञातस्य ज्ञानम्”** जाने हुये को ही फिर से जानना। मैं स्वयं ही शिव हूँ मलों को हटाकर मैंने उसी वास्तविकता को पहचान लिया **“शिवोहं”** अथवा **“अहं शिवोऽस्मि”**।

वाक्य की अन्तिं पंक्तिः

सोरुय सुय तु बु नो क्यँह

जब तक मनुष्य में ‘बु’ अहं है तब तक शिव का साक्षात्कार नहीं हो सकता है जब तक मनुष्य में ‘मेरा घर– ‘मेरा माता पिता’ ‘मेरी प्रापर्टी’ इत्यादि विद्यमान् है तब तक शिव का साक्षात्कार असम्भव है। तो इस प्रकार लक्ष तक पहुंचने में साधक को जन्म जन्मातरों का समय लगेगा।

बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान मां प्रपद्यते

भक्त कबीर ने अनुभव करके कहा है।

जब तक मैं था तब तक तू नहीं

अब तू है मैं नहीं।

लल्लीश्वरी भी यही कहती है।

(सोरय सूय तु बु नो क्यंह)

यवु तुर चलि तिम अम्बर ह्यता
ब्वछि यवु चलि ती आहार अन।
चित्ता स्व-परु व्यचारस प्यता
चिता दयहस वान क्याह वन।। - 9

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

शीतार्थं वसनं ग्राह्य
क्षुधार्थं भोजनं तथा।
मनो विवेकितां नेयम्
अलं भोगानु चिन्तनैः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

जिन से होंगे शीत मुक्त, धारण कर वस्त्र ऐसे
क्षुधा मुक्त होंगे जिससे, ले आना आहार ऐसा
हे चित्त ! स्व और पर की पहचान में लग जा
हे चित्त ! विचारों क्या ज्ञात है इस देह को।

अर्थ : सर्दी को मिटाने के लिये वस्त्र धारण करने चाहिये तथा भूख मिटाने के लिये भोजन खाना चाहिये, हे चित्त ! अपना तथा दूसरा **"तत्त्वमसि"** इस महावाक्य पर विचार करले। हे चित्त ! इस देह को यथार्थ की जानकारी प्रदान कर ले नही तो यह वन पक्षियों का आहार बन जायेगा।

व्याख्या : हे मनुष्य ! इस शरीर का उतना ही पालन पोषण करो ताकि यह शरीर परम शिव परमात्मा को प्राप्त करने में सहायक बने, क्योंकि शरीर ब्रह्म का मन्दिर है **"शरीरं ब्रह्ममन्दिरम्"** नहीं तो यह शरीर अन्त में तीन रूपों में बदल जाता है **"कृमिविट् भस्म संज्ञितः" (कृमि, विट्, भस्म)**। जब यह शरीर मिट्टी में मिलता है तो कीड़े उत्पन्न होते हैं, नहीं तो कवे अथवा वन पशु–पक्षी खायेंगे या विष्ठा का रूप धारण करेगा तथा जलाने पर भस्म बन जायेगा। हे मनुष्य ! आप विचार कर कि इस शरीर का अन्त में परिणाम क्या है, इस को आवश्यकता से अधिक रमणीक मत बनाओ। जगद्गुरू शंकराचार्य कहते हैं :–

"कोपीनवन्तः खलु भाग्यवन्तः
देहाभिमानं परित्यज्य दूरात्"

हे मनुष्य ! तपस्वी लोग इस देह के अभिमान को त्याग कर अपने तन को भूर्जपत्रों से ढाँपते है 'वोपलहाख' (एक वन्य शाक) तथा कन्दमूल खाकर बिना किसी

परेशानी के अपने आप को भाग्यवान मानते हैं, श्रुति भी यही कहती है **“न रूच्यर्थं किंचन धारयेथाः”** शरीर को सजाने के लिये वस्त्रादि धारण करना आवश्यक नहीं। शरीर की रक्षा के लिये ही वस्त्र धारण किये जाने चाहिये, **"मा गुरुर्भञ्जीथाः"** शरीर की रक्षा के लिये नियम के अन्तर्गत आहार करना आवश्यक है।

राजहंस ऑसिथ स्पदुख कोलुय
कुसताम ़च्वलुय क्याताम ह्यथ।
ग्रट्ट गव बन्द तृ ग्रटनह्योत गोलुय
ग्रटवोल ़च्वलुय फलफ्वल ह्यथ।। - 10

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य रामशास्त्री

भूत्वापि त्वं राजमरालरूपः
कथं स्वतः सम्पति मूकतां गतः।
कः सारसमादाय गतः त्वदीयम्
यस्मात् निरुद्धं तव देह चक्रम्।।

हिन्दी काव्यनुवाद

राज हंस थे और हो गये मूक
कोई तुझ से कुछ ले के भागा
रूक गया घरट्ट, जाँत का मुहँ भर गया
घरट्ट का मालिक ़ले के भागा तेरा फल (नाज)

अर्थ : हे मनुष्य ! आप तो राजहंस की भान्ति सुन्दर तथा ऐश्वर्य से युक्त थे, आप में अभी तक देखने

बोलने और सुनने की शक्ति थी, लेकिन अब यह क्या हुआ। न आप बोल सकते हैं न देख सकते हैं न सुन सकते हैं न कोई हरकत कर सकते हैं। यह कौन आप की सब शक्ति छीन के ले गया। आप की शरीर रूपी चक्की ही बैठ गयी। ऊपरलिखित तृतीय और चतुर्थचरण में लल्लेश्वरी कहती है :

"ग्रट् गव बन्द तु, ग्रटनह्योत गोलुय
ग्रट्वोल च़्वलुय फलफ्वल ह्यथ"

भावार्थ : चक्की तब तक बन्द नहीं हो जायेगी जब तक पीसने के लिये प्रारब्धरूपी फल आदि समाप्त नहीं हो जायेगा। प्रारब्धरूपी फल समाप्त होने पर ही ईश्वर जीव की सारी चेतना शक्ति वापस ले जाता है।

श्रीमद्भगवद्गीता इस विषय में कहती है:

"**ग्रहीत्वैतानि संयाति वायुर्गन्धानिवाशयात्**"

(अ 15 श्ल. 8)

अर्थः जिस प्रकार वायु हर स्थान की सुगन्धि अपने साथ लेकर जाता है उसी प्रकार ईश्वर प्राणी के शरीर की सब चेतना, समाप्त होने पर सब कुछ समाप्त करता है। इस वाक्य में लल्लेश्वरी ने उस समस्या का समाधान किया है जिन समस्याओं के समाधान के लिये ऋषिवरों को बड़ी बड़ी गोष्ठियों का आयोजन करना पड़ा है जिस का विस्तार पूर्वक वर्णन श्वेताश्वतरोपनिषद् में इस प्रकार है "**ब्रह्मवादिनो वदन्ति**" जिज्ञासु ऋषि

आपस में विचार विमर्श करते हैं।

किं कारणं ब्रह्म कुतः स्म जाता
जीवाम केन क्व च सम्प्रतिष्ठाः।
अधिष्ठिताः केन सुखेतरेषु
वर्तामहे ब्रह्म विदो व्यवस्थाम्।।

भावार्थः बह्म कौन है? हम कहां से उत्पन्न हुये? इस जड शरीर को अथवा इस जड संसार को कौन चलाता है? हम कैसे देखते, सुनते तथा हरकत करते हैं? कोई संसार में सुखी है कोई दुःखी क्यों? संसार का अनुशासन किस के हाथ में है? लल्लेश्वरी ने इसी समस्या का समाधान चक्की के उदाहरण से करने का प्रयत्न किया है – चक्की के चलाने के पाँच विभाग हैं। 1 चक्की वाला 2 पानी 3 चक्की 4 चक्र, (गोश आहोक) 5 फल इत्यादि प्रारब्ध। इसी प्रकार सांख्य मत के अनुसार भी कोई कार्य करनेके लिये पांच कारण हैं

अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग् विधं,
विविधश्च पृथक् चेष्ठा दैवं चैवात्र पंचमम्।

लल्लीश्वरी के वाक्यानुसार भी मनुष्य को अथवा चक्की को चलाने के पांच कारण हैं 1 चक्की वाला – ईश्वर 2 पानी – प्रकृति 3 चक्की – स्थूल शरीर 4 चक्र, गोश, अहोक– छल सूक्ष्म शरीर 5 प्रारब्ध – फल।

योगी राज परमानन्द (मटन निवासी) अपने शब्दों में लल्लेश्वरी के वाक्य की पुष्टि करते हुये कहते हैं।

संसारस मंज़ युन ग्रट्ट अनुवुरी
प्रारब्ध फल छुस रवुारी मंज
फल सोरि, छलु ब्येहि, कुस कस प्रारि
तस कत्य मारि यमु तयु काल।।

लल बु द्रायस लोलुरे
छांडान लूसुम द्यन किहो राथ।
वुछुम पण्डिथ पनुने गरे
सुय मे रोटुमस नछत्र त साथ।। - 11

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

लल्लाहं निर्गता दूरम्
अन्वेष्टुं शंकरं विभुम्।
भ्रान्त्वा लब्धो मया स्वस्मिन्
देहे देवो गृहे स्थितः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मैं लल प्रियाकर्षण की डोर में बन्धकर निकल पड़ी
तलाशे हक़ में फिरती रही ढल गये दिनरात
मैं ने पण्डित को पाया अपने ही घर के भीतर
उसे ही मैं ने शुभ वेला स्वीकारा, मुहूर्त माना।

अर्थ : मैं लल्ल जिस परमशिव को ढूँढने के लिये निकली, उस की तलाश में मैं ने दिन रात एक किया, अन्त में मैं ने उस परमशिव को अपने शरीर रूपी घर में ही देखा — जिस समय मुझे उस का साक्षात्कार

हुआ, वही मेरे जीवन का शुभ मुहूर्त था।

व्याख्या : मनुष्य जीवन का लक्ष्य है शिव का साक्षात्कार **"लक्ष्यं तदेवाक्षरं सौम्य विद्धि"** (मुण्डकोपनिषद्) हे मानव! तुम्हारे जीवन का लक्ष्य है शिव का साक्षात्कार प्राप्त करना, उस को पाना कोई साधारण बात नहीं, उस के लिये रात दिन एक करना होगा। कठोपनिषद् में ऋषि कहते हैं **"क्षुरस्य धारा निशता दुरत्यया"** जिस प्रकार छुरे की धारा पर चलना कठिन है, उसी प्रकार शिव का साक्षात्कार कठिन है, परन्तु लल्लेश्वरी पहले ही वाख में साधक को विश्वास दिलाती है **"मां भैष्ठ"** डरो मत, विश्वास रखो मैं ने उस पण्डित का अनुभव ही नहीं किया अपितु देखा भी है। उस परमशिव को देखने के लिये पहाड़ों, एवं वन्य प्रदेशों में घूमने की आवश्यकता नहीं है उस को शरीर के भीतर ही हृदय रूपी गुफा में देखो, उस तथ्य का समर्थन श्वेताश्वतर उपनिषद् में भी किया गया है **"आत्मा गुहायां निहितोस्य जन्तो।"** वह शिव जीव के हृदय रूपी गुफा ('ठोकुर'–कुठ) में बैठा है। हे मनुष्य ! आप ने इस ठाकुर द्वार (ठोकुर कुठ) को बान –कुठ (वस्तु भण्डार गृह) बनाया है। आपने इस हृदय रूपी ठाकुर वाड़ी को संकल्प–विकल्प के सामग्री से लबालब बरा है, इसलिये वह शिव दिखाई नहीं देता है परन्तु लल्लेश्वरी कहती है हे साधक! विश्वास कर मुझ पर, मैं ने उस शिवका साक्षात्कार किया है।

एक ऋषि कहता है कि उस शिव को कौन देख सकता है **'तमक्रतुः पश्यति वीतशोकः - धातुः प्रसाधात् महिमानमीशम्'** अथार्त् जिस साधक पर उस परमात्मा का अनुग्रह होगा वही साधक मन की एकाग्रता से उस परमशिव को देख सकता है इस वाख में लल्लेश्वरी कहती है कि हे मनुष्य ! चितभ्रम में मत रहो कि भगवान् है या नहीं है। मुझ पर विश्वास रख, मैं ने उस शिव को देखा है **(वुछुम पण्डिथ पन ने घरे)** उपनिषद् इस बात का समर्थन करता है।

शृण्वन्तु विश्वेऽमृतस्य देवाः
ये ते धामानि दिव्यानि तस्थुः।
वेदाहं एतं पुरुषं महान्तं
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्।।

अर्थ : इस मन्त्र के प्रणेता ऋषि कहते हैं :– हे भूलोक में रहने वाले मनुष्यो अथवा देवलोक में रहने वाले देवताओ ! यदि आप को उस परमशिव के होने या न होने में कोई सन्देह है तो **'शृण्वन्तु'** कान खोल कर सुनो **'वेदाहं'** मैं ने उस परमात्मा को जान लिया अथवा मैं ने वह परमशिव देख लिया कैसे **"आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्'** अर्थात् महान् प्रकाश रूप जहाँ पर सभी प्रकाशों का अन्त होता है – लल्लेश्वरी कहती है आप विश्वास रखें कि मैं ने परमशिव का साक्षात्कार किया।

ग्वरन वौनुनम कुनुय वचुन
न्यबर् द्वपनम अन्दर अचुन।
सुय गव लल्य मे वाख त वचुन
तवय मे ह्योतुम नंगय नचुन।। - 12

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

बहिरंगात् अन्तरंगं स्वं
प्रविशेति गुरुजगौ।
कायान्तरमनेनाभूत्
विवस्त्रो र्नतने रतः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

गुरु ने कहा केवल एक वचन
बाहर से कर भीतर प्रवेश
वही लला के हेतु बना अमृत वचन
तभी लीन हुई निरावरण नृत्य में।

अर्थ : गुरु ने एक ही वचन कहकर मुझे उपदेश दिया, बाहर से अन्दर चली जा, उसी ने मेरी काया पलट दी, जिस से मेरा द्वैत समाप्त हुआ, मैं विवस्त्र घूमने लगी परदा तथा भय तभी तक है जब तक भेदभाव है श्रुति भी यही कहती है

'भयं द्वितीयात्' भय तब तक ही है जब तक भेद भाव है।

कठोपनिषद् का ऋषि लल्लेश्वरी के वाख का समर्थन करता है।

पराञ्चि खानि व्यतृणत् स्वयंभूः
तस्मात् पराङ् पश्यति नान्तरात्मन्।
कश्चित् धीरः प्रत्यग् आत्मानम् ऐक्षत्
आवृत्त चक्षुः अमृतत्वं इच्छन्।।

(वल. ४ श्ल १)

अर्थः परमात्मा ने इन्द्रियों को बाहर की ओर जाने वाला बनाया है, इसी लिये मनुष्य बाहर की तरफ देखता है अन्दर आत्मा की तरफ नहीं। अमृत को चाहने वाला कोई धीर पुरुष ही होता है जो विषयों से आंखें मूंद लेता है और मुड कर आत्मा को देखता है। कोई ही ऐसा वीर होगा जो अमृत पद को पाना चाहता है। वह चक्षु आदि इन्द्रियों को बाह्य विषयों से हटाकर अन्दर की ओर लौटा कर शिव को देखने में समर्थ होता है उसे **'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'** कहते हैं। इस स्थिति में पहुँच कर अथवा यह अवस्था प्राप्त करके सभी भेदभाव समाप्त होते हैं।

लल्लेश्वरी कहती है कि गुरु के उपदेश अनुसरण से मुझे ऐसा लगता है कि सब ओर शिव ही शिव है जिस के कारण मेरे भीतर का तमस मिट गया और भेदभाव समाप्त हो गया। इस वाख में 'विवस्त्र' 'नगय नंचुन' का भावार्थ है भेदभाव का समाप्त होना।

लल्ल ब्व लूसुस छ़ारान तु गोरान
हल मे कोरमस रसु निशि ति।
वुछुन ह्योतमस तॉड्य ड्यठिमस बरन
मे ति कल गनेयि ज़ोगमस तॅत्।। - 13

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

द्रष्टुं विभुं तीर्थवरान् गताहं
श्रान्ता स्थिता तत् गुणकीर्तनेषु।
ततोपि खिन्नास्मि च मानसेन
स्वान्तर्निविष्टा खलु तत् विमर्शे।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मैं लल ढूँढते तलाशते थक गई।
अमृत पाने के हेतु किया यत्ऩार
दृष्टि दौड़ाई तो देखा द्वार पर कुंडी लगी
चाह बढ़ती गई, नित टोह में बैठी रही।

अर्थ : मैं परम शिव को ढूँढने के लिये पहाड़ों तथा रेगिस्तानों में गई कुछ हाथ नहीं लगा परन्तु मैं ने हिम्मत नहीं हारी अपितु उस परम शिव को प्राप्त करने का संकल्प और भी दृढ़ हो गया, जब मैं उस परम शिव के सपीम पहुँची तो मैं ने दरवाज़ों को बन्द देखा। मैं दरवाज़े पर ही बैठी क्योंकि यह द्वार तभी खुलेंगे जब उस परम शिव की दया होगी। ज्यों ही द्वार खुल गये मैं अन्दर चली गई मैं ने शिव का साक्षात्कार किया।

व्याख्या : इस वाख के सन्दर्भ में ईशावास्योपनिषद् मन्त्र देखने योग्य है।

"हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।
तत्त्वं पूषन्नापवृणु सत्यधर्माये दृष्टये।"

भावार्थ : आप मानिये वह परमात्मा एक गड्ढे (गर्त) में है जिस का गला रत्नों तथा जवाहिरों से सजा हुआ है तथा जो सोने के ढक्कन से ढका हुआ है कोई साधक बहुत प्रयत्न करने के पश्चात् ईश्वर कृपा से इस गड्ढे के पास पहुँचता है, गड्ढे का ढकन हाथ में लेकर बहुत खुश होता है तथा अपने आप को कृतार्थ मानता है। वह कहता है कि जिस के लिये मैं प्रयत्न करता था मैं ने उसे प्राप्त किया परन्तु साधक यह नहीं जानता है कि यह सोने का ढक्कन धोखा ही है क्योंकि मैं जिस परम शिव को ढूँढता हूँ वह इस गड्ढे के अन्दर है। मैं ढक्कन देख कर ही भ्रमित हुआ और वास्तविकता को भूल गया। यह ढक्कन मानो ये अष्टसिद्धियाँ हैं **अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति प्राकाम्य, ईशत्व, वशित्व** इन अष्ट सिद्धियों से योगी आश्चर्य जनक चमत्कार दिखा कर संसारिक लोगों को प्रभावित करता है। जो साधक इन अष्ट सिद्धियों के फंदे में फंसेगा वह शिव का साक्षात्कार नहीं कर सकता। लल्लेश्वरी इस वाख में यही कहती है कि बहुत प्रयत्न करने के पश्चात् मैं उस परम शिव के नज़दीक पहुँचने वाली थी कि मैं ने

देखा कि वहाँ के दरवाज़े बन्द थे जो दरवाज़े सोने के बने थे तथा जिन पर रत्न जड़े हुये थे परन्तु उन दरवाज़ों पर कुंडी लगी हुई थी। मैं आग्रहपूर्वक दरवाज़े पर ही डटी रही तथा मेरी अन्तरात्मा की भावना ने अन्दर योगनिद्रा में बैठे हुये शंकर को जगाया और उस ने मुझ पर दया की, और दरवाज़ा खोला। मैं ने सोने के दरवाज़ों की उपेक्षा की, अन्दर चली गई और शिव का साक्षात्कार किया। साक्षात्कार किस को कहते है ? साक्षात्कार का तात्पर्य है कि उस बड़े प्रकाश के पास पहुँचकर मैं ने अनुभव किया कि मैं इस प्रकाश से भिन्न नहीं हूँ, मैं स्वयं शिव रूप हूँ। **'शिवोऽहम्'**

केंह छी न्यंदरि हॅती वुदी
केंचन वुद्यन न्यसर प्ययी।
केंह छी स्नान करिथ अपुती
केंह छी गेह बज़िथ ति अक्रिय।। - 14

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

कश्चित् प्रसुप्तोऽपि विबुद्ध एव
कश्चित् प्रबुद्धोऽपि च सुप्ततुल्यः।
स्नातोऽपि कश्चिदशुर्चिमतो मे
भुक्त्वा स्त्रियं चाप्यपरः सुपूतः।।

कुछ तो उनींदी मुद्रा में बेदार नज़र आते हैं
कुछ जाग्रतावस्था में भी निद्रा मग्न हो जाते है
कुछ नहा धोकर भी होते हैं अपवित्रा
कुछ गेही हो कर भी होते हैं अक्रिय।

अर्थ : कुछ साधक सोकर भी जाग्रत होते हैं, कुछ जाग्रत होकर भी सोये होते हैं, कुछ स्नान कर के भी अपवित्र होते हैं कुछ गृहस्थी होकर भी निर्लिप्त होते हैं।

व्याख्या : इस वाख से सम्बन्धित श्रीमद्भगवद्गीता का यह श्लोक द्रष्टव्य है :–

कर्मण्यकर्म यः पश्येत् अकर्मणि च कर्म यः
स बुद्धिमान् मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्न कर्मकृत।

(अध्याय 4, श्लोक 18)

अर्थ : जो पुरुष कर्म में (अर्थात् अहंकार रहित की हुई सम्पूर्ण चेष्टाओं में) अकर्म अर्थात् वास्तव में उनका न होनापन देखे और जो पुरुष अकर्म में अर्थात् अज्ञानी पुरुष द्वारा किये हुए सम्पूर्ण क्रियाओं के त्याग में भी कर्म को अर्थात् त्याग रूप क्रिया को देखे वह पुरुष मनुष्यों में बुद्धिमान है और वह योगी सम्पूर्ण कर्मों का करने वाला है। कोई व्यक्ति गंगा पर रोज़ नहाता है परन्तु मन में गंगा के प्रति कोई श्रद्धा नहीं है, मानिये वह स्नान करने पर भी अपवित्र ही है इसी प्रकार जो गृहस्थी गृहस्थ में हो कर गृहस्थी का निर्वाह अनासक्त

भाव से या कतर्व्य मान कर करता है वह निर्लिप्त गृहस्थी है। महाभारत में लिखा है। **"निवृत्तरागस्य गृहं तपोवनम्" अथार्त्** आसक्ति के बिना गृहस्थ चलाने वाले का गृहस्थ तपोवन है लल्लेश्वरी के वाक्य का यही भावार्थ है **"मन एव मनुष्याणां कारणं बन्ध मोक्ष्योः"** अथार्त् मन की आसक्ति या अनासक्ति साधक को कर्म में फसाने या मुक्ति का कारण है।

क्याह कर पाँच़न दहन त काहन
व्वखशुन यथ ल्यॅजि करिथ यिम गॅय।
सॉरी समहन यथ रज़ि लमहन
अद क्याज़ि राविहे काहन गाव।। - 15

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य रामशास्त्री

पञ्च चैव विकारा, दश तथैकादश संख्यका
गता विहाय मे देहं, भिन्नभिन्नानुमार्गगाः।
यदि ते गां द्वि कर्षेयुरेक मार्गानुसारताः
अहो मदीया धीधेनुः कथं भूयात् कुमार्गगाः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

क्या करूँ पाँच, दस और ग्यारह का
इस हाँडी को खुरच-खुरच कर चले गये
सब मिल कर रस्सी को खींच लेते
तो परस्पर एका क्यों न बना रहता ?

अर्थ : पाँच़न = पांच तत्त्व (पृथ्वी, जल, तेज वायु,

आकाश) दहन = पांच ज्ञानेन्द्रिय (आँख, नाक, कान, जिह्वा, त्वचा) पाँच कर्मेन्द्रिय = (हाथ, पांव, मुंह, गुह्यस्थान, मूत्रस्थान) कुल मिला कर दस होते हैं 'मन' ग्यारवाँ है। यह मन इन दस इन्द्रियों का अध्यक्ष है। **(मनोदशेन्द्रियाध्यक्षं हृत् पदमगोलकेस्थितम्)** (पंचदशी) इस वाक्य में पांच तत्त्वों का अर्थ है पंचभौतिक शरीर जिस में 11 इन्द्रियाँ स्थित हैं। युजर्वेद का यह मन्त्र कहता है **"सप्तषर्यः प्रतिहता शरीरे सप्त रक्षन्ति सदमप्रमादम्।)** अर्थात् इस शरीर में सात ऋषि, पांच ज्ञानेन्द्रिय, वाणी तथा दस इन्द्रियों का अध्यक्ष मन ठहरा हुआ है जो सप्तऋषि शरीर रूपी आश्रम में जीवात्मा की सहायता के लिये प्रभु ने रखें हैं। यही सप्तऋषि जीवात्मा को परमात्मा के साथ मिलाने में सहायक सिद्ध होते हैं। लल्लेश्वरी कहती है कि जीवात्मा को शक्ति प्रदान करने के बदले इन इन्द्रियों ने शरीर रूपी पात्र को उलट–पलट कर दिया है (**उलट पुलट लंका सबजारी** – रामा०), दसों इन्द्रियाँ इस जीवात्मा को अपनी ओर घसीटने लगती हैं। लल्लेश्वरी ने इस वाख में दस इन्द्रियों तथा मन को ग्यारह ग्वाले माना है तथा जीवात्मा को 'गाय' माना है इन ग्यारह इन्द्रिय रूपी ग्वालों को यजुर्वेद का मन्त्र कहता है **"सदम्-अप्रमादम्"** इस जीवात्मा रूपी गाय की सेवा करने में किसी प्रकार की कमी नही रखना। लल्लेश्वरी भी कहती है जब ग्यारह इन्द्रिय रूपी ग्वाले इकट्ठे

जीवात्मा रूपी गाय की देखभाल सावधानी के साथ करेंगे तो फिर किसी अहित का प्रश्न ही नहीं उठता। इस वाख में लल्लेश्वरी ने कहा है कि इन्द्रियों को नियंत्रित करना भी परमशिव के साथ मिलने की एक साधना है। इस वाख से सम्बन्धित कठोपनिषद् का यह मन्त्र देखने योग्य है :

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च।
इन्द्रियाणि हयानाहु र्विषयान् तेषु गोचरान्
आत्मेन्द्रिय मनो युक्तं भोक्ते त्याहुर्मनीषिणः।।

(वल ३ श्लो ३-४)

भावार्थ : जो यह शरीर रूपी रथ है इस को दस घोड़े (पाँच ज्ञानेन्द्रिय + पांच कर्मेन्द्रिय) अपने लक्ष्य की ओर खींच रहे हैं बुद्धि इस शरीर रूपी रथ की सारथि है जिस के हाथ में दसों घोडों की लगामें हैं यदि मन या बुद्धि रूपी सारथि को दसों घोड़ों पर नियंत्रण नहीं होगा तो यह शरीर रूपी रथ जिस में जीवात्मा ठहरा हुआ है अपने लक्ष्य पर नही पहुँचेगा अपितु रास्ते में ही किसी गहरी खाई में गिर कर व्यर्थ नष्ट हो जायेगा। सारथि, घोड़े, रथ और जीवात्मा सब नष्ट हो जायेंगे।

मिथ्या कपट असथ त्रोवुम
मनस कुरुम सुय व्यपदीश।
ज़नस अन्दर केवल ज़ोनुम
अनस् ख्यनस कुस छुम द्वेष।। - 16

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

असत्य मिथ्याचरणादि हेयं
मयोपदिष्टं निजमानसं यदा।
जने जने केवलमेव दृष्टं
व्यर्थं तदाभूदुपवास कष्टम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मिथ्या कपट असत् त्यागे
मन को किया वही उपदेश
हर जीव में वही प्राण है
खानपान में क्या परहेज़ ?

अर्थ : लल्लेश्वरी ने परम शिव को प्राप्त करने के लिये अलग रास्ते बताये हैं इस वाख में उन्होंने कहा है कि जो साधक मेरी तरह मिथ्याचरण, असत्य, तथा कपट का त्याग करेगा वही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है अथवा परमशिव को प्राप्त कर सकता है। मैं ने अपने मन को इन तीन नियमों के पालन करने का उपदेश दिया। इन तीन नियमों के पालन करने से मेरी द्विव्य दृष्टि खुल गई और चारों ओर परम शिव का साक्षात्कार हुआ। इस अवस्था पर पहुँच कर अब मुझे व्रत–उपवास–चन्द्रायण इत्यादि की आवश्यकता नही है।

व्याख्या : मिथ्याचार किस को कहते हैं ? भगवद्गीता में श्री कृष्ण कहते हैं

"कर्मेन्द्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन्,
इन्द्रियार्थान् विमूढात्मा मिथ्याचारः स उच्यते"

(अध्याय ३ श्लोक ६)

कर्मेन्द्रियों (हाथ, पैर इत्यादि) को रोक कर जो साधक मन से विषय—वासना का चिन्तन करता होगा, उस को मिथ्याचार कहते हैं, जिस का मन शुद्ध न हो, मन में गन्दे विचार भरे हों उस को मिथ्याचार, दम्भ या पाखण्ड भी कहते हैं। कुछ पाखण्डी मनुष्य अपने शरीर पर केसरी वस्त्र और मालाएं धारण कर तथा माथे पर त्रिपुण्डरियां लगा कर समाज में महात्मा होने का स्वाँग भरते हैं इस को भी मिथ्याचार कहते हैं।

लल्लेश्वरी कहती है **"असथ त्रोवुम्"** असथ का अर्थ है झूठ। इस वाख में वह असत्य शब्द का प्रयोग भी करती है और कहती है कि मैं ने सत्य बोलने का कठोर व्रत पालन करने का निश्चय किया परन्तु एक साधक के लिये सत्य की कसौटी पर पूरा खरा उतरना बहुत ही कठिन है। इस विषय में एक कथा का उल्लेख करना अप्रासंगिक नहीं होगा। कहते हैं एक डाकू तलवार ले कर एक स्त्री के पीछे दौड पड़ा तथा वह स्त्री मेरे सामने एक कमरे में छुप जाती है तो डाकू दौडते हुये मेरे पास पहुँचा तथा मुझे पूछने लगा कि स्त्री कहाँ गई अब आप ही बताइये मैं क्या उत्तर दूँ।

यहाँ पर **"उभ्यतः पाशारज्जुन्याय"** अर्थात् इस अवस्था में दोनो ओर फांसी है। इसी प्रकार बड़े बड़े विद्वान् भी सत्य तथा असत्य का निर्णय करने में द्विविधा में पड़ जाते हैं। पश्चिमी देश के बड़े बड़े ग्रन्थकार तथा विद्वान् भी इस सत्यासत्य की उलझन में फसें हैं। क्राईस्ट का एक शिष्य 'पाल' कहता है कि यदि मेरे असत्य कहने से क्राईस्ट की महिमा में वृद्धि होगी अर्थात् ईसाई धर्म का प्रचार हो तो ऐसा असत्य कहना पाप नही है। एक विदेशी 'स्टीफन' ग्रन्थकार कहता है कि यदि मुझे विश्वास है कि मेरे असत्य कहने से कल्याण होगा तो सत्य बोलने की आवश्यकता नही है। इस प्रकार की समस्या भगवान् व्यास के सम्मुख भी उपस्थित हुई जिस के कारण महाभारत में सत्यासत्यविवेचन के लिये एक अध्याय जोड़ना पड़ा, भगवान् व्यास ने अन्तिम निर्णय दिया है।

''आत्महेतोः परार्थे वा नर्महास्य श्रयात् तथा

ये मृषा न वदन्तीह ते नराः स्वर्गगामिनः।

अर्थात् जो साधक दूसरों के लिये अथवा अपने लिये सत्य बोलने का व्रत नहीं छोडता है वे स्वर्ग में जाते हैं। इसी प्रकार राजा हरिश्चन्द्र एक आदर्श सत्यवादी थे। उन्होंने सत्यव्रत का पालन करने के लिये चांडाल (शव–दाहक) का कार्य भी किया। महाभारत में लिखा है कि सत्यवादी युधिष्ठिर ने द्रोणाचार्य को पराजित

करने के लिये **"अश्वत्थामा हतः"** अर्थात् अश्वत्थामा मर गया ऐसा असत्य कहा, परन्तु इस प्रकार का असत्य कह कर क्या हुआ ? युधिष्ठिर का रथ जो चार अंगुल ऊँचा अन्तरिक्ष में चल रहा था एक दम सामान्य रथ के समान ज़मीन पर चलने लगा। जहाँ पर मनुष्य किसी के प्राणों की रक्षा के लिये, देश तथा समाज की रक्षा के लिये असत्य कहने पर मजबूर होगा तो धर्म शास्त्र ने उन के लिये प्रायश्चित का विधान रखा है। इस का तात्पर्य यही है कि किसी भी स्थिति में असत्य बोलना पाप है, इसी कारण वेदभगवान् भी कहते हैं **"सत्यं वद" "सत्यात् न प्रमदतव्यम्"** अथार्त् हर समय सत्य का पालन करो, सत्य बोलने में किसी प्रकार की लापरवाई मत करो।

ऋगवेद में लिखा हैः

"ऋतं च सत्यं चाभीदात् तपसोध्यजायत"

अर्थः सत्य से पंचभूत तथा इस चराचर सृष्टि का प्रादुर्भव हुआ।

इतो वा इमानि भूतानि जायन्ते। जिस से यह चराचर सृष्टि प्रादुर्भूत होती है। जिस के आधार पर यह चराचर सृष्टि टिकी हुई है, जिस में यह सृष्टि लय हो जाती है उस को परमशिव अथवा सत्य कहते हैं। सत्य ही भवान् है लल्लेश्वरी इस वाख में कहती है कि मैंने सत्य को अपनाया और परम शिव को प्राप्त

किया। इसी वाख में लल्लेश्वरी ने कहा है **"कपटत्रोवुम्"** कपट का अर्थ है अन्दर से एक रूप बाहर से दूसरा रूप, कपट ग्रन्थी (गण्ड) को भी कहते हैं इस ग्रन्थी (गण्ड) के विषय में तुलसीदास महाराज का एक दृष्टान्त इस प्रकार है कि जिस जंगल में चन्दन का वृक्ष होगा वहां पर उसके आस पास सभी वृक्ष चन्दन मय ही बनते हैं परन्तु चन्दन के साथ बांस का जो भी वृक्ष होगा उस पर चन्दन का कोई प्रभाव नहीं होता है क्योंकि बांस के पेडों में (गण्ड) ग्रन्थी होती है इस कारण वह बांस ही रहते हैं चन्दन नहीं बनते हैं लल्लेश्वरी कहती है कि मनुष्य में कपट न होना भी परम शिव के साथ मिलने में सहायक बनता है।

दमु दमु ॐकार मन परुनोवुम
पानय परान पानय बोज़ान।
सूहम पदस अहं गोलुम
त्यलि लल बु वॉ चु स प्रकाशस्थान।। - 17

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

ओंकारपाठं मनसि प्रतिक्षणम्
प्रशिक्षयन्ती स्वयमेव शिक्षिता।
सोह पदं प्राप्य विमुक्तमाना
लल्लाहम् आकाशगतं प्रपन्ना।।

हिन्दी काव्यानुवाद

प्रतिक्षण मन को ओम्कार पाठ पढ़ाया
स्वयं पढ़ना और स्वयं श्रवण
सोऽहं (सोऽहमस्मि) पद से अहं मिटाया
तब मैं लल प्रकाशस्थान पर पहुँची।

अर्थ : मैं लल्लेश्वरी हर समय प्रत्येक श्वास में मन को ओंकार का पाठ पढ़ाती थी, मैं स्वयं उच्चारण करती थी तथा स्वयं सुनती थी। इसी **ॐ** की साधना से मैं (अहं) जीवात्मभाव समाप्त करके परमात्मभाव की पदवी पर पहुँची। लल्लेश्वरी कहती है जब मैं ने अहं (जीवात्मा) को समाप्त किया तभी परमात्मभाव परमप्रकाशस्थान प्राप्त किया। भगवद्गीता में उस अद्भुत धाम का उल्लेख इस प्रकार किया गया है।

न तत् भासयते सूर्यो न शशांको न पावकः
यत् गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम।।

(अध्याय 15 श्लोक 6)

इस परम प्रकाश स्थान को पा कर साधक के लिये जन्म मरन के दरवाज़े बन्द हो जाते हैं। हे अर्जुन ! वही मेरा परमस्थान है उस को न सूर्य, न चन्द्रमा न अग्नि प्रकाशित कर सकती है। लल्लेश्वरी भी इस वाख के अन्त में कहती है

'त्यलि लल ब वॉचस प्रकाशस्थान'

मैं उस प्रकाश के पास पहुंची जिस प्रकाश से सब प्रकाशित होता है।

जीवात्मा क्या है तथा परमात्मा क्या है ? इस विषय में एक साधारण दृष्टान्त को प्रस्तुत कर रहा हूँ। एक गांव में एक निर्मल पानी का चश्मा था तथा चश्मे के साथ ही एक वट वृक्ष भी था जो इस चश्मे के ऊपर एक छत्र के समान था। एक दिन कुछ लड़के इस चश्मे पर नहाने के लिये आये, अपने अपने कपडे उतारे तथा चश्मे के किनारे पर नहाने पहुँचे। पहुँचते ही उन्होंने चश्मे में चमकता हुआ एक हार देखा तो एक दम चश्मे में कूद पडे। इन के कूदने से चश्मे का पानी गन्दा हो गया और हार दिखाई नही दिया। इस कारण किनारे पर वापिस लौट आये। बहुत सोच समझ कर उन्होंने एक लड़के को आहिस्ता आहिस्ता पानी में उतारा परन्तु उस के पानी में उतरते ही पानी हिलने लगा तथा थोड़ा सा मैला हो गया जिस कारण हार पाने में रुकावट आ गई। पुनः किनारे पर हार को देखते रहे। इतने में दैव योग से एक महात्मा इस चश्मे पर नहाने के लिये आ गया। इन लडकों ने इस महात्मा से इस हार के विषय में सब कुछ बताया तथा इस हार को प्राप्त करने के लिये किसी उपाय के लिये पूछा तो महात्मा ने लड़कों से कहा कि वह हार जो आप पानी में देखते हो यह हार का प्रतिबिम्ब है असली हार वट वृक्ष में लटका हुआ है। वृक्ष पर लटकता हुआ हार परमात्मा है तथा उस हार का प्रतिबिम्ब जीवात्मा है लल्लेश्वरी कहती है जब मुझे

नकली हार (जीवात्मा) का भ्रम समाप्त हुआ फिर मैं ने असली हार (परमात्मा) के दर्शन किये तथा मेरा अहं भाव समाप्त हुआ। मैंने परमशिव को जान लिया जिस का प्रतिबिम्ब यह पूरा संसार है। लल्लेश्वरी ने इस वाख में आत्मबोध अर्थात् अपनी पहचान प्राप्ति के लिये कहा है **'दम दम ॐकार मन परनोवुम'** ॐकार ही जीवात्मा को परमात्मा के साथ मिलाने का साधन है। मुण्डकोपनिषद् इस तथ्य की पुष्टि करते हुए कहता है:

धनु गृही त्वौ पनिषदं महास्त्रं,
शरं ह्युपासानिशितं संधीयत ।
आयम्य तद्भावगतेन चेतसा
लक्ष्यं तदेवाक्षरं सोम्य विद्धि।।

(खण्ड 2 श्लोक-3)

अर्थ : जिस प्रकार तीर को निशने पर लगाने से पहले उस का ज़ंग दूर किया जाता है उसी प्रकार जीवात्मा भी रागद्वेषादि से दूर रह कर उपनिषद् में वर्णित ॐकार रूपी धनुर्दण्ड पर तीर चढ़ा कर संकल्प के साथ लक्ष्य पर तीर चलाया जाता है।

भावार्थ : जब साधक ॐ के धनुष पर जीवात्मा रूपी तीर को ईश्वर रूपी निशाने पर मारेगा तभी जीवात्मा तथा परमात्मा का मिलन होगा। फिर साधक अनुभव करेगा **'अहं शिवोऽस्मि'**

ॲसी ऑसी तु ॲसी आसव
ॲसी दोर कॅस्य पतु वथ।
शिवस सोरिनु ज़्यो़न त मरुन
रवस सोरि नु अतु-गथ।। - 18

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

पूर्वमास्म भविष्यामः पश्चादपि वयं सदा
अनादिकालात् च क्रमण चर्यते न समाप्यते।
शिवरूपस्य जीवस्य जननं मरणं तथा
तथा सूर्यस्य गमनं गगने न गमियति।।

हिन्दी काव्यानुवाद

हम ही थे और रहें गे हम ही
हम ही रहे आवागमन में अनादि काल से
शिव की सृष्टि लीला (जन्ममरण) का अन्त न होगा रवि
का अस्तोदय नित चलता रहेगा।

अर्थ : हम भूतकाल में भी थे तथा भविष्य में भी होंगे। हम अनादि काल से आवागमन के चक्कर में हैं, जब तक जीव में शिव जीवात्मा के रूप में है तब तक आवागमन का कार्य समाप्त नहीं होगा जैसे सूर्य का अस्तोदय समाप्त नहीं होता है। भगवद्गीता इस वाख का समर्थन करते हुए कहती है :

न त्वेवाहं जातु नासं न त्वं नेमे जनाधिपाः
न चैव न भविष्यामः सर्वे वयमतः परम्।

(अध्याय 2 श्लोक 12)

अर्थ : हे अर्जुन न तो ऐसा ही है कि मैं किसी काल में नहीं था, तू नहीं था अथवा ये राजा लोग नहीं थे और न ऐसा ही है कि इस से आगे हम सब नहीं रहेंगे।

व्याख्याः लल्लेश्वरी कहती है कि हम भूतकाल में भी थे और भविष्य में होंगे यह बात निश्चित है कि जिस का आद्य है उस का अन्त भी है जिस का आद्य और अन्त निश्चित है उस का मध्य भी सुनिश्चत होता है। वेदान्त का सिद्धान्त है **"आदौ अन्ते च यदस्ति वर्तमानेऽपि तत्तथा"** जिस का आद्य और अन्त होगा उस का मध्य भी होगा, इसी प्रकार समय के तीन भेद है भूतकाल, वर्तमान काल, भविष्य काल (Past, Present & Future) यह बात निश्चित है हम वर्तमान काल में हैं, वर्तमान काल तब तक नहीं होगा जब तक भूतकाल और भविष्य काल नहीं होगा। इसी कारण लल्लेश्वरी ने कहा है। **'ॲसी ऑसी तु ॲसी आसव'।**

ज़ल् थमुवुन् हुतवाह् तुऽनावुन्
ऊर्ध्वागमन परिवर्ज़िथ च़रिथ
काठ्धीनि द्वदश्रमावुन,
अन्तिह्सकोल कपटु च़रिथ।। - 19
(हुत + वह = अग्नि)

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

नीरस्तम्भो वह्निशैत्यं तथैव
पादैः तद्वत् व्योमयानं अशक्यम्।
दोहो धेनोः काष्ठमय्यास्तथैव
सर्वं चैतज्जृम्भितं कैतवस्य।।

हिन्दी काव्यानुवाद

जल प्रवाह को रोकना, अग्नि को ठण्डा करना
ऊर्ध्वगामी पैरों से चलना
(पैरों से आकाश में चलना)
काठ धेनु से दुग्ध दोहन (दूध दुहना)
यह सब तो आख़िर कपट चरित है।

अर्थ : जल प्रवाह को रोकना, अग्नि को एकदम ठंडा बनाना, पैरों से आकाश में चलने का प्रयास करना अथवा लकड़ी की गायसे दूध लेना इत्यादि चमत्कार धोखा तथा कपट है, साधक को ऐसे चमत्कारों में उलझना नहीं चाहिए।

व्याख्या : उपनिषद् भी इस कपट व्यवहार से दूर रहने का समर्थन करता है। लिखा है **"तत् त्वे पूषन् अपावृणु सत्यधर्माच इष्टये"** अथार्त् साधक भगवान् से प्रार्थना करता है कि आप के पास पहुँच कर जो भी अष्टसिद्धियाँ या चमत्कार हमें साक्षात्कार करने में रुकावट डालते हैं उन को दूर कीजिये। इस वाख में लल्लेश्वरी ने चमत्कारों तथा अष्टसिद्धियों का खंडन ही नही किया है अपितु स्पष्ट रूप में कहा है कि यह सब कुछ कपट

है इस वाक्य को ध्यान में रखते हुये यह दन्तकथा बिलकुल ही ग़लत है कि **"तमि दिच़ तोन्दरस मंज वोठ्"** यह भी कहते हैं तथा सुनने में भी आया है कि उस का पेट बहुत ही बड़ा था इस कारण उस को **'लल्ल'** कहते थे जो कि सरासर ग़लत है। **'लल्ल'** शब्द का वास्तविक अर्थ है 'प्रिय' 'प्यारा' अथवा सुन्दर जैसे रामलला, कृष्ण लला कहते हैं। लल्लेश्वरी के सारगर्भित वाखों से मालूम होता है वह शारदा माता जीवरूप धारण करके आई थी यदि लल्लेश्वरी को भगवद्गीता की कसोटी पर परखेंगे तो मालूम होता है कि वह **'स्थित प्रज्ञ'** थी। 'स्थित प्रज्ञ' उस दिव्य मनुष्य को कहते हैं जो बहुत ही ओजस्वी, तेजस्वी तथा दिव्य शरीर वाला होता है। हमें इस बात को अवश्य मानना चाहिये कि जो साधक भगवत् मार्ग पर निकले गा वह बहुत ओजस्वी तथा तेजस्वी होता है ऐसा साधक गाली गलोच करने वाला नहीं होगा, आचार विचार हीन नहीं होगा, मैला कुचैला नहीं होगा।

विद्यारण्य कहता है : यदि भगवत् मार्ग पर जाने से यही दुर्दशा हो जाती है तो साधक को ऐसे रास्ते पर नहीं जाना चाहिये। विधारण्य कहता है कि जो साधक भगवत् मार्ग पर निकला होगा वह **"देव वत् पूज्यः"** वह देवता के समान पूजा जाता है वह पूजनीय–ओजसी तथा तेजस्वी बनता है जिस के दर्शनमात्र से ही महान् आत्मा भी प्रभावित होता है। लल्लेश्वरी के रहस्यपूर्ण

तथा सारगर्भित वाखों का गहन अध्ययन करने से प्रतीत होता है कि लल्लीश्वरी देवी शक्ति स्वरूपा, समाधिस्थ, स्थितप्रज्ञ सरस्वती मनुष्य रूप में अवतरित हुई थी।

अछ़्यन आय तृ गछ़न गछ़े
पकुन गछे द्यन क्याव राथ।
योरय आयि तृ तूस्य गच्छ़न गछ़े
कंह न तृ कंह न तृ कंह न तृ क्याह।। - 20

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

जरागता क्षीण्तरोऽद्य देहो
जातोऽवसायो गमनाय कार्यः।
समागताः स्मो यत एव तत्र
गन्तव्यमेवेह दृढं न किञ्चित्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

निन्तर आते रहे और निश्चित समय पर लौट जाते हैं
सिलसिला चलता रहा दिनरात
आये जिस स्रोत से लौट के जाना चाहिये वहीं
कुछ न कुछ तो है, नहीं तो कुछ ! नहीं तो क्या?

अर्थ : न मालूम कितने समय से हम इस संसार में निरन्तर आते जाते रहे हैं, यह आवगमन का चक्र बहुत पहले से ही चल रहा है और आगे भी चलता रहेगा। इस आवागमन से छुटकारा पाने का एक ही उपाय है

कि आप जहाँ से आये हैं वहीं वापिस जाने का प्रयत्न कर। शेष यह संसार, संसारिक सुख, गृहस्थाकर्षण संसार–व्यवहार सब मिथ्या है।

व्याख्या : आवागमन का कारण है राग द्वेष की वासना से प्रेरित किया हुआ कर्म। राग किसको कहते हैं तथा द्वेष किस को कहते हैं?–पातंजल योग शास्त्र में लिखा है **"सुखानु शायी रागः, दुःखानुशायी द्वेषः"** अथार्त् सुख का साधन राग है तथा दुःख का कारण द्वेष (ईर्ष्या) है और एक जगह पर लिखा है **"क्लेश मूलः कर्माशयो दृष्टादृष्ट जन्मवेदनीयः"** अथार्त् जो कर्म शुभ अथवा अशुभ वासना से किया जाता है उस कर्म का फल भोगने के लिये जन्म लेना पड़ता है। लल्लेश्वरी ने इस वाक्य के अन्त में आवागमन से छुटकारा पाने का एक नुस्खा बताया है **'योरय आयि त तूस्य गच्छुन गछे'**।

मनुष्य कहाँ से आया है। श्रीमद्भगवद्गीता में इस विषय पर प्रकाश डालते हुए लिखा गया है **"ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः"** (अध्याः 15 श्लोक 7) अर्थात् यह जीव मेरे ही अंश हैं। अशं का अर्थ है हिस्सा–टुकड़ा परन्तु जो भगवान् निरवयव है उस के टुकड़े कैसे हो सकते हैं? वेद भी इस का समर्थन करता है और कहता है **"पादोस्य विश्वाभूतानि"** यह सब सृष्टि मेरा चौथा हिस्सा है। हिस्सों के भी अलग अलग भेद होते है जैसे

आकाश हर जगह है घर में भी आकाश है घर के अलग अलग कमरों में अलग अलग आकाश है आकाश के हिस्से न होते हुये भी आकाश को हम अलग अलग हिस्सों में बाँटते हैं परन्तु जब इस मकान की दीवारें टूट जायेंगी तो यह सभी आकाश बड़े आकाश के साथविलीन होंगे अर्थात् जीवात्मा परमात्मा के साथ मिल जायेगा फिर साधक अनुभव करे गा **'शिवोऽहं'** मैं शिव हूँ। साधक अनुभव करेगा मैं **खुदा हूँ जुदा नहीं हूँ।** जुदा में नीचे बिन्दी होती है, तथा खुदा में ऊपर बिन्दी होती है जब (جدا، خدا) जुदा की बिन्दी को ऊपर की ओर दकेलेंगे तो वह खुदा बनेगा। लल्लेश्वरी भी यही कहती है **"योरय आयि तु तूर्य गछुन गछ़े"** श्रुति भी इस का समर्थन करती है **"नान्यः पन्थः विद्यते यनाय"** परम शिव के साथ साक्षात्कार करने के बिना कोई दूसरा रास्ता नही हैं।

आमि पनु स्वदरस नावि छ्यस लमान
कति बोज़ि दय म्योन मेति दियि तार।
आम्यन टाक्यन पोन्य ज़न शमान
जुव छुम भ्रमान गरु गछ़ हा।। - 21

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

निसार सूत्रेण विकर्षयन्ती
नावां स्वकीयां भवसागरादहम्।

परं न जाने हि निभालयेत् कदा
पांर परं प्रापयति हृदीश्वरः।।
नो चेत् वृथा मे श्रम एव नीरं
यथा विपक्वे हि शरावपात्रे।
तथापि गन्तुं प्रिय सद्म सत्वरा
सुविह्वला तत्र कदानु प्राप्नुयात्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

नाव खेती हूँ मैं कच्चे धागे से सागर में
काश सुन लेते ईश पार उतार देते
कच्चे भाँडे जल चूस कर हो जाते नर्म
विकल है मेरा आत्म तत्त्व घर लौट जाने को।

अर्थ : कच्चे धागे से बॉन्दकर मैं अपनी जीवन रूपी किश्ती को समुन्दर से खींचकर किनारे की ओर ला रहा हूँ परमशिव ही जानते हैं कि मेरी प्रार्थना कब स्वीकृत होगी और मुझे पार उतार देगा जिस प्रकार कच्चे मिट्टी का बरतन धीरे धीरे पानी चूसकर नर्म पड़ जाता है। मैं घर लौट जाने के हेतु विकल हूँ।

व्याख्या : शास्त्र कहता है : **"भक्ति र्हि मुक्तेरुपायः"** भक्ति ही मुक्ति का एक सरल उपाय है अथवा जीवात्मा को परमात्मा के साथ मिलाने का एक साधन है। भगवद्गीता भी इसी का समर्थन करते हुये कहती है

"पुरुषः स परः पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्व नन्यया"

(अध्याय 8 श्लोक 22)

अर्थात् वह परमात्मा अथवा शिव अनन्य भक्ति, आत्मसमर्पण अथवा शरणागति के साथ प्राप्त किया जाता है। लल्लेश्वरी ने इस वाख में कहा है कि जिस प्रकार समुद्र में ठहरी हुई किश्ती को कच्चे धागे से किनारे तक लाया नहीं जा सकता है उसी प्रकार मैं '**लल्ल**' शिव का साक्षात्कार करने के लिये अलग प्रकार की साधनाये, जप, तप, योगादि करती हूँ परन्तु यह सभी साधनाये कच्चे धागों के सम्मान हैं। जीवात्मा को परमात्मा शिव के साथ मिलाने के लिये अनन्य भक्ति तथा शरणागति की आवश्यकता है। जो अनन्य भक्ति तथा शरणागति कच्चे धागों को मज़बूत एक रस्सी बनाने में सहायक बनती हैं तथा उस मज़बूत रस्सी से जीवात्मा रूपी किश्ती उस पार उतार कर परमशिव में लय हो जाती है। पाठक यह न माने कि कच्चे धागे निष्फल हैं, नहीं क्योंकि कच्चे धागों से ही एक मज़बूत रस्सी बनती है उसी प्रकार पाठ–पूजादि साधानों से मज़बूत रस्सी रूपी भक्ति तथा शरणागति उत्पन्न होती है। लल्लेश्वरी ने इस वाख की दूसरी पंक्ति में शरणागति को दर्शाया है **"कति बोज़ि दय म्योन मेति दियि तार"** इसी को शरणागति कहते हैं कि सब कुछ उस परमशिव के प्रति समर्पित करना हैं, इस पड़ाव पर पहुँच कर जीवात्मा तथा परमात्मा एक हो जाते हैं तथा साधक अनुभव करता है **"शिवोऽहं"** मैं स्वयं ही शिव हूँ।

इस वाख के अन्तिम चरण में लल्लेश्वरी कहती है **"जुव छुम भ्रमान गरु गछ्‌ हा"** अर्थात मैं उस परम शिव के पास जाने के लिये तड़प रही हूँ।

देवता लोग मनुष्य शरीर को प्राप्त करने के लिये तड़पते हैं क्योंकि इस शरीर में रहकर परम शिव की प्राप्ति नहीं कर सके। वेदों ने मनुष्य शरीर को ब्रह्ममन्दिर का नाम दिया है **"शरीरं ब्रह्ममन्दिरम्"** देवी स्वरूपा लल्लेश्वरी मनुष्य को चेतावनी देती है यद्यपि वेदों ने इस शरीर को बहुत महत्व दिया है परन्तु इस में एक बड़ी कसर (कमी) है कि यह दृढ़ नहीं है। शरीर शब्द की उत्पति **"शृविशरणे"** धातु पर बनी है **शीर्यते इति शरीरः** अर्थात् जो हर समय अस्थिर है उस को शरीर कहते हैं। इसी कारण लल्लेश्वरी ने कहा है कि यह शरीर उस कच्चे बरतन के समान है जो निरन्तर पानी चूसता रहता है तथा इसकी मिट्टी नर्म पड़ जाती है। थोड़ा ही हिलाने से यह कई टुकड़ों में विभक्त हो सकता है इस कारण अस्थिर शरीर होने से लल्लेश्वरी कहती है **'जुव छुम भ्रमान गरु गछुहा।** अर्थात् जो मेरा असली घर है परम शिवधाम वहाँ पहुँचने की तड़प है नहीं मालूम कि कितने जन्मों से घर से बेघर हुई हूँ। ऐसा नहीं कि मुझे इस जन्म में भी धोखा लगे, इसी कारण मैं उस शिव के पास पहुँचने के लिये तडपती हूँ।

ल्यक तु, थ्वक प्यठ शेरि ह्यचम
न्यन्दा सपनिम पथ ब्रोंठ तान्य।
लल छयस कल जाँह नो छ़,निम
अद यलि सपनिस व्यपिहे क्याह।। - 22

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आर्चा राम शास्त्री

तिरस्क्रया थूत्कृतिर्-अप्रसह्या
मया शिरोधार्य कृता समन्तात्।
न निन्दया लल जनस्य बाधा
पूर्णे हि कुम्भे न विशेत् किञ्चित्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मैं ने सहन किये अपशब्द, गाली गलोच
चारों ओर निंदा हुई मेरी
लल हूँ, मेरा विश्वास (ध्यान, ख्याल) कभी न टूटा
फिर जब बोध हुआ, तो क्या समा जाता भीतर

अर्थ : मैं ने बहुत तिरस्कार तथा अपशब्द सहन किये, कई महानुभाव मेरे सामने मेरी निन्दा करते रहे – कुछ मेरी अनुपस्थिति में अशोभनीय बातें करते रहे परन्तु ऐसे व्यवहार से मुझ लल्लेश्वरी की एकाग्रता पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि मेरा हृदय ईश्वर भक्ति से लबालब बरा हुआ है उस में किसी प्रकार की कोई गुंजाइश नहीं है।

व्याख्या : लल्लेश्वरी इस वाख में कहती है : मैं ने लोगों का तिरस्कार, अपशब्द निन्दा इत्यादि बाह्य रूप से ही स्वीकार किया, मैं ने इन को हृदय में धारण नहीं

किया क्योंकि वहाँ परम शिव पहले से ही डेरा डाले बैठे हैं वहाँ किसी अन्य तत्त्व के प्रवेश की गुंजाइश नहीं है। लल्लेश्वरी वाख के अन्त में कहती है **"व्यपिहे क्याह"।** इस वाख के समर्थन में एक लघु कथा का उल्लेख करना उचित होगा एक बार क्रोध के आवेश में किसी ने महात्मा बुद्ध को अपशब्द कहे तो महात्मा बुद्ध उसे कहते हैं – बेटा जो अपशब्द रूपी उपहार आप ने मुझे भेंट किया मुझे वह स्वीकार नहीं है क्योंकि मेरा हृदय शंकर के प्रकाश के समान शुभ शब्दों से भरा पडा है उस में तिल धरने की गुंजाइश नहीं है इस कारण कृपया अपनी भेंट को वापस लीजिये। आप को व्यर्थ इस के लिये कष्ट करना पड़ा।

श्वेताश्वतरोपनिषद् की छाप लल्लेश्वरी के इस वाख में देखने को मिलती है–

आत्मा गुहायां निहितोस्य जन्तो
तमक्रतुः पश्यति वीतशोकः।।

(अध्या 3 श्लोक 20)

हे मनुष्य ! मैं ने आप को हृदय रूपी पूजाघर दिया है जिस में पहले से ही परम शिव डेरा डाले बैठे हैं। ऐसा न हो कि आप इस पूजा घर को गोदाम बना कर अपशब्द, तिरस्कार, निन्दा, राग द्वेष, ईर्ष्यादि अवगुणों को ठहरने का स्थान दें यदि आप इस पूजा घर में इन दूषित तत्त्वों को स्थान नहीं दोगे तभी आप हृदय रूपी

पूजा घर में परम शिव का साक्षात्कार कर सकते हैं।

नफ़्सुय म्योन छुय होस्तुय
अॅमि हॅस्तिय मोगंनम गरि गरि बल
लछि मंज़ सासु मंज़ अखा लोस्तुय
नतु ह्यत्यनम सॉरी तल।। - 23

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

लुब्धुं उदरं मे गज़राज़ तुल्यम्
प्ररोक्षते तत् प्रतिवासरं माम्।
मृदनानि सर्वांस्तु सहस्त्र मध्ये
कश्चित् नरस्तस्य भयात् विमुच्यते।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मेरा नफ़स (कामवासना, शहवत) है (मद-मस्त) हाथी
बार-बार माँग रहा है मुझ से शक्ति (खाद्य)
लाखों हज़ारों में कोई बच निकला
नहीं तो अपनी लपेट (पकड़) में लिया है सबको।

अर्थ : मेरा स्वार्थ (वासना) एक हाथी है। यह मुझ से हर समय चढ़ावा मांगता है, भिन्न भिन्न प्रकार के खाने के पदार्थों के लिये मुझे मजबूर करता है। इस नफ़स–हाथी के प्रभाव से लाखों में कोई एक बच निकलता है नहीं तो यह हाथी सब को रौंद डालता है।

व्याख्या : महाभारत पढ़ने से मालूम होता है कि लालसा रूपी हाथी ने बड़े बड़े महात्मओं को भी

भक्ष्याभक्ष्य खिला दिया है किसी नीतिकार ने कहा है

"त्यजेत् क्षुधार्ता महिलापि पुत्र
भुंक्षते क्षुधार्ता भुजगी स्वमण्डं,
क्षीणा नरा हीन गुणा भवन्ति
बुबुक्षिता किं न करोति पापम्"

अर्थः भूखी महिला भी अपने प्रिय पुत्र को छोड़ती है, भूख से पीडित सर्पिणी भी समय पर अपने ही अण्डे खाती है इसी प्रकार भूखे गुणवान मनुष्य के गुण भी नष्ट हो जाते हैं क्योंकि लिखा भी है **"बुबुक्षितः किं नकरोति पापम्"।**

व्याख्याः लल्लेश्वरी ने इस वाख में निराहार व्रतों पर ज़ोर नही दिया है अपितु कहा है **"सोमुय ख्यह मालि सोमुय आसख"** चाणक्य ने भी ऐसा ही कहा है **"मित् भुक् हित भुक्" अर्थ :** कम खाओं, वही खाया करो जो आप के अनुकूल हो ऐसा मत खाओ जो आप की साधनाओं में रूकावट लाये। चाणक्य के विषय में एक छोटी सी कथा इस से सम्बन्धित है। चाणक्य महान् विद्वान, नीतिशास्त्री तथा आयुर्वेद के पण्डित थे उस के मन में विचार आया कि मैं एक ऐसी औषधि तैयार कँरू जो सब बीमारियों के काम आये अर्थात् (सभी बीमारियां की एक दवा) रात दिन इस औषधि पर विचार करता रहा तथा मन की एकाग्रता के साथ वह इस काम में लग गया। यह प्रकृति का नियम है कि जो काम मन की एकाग्रता से परोपकार के लिये किया

जाता है उस काम को परमशिव अपने हाथ में लेकर तथा मनुष्य को निमित्त मात्र बनाकर स्वयं कार्य सिद्ध करते हैं। चाणक्य सोचते सोचते तथा घूमते हुये एक जंगल में पहुँचा। जंगल में एक वृक्ष के नीचे उस की आंख लग गई तथा वह सो गया। इस वृक्ष पर पक्षियों का एक जोड़ा आया (कहते हैं कि यह भगवान् शंकर तथा पार्वती स्वयं आई थी चाणक्य की समस्या को हल करने के लिये) एक पक्षी बोलने लगा **"कोरुक्, कोरुक्, कोरुक्"** यह संस्कृत शब्द है इस का अर्थ है बीमारी के बगैर कौन होगा। यह आवाज़ सुन कंर चाणक्य की नीद खुल गई और सोचने लगा कि इस पक्षी को भी मेरी चिन्ता है फिर दूसरा पक्षी कहता है **"मित भुक, हित भुक, मित भुक, हित भुक"** कम खाओ, और वही खाओ जिसे शरीर को किसी प्रकार का कष्ट न हो। लल्लेश्वरी ने भी ऐसा ही कहा है **सोमुयख्यँ मालि सोमुय आसख, सम्य ख्यन् मुचरनय बरन्यन तॉरी।** इस का समर्थन शंकराचार्य ने भी इस प्रकार किया है **"उदर निमते बहुकृतवेशाः"** बड़े बड़े साधकों, महात्माओं को भी पेट के लिये नाना स्वांग रचने पडते हैं।

लूभ मारुन सहज व्यचारुन
द्रोग ज़ानुन कल्पन त्राव।

निशि छुय त दूर मो गारुन
शुन्यस शून्या मीलिथ गव।। - 24

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

लोभं त्यक्त्वा वैमनस्यं च तद्वत्
कार्यो नित्यं स्वस्वभावावमर्शः।
शून्याच्छून्यं नैव भिन्नं यथैवं
तस्मात्त्वं तद्भेदबुद्धिर्वृथैव।।

हिन्दी काव्यानुवाद

लोभ का गला घोटँ, सहज विचार
बहुमूल्य (गरानी) समझ, कल्पन त्याग,
वह पास है तेरे, व्यर्थ है दूर ढूँढना
शुन्य में शून्य हुआ विलीन।
शुन्य = निराकार, ब्रह्म, आकाश
शून्य = तुच्छ, हीन (जीव के सन्दर्भ में)
कल्पन – कल्पना करना, किसी वस्तु में दूसरे का आरोप करना

अर्थ : लल्लेश्वरी कहती है कि जिस परमशिव को आप पहाडों, गहरे बनों तथा रेगिस्तानों में ढूँढते हैं उस का वहाँ पर मिलना असम्भव है। उस को प्राप्त करने के तीन साधन हैं।

लूभ मारुन, सहज व्यचारुन, कल्पन त्रावुन।

व्याख्या : लोभ के विषय में भगवद्गीता कहती है

"त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः,
कामः, क्रोधस्तथा लोभः तस्मात् एतत् त्रयं त्यजेत्"

(अध्याय 16 शलोक 21)

अर्थात् लोभ आत्मा को पथभ्रष्ट करने का मुख्य साधन है इसी लिये लल्लेश्वरी ने इस वाख के आरम्भ में ही कहा है **"लूभ मारुन"**। परमशिव के साथ मिलने का दूसरा साधन है **"सहज विचारुन"** अर्थात् अहं त्याग़ कर इस का चिन्तन करना कि मैं कौन हूँ क्या हूँ और क्यों हूँ तीसरा साधन है **"कल्पन त्राव"** अर्थात् मन को एकाग्र करना मन को संकल्प विकल्प से मुक्त रखना, वेद भी इसी बात का समर्थन करते हुये कहता है **"तमक्रतुं पश्यति वीत शोकः"** अर्थात् परम शिव का साक्षात्कार वही कर सकता है जिस ने मन को संकल्प–विकल्प से मुक्त किया होगा। लल्लेश्वरी के इन तीन साधनों पर विचार करने से प्रतीत होता कि पथ अत्यन्त दुर्गम तथा असाध्य है इन पर चलना बहुत ही कठिन है। कठोपनिषद् भी इस बात का समर्थन करते हुये कहता है

"क्षुरस्य धारा निशता दूरत्यया
दूर्गं पथस्तत् कवयो वदन्ति"

(वल्ली 3 श्लोक 14)

अर्थात् उस परम शिव को प्राप्त करने का जो मार्ग है वह उस्तरे की तेज़ धार के समान बहुत कठिन है जिन साधकों ने परम शिव का साक्षात्कार किया है वे भी यही कहते हैं। लल्लेश्वरी भी यही कहती है **"द्रुग ज़ानुन"** अर्थात् यह साधना रूपी सोदा बहुत ही महंगा

है कोई उदारचित साधक ही इस साधना रूपी सौदा का ख़रीदार बन सकता है। इसी वाख के अन्त में लल्लेश्वरी कहती है **"शुन्यस शून्या मीलिथ गव"** जब साधक परमशिव के साथ मिलने के नज़दीक पहुँचता है तो वह अनुभव करता है कि मैं उस परमशिव के साथ मिल गया। इस के विषय में उपनिषद्कार भी कहता है यह मन्त्र मुण्डकोपनिषद् के प्रथम खण्ड का पहला मन्त्र है, यह मन्त्र ऋग्वेद में भी है तथा अथर्ववेद में भी है

"द्वा सुपर्णा सयुजा सखायः
समानं वृक्षं परिषस्वजाते
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्य
नश्नन्नन्यो अभिचाकशीति"

व्याख्या : एक वृक्ष फलों और फूलों से भरा हुआ था। इस वृक्ष पर दो पक्षी थे एक पक्षी वृक्ष की सब से ऊँची डाली पर तथा एक पक्षी वृक्ष की सब से निचली डाली पर था। ये दोनों पक्षी अपनी मस्ती में थे। अचानक निचली डाली पर बैठे हुये पक्षी को डालियों के बीच में से ऊपर वाले पक्षी पर नज़र पड़ी, नज़र पड़ते ही वह तड़पने लगा तथा मन में ही सोचता रहा कि मुझे क्या हुआ है कि मैं इस वृक्ष की निचली डाली पर दुबक कर बैठा हूँ। उस ने भी ऊपर वाले पक्षी के पास जाने के लिये ललकना आरम्भ किया परन्तु उस पक्षी के पास पहुँचने के लिये उस को बहुत समय लगेगा जिस के

विषय में भगवद्गीता कहती है

"बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते"

अर्थात् बहुत जन्मों के पश्चात् प्रयत्न करने पर ऊपर वाले पक्षी के पास पहुँचेगा। अन्त में बहुत प्रयत्न करने के पश्चात् वह पक्षी ऊपर डाली पर बैठे हुये पक्षी के पास पहुँचा। वहाँ पहुँचते ही क्या चमत्कार देखता है कि यह दो पक्षी नहीं थे। निचला पक्षी ऊपर वाले पक्षी का प्रतिबिम्ब था। ये दोनों फिर से आपस में मिल गये **"शुन्यस शून्या मीलिथ ग्वव"** अर्थात् जीवात्मा परमात्मा के साथ मिल गये।

"चैतन्यं यदधिष्ठानं लिंगदेश्च यः पुमान्
चिच्छाया लिंगदेहस्था तत्संघो जीव उच्यते"

व्याख्या : ऊपर वाला पक्षी ब्रह्म है तथा निचला पक्षी जीव है, जीव को अपनी कोई सत्ता नहीं है उस पर ईश्वर की परछाई पड़ती है वह हरकत में आता है, उस में चेतना आती है, जब जीव शिव के पास पहुँचता है तो वह अनुभव करता है मैं स्वयं शिव हूँ **"शून्यस शून्या मीलिथ ग्वव"**

आँचार हाँज़न्य हुन्द गोम कनन
नदुर छुव त ह्यायिव मा
ति बूज़ त्रुक्यव तिम रूद्य वनन
चे़नुन छुव तु ची़निव मा।। - 25

इसका संस्कृत पद्यानुवाद नहीं मिल सका

हिन्दी काव्यानुवाद

आँचार झील की माँझिन का नाद कानों में गूँजा
नदुरू है (शक्तिहीन हो), लोगे मोल !
बुद्धिमानों ने सुना वही, जंगलों की राह ली
चेतना है यदि चेत तो नहीं लोगे !
यमक अलंकार
नदुरू - एक सब्ज़ी (कमल नाल)
नदुरू - असमर्थ, शक्तिहीन

अर्थ : लल्लेश्वरी कहती है कि आँचार नाम वाले झील पर रहने वाली 'हाँज़न्य' (मल्लाह (माँझी) की पत्नी) गली गली में घूम–घूम कर चिलाती है 'नदुर छुव त ह्ययिव मा' इस वाक्य के दो अर्थ हैं। **"नदुर"** शब्द का एक अर्थ है 'नश्वर/कमज़ोर' दूसरा अर्थ है एक सब्ज़ी। इसी प्रकार 'ह्ययिव मा' का एक अर्थ है मोल मत लो दूसरा अर्थ है नदुर सब्ज़ी क्या खरीद लेलोगे! जिन तीव्र बुद्धि वालों ने यह अर्थ समझा कि यह संसार अस्थिर है वे एक दम गने जंगलों में तपस्या करने के लिये निकले। जिन्होंने ने 'नदुर' शब्द का आध्यात्मिक अर्थ नहीं समझा उन्हें लल्लेश्वरी उपदेश समझने के लिये अथवा ग्रहण करने के लिये प्रेरित करती है **"चे़नुन छुव त ची़निव मा"** मगर पार तभी हो पाओगे जब मेरा यह उपदेश समझोगे।

व्याख्या : 'जगत् मिथ्या' अर्थात् संसार अस्थिर है यह वेदान्त का एक मुख्य सिद्धान्त है। लल्लेश्वरी भी

'न दुर' दृष्टान्त से यही कहती है 'संसार स्थिर नही है'। ' मिथ्या' और 'न दुर' शब्द पर्याय शब्द हैं। 'मिथ्या' का अर्थ झूठ नहीं है क्योंकि हम संसार देख रहे हैं इस का वास्तविक अर्थ है जो अपनी स्थिति बदलता रहता है जिस स्थिति में आज होगा कल उस स्थिति में नहीं होगा। वेदान्त की दृष्टि से मिथ्या का अर्थ यही है जो अस्थिर है जिस प्रकार एक सुनार सोने को अलग अलग प्रकार के आकार देकर नाना प्रकार के आभूषण बनाता है और समय व्यतीत होने के साथ साथ इन्हीं ज़ेवरों को दूसरी शक्ल में परिवर्तित करता है फिर भी परिवर्तित करके सोना सोना ही रहता है **'स्वर्ण इत्येव सत्यम्'** इसी प्रकार लल्लेश्वरी कहती है कि संसार स्थिर नहीं है परन्तु इस संसार का जो मूल आधार है वह शाश्वत और सनातन है। जैसे ज़ेवरातों का आधार सोना है इसी प्रकार इस संसार के आधार परम शिव हैं। यहाँ पर आंचार हाँज़न्य (मल्लाहिन) का अर्थ 'माया' भी है, माया किस को कहते है **"अघटन घटीयसी"** भ्रम के उत्पन्न करने वाली, छलकपटी। जिस मांझी ने "नदुर" शब्द से लोगों को भ्रम में डाल दिया। 'नदुर' खाने की सब्जी है न कि 'न द्‌वर' जो संसार दृढ़ नहीं है इसी प्रकार इस मांझी ने "ह्ययिवमा" शब्द से भी लोगों को भ्रम में डाला। 'ह्‌ययिवमा' का एक अर्थ है मोल तो नही लोगे नदरू (सब्जी), दूसरा अर्थ है ऐसा न हो कि अस्थिर संसार को मोल लोगे।

जिन लोगों ने मांझी के 'नॅ द्वर' शब्द का अर्थ संसार किया वह जंगलों की ओर चल पडे और सन्यास धारण किया, जिन्हों ने नदरू शब्द को सब्जी का अर्थ लिया उन को भी लल्लेश्वरी ने तसली दी कि आप भी मेरे उपदेश से पार हो जाअेगे। वह उपदेश क्या है ? वह उपदेश है 'नदुर' सब्जी को भोगना अथवा खाना पाप नहीं है परन्तु ऐसा न हो कि संसार के विषय आप को भोगेंगें और आप संसार के विषयों के गुलाम बनोगे। इसी प्रकार नदरू सब्जी खानी पाप नही है परन्तु ऐसा न हो कि आप नदरू के गुलाम बनोगे और इस प्रकार खाते जाओ गे और शरीर से अस्वस्थ हो जाओगे। जो विषयों का ग़ुलाम बनता है उस का जीवन निष्फल होता है, ऐसा मनुष्य नर होते हुये भी नरक का कीडा बनता है। जो विषयों को ग़ुलाम बनाता है वह नर होते हुये भी नारायण बनता है पुरुष होते हुये भी पुरुषोतम बनता है, मानव होते हुये भी महान् बनता है। जब भगवान् भी मांझी (माया) के वश में जायेगा, इस के फंदे में फसेगा तो वह जीवात्मा बनता है। जब मांझी (माया) के फन्दे में भगवान् नही फसेगा अपितु माया को अपने वश में रखेगा तभी ईश्वर कहलायेगा।

लल्लेश्वरी इस वाख के द्वारा यही कहना चाहती है कि विषयों के गुलाम मत बनो अपितु विषयों को अपना गुलाम बनाओ।

ब्रोंठ कॉल्य आसन तिथिय केरन
टंग चूंठय पपन चेरन सुत्य।
माजि कोरि अथवास कॉरिथ नेरन
द्रह दयन बरन परदयन सुत्य।। - 26

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

आगामि कालस्य कुलक्षणं यत्
कालानपेक्षी फलपाकयोगः।
दास्यति स्वकन्यां परकामुकाय
जननी धनार्थं जुगुप्सितं स्यात्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

भविष्य में होगी स्थिति ऐसी (रंग ढंग होंगे ऐसे)
नाशपाती और सेब पक जायेंगे खोबानियों के साथ
माँ और बेटी हाथ में हाथ मिलाकर निकलें गी
बिता लें गी दिन, परायों के साथ।

लल्लेश्वरी ने 600 वर्ष पूर्व भविष्यवाणी की थी कि कश्मीरी जनता को एक भंयकर समय से गुज़रना होगा जिस का प्रत्यक्ष प्रमाण 1989 90 में मिला। इस भंयकर समय का अन्त कब होगा यह ज्ञात नहीं। भगवान् व्यास ने भी 5000 वर्ष पूर्व भविष्यवाणी करके रखी है जिस में कश्मीर से सम्बन्धित भी संकेत दिया गया है। वेद व्यास ने भागवत के 12वें स्कन्द में कहा है – धर्म रूपी वृषभ की चार टांगे थी **सत्य, दया, तप** और **दान**, कलयुग के जवान होने तक इस वृषभ की यह चारों टांगे कट जायेंगी तो नई चार टांगे लगेंगी

असत्य, हिंसा, असन्तोष तथा **कलह** (लडाई—झगडा)। व्यास भगवान् की यह भविष्यवाणी वर्तमान भारत की स्थिति के साथ सार्थक सिद्ध है यद्यपि उन की भविष्यवाणी में अभी किसी प्रकार की कमी है तो वर्तमान भारत के कर्णधारों तथा देशभक्तों की गुहार लगाने वालों के करतूतों पर विचार करने से मालूम होता है कि निकट भविष्य में उन की भविष्यवाणी शतप्रतिशत सही प्रमाणित होगी। यह बात स्पष्ट रूप में कही गई है। कि

यदा मायानृतं तन्द्रा निद्रा हिंसा विषादनम्।
शोको मोहो भयं दैन्यं स कलिस्तामसः स्मृतः।।

(स्कन्ध-12, अध्याय-3, श्लोक-30)

अर्थ : जब भारत में झूठ, कपट तथा क़त्ल का बोलबाला होगा तो जानना चाहिये कि कलियुग जवानी में हैं।

दस्युत्कृष्टा जनपदा वेदा पाखण्ड-दूषिताः।
राजानश्च प्रजाभक्षा शिश्नोदरपराः प्रजाः।।

(स्कन्ध-12, अध्याय-3, श्लोक-32)

अर्थ : पाखण्डी लोग अपना अपना पाखण्ड चलाते रहेंगे, पूरे भारत में लुटेरों का शासन होगा। शासक वर्ग के लोग प्रजा का धन रूपी खून चूसते रहेंगे, लूटमार, घुटाले तथा धोखाबाज़ी कर के रात दिन

विषयभोग में मस्त रहेंगे। आगे व्यास जी कहते हैं कि–

सिन्धोः तटं चन्द्रभागां कौन्ती काश्मीरमण्डलं।
भोक्ष्यन्ति शूद्रा व्रात्याद्या म्लेच्छाश्चा ब्रह्मवर्चसः।।

(स्कन्ध-12, अध्याय-1, श्लोक-39)

अर्थ : सिन्धु तट तथा चन्द्रभागा के नज़दीकी हिसों तथा कश्मीर मण्डल पर म्लेछों का राज होगा। भगवान् व्यास कहते हैं कि कलियुग जब पराकाष्ठा पर होगा तो भारत की स्थिति दयनीय होगी। उस समय भारत के शासक वर्ग तथा उच्च स्थानों पर बैठे हुये सत्ताधारी परले दरजे के चोर, असत्यवादी, धोखेबाज़ तथा क्रोधी होंगे जैसे **एते धर्मानृतपराः, फल्गुदा, तीव्र मन्यतः** रिश्वत के बिना कोई भी कार्य सिद्ध नहीं होगा।

'अवृत्या न्याय दौर्बल्यम्' इस के अतिरिक्त भी बहुत कुछ लिखा है उस के लिये आप भागवत का 12वाँ स्कन्ध अवश्य पढ़ें।

लल्लेश्वरी ने भी भविष्यवाणी की है

ब्रोंठ कॉल्य आसन तिथिय केरन
टंग चूँठय पपन चरेन सुत्य।

अर्थ : इस वाक्य का तात्पर्य यह नहीं है कि प्रकृति के नियम बदलें गे अपितु इन फलों के रस–स्वाद आदि में फ़र्क अवश्य होगा इसी प्रकार मनुष्य के स्वभाव में बहुत अन्तर आयेगा। उन के आचार विचार बदलेंगें,

उन के खान पान, उठने, बैठने, धर्म–अधर्म सम्बन्धी सोच में बदलाव आयेगा। पूर्वी सभ्यता पर पश्चिमी सभ्यता का बोलबाला होगा, वेशभूषा बदलेगी, बोलचाल बदले गी इत्यादि। इसी वाख का दूसरा पद है।

माजि कोरि अथवास कॅरिथ नेरन

द्वह दङ्ग्न बरन परदङ्ग्न स त्य।

अर्थ : मातृ शक्ति बेहयाई की पराकाष्ठा पर पहुंचेगी जैसा कि हम आज कल देखते हैं। इसे बढ़कर बेशर्मी का कौन ऐसा पड़ाव होगा, आज कल मां तथा लडकी एक साथ बैठकर टी.वी. पर फिल्मों का नंगा नाच देखती हैं। लल्लेश्वरी कहती है

कॉली सथ काल गछ़न पातॉली
अकॉली ज़लु मलु वरशन प्यन।
मामस टॉकी तयु मुस की प्यॉली
ब्रह्मन तु च्रॉली यिक वुट ख्युन।। - 27

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

आगतु कालोहि समागमिष्यति
रसातलं यास्यति सप्तलोकी।
अकाल वृष्टि र्जगतीतले भवेत्
चण्डालवत् ब्राह्मण भोजनं भवेत्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

समय आ रहा है नष्ट होंगे सत्कुल
कुसमय में वृष्टि होगी कुसंस्कारों की
भरे आमिष पात्रा और मदिरा के चषक
ब्राह्मण और चर्मकार (चमार) मिल बैठ के खायेंगे।

अर्थः ऐसा कुकाल आयेगा पृथ्वीतल पर सातों लोक रसातल में चले जायेंगे, अकाल वृष्टि होगी, ब्राह्मण व चण्डाल एक सांथ मांस मदिर का सेवन करेंगे।

व्याख्या : वह सारस्वत ब्राह्मण, जिन पर सरस्वती का अनुग्रह है, को अभी भी पूरा संसार बुद्धिजीवी मानता है। इन के 199 गोत्र हैं इसी कारण लल्लेश्वरी ने कहा है **'सथ कोल'** अर्थात् उत्तम कुल। पूर्व काल में अमरीका को पाताल देश कहते थे। इस वाक्य में **'सथ कोल गच्छ़न पातॉली'** अर्थात् उत्तम कुल वाले कश्मीरी सारस्वत ब्राह्मण देश देशान्तर में बिखर कर अमरीका तक पहुँचे गे। लल्लेश्वरी की यह भविष्यवाणी 1989 में कश्मीरी सारस्वत ब्राह्मणों पर पूरी उतरी और कश्मीरी हिन्दुओं को कश्मीर छोड़ कर देश देशान्तरों में बिखरना पड़ा। इसी वाक्य की दूसरी पंक्ति है **'अकॉली ज़ल मल वरशन प्यन'** अर्थात् आप के करतूतों से दैवी प्रकोप की सम्भावना है दैवी प्रकोप का अर्थ है अतिवृष्टि, अनावृष्टि, अकाल, भुखमरी तथा वर्षा का समय पर न होना। इसी कारण हम वेद मन्त्रों द्वारा भगवान् से प्रार्थना करते है **"निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु"** हे

भगवान् समयानुसार वर्षा हो, समयानुसार वर्षा होने के लिये जंगलों, वृक्षों का सहयोग ज़रूरी है परन्तु जब जंगलों का सफाया होगा, वृक्ष बेदर्दी से काटे जाएगे तो **"त्यलि मालि अकॉली वरशन प्यन"** इसी कारण धर्म शास्त्रकारों ने कहा है

पशून हत्वा तरुन् छित्वा करोति रुधिर कर्दमं
स्वर्गो गम्यते तेन नरको केन गम्यते।

भावार्थ : जब पशु को मारने वाला अथवा वृक्ष काटने वाला स्वर्ग में जायेगा इस से बड कर कौन सा पाप करेंगे जिससे मनुष्य नरक में जायेगा। लल्लेश्वरी ने इस वाक्य में यह चेतावनी भी दी है समय आने वाला है कि कश्मीर में दैवी प्रकोपों, अतिवृष्टि, अनावृषि, अकाल तथा कष्टों से लोग दुःखी रहेंगे।

इसी वाक्य का दूसरा पद :

मामुस टॉकी तयु मसुकी प्यॉली
ब्राह्मण तु च्रॉली यिक् वट् ख्यनु।।

लल्लेश्वरी कहती है जिस कश्मीर प्रदेश में सोमानन्द, अभिनवगुप्त, उत्पलदेव, क्षेमराज जैसे विद्वानों ने जन्म लिया है उस कश्यप की भूमि में ऐसे भी कुछ महानुभाव होंगे जो अपने आप को अनुशासन में न रखते हुये धर्म की आड में मांस तथा मधुपान का सेवन करते हैं तथा अपने पक्ष को सुदृढ करने के लिये उन महात्माओं का नाम लेते हैं जो उस अवस्था पर पहुंचे थे जिन को

घास तथा मास में किसी प्रकार का अन्तर दिखाई नहीं देता था। जो जीवन मुक्त थे, जैसे शैवाचार्य स्वामी रामजी, भगवान् गोपीनाथ इत्यादि। आजकल कई महानुभाव इन्ही महात्माओं के नाम पर मांस तथा मधिरापान करते हैं तथा अपने आप को शैवमत के ठेकेदार समझते हैं परन्तु आप निश्चय रखें कि वह अपने आप को तथा समाज को भी धोखा दे रहे हैं। ऐसे अगोर पाप से हमें कभी भी छुटकारा नहीं मिलेगा, यद्यपि हम इस अगोर पाप से छटकारा पाने में असफल रहे तो हमें लल्लेश्वरी के शाप के लिये तैयार रहना चाहिये, वह शाप क्या हैं ? "**गछिव पातॉली**".

हे कशमीरी पण्डितो ! आप का बचा खुचा नाम भी समाप्त होगा।

कशमीरी पण्डित यज्ञोपवीत संस्कार को एक महत्त्वपूर्ण स्थान देते आये हैं। कोई भी सम्प्रदाय इस संस्कार को इतनी धूमधाम से नही मनाते हैं। इस संस्कार में संस्कार गुरु बार बार व्रती ब्रह्मचारी से कहता है कि मांस मत खाओ, शराब मत पियो इस के अतिरिक्त और भी कई महत्त्वपूर्ण बातें कहता है '**मधु मांसे प्राश्य आलभ्य वा शरीरं पुर्नव्रतमालभेथाः**' मास, शराब पीकर अथवा मांस और शराब को केवल स्पर्श करते ही आप को नया यज्ञोपवीत धारण करना होगा। यदि संस्कार गुरु मांस खाने वाला होगा तो उस को गायत्री मन्त्र देने का कोई अधिकार नही है यदि आप कशमीरी

पण्डित इस मेखला संस्कार पर की हुई प्रतिज्ञा का पालन अच्छी प्रकार नही करोगे तो आप को यज्ञोपवीत संस्कारी कहने का कोई अधिकार नही है। हम मांस न खाने के प्रचार में तभी सफल रहेंगे जब संस्कार गुरू मांस न खाने की प्रतिज्ञा करेगा तभी शिष्य को गुरू का दिया हुआ उपदेश सफल रहेगा।

हचिवि हॉरिंजि, प्यॅचिव कान गोम
अबख छान प्योम यथ राज़धाने।
मंज़ बाग बाज़रस कुल्फ़ु रौस वान गोम
तीर्थु रौस पान गोम कुस मालि ज़ाने।। - 28

संस्कृत पद्यानुवाद आश्चार्य राम शास्त्री

अहो काष्ठधनुस्तत्र, शरः शष्प-विनिर्मितः
निर्मातुं राजप्रासादं कारुरऽज्ञः समागतः
यथा पण्यगृहं हट्टे यन्त्रकेन विनास्थितम्
शरीरं मामकं तत् वत्, जानीयात् को ममस्थितिम्

हिन्दी काव्यानुवाद

काष्ठ धनुष पर तृणमय तीर मिला
इस राजधानी के निर्माण हेतु मिला अकुशल काष्ठकार
बीच बाज़ार में दुकान रह गई बिना कुफ्ल के
माहात्म्य हीन रह गई काया, ज्ञात है किस को।

अर्थ : लल्लेश्वरी शंकर से निवेदन करती है हे शंकर! आप ने मुझे धनुष तो दे दिया मगर वह लकड़ी का है, तीर दिया मगर वह काष्ठ का है आप ने मुझे शरीर

रूपी राजधानी दे दी मगर उस को बनाने वाला कारीगर कच्चा था, आप ने मुझे माल से भरा हुआ दुकान दिया वह भी एक चौराहे पर ताले के बिना, मैं शिव साक्षात्कार के लिये आयी थी उस में भी असफल रही, मैं असफल क्यों रही भगवान् शिव ही जानते हैं।

व्याख्या : इस लल्लवाख का सम्बन्ध मुण्डकोपनिषद् के इस मन्त्र के साथ है :–

धनु गृही त्वौपनिषदं महास्त्रं
शरं ह्युपासा निशतं संधयीत।
आयम्य तत् भावगतेन चेतसा
लक्ष्यं तदेवाक्षरं सोम्य विद्धि।।

(खण्ड-2, श्लोक-3)

भावार्थः हे मनुष्य ! आप के जीवन का लक्ष्य है शिव प्राप्ति। तीर तब तक मारा नहीं जा सकता है जब तक उस के दोनों साधन दृढ न हूँ एक है धनुर्दण्ड (तीरकमान) दूसरा है 'तीर'। इस मन्त्र में तीरकमान को उपनिषदों का ज्ञान तथा तीर को भक्ति माना गया है। जिस प्रकार तीर मारने के लिये 'तीरकमान' तथा 'तीर' की आवश्यकता है उसी प्रकार 'शिव' को प्राप्त करने के लिये तीरकमान रूपी 'ज्ञान' तथा 'तीर' रूपी भक्ति की आवश्यकता है।

लल्लेश्वरी कहती है **"हचिवि हॉरिंजि प्यॅचि़व कान गोम"** हे शंकर ! आप ने मुझे ज्ञानरूपी 'हॉरिंज'

तीरकमान दिया था परन्तु वह किसी काम का नही है। वह लकडी का है। इस का तात्पर्य है कि आप ने मुझे ज्ञान दिया है वह भी अधूरा जो मुझे शिव का साक्षात्कार कराने में असमर्थ है उसी प्रकार आप ने मुझे इस प्रकार की भक्ति दी है जो मुझे शंकर के साथ मिलाने में असमर्थ है, जिस प्रकार तीरकमान के बिना तीर बेकार होता है उसी प्रकार मेरी उपासना, भक्ति भी निष्फल है।

अबरव छान प्योम यथ राज़धाने

हे शंकर ! आप ने मुझे उपासना करने के लिये शरीर रूपी राजधानी या शरीर दिया है। मनुष्य शरीर प्राप्त करना बहुत दुलर्भ है। मनुष्य–शरीर प्राप्त करने के लिये देवता भी तरसते है, मनुष्य शरीर की बनावट देखकर बड़े बड़े विद्वान् दंग रह जाते हैं। इस शरीर को बनाने में किन इंजीनियरों तथा किस विश्वकर्मी ने अपना दिमाग लगाया है। आप शरीर का एक अंग लीजिये तथा उस की बनावट पर ध्यान दें जैसे हम मनुष्य शरीर का 'मुख' लेते हैं। मुंह के ऊपरले भाग में आंखे, आखों के बीच में नाख, नांख के नीचे दांत, मुख में पहले होंठ हैं, ओष्ठों के अन्दर 32 दान्त हैं, इन 32 दान्तों के बीच जिह्वा है जब हम खाने का लुक़मा (कौर) उठाते हैं तो सब से पहले आंखें इस लुकमे को देखती हैं तथा इसे स्वीकार करके, नाख इस का

निरीक्षण करती है कि कहीं दुर्गन्ध इत्यादि तो नहीं है। उस के निरीक्षण करने के पश्चात् दोनों होठँ ऊपर नीचे रह कर इस लुकमे को अन्दर जाने की आज्ञा देते हैं। ज्यों ही यह लुक़मा दान्तों के पास पहुँचता है तो यह 32 द्वारपाल इस लुक़मे की तलाशी करते हैं वहाँ से निकल कर जिह्वा के पास पहुँचता है। जब जिह्वा इस का स्वाद चखती है तो फिर यह पेट के अन्दर जाता है फिर वहां पर ही इस के अलग–अलग मांस, रस, वसा इत्यादि बनती है। इसी प्रकार शरीर में भी हज़ारों चमत्कार होते हैं। इस शरीर को बनाने में भगवान् को बहुत परिश्रम करना पडा है परन्तु बनाने वाले की ग़लती से यह शरीर एक दम नष्ट भ्रष्ट हो जाता है इन्ही कारणों से लल्लेश्वरी ने कहा है **'अबुरव छान प्योम यथ राज़धाने'**।

वाक्य की तीसरी पंक्ति **"मंज बाग बाज़रस कुल्फ रोस वानगोम"** शरीर रूपी राजधानी में एक शानदार बाज़ार है जहां बड़े बड़े पांच साहुकार बैठे हैं जो रात दिन माल लेते हैं और बेचते हैं जिन के नाम हैं **आँख**, जो सौन्दर्य रूपी माल बेचती है और मूल्य लेती है इसी प्रकार **नाख** सुगन्धित द्रव्य बेचती है तथा मूल्य लेती है, तीसरा **कान** रूपी साहूकार वाद्य सामग्री इत्यादि आदान प्रदान करता है इसी प्रकार **चमडी** रूपी दुकानदार मुलायम रेशम के समान वस्तुओं का आदान प्रदान करती है। इस प्रकार के माल से भरे

हुये दुकान शरीर में होने पर भी इन साहूकारों को अपना दुकान बन्द करने के लिये ताले ही नहीं हैं इस का तात्पर्य है कि मनुष्य को इन दुकानदारों पर पूरा नियंत्रण ही नहीं है जिस के कारण इन दुकानों के द्वार रात दिन खुले रहते हैं इस सम्बन्ध में प्रहलाद भागवत् में कहते हैं :

"जिह्वैकतोच्युत विकर्षति मा वितृप्ता
शिश्नोन्यतः त्वगुदरं श्रवणं कुतश्चित्।
घ्राणोन्यत श्चपलदृक् क्वच कर्म शक्ति
बह्यः सपत्न इव गेह पतिं लुनन्ति।"

अर्थ : कभी भी तृप्त न होने वाली ज़िह्वा मुझे मीठे मीठे पदार्थों की ओर खींचती है, कान मुझे मधुर संगीत की ओर खींचते हैं, नाख मुझे सुगन्धित द्रव्यों की ओर खींचती है, जनेद्रिय मुझे भोग विलास की ओर खींच रही हैं, कर्मेन्द्रिय भी अपने अपने विषयों की ओर खींच रही हैं पहले पहल जिस राजा अथवा पुरुष के पास एक से ज्यादा स्त्रियाँ होती थी वह उस पुरुष अथवा राजा को जिस प्रकार अपने अपने कमरों की ओर खींचते उसी प्रकार यह पाँच साहूकार आँख, नाक, कान, जिह्वा तथा चमडी इस जीवात्मा को अपना माल लेने के लिये खींचते रहते हैं।

वाक्य की अन्तिम पंक्ति

तीर्थ रोस पानगोम कुसमालि ज़ाने

लल्लेश्वरी कहती है कि शिव रूप संसार सागर में डुबकी लगा कर शिव का साक्षात्कार करने के लिये मुझे यह शरीर मिला था परन्तु उस तीर्थ पर पहुँच कर मैं ने नहाया भी नहीं, मेरा जीवन निष्फल हो गया, प्रयत्न करने पर भी मुझे सफलता क्यों नही मिली, इस की वास्तविकता भगवान् शिव स्वयं ही जानते हैं।

शिव गुर तॉय केशव पलनस
ब्रह्मा पायहर्यन् व्लुस्यस्
यूगी यूगकलि परज़ान्यस
कुस दीव अश्वुवार प्यठ च्यड्यस।। - 29

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :

शिवोऽश्वः केशवस्तस्य पर्याणमात्मभूस्तथा।
पाद यन्त्रं तत्र योग्यः सादी क इति मे वद।।

हिन्दी काव्यानुवाद

शिव अश्व है तो विष्णु पलान
ब्रह्मा अश्व-रकाब है उल्लसित
योगी योग क्रिया से पहचानता है द्युति इस की
कि किस देवता को अश्वारोहण कराये गा।

अर्थ : मानिये शंकर घोड़ा है, विष्णु को घोड़े का पलान मानिये तथा ब्रह्मा ने घोड़े के रकाब को सुशोभित किया है, इस प्रकार के घोड़े पर कौन चढ़ सकता है इस प्रश्न का उत्तर कोई योगी ही योगसाधना के द्वारा


ब्रह्म
प्रकृति
शंकर
ब्रह्मा
विष्णु

दे सकता है। लल्लेश्वरी इस घुड़सवार के विषय में इस प्रकार कहती है :

अनाहत स्वस्वरूप शून्यालय
यस नाव न वर्ण न गुथुर न रूप।
अहम् निनाद बिन्द् त यवोन्
सूय अश्ववार प्यठ च्यड्यस। - 30

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :

अनाहतः रव-स्वरूपः शून्यस्थो विगतामयः।
अनामरूपवर्णोऽजो नादविन्द्वात्मकोऽस्ति सः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

अनाहत क्ष-स्वरूप शून्यालय
जिस का न नाम है, न वर्ण, न वंश, न रूप
अहं विमर्श नाद बिन्दु है जिन की पहचान
वही आत्मदेव (परमात्म तत्त्व) इस अश्व पर होंगे सवार।

क्ष–स्वरूप – तंत्र शास्त्र से सम्बन्धित पारिभाषिक शब्द। परम शिव की दिव्यानुभूति का प्रतीक

अर्थ : जिस ब्रह्म को योगी लोग कोई रूप अथवा रंग न होने पर भी अनाहत '**ॐ**' ध्वनि से पुकारते हैं। जिसका कोई नाम नहीं है, न वरण है न कोई गोत्र है न कोई रूप है और न कोई रंग है। वेदान्ती जिस को '**अहं**' शब्द से, शैव और शक्त जिस को **निनाद** तथा

नाद-बिन्द नाम से पुकारते हैं, वेद के अद्वैत सिद्धान्त अनुसार ब्रह्म के बिना कुछ नहीं है परन्तु ऐसा होने पर भी उस ब्रह्म का और एक नाम है जिस को

'स्थिति संहारकारिणी विश्वेश्वरी पराप्रकृति' कहते हैं लल्लेश्वरी ने उसी पराप्रकृति को आध्यात्मिक घोड़े की सवारी का अधिकारी माना है पराप्रकृति के विषय में ऋग्वेद में लिखा हैः

ॐ अहं रुद्रेभिर्वसुभि-चराम्यहं
अहं आदित्यै विश्वदेवैः अहं मित्रावरुणोभा
बिर्भम्यहं, इन्द्राग्नि अहमश्विनोभा।

अर्थ : मैं पराप्रकृति एकादश रुद्र में विचरण कर रही हूँ, मैं ही वसु नाम वाले देवताओं में विद्यमान हूँ, मैं विष्णु में हूँ, मैं द्वादश आदित्यों में विद्यमान हूँ, मैं आत्मा के रूप में सब देवताओं तथा प्राणियों में प्रकाशित हूँ, मित्र तथा वरुण को मैं ने धारण किया है, इन्द्र तथा अग्नि भी मेरे आधार पर हैं। मैं ने अश्विनी कुमार को भी धारण किया है। जगत् गुरुशंकराचार्य ने लल्लेश्वरी के घुड़सवार पराप्रकृति के सम्बन्ध में कहा है :—

निमेषोन्मेषाभ्यां प्रलयं उदयं याति जगती
तवेत्याहुः सन्तो धरणिधर राजन्य तनये।
तदुन्मेषात् जातं जगदिमशेषं प्रलयतः।
परित्रातुं शंके परिहृतनिमिषास्तव दृशाः।।

अर्थ : हे पराप्रकृति माता आप के पलक मारने से

प्रलय हो जाता है, आप के पलक मारने से ही सृष्टि प्रकट होती है, सृष्टि को बनाने तथा सृष्टि को नष्ट करना पराप्रकृति द्वारा पलक गिराने से ही होता है इसी कारण पराप्रकृति को स्थिति संहार कारिणी विश्वेश्वरी कहते हैं जिस पराप्रकृति को लल्लेश्वरी ने अपने काल्पनिक अध्यात्मिक घोड़े पर आदर के साथ सवार किया है उसके विषय में मार्कण्डेय जी कहते हैं:

यस्याः प्रभावमतुलं भगवानन्तो
ब्रह्म हरश्च न हि वक्तुमलं बलं च।
सा चण्डिका खिल जगत् परिपालनाय
नाशाय चाशुभभयस्य मतिं करोतु।।

अर्थ : जिस पराप्रकृति के अनुपम प्रभाव तथा बल का वर्णन करने में भगवान् शेषनाग, भगवान् विष्णु तथा भगवान् शंकर असमर्थ हैं वह चण्डी भगवती लल्लेश्वरी की पराप्रकृति माता सम्पूर्ण जगत् के पालन तथा अशुभ भय को नष्ट करने की ओर ध्यान दे (चण्डिका किस को कहते है ? चण्डयति प्रकाशयति अथवा नाश्यति चराचरं जगत्) जो शक्ति इस चराचर सृष्टि को प्रकाशित करती है, बनाती है तथा नाश करती है अथर्ववेद में भी लल्लेश्वरी की पराप्रकृति का वर्णन है।

यस्याः स्वरूपं ब्रह्मादयो न जानन्ति तस्मादुच्यते अज्ञेया।

अर्थ : जिस का स्वरूप ब्रह्मादि नहीं जानते हैं इसी लिये उस पराप्रकृति को अज्ञेया कहते हैं जिस का

अन्त नही मिलता इसी कारण अनन्ता कहते हैं। इसी प्रकार भिन्न रूपों में पराप्रकृति का वर्णन आता है।

लल्लेश्वरी भगवती ने इस वाख में 'शारदा' लिपि के ओमकार की महानता का वर्णन किया है। शारदा ओंकार के बायें ओर जो रेखा है उस में **ब्रह्मा** का वास है जो ऊपर से सीधी रेखा है उस में **शंकर** का वास है जो नीचे से गणेश कर के सम्मान गोलाकार रेखा है उस में **विष्णु** भगवान् का वास है। यह बात निश्चित है कि ओंकार में तीनों **ब्रह्मा, विष्णु** तथा **महेश** का वास है। ओंकार के ऊपर जो अर्धचन्द्राकार है, वह **प्रकृति** का द्योतक है, उस के ऊपर शून्याकार बिन्दु **ब्रह्म** या पराप्रकृति का द्योतक है। लल्लेश्वरी कहती है कि ओंकार को पराप्रकृति का वाहन मानिये जिस के लिये तीन कारण है **ब्रह्मा, विष्णु** एवं **महेश**।

लाचारि बिचारि प्रवाद कुरुम
नदुर छुवु तु ह्ययिव मा।
फीरिथि दुबार जान क्याह वोनुम
प्राण तु रुहन ह्ययिव मा।। - 31

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

असूचयं करुणास्वरेण जीवान्
क्रेयं वृथा नश्वर विश्वपुण्यम्।

चेत् क्रीणने प्रीणनमात्मनस्ते
क्रेयाणि भो मानवमानसानि।।

हिन्दी काव्यानुवाद

दीन हीन विवश होकर मैं ने किया प्रवाद (वार्तालाप)
नदरू/असार है मोल तो लोगे !
मुड़ कर पुनः क्या उचित कहा
पलांडु (श्वासाधृत शरीर) और लशुन (आत्मा) मोल लेना।

श्लेष शब्द–प्रयोग

क.	नदरू –	अ – एक सब्ज़ी
		आ – असार
ख.	प्राण	अ – पलांडु
		आ – प्राण – श्वास प्रक्रिया
ग.	रा,हन	अ – लशुन
		आ – रूह – आत्मा

Can this word [illegible] have been in Lal's vocabulary?

अर्थ : लल्लेश्वरी कहती है मजबूर तथा निराश होके आर्जव भाव से मैं चिलाती थी कि यह संसार अस्थिर है इस को मोल लेने अथवा इस के साथ चिपटे रहने का प्रयत्न न करें। चारों ओर इस प्रकार चिलाने के पश्चात् फिर चिलाया कि यदि आप मोल लेना ही चाहते हैं तो फिर पलाण्डु तथा लहसुन को लेलो जो कड़वे तथा दुर्गन्ध से भरे हैं।

व्याख्या : लल्लेश्वरी भगवती ने इस वाक्य में 18 पुराणों के सार की ओर संकेत किया है, अठारह

पुराणों का सार क्या है "**अष्टादशपुराणेषु व्यासस्य वचन द्वयम्**" - "**ब्रह्म सत्वं जगत् मिथ्या**"

अर्थात् परमात्मा सत्य है, संसार मिथ्या है, इस कारण संसार के साथ चिपटे रहना गलत है, अस्थिर और नाशवान संसार को मोल मत लेलो, यदि आप मोल लेना ही चाहते हैं तो लोगों के दुःख दर्द को मोल ले लो जिसे वह दुःखी लोग संकट मुक्त हो जायें। लल्लेश्वरी ने वाख के अन्त में कहा है "**प्राण तु रुहन ह्ययिव मा**" अर्थात् लोगों के दुःख दर्द को मोल ले लो। लोगों को दुःख दर्द से मुक्त करो, भारतीय संस्कृति का आर्दश है कि दूसरों को कष्टों से मुक्त करने के लिये अपने आप को कष्टों में डालना, यह मनुष्य के लिये श्रेष्ठ साधना है। वेद भी कहते हैं "**आर्युदा आयुर्मे देहि आयुषे नः पुनर्देहि**" अर्थात् हे देवताओ! मुझे आयु दे दो, दूसरों की आयु बचाने के लिये। इस वाक्य की दूसरी पंक्ति में 'ह्ययिव मा' का अर्थ हे, मोल मत ले लो। अन्तिम पंक्ति के 'ह्ययिव मा' का अर्थ है मोल ले लो। इस वाख में '**ह्ययिव मा**' दो अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। मोल न लेना तथा मोल लेना। एक **नदुर संसार** दूसरा है **प्राण त रुहन** (पलाण्डु और लहसुन) लल्लेश्वरी ने यह खरीदार पर छोड़ा है यदि मूर्ख खरीदार होगा वह अस्थिर संसार को मोल लेगा, यदि ज्ञानी खरीदार होगा, वह प्राण तथा रुहन खरीदेंगा। पुराणों में राजा शिवि की कथा

इस प्रकार है राजा शिवि ने अघोर तपस्या की थी तो उसे भगवान् का साक्षात्कार हुआ, भगवान् ने कहा आप को क्या चाहिये, तो राजा शिवि ने कहा "**न त्वहं कामये राज्यं न सुखं ना पुर्नभव**" अर्थ भगवन्! मुझे चक्रवर्ती राज्य की आवश्यकता नही है न मुझे सुख की आवश्यकता है न मुझे मुक्ति चाहिये। तो भगवान् पूछते हैं कि आपने फिर इतनी अघोर तपस्या क्यों की? राजा शिवि ने कहा एक कामना मेरी पूरण करो "**कामये दुःख तप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम्**" हे भगवन् प्रजा दुःख, दर्द, कष्ट से मुक्त हो मेरी इस कामना को पूरी करो। एक कश्मीरी पंडित नेत्र रोग विशेषज्ञ थे डॉ० सिद्ध नाथ कौल जो सिद्धहस्त तथा परोपकारी थे उन्होंने अपने प्रवेश द्वार पर यही आर्दश श्लोक लिखा था।

न त्वहं कामये राज्यं न सुखं न पुनर्भवं।
कामये दुःख तप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम्।।

ग्रटु छुय फेरान ज़्येरे ज़्येरे
ओहुकुय ज़ानि ग्रटुक छ़ल
ग्रट यलि फेरि तय ज़ॉव्युल नेरे
गूं वाति पानय ग्रट बल। - 32

संस्कृतपद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

मन्दं चलेत चक्रदलं यदा तदा
पिष्टं क्षरेत् सूक्ष्मतरं स्वचक्रतः।
पतन्ति गोधूमकणा स्वतस्ततो
मध्ये शनैः चक्रदल-द्वयोरहो।।

हिन्दी काव्यानुवाद

चक्की घूम रही है हरकत में आकर
अक्ष ही है परिचित इस के नैरंग से
चक्की जब घूमेगी, महीन पिसेगा
गेहूँ स्वयं पहुँच ही जाता है घरट्टक पर।

नैरंग (फा०) जादू, गति–क्रम, करतब, छल,
घरट्टक – जाँता

अर्थ : चक्की का ऊपर वाला पत्थर जब धीरे–धीरे घूमता है तो बारीक पीसा हुआ आटा निकलता है, गेहूं चक्की की खारि में होता है। एक एक दाना गेहूँ नीचे आता है – शोगाह चक्की के घूमने के कारण हिलता है उस के कारण गेहूं एक एक दाना चक्की के दोनों पत्थरों में पहुँचता है यदि शोगह स्वयं कोई काम करता नहीं है वह साक्षी रूप तटस्थ होता है परन्तु तटस्थ होने पर भी यदि 'शोगहे' को हटा देगे तो गेहूं पीसा नहीं जायेगा।

व्याख्या : इसी प्रकार परंशिव तटस्थ होकर भी पूरे संसार रूपी चक्की को चलाता है जैसे क्षेत्रज्ञ–क्षेत्र

रूपी शरीर को चलाता है। इस वाक्य का सम्बन्ध भगवद्गीता के क्षेत्र–क्षेत्रज्ञ नाम वाली तेरहवीं अध्याय के साथ है

इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते।

एतत् यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः।

(अ. १३ श्ले १)

अर्थः हे अर्जुन! यह शरीर क्षेत्र कहलाता है और जो व्यक्ति इस क्षेत्र को जानता है उसे 'क्षेत्रज्ञ' कहते हैं।

भारतीय विचार धारा में इस बात को मान लिया गया है कि जो 'पिंड' में है वह 'ब्रह्मांड' में है। इसी आधार पर भगवान् ने कहा है कि 'शरीर' क्षेत्र है आत्मा क्षेत्रज्ञ है वैसे ही यह ब्रह्माण्ड क्षेत्र है ब्रह्म इस क्षेत्र का है।

वेदान्त की दृष्टि से नीचे न हिलने वाली चक्की क्षेत्र है तथा ऊपर वाली क्षेत्र। इन दो पत्थरों में पांच तत्त्वों का पंचीकरण होता है (अर्थात् पीसे जाते हैं) और चराचर सृष्टि प्रकट हो जाती है। जिस प्रकार सत् से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी निकली तत्पश्चात् पंचीकरण करके चराचर सृष्टि बन गई।

ईशावास्योपनिषद् भी इस वाक्य का समर्थन करते हुये कहता है "**अनेजदेकं मनसो जवीयो**" वह शोंगाह या निचली वाली चक्की यद्यपि स्वयं हिलती नहीं है परन्तु

इस चक्की (संसार) को तटस्थ हो कर भी चलाती है।

लतन हुँद माज़ लारयोम वतन
ॲकी हॉवनम अकिचुय क्थ।
यिम यिम बोज़न तिम कोनु मतन
ललि बूज़ शतन कुनी क्थ।। - 33

संस्कृतपद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :—

अन्वेषणे मे पदमांस लिप्तो
मार्गस्तथाहं न गता स्वलक्ष्यम्।
एकेन पन्था स व्यदशि मोदते
यस्तस्य संज्ञां श्रृणुयात् कदाचित्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

तलवों का मास चिपक गया पथ के साथ
एक ने मार्ग दर्शाया एक (तत्) का
जिस जिस ने सुना, क्यों न हो उठे उन्मत्त
लल्ला ने सुनी सौकी की एक ही बात।

अर्थ : परम शिव को प्राप्त करने के लिये मैं ने बहुत दौड धूप की। मेरे पैरों का मांस रास्ते के साथ चिपक गया, बहुत थक कर तथा चूर चूर होने के पश्चात् मैं गुरु की शरण में गई, उस ने मुझ पर अनुग्रह किया और उपदेश दिया **"अहं शिवोऽस्मि'** मैं शिव हूँ। मैं लल्लेश्वरी स्वयं शिव हूँ। तब मैंने गुरोपदेशानुसार साधना की। मैं

ने इस गुरुमन्त्र को कार्यरूप दिया और अनुभव किया कि मैं स्वयं ही शिव हूं, मैं परमानन्द में लय हो गई, मेरे सभी संशय दूर हो गये। मेरा वर्तमान प्रारब्ध, सञ्चित प्रारब्ध, आगामी प्रारब्ध समाप्त हो गया, जो मेरा यह उपदेश सुनेगा, विश्वास रखिये वे भी मेरे समान कृत कृत्य होंगे अर्थात् **'शतन कुनीय कथ'** सौ उपायों के बदले एक ही उपाय। चारों ओर दौड़धूप करके तथा भिन्न भिन्न साधनाओं को अपना कर मैं इसी परिणाम पर पहुँची कि मैं स्वयं ही शिव हूँ।

व्याख्या : प्रस्तुत वाख लल्लेश्वरी ने वास्तव में कठोपनिषद् की तीसरी वल्ली का 14वां मन्त्र अपने शब्दों में कहा है।

उतिष्ठत! जाग्रत! प्राप्य वरान् निबोधत
क्षुरस्य धारा निशता दुरत्यया
दुर्गं पथस्तत् कवयो वदन्ति।

अर्थ : हे मनुष्य ! जन्म जन्मान्तरों से आप अज्ञान की निद्रा में सोये पड़े हो, इस समय आप को परम शिव के अनुग्रह से मनुष्य शरीर मिला हुआ है। क्षण मात्र भी व्यर्थ नष्ट न होने देना सावधान हो कर श्रेष्ठ पुरुषों अथवा गुरु की शरण में जाकर अपने उद्धार का रास्ता ढूँढ लो क्योंकि शंकर के साथ मिलने का रास्ता बहुत दूर तथा कठिन है। वह रास्ता उस्तरे की धार के समान बहुत ही तेज़ है। जब तक आप यह अनुभव

नहीं करोगे कि मैं स्वयं शिव हूँ तब तक आप कृतकृत्य नहीं हो सकते हैं। लल्लेश्वरी ने इस वाक्य में कहा है **"ॲकी हॉवनम अकिचुय वथ"** अर्थात् एक ही गुरु ने मुझे शिव के साथ मिलने का रास्ता बताया। रास्ता दिखाने वाला गुरु अवश्य होना चाहिये। गुरु कैसा होना चाहिये उपनिषद्कार कहता है चमत्कार, भविष्यवाणियाँ तथा और कई प्रकार के ढोंग करने वाला गुरु बनने का अधिकारी नहीं है। गुरु के सम्बन्ध में उपनिषद् कहता है **"तत् विज्ञानार्थं गुरुमेवभिगच्छेत् श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्"** अर्थ उस शिव को पहचानने के लिये गुरु होना चाहिये कैसा **'श्रोत्रिय'** जिस को वेद, उपनिषद्, षट दर्शन इत्यादि का पूरा ज्ञान हो और ब्रह्मनिष्ठ हो अर्थात् जिस ने यह अनुभव किया होगा कि मैं स्वयं ही शिव हूँ।

शिव छुय ज़ॉव्युल ज़ाल वाहरॉविथ
क्रंज़न मंज़ छुय तरिथ क्यथ।
जिन्दु नय वुछहन अदु कति मरिथ।
पानु मंज़ु पान कड व्यचॅरिथ क्यथ।। - 34

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

विस्तीर्य जालं जगति स्थितः शिवो
व्याप्तः सदा सर्व शरीर मध्यगः।

मृत्यौ स्थिते द्रक्ष्यति किं विवेकतो
निभालये त्वं प्रभुमन्तराले।।

हिन्दी काव्यानुवाद

शिव हैं व्याप्त सर्वत्र बारीक जाल सदृश
अस्थि पिंजरों में समाया है कैसे
जीवित जो देख नहीं पाओगे मर कर कहाँ देखोगे
जीवन से अहं भाव को त्याग, विचार कर।

अर्थ : परम शिव ने अपना सूक्ष्मजाल चारों ओर फैलाया है, वह सब के अस्थि पिंजरों में व्याप्त है। चारों ओर व्याप्त होने पर भी यदि आप जीवित अवस्था में शिव का साक्षात्कार नही कर सकते हैं तो क्या आप मर कर परम शिव को प्राप्त कर सकते हैं। इस कारण जीवित अवस्था में ही परम शिव को पहचानने का प्रयत्न कर, विवेक तथा विचार से अपने आप में ही शिव को ढूँढ निकालो। लल्लेश्वरी ने कहा कि परमशिव कण कण में व्याप्त है। इसी से सम्बन्धित भगवद्गीता का श्लोक देखने योग्य है :—

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः।।

(अध्याय-9, श्लोक-4)

अर्थ : यह पूरा दृश्य जगत् भगवान् के आधार पर स्थित है मैं इस दृश्य जगत् के आधार पर ठहरा नहीं हूँ जिस प्रकार लहरों का आधार समुद्र है परन्तु समुद्र का आधार लहरें नहीं हैं

व्याख्या : लल्लेश्वरी कहती है **"ज़िन्दु नय बुछहन अदु कति मरिथ"** जब आप मनुष्य जन्म में शिव को प्राप्त न कर सकते हैं क्या फिर मर कर शिव को प्राप्त कर सकते है ! मनुष्य जन्म में ही केवल शिव का साक्षात्कार किया जा सकता है। मनुष्य जन्म को भूगयोनि तथा कर्मयोनि भी माना जाता है। मनुष्य जन्म में प्रारब्ध का फल भी मिलता है तथा नया प्रारब्ध भी बन सकता है। मानिये मनुष्य जन्म सब्ज़ मटर के समान है जो खाया भी जाता है तथा बोया भी जाता है तथा नया फसल भी दे सकता है। देव जन्म और पशु जन्म को योगयोनि कहते हैं इस जन्म में केवल पिछले प्रारब्ध कर्म पर ही फल मिलता है, नया प्रारब्ध नही बन सकता है। मानिये पशु जन्म तथा देव जन्म बुने हुये मटर हैं जो केवल खाने के काम आते है इन से नया फसल नही बनता है।

नाबुद्य बारस अट्ट गण्ड डयोल गोम
देह काङ होल गोम ह्यकु कॅह्यो
ग्वरुसुन्द वनुन रावन त्याल प्योम
पाह्लिरास ख्योलगोम हयकु कॅहयो।। - 35

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

अद्यावधि सितभारो धृतोग्रे धार्यते कथम्
धर्नुदण्ड समोन्देहो भुग्नोभारोह बाधते।
न रुचितो गुरुनिर्देशः सावहेलं पृथक् गता
अधुना हन्त दिक् मूढ़ा यथाजां पलकं बिना।

भौतिक सुख के बन्धन की गांठे ढीली पड़ गई
देह मुद्रा में पड़ गया रूप, सह लूँ कैसे
गुरूपदेश से छूटे बन्धन विह्वल तड़प उठी
हुआ गड़रिये बिन रेवड़, शक्ति बटोरूँ कैसे ?

इस वाख के अर्थ पर विचार करने से पूर्व लल्लेश्वरी से सम्बन्धित इस बात को समझना आवश्यक है कि उन्होंने पहले भी ऐसे कुछ वाख कहे हैं। जैसे कि इस वाख में लल्लेश्वरी कहती है **"अट गंड डयोलगोम, देहकाड होलगोम, रावण त्योल प्योम"** ऐसे वाखों से यह भ्रम होता है कि वह अभी पहली ही भूमिका अथवा पड़ाव पर थी परन्तु लल्लेश्वरी के वाखों को पढ़ने से प्रतीत होता है कि वह तुर्यातीत अवस्था पर पहुंची थी। इन वाखों का कैसे आपस में गँठ बंधन होगा तो समाधान के विषय में सुनिये। वसिष्ठ जी ज्ञान के भण्डार थे। जिन्होंने भगवान् राम जैसे ज्ञानी को योग वसिष्ठ रूपी ज्ञान दिया, उसी वसिष्ठ जी को एकबार ब्रह्मा जी ने कहा कि आप कुछ समय के लिये अज्ञानी बने जिससे आप अज्ञानियों को ज्ञान दे सकते हैं। जैसे लल्लेश्वरी ने हम जैसे अज्ञानियों के लिये उपदेश तथा उद्धार के लिये तुर्यातीता अवस्था से नीचे आकर हम अनाधिकारियों के उद्धार का प्रयास किया है। लल्लेश्वरी ने वेदों, उपनिषदों, श्रीमद्‌भगवद्गीता का सार हमें काश्मीरी भाषा में समझाने का प्रयत्न किया है। लल्लेश्वरी के विषय में कहा जाता है कि वह पहली कश्मीरी कवयित्री थी, वह वास्तव में

सरस्वती माता प्रत्यक्ष मनुष्य रूप में थी।

अर्थ : लल्लेश्वरी निजी ज्ञान के माध्यम से हम जैसे मनुष्यों को कहती है **'नाबध बार'** अर्थात् भोग विलास की गठरी आप तृष्णा रूपी रस्सियों से बान्ध कर उठाते हैं। आयु के साथ साथ यद्यपि मनुष्य के अंग इत्यादि कमज़ोर हो जाते हैं परन्तु तृष्णा रूपी रस्सी दिन ब दिन मज़बूत हो जाती है। शरीर के कमज़ोर होने से तथा तृष्णा रूपी रस्सियों के मज़बूत होने से गठरी की रस्सियाँ ढीली पड जाती हैं। लल्लेश्वरी कहती है मनुष्य जितना बूढ़ा हो जाता है। शरीर भी कमज़ोर हो जाता है, शरीर तीर–कमान की तरह झुक जाता है। शरीर कमज़ोर होने तथा कमर झुक जाने से मनुष्य आजीवन इकट्ठे किये हुये, ऐश्वर्य के सामान, परिवार, मकान, सम्पत्ति इत्यादि को सम्भाल नही सकता है परन्तु मन ही मन वह रात दिन इन्ही ऐश्वर्य के सामानों के साथ आसक्त रहता है। लल्लेश्वरी कहती है कि हे मनुष्य ! सावधान रहो ! यह इकट्ठा किया हुआ ऐश्वर्य का सामान आप को यहाँ ही छोड़ना होगा, यहाँ से खाली हाथ जाना है शरीर छोड़ते समय मनुष्य की क्या दशा होती है उस का वर्णन शिवगीता में इस प्रकार से है। यह शिवगीता भगवान् शंकर ने राम को 16 अध्यायों में कही है

अयः पाशेन कालस्य स्नेहपाशेन बन्धुभिः
आत्मनः कृष्यमानस्य न खल्वस्ति परायणम्।

अर्थ : मरते समय मनुष्य को एक ओर महाकाल खींचता है दूसरी ओर ऐश्वर्य के सामान की असक्तियाँ खींचती रहती हैं लल्लेश्वरी कहती है हे मनुष्य! इन मुसीबतों से केवल आप को भगवान् शिव ही छुड़ा सकता है। इसलिये मनुष्य को बचपन से ही इस वेद मन्त्र का उच्चारण बार बार करना चाहिये।

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टि वर्धनम्
उर्वारुकमिव बन्धनात् मृत्यो मुंक्षीय मामृतात्।।

अर्थः सर्वव्यापक, सृष्टि कर्ता, सृष्टि पालक तथा सृष्टि नाशक भगवान् शंकर से मैं प्रार्थना करता हूँ कि मेरे शरीर का अन्त ऐसा हो जैसे कश्मीर में अखरोट जब पक जाते हैं तो उस काल खंड में निरन्तर ओस गिरती है और पक्का हुआ अखरोट स्वयं अपने खोल को त्याग देता है। हे प्रभु! इसी प्रकार मेरा अन्त भी किसी कष्ट के बगैर हो। भगवान् शंकर के पास एक गुण है – **अनुग्रह।** वे समयानुसार प्रत्येक पात्र या अपात्र पर अनुग्रह करते हैं। भगवान् मनुष्य को मरने तक पाँच सूचनायें देता रहता है योगवसिष्ठ में उन पांच सूचनाओं के विषय में लिखा है।

च्युता दन्ता सिता केशा
दृङ निरोधो पदे पदे।
यातसज्जेमिमं देहं
तृष्णा साध्वी न मुच्यति।।

व्याख्या : पहली सूचना बालों का सफेद होना, दूसरी सूचना आंखों की रोशनी का कम हो जाना, तीसरी सूचना दान्तों का आहिस्ता आहिस्ता निकल जाना, चौथी सूचना बहरापन, पाँचवी सूचना है लल्लेश्वरी के वाक्यों में **"देह काड हौल गोम"** अर्थात् कमर का झुक जाना, किसी बच्चे के दादा जी को पाँचवी सूचना मिली थी अर्थात् वह नीचे की ओर झुक कर चलता था, इस पर बच्चे ने दादा जी से पूछा आप पृथ्वी की ओर देख कर क्यों चलते हैं तो दादा जी ने कहा **"म्य छु रावन त्यौल प्योमुत"** अर्थात् मेरी जवानी घुम हो गई है उसी को ढूँढ रहा हूँ। बेटा ! सावधान रहो, ऐसा न हो कि आप की भी मेरी तरह जवानी घुम हो जाये फिर तो पछताना पड़ेगा।

प्रथय तीर्थन गछ़ान सॅन्यासि
ग्वारुनि सुदर्शन म्युल
च़्यता पॅरिथ मो निष्पथ आस्
डेशंख दूरे द्रमन न्युल।। - 36

संस्कृतपद्यानुवाद भास्कराचार्य :

यत्नेन मोक्षैकधियः सदामी
सन्यासिनस्तीर्थवरान् प्रयान्ति।
चित्तैक साध्यो न स लभ्यते तै
दूर्वास्थलं भात्यति नीलमारात्।।

हर तीर्थ पर जाता है सन्यासी
प्रिय दर्शन पाने हेतु, स्वयं अपनी तलाश में
चित्त ! विज्ञ होने पर भी पथ विहीन न होना
दूर से ही हरियाली का लावण्य दिखाई देगा।

अर्थ : सन्यासी अथवा साधक उस परम शिव को तीर्थों में जाकर ढूँढते हैं। हे साधक ! क्या आप जानते नहीं हैं कि वह चित्त की एकाग्रता से जाना जाता है, तीर्थों पर ढूँढने का प्रयत्न मत करो, वह परम शिव हर स्थान पर व्याप्त है। हे चित्त ! जान कर भी अनजान मत बन। दूर से ही प्रकृति का लावण्यमय रूप (नीलवरण) तुझे दिखाई देगा।

व्याख्या : जिन के हृदय में उस परम शिव की आनन्द छवि का अभाव होता है वे परम शिव को पाने के हेतु केवल तीर्थों पर ही नही अपितु परम शिव को छोड़ कर भिन्न भिन्न देवतों की आराधना भी करते हैं। भगवद्गीता में भी इसी प्रकार की समस्याओं ने अर्जुन को घेरे रखा है, भगवान् स्वयं भिन्न भिन्न युक्तियों से अर्जुन को समझाता है परन्तु अर्जुन के मन की शंका का निवारण नहीं होता है। अन्त में भगवान् अर्जुन को दिव्य चक्षु देता है। तब ईश–अनुग्रह से अर्जुन उस अवस्था पर पहुँचता है जहाँ उसे सारा विश्व शिव के साकार रूप में दिखाई देता हैं।

"एको हि रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुः" लल्लेश्वरी कहती

है **"च्यता पॅरिथ मो निष्पथ आस"**

हे साधक। जब तक आप परम शिव के अनन्य भक्त नहीं होंगे तब तक आप को दूर का घास सब्ज़ दिखाई देगा। अर्थात् परम शिव अपने से अलग दिखाई देगा। जब तुझे शिव का अनुग्रह प्राप्त होगा अर्थात् अर्जुन की तरह 'दिव्य चक्षु' प्राप्त होगी तभी आप अनुभव करोगे कि यह पूरा विश्व शिवमय ही तो है।

पर तॉय पान यॅम्य सोम मोन
यॅम्य ह्यूव मोन द्यन किहो राथं।
यॅम्य सय अद्वय मन सॉंपुन।
तॅमी डयूठुय सुर गुर नाथ। - 37

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :–

आत्मा परो दिनं रात्रि
र्यस्य सवर्मिदं समम्।
भातमद्वैतमनस्तेन दृष्टोमरेश्वरः

हिन्दी काव्यानुवाद

अपने और पराये को जिस ने एक समान समझा
दिन और रात में कोई अन्तर नहीं माना
जिस का हृदय हुआ दुई (द्वैत) मुक्त
उस ने ही सुर गुरुनाथ को देखा।

अर्थ : जिस ने जीवात्मा तथा परमात्मा को एक जैसा

माना, दिन और रात को एक जैसा स्वीकारा, जिस के मन में द्वैत ना हो वही परम शिव को देख सकता है। आध्यात्म रामायण में इस कथन की पुष्टि इस प्रकार होती है।

विज्ञाय चैकात्म्पमऽथात्म जीवयोः
सुखी भवेत् मेरूरिवाप्रकम्पनः।।

अर्थ : साधक **"तत्त्वमसि"** महावाक्य पर विचार करने से जीवात्मा तथा परमात्मा को एक ही जान कर सुमेरू पर्वत के समान सुखी, स्थिर एवं शान्तचित्त बनता है अथवा वह साधक शिव ही बनता है।

भान् गोल तॉय् प्रकाश आव ज़ूने
च़न्द्र गोल तॉय म्वतू चित्।
चित्त् गोल तॉय केहं तिना कुने
गय भूर भुवः स्वर मीलिथ कतु।। - 38

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

भानौ नष्टे काशते चन्द्रबिम्बं
तस्मिन्नष्टे काशते चित्तमेव।
चित्ते नष्टे दृश्य जातं क्षेणन
पृथ्वयादीदं गच्छति क्वापि सर्वम्।

हिन्दी काव्यानुवाद

सूर्यास्त होने पर चान्द खिल उठता है
(खुदी का एहसास मिट जाने पर आत्मबोध की रश्मियाँ

खिल उठती हैं)
जब छिप गया चाँद तो चित्त रह जाता शेष
जब चित्त लय हो जाता तो कहीं कुछ रहता नहीं
भूः भुवः स्वः सब विसर्जित हो गये।
भूः - पृथ्वीलोक
भुवः - अतंरिक्ष लोक
स्वः - ब्रह्मलोक

अर्थ : सूर्य के अस्त होने पर पूर्णिमा का चन्द्रमा उदित होता है, चन्द्रमा का जब अस्त होता है चित्त प्रकाशित होता है, चित्त जब लय हो जाता है तो पूरा दृश्य जगत् **"भू र्भुवः स्वः"** यह तीनों लोक समाप्त हो जाते हैं। साधक को तब सम्पूर्ण जड़ चेतन शिवमय दिखाई दिखता है।

व्याख्या : अष्टावक्र राजा जनक को यही समझाता है।

अहो भुवन-कल्लोलै विचित्रैर्द्राक् समुत्थितम्।
मय्यनन्तमहामोधौ चित्तवाते समुद्यते।।

अर्थ : जिस प्रकार वायु से समुद्र में बड़ी तथा छोटी अनेक प्रकार की लहरें उठती हैं उसी प्रकार आत्मा रूपी महासमुद्र में चित्तरूपी वायु के वेग से अनेक प्रकार की ब्रह्मांड रूपी तरंगे उठती हैं जब चित शान्त होता है तो सब ब्रह्मांडरूपी तरंगे लय हो जाती हैं, इस वाक्य में लल्लेश्वरी कहती है

"च़्यथ गौल तय केंह तिना कुन्ये"

प्रायः लल्लीश्वरी के सभी वाक्यों में योग की छाप

दिखाई देती है यह वाक्य विशेष तौर से योग के साथ ही सम्बन्धित है। योगशास्त्रों में सूर्य को प्राणों का देवता मानते हैं, प्राणों (श्वास उश्वास) के रोकने से मन एकाग्र हो जाता है, मन की एकाग्रता से चित्त निरोध होता है चित्त के निरोध से ऋतम्भरा बुद्धि भागडोर संभालती है

''गृह्यते त्वग्रया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्म दर्शिभिः''

योगी ऋतम्भरा बुद्धि से परमशिव का साक्षात्कार करते हैं फिर उनको किसी चीज़ के जानने की आवश्यकता नहीं पड़ती है

'भिद्यते हृदय ग्रन्थि श्छिद्यन्ते सर्व संशयाः'

क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तीस्मन् दृष्टे परावरे।।

उस परमशिव के साक्षात्कार होने पर मनुष्य के सभी संशयात्मक गांठ खुल जाते हैं, सभी संशय समाप्त होने पर साधक परमानन्द प्राप्त करता है। शिव का साक्षात्कार तभी होता है जब साधक को 'मैं' और 'शिव' एक ही दिखाई देता है।

व्यथ नोवुय चन्द्रम नोवुय
जलमय ड्यूठुम नवम नोवुय
यनु ललिम्यँ तन मन नावुय
तनु लल ब्व नवम-नॅवुय छस। - 39

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

शरीरमन्तः परिमार्जितं यदा
लल्लापि नव्या नवमेव सर्वम्।
अर्न्तगतां जलमयीं प्रकृतिं च चित्तं
चन्द्रं च चारू किरणं गगने व्यपश्यम्।

हिन्दी काव्यानुवाद

चित्त नवल चन्द्रमा नवल
जलमय रूप में देखा प्रतिक्षण नवीन
जब से मुझ लला ने तन मन को माँझा
तब से मैं लल बन्धनमुक्त नव रूप में हूँ।
(नवम नॅव यी – बिल्कुल ताज़ा, हर समय नव रूप में, साफ़)

अर्थ : लल्लेश्वरी कहती है जब मैं ने अपना चित्त साफ किया तो नवल चन्द्र ज्योति को देखा। जल स्वरूप में मैं ने उन्हें अत्यंत नवाकार में देखा। अब मुझे लल्ल ने तन और मन को साफ किया तब से मैं लल्ल ज़माने के बन्धन से मुक्त हूँ। न भूत का मोह न भविष्य की चिन्ता।

व्याख्या : लल्लेश्वरी कहती है जब मैं ने अपने मन को संकल्प–विकल्प से खाली किया तो मेरे चित्त को नई शक्ति मिली, जिस चित्त की एकाग्रता से मेरा जीवात्मा परमशिव के साथ एकात्मभाव का अनुभव करने लगा इस वाक्य का समर्थन उत्पलदेव के शब्दों में

ईश्वरोऽहमहमेव रूपवान्

पण्डितोऽस्मि सुभगोस्मि कोऽपरः
मत्समोऽस्ति जगतीति शोभते।

अर्थात् : मैं प्रकाश का भण्डार हूँ, मैं तत्त्वदर्शी हूँ, मैं परमानन्द रूप हूँ, मैं स्वयं ही शिव हूँ।

च़्यथ अमरपथि थॅविज़े
ति त्रॉविथ लगि ज़ूड़े
तति च़ुह नो शवयज़े सन्दारे ज़ेह
द्वद शुर ति कौछि नो मूड़े। - 40

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

योजय मनोऽमरपथे कुपथं न गच्छेत्
शीघ्रं विधेहि स्ववशे न विभेहि किञ्चित।
मार्तुजहाति न हठी शिशुरङ्कमेत्य
तत् वन्मतो भवति निग्रह-ग्रन्थि हीनम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

अमर पथ पर चित्त केन्द्रित कर
उसे छोड़, होगा पथ भ्रष्ट
वहाँ सन्देह में नहीं पड़ना, एकाग्र मन से रहना
दुध मुँहा माँ की गोद में बिलखता नहीं।

अर्थ : हे साधक ! आप अपने चित्त को परम शिव के साथ लगा के रखो। यदि आप इस चित को खुला छोंडेगे तो फिर यह परम शिव के साथ मिल नहीं

सकता। इस कारण चित्त को वश में करने के लिये किसी प्रकार का संकोच नही करना यदि आप इस चित्त के विषय में किसी प्रकार की ढील बरतोगे तो फिर यह आप का चित्त सांसरिक विषयों के साथ इस प्रकार चिपट कर रहेगा जिस प्रकार माता की कोक्ष में दूध पीने वाला बच्चा चिपट कर रहता है। 'विवेक चूडामणि ग्रन्थ' में मुक्ति के अधिकारी के विषय में कहा गया है

"विषयाशा, महापाशात्
यो मुक्तः सुदुस्त्यजात्
स एकः कल्पते मुक्तये
नान्ये षट् शास्त्रवादिनः

अर्थ : जो मनुष्य विषय रूपी फांसी से बच जाता है वही मुक्ति का अधिकारी बन सकता है। षड्दर्शनों का पण्डित भी विषय त्याग के बिना मुक्ति का अधिकारी नहीं बन सकता है। इस के विषय में शास्त्र भी कहते है

"विषयान् विषवत् त्यजेत्"

अर्थात् विषयों को विष के समान छोड दो। लल्लेश्वरी इस वाक्य में कहती है **"तति चु नो शॅक्यज़े संदरिज़े"** इस चित्त को खुला छोड़ने की गलती नही करना "फिर पछताये होत का जब चिड़िया चुग गई खेत"।

असि प्वंदि ज़्वसि ज़ामि

न्यथुय स्नान करि तीर्थन

वुहुस्य वॅहरस नोनुय आसे

निशि छुय तु पर ज़ानतन।। - 41

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

स्नातं हसन्तं विविधं विधेयं

कुर्वन्तमेतत् पुर एव सन्तम्।

पश्यात्मदेवं निजदेवं एव

कृतं प्रदेशान्तर मार्गगेन।।

हिन्दी काव्यानुवाद

हँसता, छींकता, खाँसता जमाई लेता (तो वही है)

नित तीर्थों पर करता स्नान

साल भर घूमता फिरता है प्रकट

बहुत पास है तेरे पहचान ले उसको।

अर्थ : हे मानव जो तू कभी हंसता है, कभी छींकता है, कभी कभी खाँसता हैं, कभी अंगडाई लेता है, कभी तीर्थों पर जाकर स्नान करता है ये सब चेष्टायें शिव ही करवाता है। हरदम शरीर के आवरण में ढका हुआ भी वह प्रकट है। वह आप के समीप है। उसे पहचान।

गीता भी इस कथन का समर्थन करती है।

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति

भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया।।

(अध्याय 18, श्लोक 61)

हे अर्जुन ! सब प्राणियों के हृदय में रह कर माया से

प्राणिमात्र को घुमा रहा है, कभी हंसता है, कभी छींकता है कभी शक्ति का प्रदर्शन करता है, कभी अंगडाइयाँ लेता है, सारांश यही जो कोई भी चेष्टा प्राणी करता है वह वही शिव करवाता है उसी को जानना तुम्हारे जीवन का लक्ष्य है।

शील तु मान छुय पोन्य क्रञ्जे
म्वछि यॅम्य रोटॅ मल्लयुद्ध वाव्
हॅस्तुस युस मस्त वालु गंडे
तिह् यस तगि सुह् अदु न्यहाल् - 42

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

शीलस्य मानस्य च रक्षणं भटैः
तैरेव शक्यं निपुणं विधातुम्।
वायुं करेणाथ च गजं तन्तुना
यैः शक्यते स्तम्भयितुं सुधीरैः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मुरौवत और मान तो (बेंतकी) टोकरी में पानी भरना है
मुट्ठी में वायु को समेटा जिस योद्धा ने
लालसा को सिर के ब़ाल से जो बान्ध सके
जिस में हो ऐसा सामर्थ्य, वही निहाल हो जाता है।

अर्थ : लल्लेश्वरी कहती है कि शील, मान आदि शिव प्राप्ति के लिये उसी प्रकार निष्फल है जैसे बेंत के बनी टोकरी में पानी का भरना निष्फल होता है।

शील किस को कहते हैं? शील का अर्थ है 'शुद्ध चरित्र' मान का अर्थ है 'प्रतिष्ठा' चरित्र के सम्बन्ध में शास्त्र कहते हैं

"चरित्र हीनं न पुनन्ति वेदाः"

अर्थात् जिस का चरित्र तथा शील नहीं होगा उसको वेद भी पवित्र नहीं करसकता है मान के विषय में भगवद्गीता कहती है

"सम्भावितस्य चाकीर्ति मरणादतिरिच्यते"

अर्थात् मान (प्रतिष्ठा) का न होना मरने के बराबर है। इसी कारण लल्लीश्वरी ने कहा है

"मान तूह शील छूह पोन्य क्रंजे"

भावार्थः अदालत में सबसे पहले चपरासी, क्लर्क नाज़िर इत्यादि अपनी ड्यूटी पर पहुंचते हैं उनके पश्चात् 'जज' आता है जैसे जिस को शिव को साक्षात्कार होने वाला होता है वहां पर पहले शील और मान पहुंच जाता है शिव के साक्षात्कार के पूर्व ही अष्ट सिद्धियां उसके पीछे पीछे दौडती है इसी कारण लल्लीश्वरी ने कहा है कि ऐसे साधक के लिये शील और मान करने की इच्छा निष्फल है लल्लीश्वरी कहती है कि शिव का साक्षात्कार होना बहुत ही कठिन है जैसे मुट्ठी में वायु को बन्द करना असम्भव है अथवा सर के बाल से हाथी को पकडना असम्भव है। इस वाक्य का समर्थन

कठोपनिषद् का यह वाक्य करता है

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया
दर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति।।

(बल ४ श्लो १४)

हे मनुष्यः आप को परम शिव के अनुग्रह से ही यह मनुष्य शरीर मिला है इस कारण किसी प्रकार की लापरवाई मत कर, होश में रहो! महापुरुषों के पास जाकर उनके उपदेश से उस परम शिव को जानो, परन्तु उस को जानने का मार्ग उसतरे की धारा पर चलने से भी कठिन है।

परम शिव प्राप्त करने का साधन है अनन्य भक्ति अथवा प्रेम। भागवत् भी इस कथन का सर्मथन करता है।

मन्ये धनाभिजन रूप तपः श्रतोजः
तेजः प्रभाव बल पौरुष बुद्धि योगः
भक्त्या तुतोष भगवान् गजयूथंपाय।

भावार्थ : परम शिव को प्राप्त करने का साधन धन, खानदान, रूप, तप, वेद, तेज, प्रभाव, बल, बुद्धि नहीं है। तो फिर भगवान् को प्राप्त करने का क्या साधन है लल्लेश्वरी ने इस विषय में कहा है।

लोलक्य नारु वाँलिज बुज़म
शंकर लोबुम, तमी सुत्य।

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

प्राणाधिरोधात् "कृतिं च भक्त्या

मनश्च दग्ध्वो, शिवधाम लब्धम्।

अर्थ : प्राणाभ्यास से मन को एकाग्र करके तथा मन के तीनों मल, (आणव मल, मायीय मल, कार्म मल) जला कर परम शिव को अनन्य भक्ति से प्राप्त किया।

संसारस आयस तपसी

बोद्धि प्रकाशि लोभुम सहज़

मरयम नु कुंह, तु, मरु नु काँसि

मरु नेय्छ, तु लसु नेय्छ।। - 43

संस्कृत पद्यानुवाद भास्कराचार्य :–

आसाद्य संसारमहं वराकी

प्राप्ता विशुद्धं सहजं प्रबोधम्।

म्रियै न कस्यापि न कोपि मे वा

मृतामृते मां प्रति तुल्यरूपे।।

हिन्दी काव्यानुवाद

संसार में आई तपस्विन
सहज को पहचाना बुद्धि प्रकाश से
मर जाये कोई न अपना, मर जाऊँ न किसी के हेतु
मर जाऊँ तो अच्छा, जी लूँ तो अच्छा।
(यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति के बाद जन्म और मरण के बन्धन से मुक्ति)

अर्थ : मैं संसार में तपस्या करने आई हूँ उस तपस्या से मैं ने निर्मल बुद्धि अथवा ऋतम्भरा बुद्धि प्राप्त करके

परम शिव को प्राप्त किया, मेरा जीवन सफल हुआ, मैं अमर हो गई मुझे अब कोई मार नही सकता है अब मुझे जीने तथा मरने की इच्छा नहीं है।

व्याख्या : लल्लेश्वरी इस वाख में कहती है कि मेरे जीवन का लक्ष्य है परम शिव का साक्षात्कार उस के लिये पहले तपस्या की ज़रूरत है। मनु स्मृति में तपस्या के विषय में लिखा है:–

यत् दुस्तरं यत् दुरापं यत् दुर्गं यत् च दुष्करम्
सर्वं तु तपसा साध्यं तपो हि दुरितक्रमम्।।

अर्थ : संसार में कठिन से कठिन काम तप से ही सिद्ध होता है, जिस बुद्धि से परम शिव का साक्षात्कार होता है उस को ऋतम्भरा बुद्धि कहते हैं। उपनिषद् इस बात की पुष्टि करते हुये कहता है

"गृह्यते त्वग्रया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्षम दर्शिभि:"

अर्थात् उस परम शिव को ज्ञानी लोग कुशाग्र बुद्धि अथवा ऋतम्भरा बुद्धि से जान सकते हैं। लल्लेश्वरी ने इस वाक्य में कहा है **"सहज प्रकाश"** परम शिव का साक्षात्कार होने पर जीने मरने का प्रश्न समाप्त होता है **"न जायते न म्रियते न विपश्चित्"** ज्ञानी न जन्म लेता है न मरता है।

सॅहज़स् शम तु दम नो गछ़े
येछ़ि नो प्रावख मुक्ती द्वार
सलिलस लवण ज़न मीलिथ ति गछ़े
तोति छुय द्वरलभ सहजु व्यच़ार।। - 44

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :–

स्वभाव लब्धौ न शमोऽस्ति कारणं
तथा दमः किं परं विवेकः
नीरैकरूपं लवणं यथा भवेत्
त्तथैक तप्तौ - अपि नैव लभ्यः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

शम दम क्रियाएँ आवश्यक नहीं है सहज प्राप्ति के हेतु
चाहने मात्रा से मुक्ति द्वार की प्राप्ति नहीं होती है।
ध्यानस्थ लीन हो जाओ जैसे जल में नमक घुल जाता है।
तो भी 'सहजविचार' की अनुभूति दुर्लभ है।

अर्थ : उस परमशिव को शम–दम, इन्द्रिय एवं मन के निग्रह से प्राप्त नहीं किया जाता। विवेक से भी शिव का साक्षात्कार नहीं हो सकता है। जब ध्याता का ध्यान समाप्ति पर होगा, साधक समाधिस्थ अवस्था में होगा फिर भी शिव का साक्षात्कार होना असम्भव है। इस वाक्य का भावार्थ यही है कि कहे हुए शम–दमादि साधन तभी सफल होते हैं जब उस परम शिव का अनुग्रह प्राप्त हो। उस विशिष्ट अनुग्रह के विषय में शिवस्तोत्रावली का यह श्लोक समर्थन करता है।

न ध्यायतो न जपतः स्यात् यस्याविधि पूर्वकं
एवमेव शिवाभासस्तं नमो भक्ति शालिनम्।

अर्थ : जिस भक्त को ध्यान के बिना, जप के बिना, विधि के बिना अकस्मात् शिव का अनुग्रह प्राप्त हुआ हो उस शंकर भक्त को मैं नमस्कार करता हूँ। लल्लेश्वरी कहती है कि परम शिव का साक्षात्कार शम–दमादि साधनों के होते हुये भी शंकर के अनुग्रह के बिना नहीं हो सकता है।

शॅय वन चटिथ शॅशिकल वुज़ुम
प्रकरथ होंज़ुम पवुन सुत्य
लोलुकि नारु वॉलिंज बुज़ुम्
शंकर लोबुम तमी सुत्य।। - 45

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :–

कामादिकं काननषट्कमेतत्
छित्त्वामृतं बोधमयं मयाप्तम्।
प्राणाधिरोधात् प्रकृतिं च भक्त्या,
मनश्च दग्ध्वा शिवधाम लब्धम्।

हिन्दी काव्यानुवाद

छः वन पार करके 'शशकल' हुई जाग्रत (दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई)
भौतिक प्रकृति को प्राणायाम से वश में किया
प्रेमाग्नि से कलेजे को भून लिया।
उसी से प्राप्ति हुई शंकर की

अर्थ : मैं लल्लेश्वरी छः चक्र, अथवा छः अंग अथवा

षड्ध्व लांग कर सहस्त्रधाम पर पहुँची अथवा शून्य चक्र पर पहुँची जहाँ पर साधक परम शिव का साक्षात्कार कर सकते हैं, अपनी साधना से सहस्त्रदल विकसित करके तथा प्राणाभ्यास से मन को नियन्त्रण में रख कर अविद्या के तीनों परदे हटा कर, प्रेमाग्नि से **"वाँलिंज बुजुम"** अर्थात् हृदय में भक्ति का दीपक जलाया, अन्त में आनन्द भक्ति के माध्यम से मैं ने शिव का साक्षात्कार किया।

व्याख्या : यह वाक्य योग से सम्बन्धित है। लल्लेश्वरी ने छः संख्या का प्रायः वर्णन किया है, योग प्रक्रिया में छः का बहुत महत्त्व भी है तथा अर्थ भी है जैसे छः दल अथवा छः चक्र, छः अंग अथवा षडध्व, छः चक्र हैं। **"मूलाधार- स्वाधिष्ठान-मणिपूरक अनाहत-विशुद्धाख्य-आज्ञा चक्र (त्रिकुटी)"**।। तन्त्र शास्त्र में योग के छः अंग है। **"प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम, धारणा, अनुस्मृतिः समाधि"** षडध्व **(भुवन, तत्त्व, कला, मन्त्र, पद, वर्ण)** लल्लेश्वरी कहती है इन भूमिकाओं में से किसी को आधार मान कर साधक सहस्त्रधाम तक पहुँचकर परम शिव का साक्षात्कार कर सकता है।

अथ मबा त्रावुन खरबा
लूक् हुँज़ क्वँगवॉर खेयी
तति कुस बा धारी थर बा
येति नॅनिस करतल पेयी।। - 46

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

गर्दभोयं वशी कार्यः
खादयेत् केसर वाटिकाम्
त्वयि दण्ड स्वरूपेण
करवालः पतिष्यति

हिन्दी काव्यानुवाद

हाथ से जाने न देना इस गधे (मन) को
पराये की केसर वाटिका चर जायेगा।
सज़ा भुगते गा कौन तेरे बदले वहाँ
तेग़ बरसें गे निहत्थे पर, होंगे प्रहार।

अर्थ : हे साधक ! अपने मन रूपी गधे को खुला नहीं छोड़ना, इस को अपने नियन्त्रण में रख, नहीं तो यह दूसरे की केसर वाटिका को खायेगा। आप को इस पाप का दण्ड अवश्य मिलेगा, तेरे बदले दण्ड कौन भुगते गा। तुझ निहत्थे पर ही होंगे प्रहार, उसके लिये तैयार रहो, तेग़ (बड़ी तलवार) बरसेंगे।

व्याख्या : लल्लेश्वरी भगवती ने इस वाक्य में मन को गधा माना है। मनुष्य के शरीर में मन है इसी लिये उसे मनुष्य कहते हैं इस मन ने आज तक 83,99,999 हैवानियत के जन्म लिये हैं इसी लिये यह बडा हैवान (पशु) है। इसी कारण लल्लेश्वरी ने इस वाक्य में मन को गधा माना है। हे साधक! इस मन रूपी गधे को वश में रखो यह केवल आप की केसर वाटिका ही नहीं, अपितु दूसरों की केसर वाटिका को भी नष्ट क़रेगा, लल्लेश्वरी आगे कहती है हे मनुष्य! इस ग़लती

की सजा भुगतने के लिये तैयार रहो, आप के नंगे शरीर पर तेग़ बरसाये जायेंगे क्योंकि आप ने अपनी केसर वाटिका तथा दूसरे की केसर वाटिका को नष्ट करवाया। वहाँ कौन तुम्हारी रक्षा कर सकता है। वेद मनुष्य शरीर को ऋषिवॉर कहते हैं। **(सप्तर्षयः प्रतिहता शरीरे)** शरीर में सात ऋषि तपस्या करने आये हैं वह सात ऋषि हैं **आँख, नाख, कान, जिह्वा, चमडी, मन, बुद्धि** इस कारण वेदों ने इस शरीर को **ऋषिवॉर** का नाम दिया है परन्तु लल्लेश्वरी ने **ऋषिवॉर** का नाम बदल कर पद्मपुर की मूल निवासिन होने के कारण शरीर का नाम **केसर वाटिका** रखा है।

केसर वाटिका (कुंग वारी) क्योंनाम दिया था?

लल्लीश्वरी स्वयम ही शारदा मां के रूप में केसर वाटिका (स्यंह पोर) में जन्मी थी जो पदम्पुर (पाम्पोर) केसर का केन्द्र है किसी सन्त ने कहा है

''अमि पद्मापोरिचि लल्ले
चुव अमृत गलि गले
तमि वुछ शिव थल्य थल्य''

श्रुति कहती है **"मन एव मनुष्याणां कारणं बन्ध मोक्षयोः"** मनुष्य को जब मन पर नियन्त्रण होगा तो मनुष्य नर होके 'नारायण' बनता है, मानव होने पर महान् बनता है, जब मन पर नियन्त्रण ना हो तो मनुष्य मानव हो कर दानव बनता है, नर होके नरक का कीडा बनता है

लल्लेश्वरी के शब्दों में जिस ने अपने मन को नियन्त्रण में नहीं रखा होगा वह मनुष्य रूप में गधा है। भगवद्गीता कहती है जो मनरूपी गधे से दूसरे की केसर वाटिका को नष्ट करते हैं उनके लिये इस प्रकार का दण्ड निश्चित है

तानहं द्विषतः क्रूरान्
संसारेषु नराधमान्
क्षिपामि अजस्रं अशुभान्
आसुरीषु एव योनिषु।।

(अ. १६ श्लो १६)

अर्थः इस प्रकार के मनुष्यों को मैं बार बार आसुरी योनियों में धकेल देता हूं। यह बात लल्लीश्वरी ने इस वाक्य में कही है

''यति ननिस कर तल प्येयि''

गॉफिलो हक् कदम तुल
वुनि छय सुल छ़ांडुन यार।
परकर पेदि परवाज़ तुल
वुनि छय सुल छ़ांडुन यार।। - 47

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

त्वरस्व चरण न्यासै
शेषः कालोऽयमल्पकः।

मार्गयस्व सरवायं स्वं
उड्डीनं कुरुं पक्षिवत्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

ग़ाफिल (निशिचत) ! वेग सहित कदम बढ़ा
अभी समय है ढूँढ ले मीत
अपने लिये पंख जुटा, भरले उड़ान
अभी समय है ढूँढ ले मीत।

अर्थ : हे अबोध साधक! तेज़ तेज़ चल अभी परम शिव के साक्षात्कार में समय है। आप पंख उत्पन्न कर आकाश में उड़ान भर।

व्याख्या : भागवत में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा गया है **"लब्ध्वा कथं चित् नर देह दुर्लभम्"** अर्थ : हे साधक! मनुष्य जन्म प्राप्त करना बहुत ही दुलर्भ है, देवता भी इस मनुष्य जन्म के लिये तड़पते हैं इस कारण वेद मनुष्य को हर समय सचेत करता है और कहता है **"उत्तिष्ठत जाग्रत"** हे साधक ! जरा होशयार रहो केवल आध्यात्मिक योजनाएँ बनाना ही पर्याप्त नहीं है, अपितु योजना को अमली रूप भी दे दो। ऐसा न हो कि आप को उस भौरे क़ी ही दशा हो जाये जो कमल पर बैठ कर कमल की सुगन्धि में मस्त था, ज्यों ही सूर्य अस्त हुआ कमल बन्द हो गया, भौंरा कमल में बन्द हुआ। भौंरे सख्त से सख्त लकडी को काट सकता है तो कमल पत्र को काटना उस के लिये कोई मुश्किल कार्य नही था परन्तु भौंरे ने सोचा कि जितनी देर मैं कमल पत्र को काटूँगा उतनी देर मैं कमल की

सुगन्धि से वंचित रहूँगा। अतः अपने आप को सांत्वना देते हुये कहता है :–

रात्रिगमिष्यति भवति सुप्रभातं
भास्वानुदेश्यति हसिष्यति पंकज श्रीः।
इत्थं विचन्तयति कोशगते द्विरेफे
हा हन्त! हन्त! नलिनीं गज उज्जहार।।

अर्थ : रात जायेगी, प्रभात आयेगा, सूर्य उदय होगा, कमल खिलेगा तो मैं कमल से बाहर निकलूँगा। भौंरा ऐसा सोच ही रहा था कि रात को ही हाथियों का झुण्ड नहाने के लिये इस सर में उत्तरा और नहाते नहाते मदमस्ती करने लगे उन की मदमस्ती से यह कमल नष्ट हो गया और कीचड के साथ मिल गया और भौंरा भी इसी कमल में तड़पते हुये मर गया। इस कारण लल्लेश्वरी मनुष्य को चेतावनी देती है **"वुनि छय सुल छ़ांडुन यार" (परमशिव)**

किसी कश्मीरी कवि ने कहा है

मुसाफिर पानो कड़ान गछ़ कदम,
कदम छिय गँज़रिथ तितिय छिय दम।।

च़्यतु त्वरुग गगन भ्रमुवुन
निमीषि अकि छंडि योज़नु लछ
चे़तनु वगि ब्वदि रटिथ ज़ौन
प्राण अपान संदॉरिथ पॅखुच।। - 48

संस्कृत पद्यानुवाद आश्चार्य राम शास्त्री

चित्ताभिधः सर्वगतिस्तुरङ्गः
क्षणान्तरे योजनलक्षगामी।
धार्यो बुधेन्द्रेण विवेकवल्गा
नोदेन वायुद्वय पक्षरोधात्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मन का घोड़ा है त्वरित आकाश भ्रमणकारी
निमिष मात्रा में लाख योजन तय कर देगा
चित्त तुरग को चेतना की लगाम से वश में करके
प्राणापान युक्त दो पहियों वाले शरीर-रथ को हाँकता चल।

अर्थ : चित्तरूपी घोड़ा आकाश में अपने संकल्पों से क्षणमात्र में अथवा एक पलक में बिना किसी देशकाल की रुकावट के लाखों योजन लांगता है। ओ साधक ज्ञान (चेतना) की लगाम से चित्तरूपी घोडे को वश में करके प्राणापान रूपी दो पहियों से शरीर रथ को हाँके गा वह परम शिव को प्राप्त कर सकता है।

युजर्वेद के इन मंत्रों की ओर ध्यान देने की आवश्यकता हैं:—

यज्जाग्रतो दूरमुदेति दैवं
तदु सुप्तस्य तथैव ऐति।
दूरं गमं ज्योतिषां ज्योतिर्-एकं,
तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।।

अर्थ : जो मन जागते हुये मनुष्य से दूर चला जाता है और सोते हुये के निकट आ जाता है, जो परमशिव के साक्षात्कार का एक मात्र साधन है जो ज्ञानेन्द्रियों का

प्रकाशक और प्रवर्तक है मेरा वह मन शिव संकल्प वाला हो।

सुषारथिर अश्वान् इव, यन्मनुष्यान् नेनीयते
अभीशुभिर् वाजिनः इव हृत प्रतिष्ठं, यत्
अजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिव संकल्पमस्तु।

अर्थ : चतुर तथा बुद्धिमान रथवान जैसे रथ को चलाता है तथा घोड़ों को लगाम द्वारा नियंत्रित करता है उसी प्रकार प्राणियों को नियंत्रित करने वाला, मानस में रहने वाला, कभी भी बूढ़ा न होने वाला, अधिक तेज़ भागने वाला मेरा मन अच्छे संकल्पों वाला हो। इस बात को ध्यान में रखें कि मन, चित्त या बुद्धि जड़ हैं परन्तु इन को चेतना देना वाला ही परम शिव है।

चि़तु त्वरुग वगि ह्यथ रोटुम
च़्यथ मिलविथ दशनाडि वाव।
तवय शशिकल व्यगलिथ वॉछ्म
शून्यस शून्याह मीलिथ गव।। - 49

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :—

नियन्त्रितः खलीनेन मया चित्ततुरंगमः
बद्धो नाडिका युक्तः श्वास प्रश्वास रज्जुभिः।
तदा शशिकला सम्यक् जाता पीयूष वर्षिणी
एवं शून्योमिलत शून्यमभेदे जीव ब्रह्मणोः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

चित्त तुरंग को नियंत्रित किया
दस नाडियों में प्रवाहित श्वासोच्छवास को वश में किया
ज्ञानामृत पिघल कर प्रवाहित हो उठा
शून्य में शून्य हुआ विलीन

अर्थ : लल्लेश्वरी कहती है कि चित्त रूपी घोड़े को अभ्यास से लगाम लगा कर अथवा नियंत्रित करके, दस नाडियों के श्वास प्रश्वास से मन को बांध कर अथवा केन्द्रित कर मेरे सहस्रदल में से आनन्द रूपी अमृत का टपकना आरम्भ हुआ जिस के कारण मुझ में भेदभाव समाप्त हुआ और उस सहजानन्द का अनुभव होने लगा।

व्याख्या : लल्लेश्वरी ने इस वाख में कहा है कि चित्त रूपी घोड़े को अभ्यास की लगाम से मैंने नियंत्रित किया।

अभ्यास किसे कहते हैं ? चित्तरूपी घोड़े को बार बार शुद्ध विचारों में लगाना अभ्यास कहलाता है अथवा योग दर्शन के अनुसार **"तत्तस्थितो यन्तोऽभ्यासः"** मन की सात्विक स्थिति को स्थिर रखना अभ्यास कहलाता है। इस वाक्य में दस नाडियों का वर्णन है वह नाडियाँ जो प्राण वहन करती हैं वह 15 हैं उन में 10 प्रधान हैं जो इस प्रकार हैं **सुषुम्ना, इडा, पिंगला, गान्धारी, हस्तजिह्वा, पूषा, यशस्विनी, शूरा, कुहू, सरस्वती।** अर्जुन भगवान् से पूछता है मन पर नियन्त्रण करने के

कौन कौन से साधन हैं, भवगान् कहते हैं **अभ्यासेन तु कौन्तेय** हे अर्जुन ! अभ्यास से मन को नियन्त्रण में रखा जा सकता है। अर्जुन पूछता है अभ्यास कैसे किया जाता है ? हे अर्जुन ! चित्त को बार बार शुभविचारों में लगाने का प्रयत्न करने से अभ्यास होता है। योग दर्शन में स्पष्ट कहा गया है

"तत्रस्थितो यन्तोऽभ्यासः।"

चित्त की सात्विक स्थिति को स्थिर रखना अभ्यास कहलाता है। लल्लेश्वरी इस वाख में कहती है मैं ने प्राणायाम के अभ्यास से मन को नियंत्रण में किया, जब कि प्राणाभ्यास से मन स्वतः सिद्ध ही संकल्प विकल्प रहित हो जाता है।

पौत ज़ूनि वोथिथ मोत् बोलुनोवुम
दग ललॆनॉवुम दयि सुंज़ि प्रये।
लॅल्य् लॅल्य् करान लालु वुज़नोवुम
मीलिथ तस मन श्रोच़्योम देह।। - 50

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

प्रातः प्रबुद्धा हि व्यबोधयं स्वं
परमार्थ मार्गे चलमन्तरंगम्।
ततः प्रियं श्रावित लल्लनामा
प्राबोधयं धन्यतमा हि जाता।।

हिन्दी काव्यानुवाद

अमृतवेला जाकर मैं ने मनमीत को बहुत दुलारा
ईशानुराग में पीड़ा सह ली
समर्पण भाव से प्रिय को जगाया
उन से हुआ मिलन, मन हुआ विशुद्ध और देह भी
(उन से हुआ मिलन, मन हुआ पवित्र दस इन्द्रिय भी)

अर्थ : रात के आखरी पहर ब्राह्मी मुहूर्त में जाग कर मैं ने इस चंचल मन को परमार्थ की ओर लगाया, इस प्रक्रिया को नियमपूर्वक करने में मुझे बहुत कष्ट हुआ परन्तु इसी ब्राह्मी मुहूर्त के समय मैं **शिवोऽहं शिवोऽहं** बार बार उच्चारण करती रही। इस नियम का पालन करने से मैं पवित्र हो गई।

व्याख्या : लल्लेश्वरी कहती है कि ब्राह्मी मुहूर्त आध्यात्म के मार्ग में सफलता के लिये तथा परमशिव का चिन्तन करने के लिये अथवा परमशिव का साक्षात्कार करने के लिये उत्तम समय है। जगत् गुरु शंकराचार्य भी निर्वाण अष्टक में **अहंब्रह्मास्मि** के स्थान पर **शिवोऽहं** मंत्र को महत्त्व देते हुये कहते हैं

अहं निर्विकल्पी निराकार रूपी
विभुत्वात् च सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणाम्।
नचासंगतं नैव मुक्ति र्न मेयः
चिदानन्दरूपो शिवोऽहं शिवोऽहं

लल्लीश्वरी अध्यात्मवाद की सफलता में अपना अनुभव इस प्रकार प्रकट करती है **ब्राह्मी मुहूर्त** में उठ कर परम ब्रह्म का चिन्तन करना परम शिव से मिलने का मुख्य

समय है। मनु महाराज भी इस का समर्थन करते हुये कहते हैं **"ब्राह्मे मुहूर्ते बुध्येत् धर्मार्थः चानुचिन्तयन्"** धार्मिक पुरुष को ब्राह्मी मुहूर्त में जागना चाहिये। ब्राह्मी मुहूर्त किस को कहते हैं?

मुहूर्त – सूर्योदय से दो घडी पूर्व का समय।

घड़ी – ६० पल या २४ मिन्ट

(रात्रेश्च पश्चिमे यामे मुहूर्तो ब्राह्म उच्यते)

दिन का विशिष्ट भाग, दिन का सवेरे का समय।

तलु छुय ज़्युस तय प्यठ छुख नचान
वन तु माल्य मन क्यथ पचान छुय
सोरुय सोम्बरिथ यतीय छु मोचान
वन तु माल्य अन्न क्यथु रोचान छुय।। - 51

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

निम्नस्थगर्तोपरि नृत्यकारिन्
कथं हि चित्तं रमतेत्र संगतम्
इहैव सर्वं परिहाय गच्छेः
कथं पुनस्ते स्वशनं हि रोचते।

हिन्दी काव्यानुवाद

नीचे गड्ढ़ा हैं और ऊपर तुम नृत्य मग्न हो
प्रिय बता कि कैसे है आश्वस्त तुम्हारा मन
एकत्रित सब कुछ यही रह जाता शेष
प्रिय बता कि अन्न कैसे रुचिकर लगता है।

अर्थ : हे मनुष्य ! आप के नीचे एक खोदा हुआ गड्ढ़ा है आप इस के ऊपर नाचते हो पैर फिसलने पर आप इस गड्ढ़े में गिर जाओगे ऐसा जानते हुये भी आप इस गड्ढ़े के ऊपर नाचते हो

व्याख्या : हे मनुष्य ! आप मुझे बताइये कि आप अपनी रोटी को कैसे पचाते हो यह जानते हुये भी कि एकत्र की गई ऐश्वर्य एवं भोगविलास की सामग्री आप को यहाँ ही छोड़नी है। लल्लेश्वरी कहती है कि हे मनुष्य! मुझे आश्चर्य होता है कि संसार की अस्थिरता जानते हुये भी आप संसार तथा संसार के विषयों के साथ आसक्त हैं। इस वाख में यद्यपि लल्लेश्वरी ने संसार की निन्दा की भी है परन्तु ऐसा भी नहीं कहा है कि हे मनुष्य ! संसार को छोड़ो और जंगल में जाओ, क्योंकि जंगल भी संसार ही है – मनुष्य जीते जी संसार या सांसारिक विषय छोड़ नहीं सकता है परन्तु एक काम अवश्य कर सकेगा कि संसार की अथवा विषयों की असक्ति को छोड सकता है, मनुष्य अनासक्ति की रस्सी से सांसारिक गड्ढ़े में से निकल सकता है। इस लल्ल वाख से सम्बन्धित एक उदाहरण – एक शिकारी जंगल में शिकार कर रहा था शिकार करते करते देर हो गई। सर्वत्र अन्धेरा छा गया। इस जंगल में एक गहरी खाई थी इस खाई में एक बड़े वृक्ष का जड़ आरपार फंसा हुआ था शिकारी देर होने के कारण जल्दी जल्दी घर की ओर चल पडा कि वह इस खाई

में इस तरह गिर गया कि वह इस वृक्ष की जड़ से लटक गया इस जड़ (प्रारब्ध के डंडे) को दोनों ओर से दो चूहे कुतर रहे थे। शिकारी यह देखते हुये सोचने लगा कि जब यह दिन रात रूपी दो चूहे इस डंडे को काटेंगे तो मैं नीचे गिर जाऊंगा नीचे की ओर देखा कि वहां पर एक भयानक सांप मुंह खोले बैठा था तो उसके मुँह से आर्तध्वनि निकली, हे शंकर ! मुझे बचाओ – **त्राहि माम त्राहि माम्।** भगवान् कृष्ण ने भगवद्गीता में प्रतिज्ञा की है कि आपदा में फंसा हुआ जब मेरी शरण में आयेगा मैं उस की रक्षा करता हूँ। **आर्तो जिज्ञासुरार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ।** शिकारी की यह आवाज़ सुन कर एक महात्मा इस खाई के पास पानी भरने के लिये आया और देखा इस खाई में वृक्ष के जड़ के साथ एक आदमी लटका हुआ चिल्लाता है तो महात्मा ने कहा **मा भैष्ठ विद्वन् तव नस्यपायः संसार कूपे तरणोत्युपायः** हे मनुष्य डरो मत, मैं इस खाई से निकालने का उपाय बताऊंगा जो भगवान् ने भगवत् गीता में कहा है **असक्तो ह्याचरन् कर्म परमाप्नोति पूरुषः** अर्थ, मैं अनासक्ति की रस्सी छोड़ूँगा उस को पकड़ कर इस खाई से ऊपर आओ **ये नैव याता यतयो हिपार तमेव मार्ग तव निर्दिशामि** यह अनासक्ति ही राम की वह रस्सी है जिस रस्सी के सहारे जगद्गुरुशंकराचार्य, परंहंस रामकृष्ण, विवेकानन्द, स्वामी राम तीर्थ, अरविन्द जैसे सन्त इस संसार में कार्यरत

रहते हुए भी भवसागर के पार उतर गये।

दिलकिस बागस दूर कर गॉसिल
अदु दयवु फोलिय यम्बुरज़लि बाग़
मरिथ मंगनय वुम्बरि हुंदं हॉसिल
मोत छुय पतु पतु तहसिलदार।। - 52

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः—

चित्तोद्यानात् यथाशीघ्रं कत्तृणं कुरु दूरतः
तदा हेमलतायाश्च प्रसरेत् पुण्य सौरभम्।
यत् कृतं जीवने किंचित तत्कृते मरणान्तरे।
प्रश्नो विधास्यते सम्यक् पश्चात् मृत्यु र्गमिष्यति।।

हिन्दी काव्यानुवाद

हृदय के उपवन से अनावश्यक घासफूस हटा
तब कहीं नरगिस पुष्पों की फुलवारी खिल उठेगी
मर कर माँगे गे जीवन सम्पत्ति का हिसाब
मौत है पीछे पीछे तहसीलदार।

अर्थ : मन के उद्यान से संकल्पविकल्प रूपी गंध को निकाल। हो सकता है वहां पर नरगिस के फूल खिल उठें। ज़िन्दगी तो एक परीक्षा है, मरने के समय मनुष्य की वास्तविकता प्रकट होती है कि यह जिंदगी में सफल रहा है या असफल। मरने के समय यमराज को पाप और पुण्य का लेखा जोखा देना पड़ता है चाहे वह बड़ा हो या छोटा, प्रत्येक प्राणि को यमराज के पास उपस्थिति देनी पडती है। कठोपनिषद् में स्पष्ट उल्लेख मिलता है।

भयात् तपति सूर्यः भयात् इन्द्रश्च,
वायुश्च, मृत्युर्धावति पंचमः

अर्थ : परम शिव के भय से सूर्य गर्मी देता है अग्नि भी गर्मी देता है, इन्द्र और वायु भी अपने काम पर लगे हुये है तथा यमराज भी प्रत्येक प्राणी के पीछे एक ज़ालिम तहसीलदार के समान लगा हुआ है।

परान परान ज़्यव ताल फॅजिम
च़्येय युग्य क्रय तॅजिम नु ज़ाँह
सुमरण फिरान न्योठ तु ओगुँज गजिम
मनुच दुई मालि चॅजिम न ज़ाँह।। - 53

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

अधीयना चिरात् नाभूत्, तव योग्यं न पूजनं
अभूत् च सर्वथा दुःखम् जिह्वातालु विशेषणम्
मालामार्वत मानाया अगुंष्ठकरवल्लरी
छिन्नाजाता परं नैव गता द्वैताभिभावना।

हिन्दी काव्यानुवाद

पढ़-पढ़ के हो गये पत्थर, घिस गये तालु-जीभ
तेरे योग्य उपास्य-क्रिया नहीं कर पाया
घिस गये आँगुरी अंगुष्ठ, माला फेरते
मन का द्वैत प्रिय हुआ न दूर।

अर्थ : पढ़ते पढ़ते मेरी जीभ तथा तालु पीड़ा ग्रस्त हुए, आप की पूजा का विधान क्या है ? मैं वह समझ न

सकी, माला फेरते मेरी उंगली तथा अंगूठा घिस गया परन्तु मन का द्वैत (भाव) दूर नही हुआ।

व्याख्या : लल्लेश्वरी के कहे हुये इन तीन उपदेशों से सम्बन्धित तीन प्रमाण जगद्गुरुशंकराचार्य के मतानुसार **नहि नहि रक्षति डुकृञकरणे** व्याकरण तथा शास्त्रों की रट लगाना जिह्वा तथा तालु का व्यायाम है। **आह्वानं नैव जानामि नैव जानामि पूजनं** हे भगवन् ! मैं नही जानता हूं कि मैं कैसे आप की पूजा करूँ

माला फेरत जुग बयो, फिरा न मन का फेर
कर का मनका डारि दे मन का मनका फेर।

माला फेरते युगबीत गये मगर मेरा मन वैसा ही है जैसा पहले था। हे मनुष्य ! हाथ का मनका छोड़ो, मन का मनका फेर लो तभी आप परम शिव का साक्षात्कार कर सकते हैं।

ग्वरस प्रुछ़ाम सासि लटे
यस नु क्येहँ वनान तस क्या नाव
प्रुछ़ान प्रुछ़ान थॅचिस तुह लूसुस
क्येहँ नस निशिं क्या ताम द्राव।। - 54

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

सहस्रशो गुरुः पृष्ठः
किं नामाज्ञातवस्तुनः।
मौनेनैव-समाज्ञप्ता
सर्वं वाचामगोचरम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

गुरु से मैं ने पूछी बात हज़ार बार
जो ज्ञेय नहीं है उस का क्या नाम
पूछते पूछते थक कर मैं टूट चुकी
अज्ञेय से ही ज्ञात हुआ ज्ञेय।

अर्थ : मैं ने गुरु से हज़ार बार पूछा, जिस का कोई नाम नहीं है उस को क्या कहते हैं ? मैं पूछते पूछते थक गई और अब थक कर हार गई। अन्त में मैं ने समझ लिया कि जहाँ वर्णन सम्भव न हो, कहने को कुछ ना हो, केवल अनुभव किया जाये, वही ब्रह्म है वही परम शिव है।

व्याख्या : ब्रहदारण्यकेपनिषद् के अनुसार : **स एष नेति नेति आत्मा अग्राह्यः** वह परम शिव अनिर्वचनीय है। उसे **नेति नेति** कहते हैं। यह ब्रह्म की अनन्तता सूचित करने वाला एक औपनिषद् वाक्य है। इसका अर्थ है कि ब्रह्मा या ईश्वर की महिमा अपार है। अंत नहीं है, अंत नहीं है तब नहीं के पश्चात जो शेष रहता है वही **अहमस्मि** परमशिव है।

यॆम्य लोभ् मनमथ मद चूर मोरुन
वति नॉश मॉरिथ ति लोगुन दास
तॆम्य सहज़ ईश्वर ग्वरुन
तमी स्वोरुय व्यॆन्दुन सास। - 55

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री

योमारयित्वा मदलोभ कामान्
अभिमान शून्यः प्रभुदास एव।
प्राप्ति तदाभूत सहजेश्वरस्य
भूर्तिभवेत् भस्म समानमेव।।

हिन्दी काव्यानुवाद

लोभ, काम, अंहकार रूपी चोरों को जिस ने मारा
पथ-विनाशकों को मार कर भी दास-भाव में रहा
उसी ने सहज भाव में ईश्वर को तलाशा
बाक़ी सब कुछ माना भस्मावशेष।

अर्थ : जिस ने लोभ, कामवासना तथा अभिमान रूपी चोरों को मार कर, हटाकर स्थितप्रज्ञ, निरभिमानी बना लिया, मानिये, उस ने परमशिव को पा लिया। उस की दृष्टि में सांसारिक सभी ऐश्वर्य राख के समान होते हैं। इस विषय में श्रीमद्भगद्गीता कहती है :

त्रिविधं नरकस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।
कामः क्रोधः तथा लोभस्तस्मात् एतत् त्रयं त्यजेत्।।

(अध्याय 16, श्लोक 21)

अर्थ : काम, क्रोध, लोभ ये तीन आत्मशक्ति का नाश करने वाले नरक के तीन द्वार है।

अंहकारं, बलं, दर्पं, कामं, क्रोधं व संश्रिताः।

(अध्याय 16, श्लोक 18)

अर्थ : आसुरी लोग अंहकार, बल, दर्प, काम, क्रोध का

आश्रय लेकर जगत् के नाश का कारण बनते हैं।

लॅलिथ लॅलिथ वदय ब्व वाय
चित्ता मुहुच प्ययी माय
रोज़ी नो पतु लोह-लंगरुच्य छ़ाय
तिज़ि स्व रुप क्याह् मोठुय हाय। - 56

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

रे-चित ! रुदयां त्वयि वारवारम्
बद्धं त्वमस्मिन् दृढ मोह जाले
किञ्चित् न यास्यति त्वया सह लोक वस्तु
किं विस्मृतं निजस्वरूपमनूपरूपम्।

हिन्दी काव्यानुवाद

भारी मन से फूट फूट कर रोऊँगी, दुखी होकर
हे चित्त ! भौतिक मोहमाया में उलझ गये
फिर तेरा साथ नहीं देगा यह सांसारिक व्यवहार
हाय ! तुझे अपने स्वरूप की सुध न रही।

अर्थ : रे मन ! मैं तुम्हारे लिये फूट फूट कर रोऊं तुम माया में बुरी तरह फस गये, शरीर छोडने पर घर गृहस्थी की सुख सामग्री यह सारा लोहलंगर यहाँ ही छोड़ना है। तुम्हे अपने निज स्वरूप की सुध न रही। जगत् गुरु शंकराचार्य कहते हैं

मा कुरु जनधन यौवन गर्वं
हरति निमेषात् कालः सर्वम्।
मायामयमिदमखिलं हित्वा
ब्रह्मपदं त्वं प्रविश विदित्वा।

अर्थ : हे मनुष्य ! परिवार, धन, ऐश्वर्य एवं यौवन का गर्व मत कर। काल एक क्षणमात्र में तुम से यह सब छीन लेगा। ऐसा जान कर अपने स्वरूप को जानने का प्रयत्न कर।

ओम्कार यलि लयि ओनुम
वुह्यय कोरुम पनुन पान
शे वोत त्रॉविथ सथ मार्ग रोटुम
येलि लल ब्व वॉचुस प्रकाशस्थान। - 57

संस्कृत पद्यानुवाद आचार्य राम शास्त्री

ओंकारमात्मसात् कर्तुं कार्यं प्रेमाग्निनाऽदहम्
अतीत्ययोगषण्मार्गान् सप्तमं मार्गमास्थिता।
लल्लाहं तदा प्राप्ता प्रकाशस्मानमुत्तमम्
दुर्लभं लब्धमस्माभि कथञ्चित् शाश्वतं पदम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

ओम्कार में जब हो गई लय
तो शरीर बन गया इक अंगारा
छः पड़ाव तय करके सत्पथ / सदमार्ग पर आगे निकली
तब मैं लल पहुँची प्रकाशस्थान।

(छः पड़ाव – कुंडलिनी योग के छः पड़ाव)

अर्थ : ओंकार को अपने में लय (आत्मसात्) करने के लिये मुझे मानिये अपने देह को अग्नि में तापना पडा, फिर षडदलों को लांघ कर सहस्त्रदल में पहुँच कर उस परम पद को पाया जिस को पाकर वापस आना नहीं पड़ता।

व्याख्या : ॐकार की उपासना ब्रह्म की उपासना है। **'ओंकारं ब्रह्म'** योग की यद्यपि भिन्न भिन्न साधनायें अथवा मार्ग है परन्तु लल्लेश्वरी के वाखों से यह निश्चय होता है कि उस ने **ॐ** का ही सहारा लेकर परमपद प्राप्त किया है। कठोपनिषद् में स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्
एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते।।

(अध्याय 1, वल्ली 2, श्लोक 16)

अर्थ : ओंकार ही पर ब्रह्म परमात्मा की प्राप्ति के लिये सब प्रकार के आलम्बनों में से संबसे श्रेष्ठ आलम्बन है जो साधक श्रद्धा और प्रेमपूर्वक इस पर निर्भर करता है वह परं शिव का साक्षात्कार कर सकता है। ॐ (नाद) की ध्वनि स्वभावतः सारे शरीर तथा चारों ओर से निकलती है, इसी को आनाहत ध्वनि कहते है।

साम्बपञ्चाशिका में दर्ज है

"ॐ इत्यन्तर्ननदति नियतं यः प्रति प्राणि शब्दो"

प्रत्येक प्राणी के हृदय में **ॐ** शब्द का निरन्तर उच्चारण

होता रहता है। लल्लेश्वरी ने भी बार बार इसी ॐ महामन्त्र के जप की प्रेरणा की है। इसी वाख में कहा है कि षड् कमलों को लांघ कर—विकसित कर ही मैं सहस्रार में पहुंची – जहाँ मैं ने वह प्रकाश देखा जहाँ सभी प्रकाश मध्यम पड़ जाते हैं। यह षढ चक्र मनुष्य देह में क्रमशः इस प्रकार स्थित है **मूलाधार, स्वाधिष्ठान मणिपूर, अनाहत, विशुद्धाख्य एवं आज्ञाचक्र**। इसके पश्चात् सहस्रार में प्रवेश मिलता है :—

चिदानन्दस ज्ञयान प्रकाशस
इमौ च्यूनय तिम् ज़ीवन्य मुक्ती
विष मिस् समसारनिस पाश्यूस
अबुद्धव् गण्डशत् शत् दितिय्।। - 58

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य

चिदानन्दो ज्ञानरूपः
प्रकाशाख्यो निरामयः।
यैर्लब्धो देहवन्तोऽपि
मुक्तास्तेऽन्येऽन्यथा स्थिताः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

चिदानन्द ज्ञान प्रकाश को
(शुद्ध ज्ञान स्वरूप शिव)
पहचाना जिन्होंने, वे जीवन्त हुए मुक्त
विषम संसार मोह पाश में
फंस गये अबोध, शतशत गांठों में उलझकर।

अर्थ : जिन को चिदानन्द और ज्ञान प्राकश की अनुभूति हो गई वे जीवन मुक्त हैं। जो इस अवस्था पर पहुँचे नहीं वे अबोध संसार के विषमपाशों में सौ सौ गांठों से बन्धे पडे रहते हैं।

व्याख्या : मुण्डकोपनिषद् में मूल अभिप्राय की अभिव्यक्ति इस प्रकार देखने को मिलती है:–

भिद्यते हृदय ग्रन्थि शिछ्यन्ते सर्व संशयाः
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे।।

(खण्ड 2, श्लोक 8)

अर्थ : जिन साधको ने उस शिव को तत्त्व से जान लिया। उन के सभी अविद्या रूप गांठ खुल जाते हैं। जीवन के सभी बन्धन मुक्त हो कर जीवन्मुक्त हो जाते हैं। जिन मूर्खों को ऐसा लाभ मिला नहीं वे संसार के बन्धनों में उलझे रहते हैं।

छ़ाँडान लूसुस पॉन्य पानस
छ़ेपि ज्ञानस वोतुम न कूँछ़
लय कॉरमस तु वॉचुस अलथानस
बरॅय बॅरय बानु तु चवान न कूँछ़। - 59

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

स्वात्मान्वेषणयत्न मात्रनिरता, श्रान्ता ततोहं स्थिता
तत् ज्ञानैकमहापदेति विजने, प्राणादिरोधात्ततः।
लब्ध्वानन्द सुरागृहं च तदनु, दृष्टवात्र भाण्डा यत्नं
पूर्णान्येव तथापि तत्र विमुखः प्राप्तोजनः शोचितः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

अपनी खोज करते करते मैं थक गई
गुप्त ज्ञान तक पहुँच न पाया कोई
जब हुई लय तो पहुँची मूल केन्द्र पर
अमृत चषक भरे पड़े हैं, नहीं है पीने वाला कोई।

अर्थ : उस परम शिव को ढूँढते–ढूँढते मेरा शरीर चूर चूर हो गया परन्तु उस ज्ञान रूप शिव को पा न सकी, जब मैं अन्तर्मुख हुई अथवा ध्यानावस्थित हुई तो मैं अमृत के कुण्ड सहस्रार में पहुँची और उस अमृत का पान किया। जिस के पान करने पर कुछ शेष रहता नहीं। वहाँ अमृत से बरतन भरे पडे हैं परन्तु उन को पीने वाला कोई नही है।

व्याख्या : इस वाख से सम्बन्धित 'अध्यात्म रामायण' का यह श्लोक देखने योग्य है :–

एवं विधे ज्ञानमये सुखात्मके,
कथं भवो दुःखमयः प्रतीयते।
अज्ञानतोध्यासवशात् प्रतीयते
ज्ञाने विलीयेत विरोधतः क्षणात्।।

अर्थ : मनुष्य यदि अमृत का केन्द्र है (सब सुख शान्तिपूर्वक है) तो यह संसार दुःखमय कैसे प्रतीत होता है। मनुष्य का अज्ञान ही इस का कारण है – अज्ञान से तात्पर्य सत्य को असत्य, नित्य को अनित्य मानना।

ज़ननि ज़ायायि रॅत्य तय कॄत्य
करिथ व्वदरस् बहु कलेश
फीरिथ द्वार बज़नि वॉत्य तॉत्यी
शिव छुय क्रूठ तय चे़न उपदेश। - 60

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :

प्रसूदरं क्लेशयुतं विनीय
जातो मलाक्तोऽप्यनुयाति सन्ततम्।
यत्प्रेरितः सौख्यधिया नरः स्त्रीं
कष्टेन लभ्यं शृणु तं गुरोः शिवम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

अच्छे बुरे सभी जन्मे अपनी जननी से
गर्भाशय को पीड़ित कर के
पुनः लौट के आये, रहे द्वार पर प्रतीक्षारत
शिव को पाना है मुश्किल, उपदेश की तह में जाओ।

अर्थ : माता के उदर को बहुत पीड़ा पहुँचाकर अच्छे बुरे सब जन्मे। तुम बार बार प्रारब्धानुसार नया जन्म धारण करने के लिये उसी गर्भ में वापिस मुड़ कर पहुँच गया। रहा द्वार पर प्रतीक्षा रत। हे मानव ! इस उपदेश को समझ तुम उस शिव से मिलने का प्रयत्न कर। उस को पाना बहुत दुर्लभ है। उसे पाकर ही आवागमन के चक्कर से मुक्त हो जाओगे।

व्याख्या : जगद्गुरु शंकराचार्य ने इस गर्भयातना के विषय में एक स्तोत्र लिखा है उस स्तोत्र का पहला श्लोक है :—

आदौ कर्म प्रसंगात् कलयति कलुषं

मातृ कुक्षौ स्थितं मां।
विठमूत्रामेध्यमध्ये क्वथयति नितरां
जाठरो जातवेदाः।
यत् यत् वै तत्र दुःखं व्यथयति नितरां
शक्यते केन वक्तुं।

भावार्थ : जब मैं प्रारब्धवश माता के गर्भ में आता हूँ वहाँ मैं विष्ठा मलमूत्र चरबी में जाठराग्नि से पकाया जाता हूँ वह मैं ही जानता हूँ कि मैं ने वहाँ कितने कष्ट सहन किये हैं जिन का मैं वर्णन नहीं कर सकता हूँ।

ऐसे ही गर्भरूपी जेल में मनुष्य प्रारबध वश बार बार आता है लल्लीश्वरी भगवती कहती है हे मनुष्य! यदि आप इस आवागमन के चक्र से मुक्त होना चाहते हैं तो इस के लिये एक ही उपाय है "उस परंशिव को जानने का प्रयत्न कर। लल्लीश्वरी बार बार शिवजानने के विषय में क्यों कहती है? क्योंकि वेद भी यही कहता है **"लक्ष्यं तदेवाक्षरं ब्रह्म विद्धि"** हे मनुष्य! आपके जीवन का लक्ष्य है परम शिव को जानना, श्रुति भी यही कहती है **"नान्यः पन्थः विद्यते यनाय"** हे मनुष्य! शिव जानने के लिये आप विवश हैं उसके जानने के बिना आपको शान्ति नहीं मिलेगी, प्रत्येक प्राणी ईश्वर का अंश है जब तक अंश अंशी के साथ मिलेगा नहीं, जब तक बिन्धु सिन्धु के साथ नहीं मिलेगा अथवा जब तक नर नारायण नहीं बनेगा तब तक आपकी तडप

समाप्त नहीं होगी ना ही आप को शान्ति आयेगी। उत्पलदेव भी यही कहते हैं। **"सोख्यम् एष भवतः समागमः"** मनुष्य को तभी शान्ति आयेगी जब उसको परम शिव का समागम होगा।

दमादम् कोरॅमस् दमन् हाले
प्रज़ल्योम दीप् तु ननेयम् ज़ाथ्
अँदर्युम प्रकाश न्यबर छ़ोटुम
गटि रोटुम तु करॅमस् थफ। - 61

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :—

ततः प्राणा निरोधेन
प्रज्वाल्य ज्ञानदीपिकाम्।
स्फुटं दृष्टो मया तत्र
चित् स्वरूपो निरामयः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

प्राणायाम क्रिया से किया नियंत्रित श्वास धीरे-धीरे
प्रज्वलित हुआ दीप और मिल गई पहचान
भीतरी प्रकाश को बाहर प्रकटाया
घट के भीतर पाया और जाने न दिया।
(घट - देह, पिंड)

अर्थ : प्राणायाम में कुंभक क्रिया से, चित्त को एकाग्र करके मेरे हृदय में ज्ञानरूपी दीप प्रज्जवलित हुआ जिस के द्वारा मैं ने वास्तविक स्थिति का अनुभव किया। मैं ने उस अन्तः प्रकाश का बाहर प्रसार किया।

जो ज्ञान मैं ने अज्ञान के अन्धेरे को नाश करके प्राप्त किया था उस को मैं ने दृढता से पकड़ लिया।

द्वादशान्तु मण्डल यस दीवस थजि
नासिक्य पवन अनाहत् रव्
स यस् कल्पन् अन्ति चृजि
पानय दीव तु अर्चुन कस्। - 62

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :—

यो द्वादशान्ते स्वयमेव कल्पिते
सदोदिते देवगृहे स्वयं स्थितः।
संप्रेरयन् प्राणरविं स शंकरो
यस्यात्मभूतः स कमर्चयेत् बुधः।

हिन्दी काव्यानुवाद

द्वादशान्त मंडल - जो स्थल है देवका
प्रश्वास-निश्वास क्रिया को अनाहत रव से नियंत्रित कर
क्षण में मानस का भय-कम्पन हो जाता शान्त स्वयं
(लीनावस्था में) स्वयं वह देव है तो पूजा किस की!

अर्थ : जिस ने द्वादश मण्डल हृदय को देवस्थान मान लिया है जिस ने प्राणापान के रोकने के अभ्यास से अनाहत शब्द को अनुभव कर लिया हो, जिस ने मन को संकल्पविकल्प से रहित किया हो, वह मानिये स्वयं ही शिव है वह साधक अब किस देवता की अर्चना करे।

व्याख्या : श्वेताश्वतर् उपनिषद् इस वाख का समर्थन करते हुये कहता है

अणोरणीयान् महतो महीयान्
आत्मास्य जन्तो निहितो गुह्ययां।
तमक्रतुं पश्यति वीत शोको
धातुः प्रसादात् महिमानमात्मनः।।

(अध्याय 3, श्लोक 20)

अर्थः वह सूक्ष्म से भी सूक्षमतर और विशाल से विशालतर है वह परमशिव जीव की हृदय रूपी गुफा में छिपा है। जिस पर शिव की कृपा होगी वह कामना रहित साधक उस परमशिव का साक्षात्कार कर सकता है। इस वाख में लल्लेश्वरी कहती है जिस ने अनाहत (ख) शब्द का अनुभव किया है उसने परमशिव का साक्षात्कार किया है। इस 'अनाहत' शब्द के बारे में कुछ जानकारी इस प्रकार दी जाती है। जब साधक को प्राणापाण के रोकने (कुम्भक) से मन की एकाग्रता प्राप्त हो जाती है तो उसे एक ऐसी ध्वनि सुनाई देती है जिस ध्वनि में वह आनन्द का अनुभव करता है दो पदार्थों के टकराव से ध्वनि पैदा होती है परन्तु यह ध्वनि स्वतः सिद्ध ही उत्पन्न होने से 'अनाहत' ध्वनि कहलाती है। **'ॐ'** आद्य शब्द होने से अनाहत कहलाता है।

ओमित्यन्तर्नदति नियतं यः प्रति प्राणि शब्दो (साम्बपञ्चाशिका)
ध्यानाभ्यास हो जाने पर हृदय के अन्दर एक अद्भुत शब्द सुनाई पड़ता है वह ध्वनि ॐ की ही ध्वनि होती है जिसे 'अनाहत' ध्वनि कहते हैं।

दमन बसति दितो दम
तिथय यिथु दमन खार
शॅस्त्रस स्वन गछ़ी हॉसिल
वुनि छय सुल त छ़ाण्डुन यार। - 63

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :–

प्राणापान समानाडी
नैक्ये सम्यगवेदिषम्।
तान्निरुध्यापरोनापि
सोऽहं स्वादमवाप्नुयाम्।

हिन्दी काव्यानुवाद

(प्राणायाम से)
स्वरं-यंत्रा को सक्रिय बना कर
ठीक वैसे जैसे लुहार की फुकनी
लोहा बदल जाये गा सोने में
अभी समय है ढूँढ ले मीत।

अर्थ : प्राण और अपान को मैं ने एक जैसा जाना जब कि ये दोनों एक दूसरे से शक्तिशाली हैं परस्पर एक दूसरे से बढत लेना चाहते है उन दोनों को रोकने पर ही मैं ने शिव रूपी अमृत का पान किया अर्थात् प्राणाभ्यास से ही मैं ने परम शिव का साक्षात्कार किया।

व्याख्या : साम्बपञ्चाशिका में इस लल्लवाक्य का समर्थन इस प्रकार किया गया है।

प्राणापानौ वहति च समौ यो मिथोग्रासक्तौ
देहस्थं तं सपदि परमादित्यमाद्यं प्रपद्ये।

भावार्थ : प्राण और अपान प्राणी में एक दूसरे को ग्रास करने में लगे हैं, जब देह में प्राण अपान साम्यावस्था में रहेंगे तब ही शरीर नीरोग रहता है। इस श्लोक में साम्बजी चित्तसूर्य को प्रणाम करता है जो इन दोनों प्राण अपान को साम्यावस्था में रखता है, वही परम शिव है।

पवन पूरिथ युस अनि वगि
तस् ब्वना स्पर्श न ब्वछि तु त्रेश
तिह्यस करुन् अन्ति तगि
सम्सारस सुई ज़्ययिनु न्येछ। - 64

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :—

यः पूरकेण चित्तं स्वं
रोधयेत् क्षुत् तृडादिकम्
न पीडयति संसारे
सफलं चास्य जीवितम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

प्रश्वास (पूरक, कुम्भक, रेचक) को जो नियंत्रण में लासके
उसे न भूख सताये गी और न प्यास
जो अन्त तक इस का पालन कर सके
वही संसार में सिद्ध-मनोरथ होगा।

अर्थ : जो वायु को अन्दर खींच कर कुम्भक के अभ्यास से मन को नियंत्रित करता है उस साधक को न भूख

सताती है और न प्यास जो अन्त तक प्राणाभ्यास से मन को नियन्त्रण में रखता है उस का जीना सफल है।

कठोपनिषद् में लल्लेश्वरी के प्रस्तुत वाख में निहित मूल अभिप्राय को इस प्रकार अभिव्यक्ति मिली है :–

विज्ञानसारथियस्तु मनः प्रग्रहवान् नरः
सोध्वनः पारमाप्नोति तत् विष्णोः परं पदम्।।

(अध्याय 1, वल्ली 3, श्लोक 9)

भावार्थ : विवेकशील मन को वश में करके, इन्द्रियों को विपरीत मार्ग से हटाकर उस परमशिव को प्राप्त किया जाता है। लल्लेश्वरी भी इस वाख में यही कहती है परम शिव से मिलाने का मुख्य साधन मन का नियन्त्रण है।

यिमय शे चे़ तिमय शे मे
श्याम गला चे़ ब्यन तोट्टस - छुह्
योहय ब्यन भीद चे़ तु मे
च़ शन स्वॉमी बे शे मुशिस। - 65

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :–

यदेव षट्कं ते देव,
तदेव च मम प्रभो।
नियोक्ता त्वं नियोज्याहं
तस्यास्तीत्यावयोर्भिदा।।

हिन्दी काव्यानुवाद

जो छः तत्त्व हैं तुझ में वहीं है मुझ में भी
नीलाकंठ ! तो भी भिन्न हूँ तुझ से पीड़ित-ताड़ित
यह भिन्नत्व है तुझ में और मुझ में
आप हैं छः के स्वामी मुझे लूटा है छः ने।

अर्थ : हे शंकर ! जिन छः उपाधियों, **ईश्वरत्व, कर्तृत्व, सर्वज्ञत्व, पूर्णत्व, नित्यत्व, व्यापकत्व** गुणों से आप युक्त हैं ऐसे ही छः गुणों से मैं भी युक्त हूँ वह हैं **काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य।** आप में और मुझ में यही भेद है यह छः काम क्रोध आदि आप के वश में हैं और मैं इन के वश में हूँ।

श्री माधवाचार्य पंचदशी में इस वाख के अर्थ तत्त्व का समर्थन करते हुए लिखते हैं :-

"माया बिम्बो वशीकृत्य तां स्यात् सर्व ईश्वरः"

अर्थात् : माया के जितने भी विकार हैं वे जिस के नियन्त्रण में हैं वही ईश्वर कहलाता है। लल्लीश्वरी इसी वाख में कहती है **च़े ब्यन तॉटस** आप से भिन्न होने पर मैं दुःख अनुभव करती हूं।

उत्पलदेव के कथन से भी इस वाख के मूल अभिप्राय को बल मिलता है

संग्रहेण सुख दुःख लक्षणं
मां प्रति स्थितं इदं श्रणु प्रभो।
सौख्यमेष भवता समागमः
स्वामिना विरह एव दुखिता।

भावार्थ : हे प्रभो ! मैं ने ऐसा अनुभव किया कि सुख कहाँ और दुःख कहाँ है। जब मैं आप की ओर आने लगता हूँ तो सुख का अनुभव करता हूँ, जब आप से विमुख (दूर) होता हूँ तो दुःख का अनुभव करता हूँ।

मनस् त भवसरस् छु तु
कोप निरता नार-छ्वख्।
ल्यक लज़िताय् ब्वह् नो कुने
तुलि तुल् ताय् तूलु ना केहं।। - 66

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः

क्रुद्धं मनो वह्निसमान रूपं
तिरस्कृतं भारनतं विभाति।
विचारतः सर्वविकारहीनं
विशुद्ध बोधैक स्वरूपमेव।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मान ले इस मन को भव सागर
मूल में है क्रोध के शोले आग की लपटें
अपशब्द मिलें गे यदि तोल करोगे
तोल करोगे तो कोई क़द्र (इज़्जत) नहीं।

अर्थ : हे मानव ! यह मन एक भवसागर है यदि इस को खुला छोडोगे तो इस में गाली गलौच डंडे उठाने की नौबत आती है। ऐसे ही ईर्ष्या द्वेष वैर रूपी वडवानल की ज्वालायें छूटेंगी जिन को वज़न करना तुम्हारे लिये कठिन होगा।

व्याख्या : मन यद्यपि स्वभाव से सात्विक अंशों से बना है परन्तु 84 लाख जन्मों में से घूम कर आने से इस को पाशविक संस्कार ही हर एक जन्म में प्रभावित करते हैं यदि इस को ढील दी जायेगी तब मानिये यह सभी हिंसक पशुओं में अग्रगण्य है इसलिए भगवान् अर्जुन से कहते है :-

असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम्।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।।

(अध्या 6, श्लो 35)

हे अर्जुन ! निःसन्देह मन चंचल और कठिनता से वश में होने वाला हैं परन्तु यह अभ्यास तथा वैराग्य से वश में आता है गीता के अध्याय 12 श्लोक 9 के अनुसार भगवान् के नाम और गुणों का श्रवण, कीर्तन, मनन इत्यादि से तथा श्वास के द्वारा जप और भगवत् प्राप्ति विषयक शास्त्रों का पठन-पाठन चेष्टायें भगवत्प्राप्ति के लिये बार बार करने को "अभ्यास" कहते हैं।

कामस सुत्य प्रय नो बरुम
क्रूधस् द्युतुम पवनुन फेश
लूभस मूहस चरन चॅटिम
तृष्णा चुजिम गयस ख्वश। - 67

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री :-

कामं न कामये किञ्चित् क्रोधाग्निनिर्वापिता
लोभस्य दुष्ट मोहस्य चरणौ शातितौ मया।

एतावति कृते यत्ने तृष्णा निर्गताम
तदाहं सर्व भावेन जीवने मुदिताभवम्।

हिन्दी काव्यानुवाद

नहीं बन्धी कामाकर्षण में
नियंत्रित किया क्रोध प्राणाभ्यास से
लोभ मोह के बन्धन तोड़े
तृष्णा मिटी, प्रसन्नचित में।

अर्थ : मैं ने काम के साथ कोई लगाव नहीं रखा, क्रोध को प्राणाभ्यास पवन के द्वारा जड़ से उखाडा, लोभ और मोह के चरण काट दिये फिर मेरी तृष्णा (आसक्ति) समाप्त हुई फिर मैं कृतकृत्य हुई अर्थात् परमशिव का साक्षात्कार मुझे प्राप्त हुआ।

तन्त्र गलि तय मन्त्रर म्वचे
मन्त्रर गोल तय म्वतुय च़्यथ
च़्यथ गोल ताय केहँ ति ना कुने
शून्यस शून्याहः मीलिथ् गव्। - 68

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्य :–

तन्त्रं सर्वं लीयते मन्त्र एव
मन्त्रश्चित्ते लीयते नादमूलः।
चित्ते लीने लीयते सर्वमेव
दृश्यं द्रष्टा शिष्यते चित्त् स्वरूपः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

तंत्र हुए अर्थहीन मंत्र रह गये शेष
मंत्र हुए सारहीन चित्त रह गया शेष
चित्त हुआ दिशाहीन कुछ न रहा शेष
शुन्य के साथ शून्य हुआ विलीन।

अर्थ : शास्त्रविहित कर्म चेष्टा के उपरान्त जप, योगादि आरम्भ हुआ, जब जपादि की प्रक्रिया समाप्त हुई तो ज्ञानमय तत्त्व शेष रहा, ज्ञान समाप्त होने पर कुछ भी शेष नही रहा।

इसी वाक्य का वर्णन भवगद्गीता में इस प्रकार है

द्रव्य यज्ञास्तपोयज्ञा योग यज्ञास्तथापरे।
स्वाध्याय ज्ञानयज्ञाश्च यतयः संशितव्रताः।।

(अध्या 4 श्लो 28)

अर्थ : कुछ लोग भौतिक सम्पति का होम करके द्रव्य यज्ञ करते हैं कुछ लोग तपस्या करके तपोयज्ञ करते हैं कुछ योग विद्या का अभ्यास करके योग यज्ञ करते हैं कुछ स्वाध्यायादि करके ज्ञान यज्ञ करते हैं ज्ञान यज्ञ के अन्त में बाकी कुछ करना शेष नहीं रहता।

व्याख्याः पतंजलि कृत योग–शास्त्र में लिखा है **"चित्तवृत्ति निरोधः योगः"** चित्त को एकाग्र करना योग कहलाता है। साधना के बिना चित्त की एकाग्रता सम्भव नहीं प्राणायाम मन को एकाग्र करने का साधन है इस साधन को व्यवहार में लाकर लल्लेश्वरी ने तथ्यानुभव किया। चित्त दो पदार्थो से घेरा हुआ है एक तो प्राणों का स्पन्दन दूसरी वासनायें। प्राणायाम विध्यनुसार करने

से प्राणों का स्पन्दन नियंत्रित होने से वासना भी दब जाती है, सभी कर्मेन्द्रियों और ज्ञान इन्द्रियों का व्यापार रुक जाता है। प्राणायाम करने से इन्द्रियों के सब दोष उसी तरह नष्ट हो जाते हैं जैसे आग में तपाने से सोना, लोहादि धातु के सभी दोष नष्ट हो जाते है।

प्राणायाम की संक्षिप्त विधि

मनुष्य साधारण स्थिति में एक मिनट में प्रायः 15 श्वास लेता है, श्वास की गति चार प्रकार की है। (क) श्वास का अन्दर जाना (ख) श्वास का बाहर निकलना (ग) श्वास का भीतर रुकना (घ) श्वास का बाहर रुकना। जब श्वास भीतर जाता है उसे **श्वास** कहते हैं। जब बाहर निकलता है तो उसे **निश्वास** कहा जाता है, अन्दर अथवा बाहर रुकने पर उसे **विराम** कहते हैं। प्राणायाम के मुख्य तीन भेद है।

पूरक - श्वास को अन्दर ले जाना

रेचक - श्वास को बाहर निकालना

कुम्भक - श्वास–निश्वास को रोक के रखना।

यह समस्त चराचर सृष्टि परमात्मा की मानसिक सृष्टि है उसी के अन्तर्गत मनुष्य भी है अतः मनुष्य मनोबल पर ही स्थित है। जब मनुष्य प्राणवायु के रोकने से मन को एकाग्र करता है तो मनुष्य शक्तिशाली बनता है और प्रकाश के प्रवाह में बहने लगता है जिस प्रकाश से अन्य सभी प्रकाश मन्द पड़ते हैं जैसा कि लल्लेश्वरी ने भी वाक्य के अन्त में कहा है **"शून्यस शून्याहः**

मीलिथ गव"।

राजस बॉज्य यॅम्य करतल पॉज्य
स्वरगस बॉज्य छुय तफ तॉय दान
सहज़स बॉज्य यॅम्य ग्वर कथ पॉज्य
पाप पुन्य बॉज्य छुय पनुनुय पान।। - 69

संस्कृत पद्यानुवाद आश्चार्य राम शास्त्री

यः खड्गहस्तः लभते स्राज्यं
करोति पुण्यं लभते स नाकम्।
गुरूपदेशे शिवदर्शनं स्यात्
नरो हि हेतु र्निज पाप पुण्ययोः।

हिन्दी काव्यानुवाद

जिस का लक्ष्य है शत्रु दमन वह राज्य भागी है
जो तप और दान का निर्वाह करता स्वर्ग में जाता है।
जिस ने गुरूपदेश को पाला सहजगति पाई है
अपने आप ही जीव पाप और पुण्य का भागी है।

अर्थ : राज्य का भागीदार वही बन सकता है जो शूर हो, तलवार उठाता हो। स्वर्ग का भागीदार वही बन सकता है जो दान धर्म तप करता है, जिसने गुरुपदेश ग्रहन किया वह सहजगति का भागीदार बनजाता है। मनुष्य जैसे कर्म करता है उसी के अनुसार उसे पुण्य पाप का भागीदार बनना पडता है।

व्याख्या : मनुष्य शक्ति का केन्द्र है वह शक्ति प्रकट कैसे होती है इस के विषय में उपनिषद् में कहा गया है

" कुर्वन्नेव हि कर्माणि जिजीविशेत् शतं समाः"। कर्म करता जा उसी में तुम्हारे जीवन की सफलता है, शुभ कर्म करने पर शुभफल मिलेगा अशुभ कर्म करने पर अशुभ फल मिलेगा उस शुभ या अशुभ फल के भागीदार आप स्वयं है। गीता के अनुसार अनासक्त भाव से कर्म करने से जीवन सार्थक होता है। अतः निस्वार्थ कर्म रत रहने से मुक्त हो जाओ गे।

केंचनु रञ्ि छय शिहिज बूञ्ि
न्यबर नेरौ शुहुल करौ।
केंचनु रञ्ि छय बर-प्यठ्ठ हुञ्ि
नेरौ न्यबर तु जंग् ख्ययि वो।
केंचन् रञ्ि छय अदल्-त-वदल्
केंचन् रञ्ि छय ज़दल छ़ाय।। - 70

संस्कृत पद्यानुवाद आचार्य श्री राम शास्त्री

छायायुक्तः चिनार-वृक्ष कल्पाः
काश्चित भवन्तयङ्गनाः
केषां चित् प्रमदा भ्रमन्ति
भुवने कौलेयवृत्तिंगताः।
काश्चित् चापलचर्चिता
नव नवं पुष्पान्तरं कुर्वते
काश्चित् छाया धर्मकर्म कुशलाः
साहाय्यमा तन्वते।।

हिन्दी काव्यानुवाद

कुछ लोगों की पत्नियाँ हैं जैसे शीतल चिनार
बाहर निकलें तो छाया का सुख मिले
कुछ लोगों की पत्नियाँ हैं जैसे द्वार पर कुतिया
(बाहर निकलें तो काट खायें गी)
कुछ लोगों की पत्नियाँ क्षोभ ग्रस्त कर देती हैं।

अर्थ : कुछ पतिव्रता नारियां गृहस्थ में एक चिनार वृक्ष के समान ठंडी छाँह (छाँव) वाली होती हैं। कुछ गृहिणियाँ अपने कुकर्मो के कारण द्वार पर बैठी हुई काटने वाली कुतिया के समान होती है, जो हर समय काटने पर तत्पर रहती है। कुछ गृहिणियाँ स्वभाव से ही झगड़ालू होती हैं अथवा चरित्रहीन होती हैं, कुछ पतिव्रता स्त्रियां ऐसी होती है जो हर समय हर दुःख तथा हर सुख में छाया के समान अपने पति के साथ रहती हैं।

भावार्थ : लल्लेश्वरी ने यह वाक्य गृहस्थियों के विषय में कहा है। हमारी संस्कृति का मूलाधार वेद है। वेदों ने गृहस्थाश्रम को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। वेद भगवान् कहता है **'अथोवा अयमात्मा सर्वेषां भूतानां लोकः'** जिस प्रकार शरीर आत्मा के आधार पर स्थित है उसी प्रकार गृहस्थ के आधार पर यह चराचर सृष्टि ठहरी हुई है। इस वेद मन्त्र की व्याख्या भी वेद भगवान् इस तरह करते है :

"आयात् जुहोति यत् यजते तेन देवानां लोकः"

अर्थ : गृहस्थियों के पाठ पूजन, देवार्चन तथा यज्ञादि

करने से ही देव लोक में देवता ठहरे हुये हैं।

"अथ यत् निपृणाति तेन पितृणां"।

अर्थ : जब गृहस्थी लोग पित्रों के निमित तर्पणादि करते हैं तथा सन्तति को आगे की ओर बडाते हैं उसे पितृलोक में पित्र ठहरे हुये हैं।

अथ यदनुब्रूते तेन ऋषीणां

अर्थ : ऋषियों को पढ़ने तथा पढाने से तृप्ति होती है, गृहस्थियों के लिये पढ़ना तथा पढ़ाना आवश्यक है उन के पढ़ाने तथा पढ़ने से ही ऋषियों की स्थिति है।

अथ मनुष्यान् वासयति तेन मनुष्यानां

अर्थ : गृहस्थी लोग साधुओं, सन्तों, फकीरों, ब्रह्मचारियों वानप्रस्थियों, सन्यासियों, अतिथियों, अभ्यागतों को बैठने के लिये जगह देते हैं, उन की सेवा करते हैं उन के कारण ही साधु, सन्त, फकीर, ब्रह्मचारी वानप्रस्थी, सन्यासी, अतिथि, अम्यागत संसार में ठहरे हुये हैं।

अथोवा अयमात्मा सर्वेषां भूतानां लोकः

अर्थ : सब चराचर सृष्टि गृहस्थ के आधार पर स्थित है। वेदों ने जिस गृहस्थ को इतना महत्त्व दिया है तो वह गृहस्थ किस के आधार पर स्थित है।

न गृहं गृहंमित्याहुः गृहणी गृहमुच्यते

अर्थ : एक बड़े विशाल मकान को, जो संगमरमर से सजाया गया हो, घर नही कहते है जिस घर में गृहिणी

हो उस को गृहस्थ कहते हैं। स्कन्दपुराण में कहा गया है। **भार्यामूलं गृहस्थस्य** गृहिणी गृहस्थ की झड है मातृ शक्ति केवल गृहस्थ का संचालन ही नही करती है अपितु इस पूरे चराचर सृष्टि को मातृ शक्ति ही चलाती है। एक दिन जगद्गुरु शंकराचार्य एक गृहस्थ में भिक्षा के लिये गये तो उस समय उस गृहस्थ की स्त्री चरखा चला रही थी, ज्यों हि उस ने सन्यासी को अपने आंगन में भिक्षा के लिये आते देखा तो उस ने उठते समय चरखे को जोर से धक्का मारा और सन्यासी को भिक्षा देने के लिये निकली। उस के उठने के पश्चात् भी चरखा चलता रहा और चूं चूं का शब्द करता रहा, शंकराचार्य को इस चलते हुये चरखे पर नज़र पडी और चरखे की ओर कहने लगा

"रे रे यन्त्र रोदसि किं भामिन्यां भ्रामते जगत्
यस्या काक्षमात्रेण, कर स्पर्शेन का गतिः।"

अर्थ : शंकराचार्य चरखे की ओर कहता है – हे चरखे! आप क्यों रोते हो यह पूरा संसार मातृ शक्ति के इशारे से ही चलता है जिस किसी को यह मातृ शक्ति अपना हाथ लगाये गी उस का क्या हाल होगा। हे चरखे ! यदि आप अभी भी घूम रहे हो तो यह क्या आश्चर्य है। लल्लेश्वरी ने इस वाक्य में पतिव्रता स्त्री को ठण्डक देने वाले चिनार का रूप दिया है जिस प्रकार चिनार का वृक्ष भेदभाव रहित हर को अपनी ठण्डक भरी छाँव से तृप्त करता है उसी प्रकार पतिव्रता स्त्री भेदभाव

रहित सयुंक्त परिवार को जिस में अलग अलग स्वभाव के, अलग अलग विचार के बड़े, बूडे, बच्चे इत्यादि होते हैं, अपने शीतल स्वभाव से स्वर्ग बनाती है। पति और पत्नी यह दो शब्द हैं सब से पहले इन दोनों की परिभाषा की ओर ध्यान देंगे। पुरुष हो या स्त्री इस को 83, 99, 999 हैवानियत (पशुता) के जन्मों के पश्चात् मनुष्य जन्म मिलता है। पिछले संस्कारों के कारण मनुष्य को हैवानियत का संस्कार हर समय जाग्रत होता है इस कारण पुरुष या स्त्री को हैवानियत की खाई में जाने के लिये देर नहीं लगती है। यदि हैवानियत की खाई में जाने से किसी पुरुष को कोई बचा सकती है वह है **'पत्नी'**। इसी प्रकार हयवानियत की खाई मे जाने से किसी स्त्री को यदि कोई बचा सकता है वह है **'पति'**। इस कारण इन दो शब्दों की परिभाषा इस प्रकार है। **"पतनात् त्रायते इति पत्नी"** गिरने से जो पुरुष को बचाती है वह है **पत्नी**। **"पतनात् त्रायते इति पति"** स्त्री को जो पतित होने से बचा सकता है वह **पति**। इस परिभाषा का सार यही कि पति पत्नी आपस में अन्योन्याश्रित, पति के जीवन की सफलता पत्नी के कारण तथा पत्नी के जीवन की सफलता का कारण है पति।

शास्त्रों का विधान है कि जिस प्रकार स्त्री को पतिव्रता धर्म का पालन करना है उसी प्रकार पति को एक पत्नी व्रत पालन करना चाहिए। स्त्री को जिस प्रकार

आदर पति से मिलना चाहिये उसी प्रकार से पति को भी पत्नी से आदर मिलना चाहिए। इस के सम्बन्धित एक उदाहरण :

एक दिन सीता जी अशोक वाटिका में त्रिजटा के समीप बैठी थी, सीता जी के पास एक भंवरा भनभनाता आया, सीता का ध्यान भवरें के भन–भन शब्द की ओर चला गया और त्रिजटा से कहने लगी हे त्रिजटा ! क्या आप यह जानते है कि यह भंवरा कैसे बनता है ज़रा सुन :

कीटोयं भ्रमरो भवत्यति निध्यध्यासैः यथाहं तथा

अर्थ : भंवरा गोबर के कीड़े को अपने घौंसले में रखता है फिर बहुत दिनों तक भंवरा इस कीड़े के इर्द–गिर्द घूमते हुये भन–भन करता रहता है। यह कीडा भन–भन आवाज़ सुनने पर भन–भन करने लगता है कुछ समय के पश्चात् यह कीडा भी भन–भन करने से भंवरा बन जाता है।

स्यामेवमपि रघुनन्दोपि त्रिजटे दाम्पत्य सौख्यं गतः

हे त्रिजटे ! मुझे डर लगता है कि मैं भी इस गोबर के कीडे की तरह भन–भन के बदले राम राम करती हूँ ऐसा न हो कि मुझे भी राम राम करने से राम बन जाये जैसे कि भन–भन करने से कीडा भी भँवरा बन गया। त्रिजटा कहती है आप का राम बनना भी ठीख ही है तो सीता कहती है **"दाम्पत्य सौख्यं गतः"** जब मैं भी राम बनूं गी तो हमारा दामपत्य सुख समाप्त

होगा। हे त्रिजटा ! जिस गृहस्थ में दाम्पत्य सुख होगा, शरीर अलग अलग होगा परन्तु हृदय एक ही होगा – उस सुख के सामने सभी सुख हेय अथवा तुच्छ हैं। त्रिजटा कहती है :

शोकं मा कुरु मैथिलेन्द्र तनये,
तेनापि योगः कृतः।
सीता सोपि भविष्यति सरले
दाम्पत्य सौख्यं कुतः।।

हे सीता ! आप परेशान न हो जब से आपने राम राम करना आरम्भ किया उसी समय से राम ने भी सीता सीता कहना आरम्भ किया, जब आप राम बनोगे तो वह सीता बनेगी तो दाम्पत्य सुख में किसी प्रकार का विध्न नही आयेगा।

विवाह संस्कार पर लड़की प्रतिज्ञा करती है कि मैं आजीवन पतिव्रता धर्म का पालन करूंगी। इसी प्रकार लडकी अग्नि के समक्ष पति को प्रतिज्ञा कराती है। "**न सेवनीया पर पारकीया** हे दूल्हे प्रतिज्ञा कर कि मैं दूसरा विवाह नही करूंगा, मैं अग्नि के समक्ष प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं आजीवन एक पत्नीव्रत का पालन करूंगा। भगवान् मनु कहते हैं :

द्विधा कृत्वात्मानो देहमर्धेन पुरुषोभवत्।
दक्षिणांशेन पुमान् अभूत्, स्त्री रूपो वामभागांशाः।

अर्थ : भगवान् शिव ने अपने आप को दो भागों में

विभक्त किया और अर्ध नारीश्वर का रूप धारण किया, भगवान् के दाहिने भाग में पुरुष का प्रादुर्भाव हुआ तथा भगवान् के बायें भाग में स्त्री का प्रादुर्भाव हुआ (मनुष्य के बायें भाग में एक महत्त्वपूर्ण अंग हृदय होता है) इसी कारण स्त्री मनुष्य के बायें बैठती है पुरुष तथा स्त्री (शंकर के शरीर के दो भाग एक जैसे होने पर भी) के परस्पर के शरीर तथा स्वभाव में स्वाभाविक अन्तर है जिस प्रकार पुरुष के शरीर में पौरषत्व, कठोरता तथा पाशविक वृत्ति अधिक होती है उसी प्रकार महिला में पुरुष की अपेक्षा प्रेभभाव, सेवा भाव, सहनशीलता इत्यादि अधिक होती है जिस का प्रत्यक्ष प्रमाण **'माँ'** है। माता नौ महीने बच्चे को गर्भ में धारण करते हुये बहुत कष्टों को सहन करती है उस के पैदा होने पर उस के मल, मूत्र को साफ करना रातों की नीन्द को छोडना इत्यादि कष्ट सहन करना पुरुष की शक्ति से बहुत दूर है। पुरुष इतने कष्टों को सहन नही कर सकता है। माता की असहनीय तपस्या देख कर शास्त्र कारों ने माता की महानता का वर्णन इस प्रकार किया है

पितुरपि-अधिका माता गर्भ धारण पोषणात्
अतो हि त्रिषु लोकेषु नास्ति मातृ समो गुरु।।

अर्थ : बच्चे के लिये गर्भ का कष्ट सहन करने के कारण, बच्चे का मल, मूत्र साफ़ करने तथा बिना किसी कामना के बच्चे को पालने के कारण पूरे लोकों

में माता के समान कोई गुरु नहीं है। इस के विषय में और भी लिखा है।

मात्रं पितरं चोभौ दृष्टवा पुत्रास्तु धर्मवित्
प्रणम्य मातरं पश्चात् प्रणमेत् पितरं गुरुम्।।

अर्थ : धर्मात्मा पुत्र जब इकट्ठे माता, पिता तथा गुरु को देखेगा तो वह पहले किस को प्रणाम करेगा। वह पहले माता को प्रणाम करेगा फिर पिता या गुरु को। लल्लेश्वरी ने **"शिह्ज बून्य"** को एक पतिव्रता स्त्री माना है जो हर एक के लिये चिनार की छाया जैसी होती है। अब पतिव्रता स्त्री से सम्बन्धित कुछ गुणों का वर्णन करना आवश्यक हो जाता है। कवि सम्राट कालिदास के शब्दों में सुनिये जब शकुन्तुला अपने सुसराल जाती है तो कण्वमुनि उस को पतिव्रता धर्म सम्बन्धित संक्षिप्त उपदेश देता है।

शुश्रूषस्व गुरुन कुरु प्रिय सखी वृतिं पत्नी जने
भर्तुर्विप्रकृतापि रोषणतया मास्म प्रतीपं गमः।
भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भागे श्वनुत्सेकिनी
यान्तयेवं गृहणीपदं युवतयः वामां कुलस्याधयः।।

अर्थ : हे शकुन्तुला ! अब आप सुसराल जा रही है। यदि आप वहाँ पर आदरणीय गृहिणी के स्थान पर पहुँचना चाहती है तो अपने पति देव (गुरु) की सेवा तनमन से करना, परन्तु जो आप के पति (गुरु) के गुरु हैं (ससुर–सास) तथा घरके और आदरणीय वृद्धों की

सेवा तथा आदर भगवान् मान कर करनी है। परन्तु उस की सेवा करते करते अपने पतिव्रता धर्म की ओर भी ध्यान रखना चाहिये। हे देवी ! आप निश्चय रखिये कि उन वृद्धों के आशीवार्द से आप की सभी मनोकामनाये पूर्ण हूँगी। आप का परिवार हर प्रकार से सुख और सम्पदा से परिपूर्ण रहेगा। हे देवी ! यदि गृहस्थ में पति अथवा गृहस्थ का कोई सदस्य तेज़ स्वभाव का होकर किसी समय अपना सन्तुलन खोकर आप को बुरा भला कहे तो उस समय लल्लेश्वरी के इस वाक्य को अमली रूप दे देना।

च़ालुन छु वुज़मलु तु त्रटय
च़ालुन छु मन्दिन्यन गट्टकार
चालुन छुह पनुन पान कडुन ग्रटय
हयतु मालि सन्तोष बाती पानय।।

अर्थ : हे शकुन्तुला ! आप की सहनशीलता अथवा चुप रहने से यदि घर का वातावरण शान्त रहेगा समझ लेना वही आप की जीवन की सफलता है इस के अतिरिक्त जो भी अपने सम्बन्धी पडोसी इत्यादि हूंगे उन की देखरेख तथा सहायता अवश्य करें। हे शकुन्तुला! यदि प्रारब्ध वश परमात्मा ने आप को ऐश्वर्य इत्यादि प्रदान किया तो उस का अभिमान नहीं करना।

हे शकुन्तला ! जो नारी मेरे इस उपदेश को स्वीकार नही करेगी वह दोनो स्थानों ससुराल तथा मायके के लिये चिन्ताजनक हैं। एक व्याधि है दूसरी आधि।

व्याधी वह बीमारी है जिस का इलाज होता है परन्तु आधि वह बीमारी है जिस का कोई इलाज नही है। यद्यपि गृहिणी के लिये शास्त्रों में कोई सन्ध्यावन्दन अग्नि होत्रादि को करने का विधान नहीं है। हे गृहस्थी देवी ! गृहस्थ चलाना, बच्चों को जन्म देना, उन का पालन पोषण करना पुरुष की शक्ति से परे है। आप का तपोवन गृहस्थ ही है, गृहस्थ का किचन आप के लिये यज्ञमण्डप है, आप का परिवार ही आप के लिये भगवान् है उस के लिये प्रेम के साथ अन्नादि बनाना आप के लिये सन्ध्यावन्दन, अग्निहोत्र, वैश्वदेव, व्याहृति इत्यादि है। परिवार के सभी सदस्यों, अतिथियों आदि को खिला कर यदि आप बाद में खाओगें तो आप निश्चय रखिये कि आप यज्ञशेष खा रहे हो जिसे आप के अन्तःकरण शुद्ध हो जायेंगे। गीता भी इस सम्बन्ध में कहती है।

"यज्ञ शिष्टाशिनः सन्तो मुच्यन्ते सर्वकिल्विषैः"। यज्ञशेष खाने से सब पापों की मुक्ति होती है। ऋग्वेद भी इस के समर्थन में कहता है : **"केवलाघो भवति केवलादी"।** जो केवल स्वयं ही खाता है वह पाप खाता है। हे गृहस्थी देवी ! आप सावधानी से सुनो इसे आप को गृहस्थ जीवन चलाने में मदद मिलेगा। गृहस्थी को दो प्रकार के कष्ट होते है, कुछ कष्ट ऐसे होते है जो प्रारब्धवश भोगने पडते हैं जिन की चाबी भगवान् के पास होती है परन्तु ~~ज्यादा कष्ट~~ वे होते हैं जो हम

अपनी असावधानी के कारण उत्पन्न करते हैं। जिन की चाबी हमारे पास ही है, भगवद्गीता इस बात का समर्थन करती हुई कहती है

"युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवित दुःख हा।"

(अध्य 6, श्लो 17)

अर्थ : दुखों का नाश करने वाला योग, तो यथायोग्य आहार विहार करने वाले का, कर्मों में यथायोग्य चेष्टा करने वाले का और यथा योग्य सोने तथा जागने वाले का ही सिद्ध होता है।

भावार्थ : प्रत्येक कार्य नियमानुसार समय पर करना चाहिये, गृहस्थी को चाहिये कि वह गृहस्थ की प्रत्येक वस्तु अपने अपने स्थान पर सम्भाल के रखे चाहे वह सूई हो या धागा, मोमबती हो या दिया सिलाई, चाकू हो या डोरी। कोई भी वस्तु अपने उपयुक्त स्थान पर न रखने से कैसे एक गृहस्थ का वातावरण नष्ट हो जाता है। सुनिये, एक गृहस्थ में एक लडका चौथी कक्षा में पढ़ता था तथा उस की परीक्षा चल रही थी, एक दिन उस का ड्राईंग का पेपर था लडके ने स्कूल जाने की तैयारी आरम्भ की, वर्दी की कमीज लगाई ज्यों ही उस ने पाजामा पहनना आरम्भ किया कि स्कूल की घण्टी बजने लगी, घण्टी की आवाज़ सुनते ही वह हड़बड़ाया और पाजामे से नाडा निकल गया, तो माता जी नाडाकश देखने गई तो उस को नाडा

कश नही मिला, बच्चा रोने लगा और चिल्लाया कि स्कूल जाने में देर हो गई, माता जी ने अपनी बहु से कहा कि चाकू ले आओ तो बहु ने कहा कि सवेरे आप सबज़ी तैयार कर रही थी तो फिर कहाँ रखा तो माता जी को याद आया कि सवेरे सबज़ी तैयार करने के पश्चात् मैं ने कूड़े के साथ चाकू को कूड़ेदान में फैंका होगा, बहु ने गैस पर दूध उबालने के लिये रखा था तो वह जल्दी में कूडेदान में चाकू ढूँढने गई इतने में दूध में उबाल आया और दूध गिरने लगा और धुआँ ही धुआँ हुआ। बच्चे ने ड्राईंग बनाने के लिये पेंसिल को खुरेद के रखा था तो माता जी ने उसी पेंसिल से पाजामें में नाडा लगाना आरम्भ किया इतने में पेंसिल का सीसा टूट गया तो बच्चा फिर चिलाने और रोने लगा और अपने पिता से कहने लगा कि मुझे जल्दी जल्दी बुलेड दीजिये ताकि पेंसिल को खुरेदों मुझे स्कूल जाने में देर हुई तो पिता जी ने शेव बॉक्स में से एक नया बलेड बच्चे को दिया। बच्चे ने जल्दी से पेंसिल को खुरेदना आरम्भ किया कि बच्चे की उंगली कट गई और खून बहने लगा तो बच्चे को डाक्टर के पास लेना पडा। दैवयोग से वहां पर डाक्टर नहीं था कम्पाउँडर था उस ने बच्चे को मरहमपट्टी की, समय बीतने के साथ उंगली में पस पड गया कि उंगली काटने की नौबत आ पडी। अब इस बच्चे के माता पिता बच्चे की जन्मपत्री ज्योतिषयों के पास ले गये तो किसी ज्योतिषी

ने भौम दशा कही किसी ने संकटा दशा। हे गृहस्थ नारी आप का शान्त वातावरण नाडाकश अपने स्थान पर न होने से नष्ट हुआ। उसी को पतिव्रता कहते हैं जो छोटी मोटी बातों का भी ध्यान रखे। गृहस्थ चलाना साधारण काम नही है, गृहस्थ को सुचारू रूप में चलाना भी एक कला है। एक गृहस्थ में अलग अलग स्वाभाव के सदस्य होते हैं। कोई गृहस्थ परिवार बहुत बडा होता है तथा आमदनी के साधन कम होते हैं, इस प्रकार के गृहस्थी प्रायः परेशान ही होते हैं। एक कवि ने शंकर के बड़े परिवार तथा कम आमदनी के विषय में तथा भगवान् शंकर के (वुकृरि तु त्रकृरि) परिवार का वर्णन इस प्रकार किया है।

सहस्रारव्यो नागः प्रभुरपि मतः पंचवदनः
षडास्यः हन्तैकस्तनय इतरो वारणमुखः।
गृहे भैक्ष्यं शश्वत् प्रभवतु कथं वर्ननमिति
श्वसत्यां पार्वत्यामथ जयति शम्भुः स्मितमुखः।।

भावार्थ : भगवान् शंकर के गले का हार सहस्त्र मुख वाले को यदि दो सौ ग्राम दूध एक मुख में डालेंगे तो एक कोइंटल दूध होना चाहिए। भगवान् शंकर के पांच मुख हैं यदि एक एक मुख को पांच पांच फुलकें देगें ते 25 फुलके होने चाहिये, भगवान् शंकर के दो सन्तान है एक लम्बोदर है जो एक ही ग्रास में सवा पांच किलो के लड्डू खा सकता है। दूसरी सन्तान कुमारजी है जो सेना का अफसर है इस के छः मुख हैं अपने बल के

अनुसार उस को खाना भी होना चाहिये कई किलो दूध तथा घी। पार्वती ने जब खर्च का विचार किया तो फिर आमदनी की ओर ध्यान दिया तो अपने आप से कहने लगी कि आमदनी **'ब्यछफुल'** ही है वह भी शंकर स्वयं एक ही भीख मांग कर ला सकता है। ऐसा सोच कर पार्वती सोचने लगी तथा कहने लगी – हे प्रभो ! क्या मेरे प्रारब्ध में यही था, इतना ही नहीं मेरा गृहस्थ भी इस प्रकार का है कि मेरे थोड़े से ढीलेपन पर इस परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे को खाने पर तत्पर हो जाते हैं, शंकर का परिवार किस प्रकार एक दूसरे को खाने के लिये तैयार है कवि के शब्दों में

अन्तुं वाञ्छति वाहन गणपतेरा
खुं आक्षुधार्तः फणी
तं च क्रौञ्चपतेः शिखी च गिरिजा
सिंहोपि नागाननम्
गौरी जह्नुसतां असूयति कला
नाथं कपालाननो
निर्विणः स पपौ कुटम्ब कलहा
दीशोपि हालाहलम्।

अर्थ : गणपति के वाहन चूहे को शंकर के गले का हार बना हुआ भूखा सांप खाना चाहता है ज्यों ही वह भूखा सांप चूहे पर जपटता है उसी समय कार्तिकेय जी मोर पर छलांग मारते हैं। दूसरी ओर पार्वती का शेर गणेशजी के हाथी के सिर की ओर लगातार टिकटिकी

लगाकर दान्त पीसता है। पार्वती को गंगा मां से ईर्ष्या है कि गंगा क्यों दूसरी पत्नी शंकरजी के सर पर विराजमान है कवि कहता है कि पूरे गृहस्थ का यह व्यवहार देख कर ही भगवान् शंकर ने ज़हर पिया होगा परन्तु पार्वती एक ठण्डक से परिपूर्ण चिनार के समान है जिस की छाँव / छाँह से इस प्रकार का 'वुकुर तु त्रकुर' परिवार दूषण हो कर भूषण बना है। लिखा भी है

भवानि त्वत् पाणि परिग्रहण परिपाटी फलमिदम्

हे पार्वती माता ! इस प्रकार आपके ऊट पटाँग परिवार की आराधना, मनुष्य, देवता, गन्धर्व इत्यादि करते रहते है। यह शंकर की महानता नहीं है परन्तु यदि कोई शंकर की आराधना करता भी है तो वह आप जैसी पतिव्रता गृहिणी होने के प्रभाव का फल है। पतिव्रता गृहिणी क्या नहीं कर सकती है पतिव्रता नारी अपनी शक्ति से पश्चिम में सूर्य का उदय करा सकती है, बहते हुये दरिया को रोक सकती है, अग्नि को पानी बना सकती है तथा पानी को अग्नि बना सकती है पतिव्रता स्त्री के पास कितना सामर्थ्य होता है इस के विषय में एक दृष्टान्त।

प्राचीन समय में राजा लोग प्रजा का सुख दुःख जानने के लिये अपनी वेशभूषा बदल कर प्रजा में जाते थे। राज भोज एक प्रजापालक, संस्कृत भाषा का प्रेमी तथा प्रसिद्ध राजा था इस के दरबार में 14 सौ पण्डित थे

इन मे महाकवि कालिदास मुख्य पण्डित थे। एक दिन राजा भोज रात के समय एकजंगल की ओर निकला। वहाँ पर एक गृहस्थी ब्राह्मण रहता था उस का मकान कच्चा था तथा मकान के ऊपर एक डालान था, ब्राह्मण के पास गाय भी थी उस गाय की रक्षा के लिये वह इस डालान के नीचे आग जलाता था जिस की रोशनी डालान पर भी पड़ती थी। राजा की नज़र इस डालान पर पड़ी उस डालान पर एक पतिव्रता ब्राह्मणी बैठी थी उस के सामने एक छोटा बचा खेल रहा था। इस ब्राह्मणी का पति सोया हुआ था तथा सर ब्राह्मण के गुठने पर रखा था, राजा भोज यह देखता रहा कि इस ब्राह्मणी का बच्चा डालान से गिर कर आग में गया तो राजा भोज इस बच्चे को बचाने के लिये दौड पडे परन्तु डालान राजा से बहुत दूर था। राजा ने एक आश्च्चर्य जनक चमत्कार देखा कि ब्राह्मणी अपनी जगह से हिली नही और आग में गये हुये बच्चे की ओर देखकर हाथ से ऊपर आने का इशारा किया, बच्चा आग में से निकला और मां के पास डालान पर चला गया। यह चमत्कार देख कर राजा भोज दंग रह गया और रुक गया और सोचने लगा ऐसा न हो सामने जाकर ब्राह्मणी भुझे किसी प्रकार का श्राप दे राजा भोज जो संस्कृविद्या का पण्डित था वापस मुडा और चिलाने लगा

"हुताशनः चन्दन पंक शीतलः"

अर्थात् : अग्नि चन्दन के तिलक के समान शीतल बन गई। दूसरे दिन प्रातः राजा का दरबार लगा, राजनीतिक दरबार से पहले 1400 पण्डितों का दरबार लगता था, राजा भोज ने प्रत्येक पण्डित को यही प्रश्न किया **"हुताशनः चन्दन पंक शीतलः"** परन्तु कोई पण्डित इस प्रश्न का उत्तर नही दे सका, अन्त में राजा भोज ने कवि सम्राट कालिदास से यह प्रश्न किया, तो कवि कालिदास ने उत्तर दियाः

सुतं पतन्तं प्रसमीक्ष्य पावके
न बोधयामास पतिं पतिव्रता।
पतिव्रता शाप भयेन पीडितः
हुताशनः चन्दन पंक शीतलः।।

अर्थ : हे राजन ! जब उस पतिव्रता स्त्री ने अपने पुत्र को आग में जाते हुये देखा भी तो भी वह हिली नहीं क्योंकि उस ने सोचा कि मेरे हिलने से मेरा पति की निद्रा भंग हो जायेगी, इसी कारण उसने खिड़की से देखा और अग्नि देवता भी उस की नज़र से थराया और उसके शाप से गबराया, हे राजन् ! पतिव्रता स्त्री की नज़र से ही अग्नि चन्दन के टीके के समान शीतल बन गया तो यह क्या आश्चर्य हैं।

नोट : वेदों तथा उपनिषदों ने माता को हिन्दू संस्कृति के सिंहासन पर बिठाया है।

या देवी सर्व भूतेषु मातृरूपेण संस्थिता
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

आपस्तम्भ धर्म सूत्र में लिखा है

नास्तिमातृ समो देवः, नास्ति मातृः समो गुरुः

वेदों में लिखा हैं

मातृ देवो भव

अर्थ माता को मनुष्य रूप में प्रत्यक्ष भगवान् मानो।

शिशरस वुथ कुस रटे
कुस बोके रटे वाव
युस पाँच़ इन्द्रिय ़च्यलिथ च़टे
सुय रटे गटे रव। - 71

संस्कृतपद्यानुवाद आचार्य राम शास्त्री

शिशरे वर्षतो मेघान्, कः पुमान् वारणे क्षमः
समीर वेगं कः कुर्यात् स्वकीये मुष्टि बन्धने
पञ्चेन्द्रियाणि संयन्तुं समर्थः स्यात्तु कश्चन
अन्धकारे रवि बद्धं समर्थः स्यात्तदा नरः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

शिशिर में छत से टपकती जल की बूँदें कौन करे एकत्र
मुठी में भला वायु को कौन पकड़ सकता है !
जो पंच इन्द्रियों को कूट के रख देगा।
वही गहन घटा में रवि किरणों को पायेगा।

अर्थ : शिशिर में (कठोर सर्दी में) कौन टपकता हुआ पानी एकत्र कर सकता है। वायु को अपनी मुट्ठी में कौन बन्द कर सकता है। जो पांचो इन्द्रियों को वश कर सकता है। वही अन्धकार में सूर्य को पकड़ सकता है

अर्थात् इन्द्रियों को वश करना बहुत कठिन है। इस वाख का समर्थन पुराणों में इस प्रकार है

कुरङ्गः मातंग पतंग भृङ्ग
मीना हताः पञ्चभिरेवपञ्च।
एकः प्रमादी स कथं न हन्यते,
यः सेव्यते पञ्चभिरेव पञ्च।

अर्थ : हिरण बहुत ही चंचल होता है इस प्रकार का चंचल प्राणी जंगल में जीवित पकड़ना बहुत ही कठिन है परन्तु मनुष्य इस चंचल हिरण को ज़िन्दा ही पकडता है कैसे ? इस को पकड़ने के लिये जंगल में (ऊँचा मकान) बनाया जाता है जिस पर गाने बजाने की सामग्री रखी जाती है तथा उस को बजाया जाता है यह आवाज़ सुन कर हिरण उस स्थान पर इकट्ठे होते जहाँ पर गाने बजाने की आवाज़ आती है उसी स्थान पर हिरण को पकड़ा जाता है। कानों पर नियन्त्रण न होने के कारण हिरण पकड़ा जाता है।

हाथी सब पशुओं में शक्ति शाली पशु है इस शक्ति शाली पशु को भी मनुष्य आसानी से पकडता है। कैसे? हाथी पकडने वाले जंगल में बहुत बडा, तथा गहरा गड्ढा बनाते हैं तथा उस को घास इत्यादि से ढक लेते हैं तथा उस पर नकली हथिनी रखते हैं हाथी जब उस नकली हस्तिनी को देखता है तो वह उस को स्पर्श करने के लिये दौडता है तो वह गड्ढे में गिर जाता है फिर पकड़ने वाले उस को पकड़ते हैं। स्पर्श

पर नियन्त्रण न होने के कारण हाथी को पकडा गया। फतिंगा/पतंगा (पनु पोपुँर) ज्यों ही प्रकाश देखता है तो यह प्रकाश पर दीवाना होता है तथा उसी प्रकाश अथवा ज्योति में अपने आप को स्वाहा करता है।
आंखों पर नियन्त्रण न होने के कारण नष्ट हो गया
भँवरा सुगन्धि के पीछे दौडता है सूर्योदय होने पर कंवल खिलता है, भंवरा सुगन्धि के लिये कमल पर बैठता है, सूर्यास्त होने पर कंवल बन्द होने लगता हे और भँवरा इसी कमल में बन्द हो जाता है। भँवरा जो सख्त से सख्त लकडी को काटता है इस कोमल कंवल की सुगन्धि से आसक्त होने के कारण इस कंवल को काटने का प्रयास नही करता है भंवरा अपने आप को सान्त्वना देते हुये कहता है :–

रार्त्रिगमिष्यति भविष्यति सुप्रभातं
भास्वानुदेष्यति हसिष्यति पंकज श्रीः।
इत्थं विचन्तयति कोशगते द्विरफै
हा हन्त हन्त हन्त नलिनीं गजहार।।

अर्थ : भँवरा सोचता है रात जायेगी, सुप्रभात फिर आयेगा तथा सूर्य उदय करेगा, कमल खिलेगा और मैं बाहिर निकलूँगा, परन्तु रात को ही हाथी इस सर में उतरे और उद्दण्ड मचाया जिस में यह कमल भी ध्वस्त हुआ और भंवरा भी मर गया। भंवरा सुगन्धि पर नियन्त्रण न रख पाने के कारण मर गया।
मछली पानी में होती है तो वहाँ भी उस को पकडते हैं

कैसे? एक प्रकार के धागे में लोहे का कांटा बान्धते हैं और उस में खाने की कोई वस्तु फंसा कर रखते हैं और पानी में डालते है मछली इस खाने की वस्तु को मुंह से पकडती है और कान्टा इस के मुख में फंस जाता है और मछली पकडी जाती है। मछली को जिह्वा के स्वाद ने मारा।

पंच ज्ञानेन्द्रिय – **आंख, नाक, कान, जिह्वा, तथा चमडी** इन के विषय हैं देखना, सूँघना, सुनना, चखना तथा स्पर्श जिस मनुष्य को यह पांचों कमज़ोरियां होंगी उस का क्या हाल होगा। इस लल्ल वाख का तुलनात्मक सम्बन्ध भगवद्गीता के इस श्लोक के साथ है।

यततोह्यपि कौन्तेय पुरुषस्य विपश्चितः।
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः।

(अध्य 2, श्लो 60)

अर्थ : हे अर्जुन ! यत्न करने पर भी विद्वत् जन के मन को पचंज्ञानेन्द्रियाँ जर्बदस्ती विषयों की ओर खींचती हैं। इन्द्रियों पर नियन्त्रण करना बहुत ही कठिन है। इन्द्रियों का दास सब का दास बनता है तथा इन्द्रियों का स्वामी पूरे विश्व का स्वामी बनता है।

कुस पुश तय क्वस पुशॉनी
कम कुसुम लॉग्यज़्यस पूज़े
कव ग्वड दिज़्यस ज़लचि दानी
कव सनू मन्त्र शंकर स्वात्म वुज़े। - 72

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः–

कः पौष्पिकः कापि च तस्य पत्नी
पुष्पैश्च कै देव वरस्य पूजा।
कार्या तथा किं गुडकं विधेयं
मन्त्रश्च कस्तत्र वद प्रयोज्यः।।

हिन्दी काव्यानुवादः–

कौन है माली और कौन मालिन
कौन से पुण्य पूजाहेतु करोगे अर्पित
किस जल धारा से नहला ओगे
किस मंत्र से यथार्थ बोध जाग्रत होगा
(किस मंत्र से शंकर बोध प्रवाहित होगा मानस में)

अर्थः इस वाख में लल्लेश्वरी ने परापूजा के रूप में पांच प्रश्न किये हैं तथा उन का उत्तर वह स्वयं ही दूसरे वाक्य में देती है (1) फूल क्या है? (2) मालिनी कौन है? (3) मैं किन फूलों से शंकर की पूजा करूँगी? (4) किस जल से शंकर को नहलाऊँगी? (5) किन मन्त्रों से मैं शंकर का पूजन करूँगी?

मन पुश तय यछ पुशॉनी
भावक्य कुसुम लागिज़्यस् पूज़े।
शशि रस ग्वडदिज़्यस ज़लविदॉनी
छवपि मन्त्र शंकर स्वात्म वुजे।। - 73

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः—

इच्छा मनोभ्यां ननु पौष्पिकाभ्यां
आदाय पुष्पं दृढ़ भावनाख्यम्।
स्वानन्दपूरै गंडुकं च दत्त्वा
मौनाख्य मन्त्रेण समर्चयेशम्।।

हिन्दी काव्यानुवादः—

मन है माली इच्छा मालिन
भाव पुष्प पूजा में अर्पित करना
चन्द्रामृत से धीरं धीरे नहलाना
मौन-मंत्र से शंकर जाग उठेगा भीतर

अर्थः मन को माली मानिये, इच्छा को फूल बेचने वाली मानो, श्रद्धा के फूल भगवान् शंकर को अर्पण किये, योगियों के सहस्रदल में से जो अमृत जल टपकता है उसी पवित्र शीतल जल से भगवान् शंकर को स्नान करती हूँ तथा मौनरूपी मन्त्रों से उसकी आराधना करती हूँ, पर पूजा के विषय में आगे कहा गया है—

पूर्णस्यावाहनं कुत्र, सर्वाधारस्य चासनम्
स्वच्छस्य पाद्यमर्घ्यं च, शुद्धस्या चमनं कुतः।

अर्थः जो हर स्थान पर विद्यमान है उस का क्या आवाहन मैं करूँ? जो सब का आधार है उस को किस प्रकार का आसन दूँ जो निर्मल है उसको मैं किस प्रकारका पाद्य तथा अर्घ्य दे दूँ जो शुद्ध है उस को किस प्रकार की आचन देदूं। क्योंकि

नित्य तृप्तस्य नैवेद्यं ताम्बूलं च कुतो विभोः

स्वयं प्रकाशमानस्य कुतो नीराजनं विभोः।

अर्थः जो नित्य तृप्त है, उसको नैवेद्य तथा ताम्बूल क्या दूँ, जो स्वयं प्रकाशमान है उस को किस प्रकार का रत्नदीप जलाऊँ, इस वाख में लल्लेश्वरी ने परापूजाके विषय में अपने विचार प्रकट किये हैं।

मूढव् दीषिथ् तॖ पशिथ् लाग्
ज़ेरु तॖ केलु श्रवतवोन् ज़ड़ूरूपि आस
युस यि दपी तस तिथु बोल्
सुय् छुय् तत्वविदस् अभ्यास् - 74

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः—

ज्ञात्वा सर्वं मूढवत् तिश्ठ स्वस्थः
श्रुत्वा सर्वं श्रोत्रहीनेन भाव्यम्।
दृष्टवा सर्वं तूर्णमन्धत्वमेहि
तत्त्वाभ्यासः कीर्तितोयं बुधेन्द्रैः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

जानते हुए भी बन अनजान, देखते हुए भी दृष्टिहीन
सुन कर गूँगा, मासूम और जड़ बन जा
जो कुछ कहेंगे तुम से, हामी भर ले
(तदनुसार उत्तर दे)
यही तत्त्वज्ञानियों का है अभ्यास।

अर्थः हे मनुष्य! सब कुछ जानते हुये भी आप मूढ जैसा बनो, सब कुछ देखते हुये भी आप अन्धा जैसा

बनो, जो कोई आपको अच्छा या बुरा कहे सब कुछ सुनो पर व्याकुल मत हो। इस प्रक्रिया को तत्त्वाभ्यास कहते हैं। इस प्रकार के व्यवहार वाले मनुष्य को तत्त्ववाभ्यासी या ब्रह्माभ्यासी मानना चाहिये। अष्टवक्र राजा जनक को यही बात समझाता है (कौन देखते हुये भी देखता नहीं है? कौन सुनते हुये भी सुनता नहीं है)

निवृत्तिरपि मूढस्य प्रवृतिरुपजायते
प्रवृतिरपि धीरस्य निवृर्त्तिफलदायिनी।।

अर्थः कुछ मूर्ख लोग हर समय बैठे होते हैं, ज्ञानियों की दृष्टि में वह कोई भी काम करते नहीं हैं परन्तु वह अन्दर से ही बड़ी बड़ी योजनायें बनाते रहते हैं तथा बिगाडते रहते हैं निवृत्ति होते हुये भी उनको प्रवृति होती है इसी प्रकार कुछ ज्ञानी लोग रात दिन संघर्ष करते रहते हैं परन्तु उनको उस संघर्ष के साथ कोई आसक्ति नहीं होती है, सुनते हुये भी वह सुनते नहीं हैं। लल्लेश्वरी कहती है कि ऐसे मनुष्य को तत्त्वाभ्यासी या ब्रह्माभ्यासी कहते हैं। तत्वाभ्यासी या ब्रह्माभ्यासी का लक्षण पञ्चदशी' में इस प्रकार है

तत् चिन्तनं तत् कथनं अन्योन्यं तत् प्रबोधनम्।
एतदेक परत्वं च तत्त्वाभ्यास विदुर्बुधाः।।

अर्थः जो हर समय ब्रह्म चिन्तन करते रहते हैं तथा हर समय ब्रह्म का ही वार्तालाप करते रहते हैं उसी ब्रह्म पर एक निष्ठ हो, उनको ज्ञानी लोग तत्त्वाभ्यासी

या ब्रह्माभ्यासी कहते हैं। अष्टवक्र जी ने जो लक्षण तत्वाभ्यासी का कहा है वही लक्षण लल्लेश्वरी ने अपने शब्दों में इस वाख में कहे हैं:–

लज़ कासी शीत निवारी
तृण जल करी आहार
यि कम्य उपदेश कॉरुय बटा
अचीतन वटस सचीतन द्युन आहार।। - 75

संस्कृत पद्यानुवाद श्री रामशास्त्री

स्वर्चमणा ते रक्षति ते शरीरं
करोति नित्यं तृणवारि-भोजनम्।
परोपदेशिन् किमु हंसि चेतनम्
अचेतनस्योपरि प्रस्तरस्य।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मुक्ति दिलाये गी लज्जा से होगा शीत निवारण
तृण जल है इस का आहार
हे ज्ञानी ! किस ने किया है यह उपदेश
चेतना शून्य शरीर को सचेतन आहार देना।
(जड़ पत्थर को सचेतन बलि चढ़ाना)

अर्थः लल्लेश्वरी कहती है हे मनुष्य (हे काश्मीरी भट्ट) भेड़ अपने ऊन से वस्त्र रूप में मनुष्य के शरीर की लाज को ढकता है, तथा ठण्ड से भी मनुष्य को बचाता है। यह भेड़ केवल घास खाता है और पानी पीता है हे पण्डित! यह किस ठग ने अथवा किस कूट शास्त्र ने

आपको उपदेश दिया कि जड पत्थर (जिस को आप भैरव या देवी स्वरूप मानते हो) को जीवित पशु की बलि चढ़ाना

व्याख्याः एक देवी भक्त ने अपनी इष्टदेवी को प्रश्न किया कि क्या भैरव या माता शारिका, ज्वाला, भद्रकाली मांस खाती है? माता ने कहाः—

मांसाशनः स्वोदरपोषणाय,
बलिं ददन्ति मम नामयोगात्,
स्वभीष्ट सिद्धयै न ममैव तुष्टयै

अर्थः मांस खाने वाले अपना पेट भरने के लिये मेरा नाम लेकर अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं सब संसार मेरी ही सन्तति है वह कौन सी माता होगी जो अपने सन्तान के मांस खाने से सन्तुष्ट होगी। इस लल्लवाख का समर्थन करते हुये नैषिध चरित में भी कवि ने ज़ोरदार शब्दों में कहा हैः

मुनोरिवोत्थं ममयस्य वृत्तयः,
त्वयाद्य तस्मिन्नपि दण्डधारिणः,
कथं न पत्याधरणी हृणीयते

अर्थः भेड़ या बकरा जो मुनीश्वर के समान घास फूस खा कर अपना पेट पालता है इस प्रकार के पशु को जो मारेगा इस प्रकार के मुनीश्वर का जो मांस खायेगा तो उस समय पृथ्वी क्यों फटती नहीं है। वह खाने वाला मनुष्य नष्ट क्यों नहीं होता है? भक्त कबीर भी

इस के समर्थन में कहता है:

बकरी पाती खात है ताकी काढी खाल
जो बकरी को खात है उसका कहा हवात।

अर्थ: जो बकरा या भेड घास खाता है उसकी चमडी भी उखेडी जाती है जो भेड या बकरा खाता है उसकी क्या दशा होगी। क्या जो लोग भैरव, शारिका, ज्वाला, भद्रकाली, जयादेवी को बलि चढ़ाते हैं क्या वह ढोंग नहीं है? उसका उत्तर भगवान् व्यास ने इस प्रकार दिया है

सुरां मत्स्यान् मधुमासमासवं कृत्सरौदनं
धूर्तैः प्रवर्तितं धर्मं नैतत् वेदेषु कल्पितम्।।

अर्थः पूजा का ढोंग बना कर शराब, मांस, मछली इत्यादि को खाने का विधान ठगों ने बनाया है ऐसा विधान वेदों में नही हैं क्योंकि वेद का शीर्षक है "**माहिंस्यात् सर्वभूतानि**" किसी भी प्राणी की हिंसा मत करो। अब आप के मन में प्रश्न होगा कि हमारे बुजुर्ग आज तक ऐसा करते आये हैं और हमारा कर्तव्य है कि हम भी ऐसा ही करें इस प्रश्न का उत्तर वेद भगवान् इस प्रकार देते हैं:

"यान्यवद्यानि कर्माणि तानि त्वया
सेव्यतव्यानि न इतराणि"

अर्थः मनुष्य को किसी न किसी प्रकार की कमज़ोरी

होती है वह श्रेष्ठ हो या महात्मा। वेद कहते हैं उनमें जो श्रेष्ठपन के अथवा महात्मा पन के गुण होंगे उनको अपनाओ जो उनको मनुष्यत्व अथवा महात्मा पन की कमज़ोरी होगी उनको मत अपनाओ लल्लेश्वरी देवी ने इस वाख में मांस खाने अथवा बलि चढ़ाने पर विरोध किया है। कहते हैं कश्मीर शैव मत में मांस खाने का विधान है। काश्मीर में शैवमत के उच्चकोटि के महात्मा ही नहीं अपितु शैव मत के एक प्रकाण्ड विद्वान् स्वामी लक्ष्मणजी हुये हैं जिन्होंने शैवमत के कई पुस्तकों की टीकाएँ भी लिखी हैं उन्होंने एक पुस्तक बनाई है "**शैव मत में मांस खाना निषेध है**" जिस पुण्यात्मा ने जीवन भर शैवदर्शनों का गहन अध्ययन किया है उनका निर्देश है कि "मास खाना निषेध है"। सब शास्त्रों की यही विचारधारा है कि "**त्यजेत् धर्मं दया हीनं**" उस धर्म को ठुकरा दो जिसमें दया नहीं होगी, तथा मांस खाने का विधान हो। मन की एकाग्रता के लिये अन्न की शुद्धता ज़रूरी है जो मांस खायेगा जो मृतशरीर खायेगा उसको किस प्रकार की एकाग्रता रहेगी या मन की शुद्धि रहेगी क्योंकि "**जैसा अन्न खाय वैसा मन होय**" कहते हैं सब्ज़ी के पौदों में भी जान है इस का उत्तर शास्त्रों में इस प्रकार है कोष पांच है (1) अन्नामय (2) प्राणमय (3) मनोमय (4) विज्ञानमय (5) आनन्दमय / पत्थरों में अन्नामय कोष है जिनमें सुख दुःख का कोई अनुभव नहीं है। सब्ज़ी के पौदों में

प्राणमय कोष है अर्थात् घटने बढने की शक्ति परन्तु सुख दुःख नहीं है जिस प्रकार हमारे बालों तथा नाखून में जान होती है यह घटते बढते रहते हैं परन्तु जब बाल या नाखून काटते हैं किसी प्रकार का कष्ट या दुख अनुभव नहीं होता है। कीड़ों तथा पशुओं में मनोमय कोष होता है। मन होने के कारण सुख दुख अनुभव करते हैं जिस प्रकार हम अनुभव करते हैं इस विषय में वेद भगवान् कहते हैं: "**मा हिंस्यात् सर्व भूतानि**"

अर्थः किसी भी प्राणी की सिंहा मत करो, मनुष्य को इन कोषों के अतिरिक्त विज्ञानमय कोष तथा आनन्द मय कोष भी है। शास्त्रों के इतने मज़बूत प्रमाण होने पर भी हम कश्मीरी हिन्दू विस्थापित होते हुये भी गाडुबतु, राज़कठ, ख्यच़रिमावस, शिवरात्रि जन्मदिन इत्यादि पर मांस खाते हैं। लल्लेश्वरी ने इस वाख में मांस खाने तथा बलि चढ़ाने का निषेध किया है। इसी उपदेश के लिये उसने कश्मीरी हिन्दू पर चोट की है और कहा है '**सि`कॅम्य उपैदेश क्वरुय बट्टा**'

च़ालुन छु वुज़मल त त्रटय
च़ालुन छु मन्दन्यन गटकार।
च़ालुन छु पान पनुन कडुन ग्रटय
ह्यत मालि सन्तोष वाती पानय।। - 76

संस्कृत पद्यानुवाद श्री रामशास्त्री:–

विद्युत-प्रहार-प्रतिमा-क्षमा-मता
रवौ स्थिते नश्यति सा तमोयथा।
आत्मार्पणं पेषण-चकिकान्तरे
सा दुर्लभा प्राप्स्यति तुष्टि सेवनात!।।

हिन्दी काव्यानुवाद

सहना है बिजली की कड़क और वज्र प्रहार
सहना है मध्याहन में घटा तमस की
सहना है घरट्टक के पाट से बाहर आना
प्रिय ! सन्तोषी बन, अपने आप पाओगे।

अर्थः सहन करना आकाश के फटने के समान है, सहन करना दोपहर में अन्धेरा होने के बराबर है क्योंकि दोपहर को अन्धेरा होना असम्भव है। सहन करना अपने आप को घरट्ट में पिसने के बराबर है जब सहन शीलता के साथ सन्तोष होगा तो निश्चय रखिये शिव स्वयं ही सामने पधारेगें यह वाख लल्लेश्वरी ने भगवद्गीता के इस श्लोक के आधार पर कहा है:

मात्रा स्पर्शास्तु कौन्तेय शीतोष्ण सुख दुःखदाः
आगमा पायिनो नित्याः तान तितिक्षस्व भारत।।

अ॰ 2–14

हे अर्जुन! सुख दुःख, सरदी गर्मी तथा संसार के उतार चढाव बरदाश्त कर, उसी को तपस्या कहते हैं। तपस्या शब्द '**तपूष सहने**' धातु पर बना है सहन करना ही तपस्या हैं मनु महाराज ने धर्म के 10 लक्षण कहे हैं उनमें से पहला लक्षण 'धृति' अर्थात् धीरज अथवा

बरदाश्त करना। कवि सम्राट कालिदास ने भी 'कुमार सम्भव' में धीर का लक्षण कहा है

"विकार हेतौ सति विक्रियन्ते,
येषां न चेतांसि ते एव धीराः"

अर्थः जिस के सामने मन को विचलित करने के लिये भिन्न भिन्न प्रकार के कष्ट हों और वह सब कष्ट सहन करता होगा, मन को विचलित होने नहीं देता होगा उसी को धीर कहते हैं, धर्मात्मा का पहला लक्षण है बरदाश्त करना तथा आगे संघर्ष करते रहना। लल्लेश्वरी ने इस वाक्य में कहा हैः शंकर को प्राप्त करने के दो ही साधन हैं– सहन शीलता और सन्तोष। सन्तोष किस को कहते हैं? "**सन्तुष्ठः येन केन चित**" अर्थात् कर्म करके अथवा परिश्रम करके जो कुछ फल मिले उस पर सन्तुष्ट रहना सन्तोष कहलाता है। भगवद्गीता में भी भगवान् कृष्ण अर्जुन को कहता है "**कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन**" अर्थात् कर्म करते जा फल की आशा मत कर क्योंकि जिस प्रकार का अधिकार आपको कर्म पर है उस प्रकार का अधिकार आपको फल पर नहीं है। इस कारण कर्म करके जो भी फल मिलेगा उसी पर सन्तोष करो– इसी को सन्तोष तथा सहनशीलता कहते हैं। यही दो मांगे शंकर में लय होने के साधन हैं। शिव का साक्षात्कार ही मनुष्य जीवन का लक्ष्य है।

मूढो क्रय छयन धारुन तु पारुन
मूढ़ो क्रय छयनूह रछिन्य काय
मूढो क्रय छयन् दीह संदारुन
सॅहज़ व्यच़ारुन छुय व्योपदीश।। - 77

संस्कृत पद्यानुवाद श्री राम शास्त्रीः—

त्वदीयं कार्यं नहि काय मार्जनम्
त्वदीय कार्य नहि काय चिन्तनम।
त्वदीय कार्यं नहि काय भूषणम्
त्वदीय कार्यं सहजम्य चिन्तनम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मूढ़ मति! केवल शरीर शृंगार ही क्रिया नहीं है
मूढ़मति ! काया का रक्षण ही क्रिया नहीं है
मूढमति ! शरीर पोषण (देहचिन्तन) ही क्रिया नहीं है
सहज ज्ञान की प्राप्ति है तेरे हेतु उपदेश।

अर्थः हे मूर्खो! आप का काम केवल शरीर को सवारना नहीं है, आप का कार्य केवल शरीर का चिन्तन करना नहीं है। आप का कार्य केवल शरीर को आभूषणों से सजाना नहीं है आप का कार्य है उस परम शिव के विषय में विचार करना तथा उसका साक्षात् कार करना।

व्याख्याः मण्डुकोपनिषद का ऋषि कहता है "**लक्ष्यं तदेवाक्षरं ब्रह्म विद्धि**" हे मनुष्य! आप के जीवन का लक्ष्य है परम शिव को जानना अथवा लल्लेश्वरी के शब्दों में '**सहज विचारुन**' परन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि शरीर का ख्याल मत रखो, इसके विषय में

उपनिषद् कहता है "**शरीर ब्रह्ममन्दिरम्**" शरीर ही परमशिव के साक्षात्कार का मन्दिर है, उपनिषद् कहता है "**नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः**" जो मनुष्य शरीर से बलहीन होगा वह उस परम शिव का साक्षात्कार नहीं कर सकता है। आप मानिये शरीर एक प्रकार का किराये का मकान है और हम इस में किरायेदार के तौर पर रहते हैं। किरायेदार तीन प्रकार के होते हैं दियानतदार किरायेदार, बददियानत किरायेदार, मूर्ख किरायेदार। दियानतदार किरायदार उसको कहते हैं जो किसी प्रकार की हानि मकान को न पहुँचाये, इस प्रकार की रक्षा करे कि यह रहने के काबिल हो। बददियानत किरायेदार उसको कहते हैं जो मकान में किसी प्रकार की कमज़ोरी नज़र आयेगी तो उस को बडायेगा और मकान को हानि पहुचायेगा, मूर्ख किरायेदार उसको कहते हैं जो हर महीने मकान का रंग या डिजाईन बदलता होगा उसको इस प्रकार का विश्वास होता है कि मैंने हर समय इसी मकान में रहना है। लल्लेश्वरी ने एक वाख में कहा है "**मोत छुय पत पूल तहसीलदार**" अर्थात् हे मूर्ख मनुष्य! याद रख कि इस शरीर को यहाँ ही छोडना है आप दिन रात इस को संवारने में लगे हो इस को इस प्रकार संवारो कि आप को परमशिव के साक्षात्कार का सहायक बने।

कुस बब तय क्वसो मॉजी
कॅम्य लॉजी बॉजी बठ।
कॉल्य गछ़क कुहँ न बब कुहँ न मॉजी
ज़ानिथ कव लॉजिथ बॉजीबठ।। - 78

संस्कृत पद्यानुवाद श्री राम शास्त्रीः—

कस्ते पिता का जननी तवास्ति
केनापि साकं कथमस्ति संगमः।
विहाय सर्वं गमनं भवेत् यदा
न कापि माता जनको न कश्चित्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

कौन पिता है माता कौन
किस के बने साझेदार
प्रयाण करोगे जब तो कोई माता पिता नही
जान कर भी काहे को बन्ध गया साझेदारी में।

अर्थः आप का पिता कौन है? आप की माता कौन है जिन के साथ आप सम्बन्ध जोड़ते हो। कल ही मरना होगा फिर न माता है न पिता, ऐसा जानते हुये भी आप सम्बन्ध जोड़ते हो, संसार में माता पिता, भाई तथा बन्धुओं का सम्बन्ध इस प्रकार है जैसे एक धर्मशाला में अलग अलग स्थानों के यात्री एकत्रित होते हैं और एक दो रात इकट्ठे बैठ कर फिर प्रस्थान करते हैं जिस प्रकार धर्मशाला का समागम अस्थायी होता है उसी प्रकार का सम्बन्ध माता–पिता, भाई–बहन के साथ भी अस्थायी होता है।

जगद् गुरु शंकराचार्य भी लल्लेश्वरी के इस वाख का समर्थन करते हुये कहते हैं

का ते कान्ता, कस्ते पुत्रः,
संसारोयमतीव विचित्रः
कस्य त्वं कः कुतः
आयातस्तत्वं चिन्तय यदिदं भ्रातः।

अर्थः आप की पत्नी कौन है, कौन आप का पुा है आप किस के पुत्र हो, कहाँ से आये हो यह संसार विचित्र है हे भाई! इस पर ज़रा विचार कर

नाथ ना पान ना परजोनुम्
सदॉय बोवुम ईकुय देह।
चू बु, ब्व च, म्युल नो ज़ोनुम्
चू कुस ब्व कुस छु सन्देह्।। - 79

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः—

नाथ न त्वं, न चात्मापि, ज्ञातो देहाभिमानतः।
स्वस्यैक्यं च त्वया तेन, का आवामिति संशयः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

नाथ ! न जाना अपने आप को और न तुझ को
केवल निज काया के पोषण में लगा रहा
'आप हो मैं' और 'मैं हूँ आप' परस्परलय होना नहीं समझा
आप हैं कौन और कौन हूँ मैं सन्देह बना रहा

अर्थः हे शंकर! मैं ने यह नहीं जाना कि आप कौन हैं,

न यह जाना कि मैं कौन हूँ, मनुष्य जन्म ही ऐसा जन्म है जहाँ पर मनुष्य नर होकर भी नारायण बन सकता है, मानव होकर महान बन सकता है तथा पुरुष हो कर पुरुषोत्तम बन सकता है लल्लेश्वरी के शब्दों में "**चु बुब्बु चु म्युल नो ज़ोनुम्**" एक दिन स्वामी विवेकानन्द जी परमहंस राम कृष्ण के पास जाते हैं तो वहाँ देखते है कि परमहंस राम कृष्ण के कमरे का दरवाज़ा बन्द है तो स्वामी जी ने दरवाज़ा खटखटाया तो परमहंस राम कृष्ण ने अन्दर से ही पूछा कौन है। तो विवेकानन्द ने उत्तर दिया स्वामी मैं यही जानने के लिये यहाँ आया हूँ कि मैं कौन हूँ। लल्लेश्वरी इस वाख में कहती है जब आप इस जन्म में उस परमशिव का साक्षात्कार नहीं कर सकते हैं तो फिर किस जन्म में उस परमशिव का साक्षात्कार कर सकोगे ऐसा न हो किं आप उस अन्धे के समान बनोगे। एक किला था इस किले के दीवार के 84 लाख दरवाज़े थे जो मीलों तक फैले थे परन्तु इन में एक दरवाज़ा खुला था, दैवयोग से इस किले में एक अन्धा फंस गया था। वह बाहर आने के लिये जी तोड़ परिश्रम करता था परन्तु वह निकल नहीं सका, दैवयोग से एक आदमी इस अन्धे के पास आया तो अन्धे ने इस से प्रार्थना की कि मुझे बाहर निकलने का रास्ता बताओ, मनुष्य ने कहा वह रास्ता बहुत दूर है मैं आप को बाहर निकलने का एक उपाय बताऊँगा आप दीवार के बन्द दरवाज़े पर हाथ रख

कर हाथ से टटोलते हुये आगे आगे चलें आप खुद ही खुले दरवाज़े के पास पहुँच जाओगे। उस अन्धे ने एसा ही किया और आगे आगे चलता गया अब खुले दरवाज़े के नज़दीक ही था कि अन्धे की पीठ पर खुजली हुई और वह दीवार से हाथ उठाकर खुजली करने लगा और आगे आगे चलता गया ओर आगे चलते चलते उसने खुला दरवाज़ा भी छोड़ दिया और फिर से बन्द दरवाज़े पर हाथ रख कर टटोलने लगा। इस अन्धे को अब फिर से 84 लाख दरवाज़ों से गुज़रना है। ईशावास्योपनिषद भी इस के समर्थन में कहता है

"असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः,
तान् ते प्रेत्याभि गच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः।

जो इस मनुष्य जन्म में परमशिव का साक्षात्कार नहीं कर सकता है उनको बार बार नीच योनियों में जन्म लेना पड़ता है इस मन्त्र में लिखा है ऐसे मनुष्य आत्मघाती हैं

दीव वटा दिवुर वटा
प्यठ ब्वन छुय ईक बाठ।
पूज़ कस करख हूट बटा
कर मनस तू पवनस संगाठ।। - 80

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः—

चैत्यं देवो निर्मितौ द्वौ त्वयायौ
पूजा हेतोस्तौ शिलातो न भिन्नौ।
देवो मेयश्चित् स्वरूपो विधेयं
तत् व्याप्त्यर्थं प्राण चित्तैक्यमेव।।

हिन्दी काव्यानुवाद

शिला मूर्ति हो देव की या शिला–मन्दिर
दोनों की स्थिति शिला रूप में है
हे हठी पण्डित ! पूजा करोगे किस की
मन और पवन के संघाट में जुट जा
(प्राणायम क्रिया का अभ्यस्त बन)

अर्थः देवता पत्थर का है मन्दिर भी पत्थर का है दोनों की स्थिति नीचे से ऊपर पत्थर रूप में ही है। हे हठी भट्ट! (विद्वान्) आप किस की पूजा करोगे। इस से उचित यह है कि आप मन और प्राण का संगाट करो तो आप योग साधना से परमशिव का साक्षात्कार कर सकते हो।

व्याख्याः यह वाख लल्लेश्वरी ने निर्गुण उपासना के विषय में कहा है कि निर्गुण उपासना परमब्रह्म को प्राप्त करने अथवा जानने की एक साधना है हम जैसे साधक को लल्लेश्वरी की पदवी पर पहुँचने के लिये एक एक पौड़ी से चढ़ने की ज़रूरत है जैसे किसी विद्यार्थी को बचपन से पीएच॰ डी करने की इच्छा है उसको पहले के. जी. कक्षा में वर्णमाला पढ़नी पड़ती है

योग वसिष्ठ में वशिष्ठ जी भगवान् राम से कहते हैं
"अक्षरावगम लब्धये यथा स्थूलर्वत दृषत् परिग्रहः
विद्या का जो ज्ञान है वह निराकार है परन्तु उसके जानने के लिये आरम्भ में बच्चे को अक्षराभ्यास के लिये उसके सामने 'अ' अनार "आ" आम इत्यादि रखते है फिर वह विद्यार्थी अनार, आम के बिना ही **"अ आ इ ई"** इत्यादि पढ़ता है इसी प्रकार साधक साकार मूर्तिपजा के माध्यम से निराकार पर पहुँच सकता है। इस का दूसरा उदाहरण इस प्रकार है एक गणित के विद्यार्थी को मूलधन निकालने के लिये पहले कहते हैं फरज करें एक का मूल्य 'ल' है इस का मूल्य कितना होगा, अर्थात पहले फरज़ करने का सहारा लेना पडता है इसी प्रकार मूर्तिपूजा साधक को लल्लेश्वरी की पदवी पर पहुँचा सकती है, ऐसा न हो कि जनता लल्लेश्वरी के इस वाक्य से मूर्तिपूजा का खण्डन मानेंगे अपितु इस वाख का सारांश है पहले पहल मूर्ति पूजा साधक के लिये ज़रूरी है मगर लल्लेश्वरी की पदवी पर पहुँच कर मूर्तिपूजा बन्धन का साधन बनती है।

दमी डीठूम गज दज़वनी
दमी डयूठुम दुह न तू नार
दमी डीठुम पांडवन हुँज़ माजी
दमी डीठुम क्रॉजी मास।। - 81

संस्कृत पद्यानुवाद श्री राम शास्त्रीः–

क्षणेन दृष्टं ज्वलित मृजीषं
क्षणेन नाग्निर्न नच धूम रेखा।
क्षणेन कुन्ती मुदिता पुनः शुचा
घटस्य कर्तुर्हि गृहं समाश्रिता।।

हिन्दी काव्यानुवाद

अभी देखा धधकता चूल्हा
अभी देखा न धुँआँ और न आग
अभी थी पांडवों की माता महारानी
अभी देखा उसे कुम्हारिन की मौसी।

अर्थः मैंने अभी चूला जलते हुये देखा, अभी देखती हूँ कि न कहीं अग्नि है न धुँआँ है, अभी मैं ने पांडवों की माता कुन्ती को अपने सम्मुख देखा अभी उस कुन्ती को कुम्हार के घर में मौसी (मासी) के रूप में देखा।

दमी डीठुम नद बहवुनी
दमी ड्यूठुम सुम न त तार।
दमी डीठुम थॅर फॉलवनी
दमी ड्यूठुम गुल न तू ख़ारं। - 82

संस्कृत पद्यानुवाद श्री राम शास्त्रीः–

सद्यो वहन्तीह नदी विलोकिता,
न तत्र सेतुर्नच तरण साधनम्।
विलोकिता पुष्प समन्विता लता,
पुनर्न पुष्पं न च कण्टकं ततः।

अभी देखा गरजती नद को
अभी देखा न साहिल न पुल
अभी पुष्पित डाली को देखा
अभी देखा न फूल और न काँटे

अर्थः अभी बहती हुई नदी देखी, जिसको पार करने के लिये पुल भी था किश्तियाँ भी थीं परन्तु अभी देख रही हूँ कि न पार करने के लिय पुल तथा न ही किश्ती, अभी एक फूल की डाली देखी अभी देखा कि न उस का कोई फूल है न कोई काँटा।

व्याख्याः ऊपर लिखे गये दोनों लल वाखों का भावार्थ है कि संसार में कोई वस्तु स्थिर चिरस्थायी नहीं है। नीति शास्त्रकार भी यही कहते हैं।

चक्रवत् परिवर्तन्ते सुखानि च दुःखानि च
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमि क्रमेण।

अर्थः जिस प्रकार रथ के पहिये ऊपर से नीचे घूमते हैं उसी प्रकार सुख दुःख, अमीरी और गरीबी आती और जाती है।

दमी ऑसुस लॉकुट कूरा
दमी ऑसुस जवाता पूर
दमी ऑसुस फेरान थोरान
दमी सपनिस दज़िथ सूर।। - 83

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

प्रागहं बालिका भूवं
पश्चात् यौवन शालिनी
अहो गतिमती भूत्वा
साम्प्रतं भस्मतां गता।।

हिन्दी काव्यानुवाद

अभी थी एक नन्ही बालिका
अभी हुई भरपूर यौवना
अभी मस्ती में घूम रही थी
अभी ज़ल कर हुई क्षार।

वुन्य वुछुम ऑसुस लॉकुट कूरा
वुन्य वुछुम ऑसुस जवानापुर
वुन्य ऑसुस ब्वफेरान तु थोरान,
वुन्य दॅज़िथ बन्योम सूर।।

राजा भर्तृहरि इस ललवाख के समर्थन में कहते हैं–

क्षणं बालो भूत्वा क्षणमपि च सम्पूर्ण विभवः
ज़राज़ी पैरिं गै नट इव बलीमण्डित तनुः।
नरः संसारान्ते विशति यमधानोजव निकाम्।।

अर्थः मनुष्य जन्म लेने के पश्चात् थोडे समय के लिये बालक रूप में रहता है, कुछ समय के लिये विषय आसक्ति में लीन रहता है, किसी समय धन के बिना, किसी समय ऐश्वर्य और वैभव से युक्त होता है तो किसी समय वृद्धावस्था में शरीर ढीला पड़ जाता है। मनुष्य एक नट के समान रूप बदल कर नाटक

समाप्त करके यम पुरी के परदे के पीछे जाता है लल्लेश्वरी भी इस वाख में यही कहती है: मनुष्य जन्म लेकर नट के समान रूप बदलता रहता है।

यि यि कर्म कॉरुम सु अर्चुन
यि रसनि व्वोचोरुम तीय मन्थ्र
यौहय लोगमो दीहस परःचुन
सुय यि परम शिवुन तंथ्र।। - 84

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः–

करोमि यत् कर्म तदेव पूजा
वदामि यच्चापि तदेवमन्त्रः।
यदेव चायाति तथैव योगात्
द्रव्यं तदेवास्ति ममात्र तन्त्रम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

कर्म किये हैं जो जो मैं ने, वही बना अर्चन
जिह्वा पर आया और बोला जो वही बना मंत्र
आत्मबोध (प्रत्यभिज्ञा) से परिचय प्राप्त हुआ
वही है परमशिव का तंत्र, आगम शास्त्र।
(तंत्र–शिवशक्ति की पूजा और अभ्यास का विधान करने वाला शास्त्र)

अर्थ: लल्लेश्वरी कहती है जो जो कर्म मैं करती हूँ वह मेरी शंकर पूजा है जो मैं जिह्वा से उच्चारण करती हूँ वह मेरे शिव के मन्त्र हैं जिस से मैं देखती हूँ,

सूंघती हूँ, चखती हूँ स्पर्श करती हूँ, फिरती रहती हूँ इन चेष्ठाओं से मुझे प्रतीत होता कि मुझ में कोई शक्ति काम करती है उस शक्ति को जानना ही मेरे जीवन का लक्ष्य है इसी जानने को प्रत्यभिज्ञा कहते हैं, प्रत्यभिज्ञा से अभिप्राय है "**ज्ञातस्य ज्ञानम्**" जो शिव में स्वयं हूँ उस को जानना ही प्रत्यभिज्ञा है। स्कन्द पुराण में लल्लवाख के समर्थन में लिखा है—

पुष्पाणि सन्तु तव देव मदिन्द्रियाणि
धूपो गुरुर्वपुरिदं हृदयं प्रदीपः।
प्राणा हवींषि करणानि नवाक्षतास्ते
पूजाफलं व्रजतु साम्प्रतमेव जीवः।।

अर्थः हे शंकर! मेरी इस पूजा को स्वीकार करो जिस पूजा में मेरे कर्मेन्द्रिय आप की पूजा में फूल बने, मेरा हृदय रत्नदीप बने, मेरा शरीर धूप बने, मेरे प्राण आप की पूजा के लिये आहुति बने, मेरी ज्ञानेन्द्रिय आप की पूजा के लिये अक्षत अर्घ्य बने, लल्लेश्वरी इस वाख में यही कहती है

यि यिं कर्म कॉरुम सु अर्चुन
यत् यत् करोमि सकलं शम्भो तवाराधनम्

अर्थःहे शंकर! जो जो कर्म मैं करती हूँ वह आप की ही आराधना बने।

सय् मातृरूप पय दिये
सय् भॉर्यारूप करि विलास
सय् मायारूप जीव् हरे
शिव छुय् क्रूठ् तृच्येन उपदेश्। - 85

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः–

मातृरूपेण या नारी वात्सल्यं वितनोहिहि
भार्यारूपेण सा नारी तर्पयेत नरवासनाम्।
विपरीता तु माया सा प्राणानपहरिरुयति
शिवस्य दर्शनं न स्यात् उपदेशं विचारय।।

अथवा

मातृ स्वरूपेण पयः प्रदा नु
भार्यास्वरूपेण विलास कारिणी।
यच्छक्तिरन्ते मृतिरूपमेति च
कष्टेन लभ्यं शृणु तं गुरोः शिवम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

यही मातृरूप में अमृत (दुग्ध) पिलाती है
यही पत्नी रूप में विशिष्ट हो जाती है
यही मायारूप में प्राणहरण करती है
आसान नहीं है शिव पाना, उपदेश की तह में जाना है।

अर्थः जो नारी माता के रूप में दूध पिलाती है भार्या के रूप में वह विशेष आकर्षण का केन्द्र बनती है अन्त में महाकाली का रूप धारण करके प्राण लेती है। हे मनुष्य! इस पर ज़रा विचार कर कि यह कौन सी शक्ति है जो बहुरूपी बन कर अलग अलग रूप धारण

करती है। आप निश्चय रखिये यह इसी शिव की शक्ति है जिस का साक्षात्कार करना बहुत कठिन है। तनिक उपदेश की तह में जाओ।

व्याख्या: वेद का यह मन्त्र लल्लेश्वरी के इस वाख का समर्थन इस प्रकार करता है।

अग्निर्यथैको भुवनं प्रतिष्ठो
रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा
रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च।।

अर्थ: एक ही अग्नि निराकार रूप में लकड़ी में ठहरी हुई है जब वह अग्नि साकार रूप में प्रकट होती है तो जिस प्रकार का आकार लकड़ी में होता है उसी आकार में अग्नि भी दिखाई देती है। जिस प्रकार उस परम शिव की वह शक्ति जब सृष्टि का निर्माण करती है तो '**ब्रह्मा**' का नाम पड़ता है जब वह इस सृष्टि का पालन करती है तो "**विष्णु**" नाम पड़ता है, जब वह इस सृष्टि का संहार करती है तो '**रुद्र**' का नाम पड़ता है। दूसरा उदाहरण भी देखने योग्य है– एक परिवार में श्याम नाम का एक लड़का है वह अपने परिवार में किसी का लड़का, किसी का पिता, किसी का भाई, किसी का पति, किसी का जामाता, किसी का शत्रु, किसी का मित्र, परन्तु वास्तव में श्याम एक ही है' परन्तु बहुरूपिया के समान उसके नाम बदलते हैं, इसी

बात को लल्लेश्वरी इस वाख में समझाती है कि उस शिव की शक्ति माता के रूप में, बहिन के रूप में, लड़की के रूप में आदि। वास्तव में वह शक्ति एक ही है। वेद भी लल्लेश्वरी के इस वाख को दृढ़ करते हुये कहता है "**एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति**" विद्वान लोग यह जानते हैं कि भिन्न भिन्न रूप होने पर भी वह शक्ति मूलतः एक ही है।

ये ग्वरा परमो ग्वरा
सद्‌भाव् भाव् तु म्य चह्
ज़ह ज़नि उपनेय् कन्दापुरा
हूह् कव तुरुन् तु हाह् कव तत्। - 86

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः—

गुरो ममैतमुपदेशमेकं
कुरुष्व - बोधाप्ति करं दयातः।
हाह् हूह् इमौ स्तः सममाऽऽस्य जातौ
उष्णोऽस्ति हा किमऽथ हूह् सुशीतः।

हिन्दी काव्यानुवाद

हे गुरू ! परमेश्वर !
बतला दे मुझे तुम अन्तर्यामी हो
दोनों नाभिस्थान से उत्पन्न होते है
'हू' कैसे शीतल और 'हा' कैसे है उष्ण।

अर्थः हे गुरुमहाराज। मुझे समझाओ कि दोनों श्वास

तथा प्रश्वास नाभिस्थान से ही उत्पन्ना होते हैं परन्तु 'हूह्' क्यों ठंडा होता है तथा 'हाह्' क्यों गरम होता है इस वाख में लल्लेश्वरी ने स्वयं ही यह प्रश्न किया है तो दूसरे वाख में स्वयं ही उस का उत्तर भी देती है।

नाभिस्थानस् चित् जलवुञी
ब्रह्मस्थानस् शिशिरुन् मुख्।
ब्रह्माण्डस् छयय् नद् वहवेञी
तवय् तुरुन् हुह् हाह् गौव तुत् - 87

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः—

नाभ्युत्थितो हाह्ः जठराग्नि तप्तो
हूः द्वादशान्तात् शिशरात् समुत्थः।
हाह्ः प्राण भूतोऽस्त्यथ हूह् अपानः
सिद्धान्त एवं मुनिभिः प्रदिष्टः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

नाभिस्थान में जठराग्नि जलती है
उदानवायु (निःश्वास) गर्म होता है
सहस्रार में शशि अमृत टपकाता है
अपान वायु (प्रश्वास) शीतल होता है

अर्थः नाभिस्थान में जठराग्नि जलती रहती है उदान वायु कंठ तक चलता रहता है इस कारण 'हाह्' गर्म होता है, जो योगी लोग ब्रह्मांड में अपने प्राण टिका

सकते हैं उनको हर समय सहस्त्रदल (सहस्त्रार) में चन्द्रमा का शीतल अमृत टपकता रहता है उसी शीतल अमृत से 'हूह्' रूपी श्वास ठण्डा होता है।

रव मत, थलि थलि तॉप्यतन
तॉप्यतन् उत्तम् देश।
वरुण् मत लूक घर अॅच्यतन
शिव छुय क्रूठ तू चेन उपदीश। - ४४

संस्कृत पद्यानुवाद श्री भास्कराचार्यः–

स्थले स्थले स्वैः किरणै र्यथा रविः
पतत्यभेदेन गृहेषु वाभ्रियम्।
जलं तथा सर्वजगत् गृहेषु
कष्टेन लभ्यं शृणु तं गुरोःशिवम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

क्या सूर्य प्रत्येक स्थल को प्रकाशित नहीं करता
क्या उत्तम स्थल ही प्रकाशित होते है ?
वरुण देव क्या सामान्य जन के पास नहीं आते !
शिवमय होना बहुत कठिन है उपदेश की तह में जा।
(प्रकृति के कण-कण में ईश्वर तत्त्व निहित है)

अर्थःक्या सूर्य भगवान् भेदभाव के बिना हर स्थान को प्रकाशित नहीं करता है, क्या वह उत्तम अथवा स्वछ स्थान को ही प्रकाशित करता है, क्या अपवित्र स्थानों को प्रकाशित नहीं करताहै? क्या ऐसा भी कोई घर है

जहाँ वरुणदेव की आवश्यकता ना हो?

व्याख्या : लल्लेश्वरी के इस वाख का समर्थन यजुर्वेद का यह मन्त्र करता है

ईशावास्यमिदं सर्वं यत् किञ्च जगत्यां जगत्

अर्थःजो कुछ भी इस चराचर सृष्टि में है उस में शिव ओतप्रोत है अथवा सब कुछ शिवमय ही है। श्रीभगवद्गीता कहती है

"मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्त मूर्तिना

अर्थःजो कुछ भी इस चराचर सृष्टि में दिखाई देता है वह सब कुछ शिवरूप ही है श्वेताश्वतरोपनिषद् भी इस के समर्थन में कहता है

एको हि रुद्रो न द्वितीयाय तस्थुः
य इमांल्लोकानीशत् ईशनीभिः
प्रत्यड जनांस्तिष्ठति सञ्चुकोचान्तकाले
संसृज्य विश्वा भुवनानि गोपाः।

अर्थ : ब्रह्माण्ड में ठहरे हुये भुवनों पर ब्रह्मरूप से शासन करता हुआ प्रत्येक शरीर के मध्य में चेतन रूप से विराजमान है प्रलयकाल में संहार करता हुआ एक रुद्रशिव ही तीनों लोकों को उत्पन्न करके स्थित है उस के अतिरिक्त दूसरा कुछ भी नहीं है।

यदा तमस्तन्न दिवा, न रात्रि
न सत् नचासत् शिव एव केवलः"

अर्थःप्रलय के समय जब न दिन था न रात्रि उस

समय सब कुछ शिवमय था तथा हर तरफ शिव ही शिव ही था, अथर्ववेद का यह मन्त्र भी इसी का समर्थन इस प्रकार करता है:

"प्रजापति बहुधा विजायते"

अर्थ: वह परमशिव चराचर सृष्टि में ही जन्म लेता है हे मनुष्य! जब आप को जड़ चेतन में शिव ही शिव प्रतीत होगा आप की साधना सफल हुई। हर एक प्राणि में प्रत्यक्षरूप में शिव होते हुये भी उस को जानना बहुत कठिन है इसी कारण लल्लेश्वरी ने इस वाख में कहा है

शिव छुय क्रूठ तू च्येन उपदीश

केंचन द्युतथम ओरय आलव
केचव रचायि नालय व्यथ
केंचन ॲछ लजि मस च्यथ तालव
केंचन पॅपिथ गयि हालव ख्यथ।। - 89

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री:–

आहूताः स्वयमेव केचिन्नराः
केचित् वितस्तां रताः।
केचित्ते मधुराभिधान मदिराम्
आपीय मत्तार तथा
तेषां दृष्टिर - अवस्थिता तव गृहे

प्रान्तोन्मुखी केचन
शलभा भक्षित नष्टसाधन कृषे
प्राप्ता न ते धामकम्

हिन्दी काव्यानुवाद

जन्म प्राप्त कर मैं ने वभैव को नहीं तलाशा
लोभ और भोग के प्रति रहा नहीं आकर्षण
जो कुछ पाया सो माना बहुत है मेरे हेतु
पीड़ा सहली, ईश आदेश को पाला।

अर्थः हे शंकर! कई लोगों को आपने स्वयं बुलाया, कुछ महानुभाव रात दिन वितस्ता के किनारे पर बैठ कर पाठ पूजा कर रहे हैं, कुछ आपके नाम की मदिरा पी कर मस्त होकर छत की ओर टकटकी लगाये बैठे हैं कुछ त्राटकादि साधनाओं में मस्त हैं, कुछ साधना करके अन्तिम पड़ाव पर पहुँच गये हैं उनकी वह साधना उसी प्रकार निष्फल होती है जिस प्रकार, धान को 'हालव' (टिड्डी दल) एक प्रकार का कीडा (टिड्डी दल) नष्ट करता है तथा ज़मींदार कुछ नहीं कर सकता है तथा उसके पले कुछ नहीं पड़ता है। सांख्य शास्त्र का मत है कि सिद्ध होने वाले कार्य के पांच कारण होते हैं पहला कारण **अधिष्ठान** है – जिस पर कार्य किया जायेगा उस को 'अधिष्ठान' कहते हैं। दूसरा कर्ता काम करने वाला, तीसरा कारण है '**करण**' काम को सिद्ध करने वाला सामग्री, चौथा कारण है (**प्रथक चेष्ठा**) काम को सिद्ध करने के लिये उस की

देख भाल तथा दौडधूप करना, पाँचवाँ कारण है "**दैव**" जब भगवान् की इच्छा होगी तो फल देगा। भगवद्गीता भी इसी का समर्थन करते हुये कहती है कि कर्म करने का अधिकार आपको है, फल भगवान् के हाथ में है, लल्लेश्वरी के उस वाख का तात्पर्य भी यही है कि भगवान् ही काम कराता है और फल भी भगवान् ही देता है। मनुष्य केवल निमित मात्र है "**निमत मात्रं भव्य साचिन्**" लल्लेश्वरी इस वाख में कहती है "**द्युत थम ओरय आलवु**" इसी वाख का समर्थन उपनिषद् भी करता है "**यमेव एष वृणुते तेन लभ्य;**" जिस भक्त को शंकर स्वयं बुलाता है उस भक्त को शंकर का साक्षात्कार होता है। उत्पल देव 'शिवस्तोत्रावली' में कहता है:

न ध्यायतो न जपतः स्यात् यस्याविधि पूर्वकम्
एवमेव शिवाभासस्तं नुमो भक्ति शालिनम्।।

अर्थःमैं उस शंकर के भक्त को नमस्कार करता हूँ जिस भक्त को बिना ध्यान के, बिना किसी जप के तथा बिना किसी विधि के शंकर का साक्षात्कार हुआ हो। उत्पल देव कहता है कि भगवान् शंकर किसी भक्त को सस्ते में भी अनुग्रह करता है अर्थात्

"सुह छुह कंसि तोरय आलव करान"

जन्म प्रॉविथ व्यभव नो छोंडुम
लूभन भूगन बरुम न प्रेय।
समूय आहार स्यठा ज़ोनुम
चौ़लुम दौख दौद पोलुम देह। - 90

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

लब्ध्वा जनिं परिहृता बहुभोग तृष्णा
लोभेन भोगेन समं न मैत्री
मतं मयाः तत् मित भोजनं तदा
प्राप्तः प्रभुर्दूरगतं च दैन्यम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

जन्म प्राप्त कर मैं ने वभैव को नहीं तलाशा
लोभ और भोग के प्रति रहा नहीं आकर्षक
जो कुछ पाया सो माना बहुत है मेरे हेतु
पीड़ा सह ली ईश आदेश को पाला।।

अर्थःजन्म प्राप्त करके मैंने वैभव तथा ऐश्वर्य की ामना कभी नहीं की, लोभ तथा भोग की लालसा नहीं रही, जो कुछ भी खाने को मिला वही खाया जो कुछ भी शरीर ढकने के लिये मिला उसी पर सन्तोष किया जिस कारण मेरे सभी दुःख दरद सब मिट गये, मैंने केवल परम शिव को प्राप्त करने के लिये प्रयत्न किया।

लल्लेश्वरी के इस वाख का समर्थन कठोपनिषद् के महात्रऋषि पहली अध्याय के के 27वें मन्त्र में इस प्रकार करते हैं–

न वित्तेन तर्पणीयो मनुष्यो
लप्स्यामहे चित्तम्-अद्राक्ष्मचेत् त्वा
जीविष्यामो यावद् ईशिष्यसि त्वं
वरस्तु मे वरणीयः स एव।।

अर्थःनचकेता यमराज को आत्मतत्व सम्बन्धित प्रश्न करता है और कहता है कि नास्तिक कहते हैं कि परमशिव नहीं है, परन्तु इस के विरुद्ध सभी ऋषि वेद तथा उपनिषद कहते हैं कि परमशिव है मुझे समझाये कि वह क्या है? यमराज कहता हैः हे नचिकेता! यह प्रश्न मत पूछो, इस के बदले मै आपको ऐश्वर्य और विभूति दूँगा, पूरी पृथ्वी का राज्य दूँगा, सभी कष्टों, तथा दूखों से मुक्त करूँगा, इस प्रश्न को छोड़ दो। नचिकेता कहता है कि मनुष्य विभूतियों, ऐश्वर्य तथा राज्यादि से तृप्त नहीं होता है कहिये कि वह परमशिव क्या है? उस को प्राप्त करने अथवा जानने का क्या उपाय है? इस का सविस्तार वर्णन कठोपनिषद्, में है जिस प्रकार नचिकेता ने लुभावने वाले सभी उपायों को ठुकराया केवल परमशिव को प्राप्त करने का उपाय ढूँढा, उसी प्रकार लल्लेश्वरी को भी परमशिव के साक्षात्कार की तड़प थी।

प्वॅत जूनि वौथित म्वॅत बोलनोवुम
दग ललनॉवुम दय संज़ि प्रिये

लॅलि लॅलि करान लाल वुज़नोवुम
मीलिथ तस मन श्रोच़्योम देह।। - 91

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः—

प्रातः प्रबुद्धा हि व्यबोधयं स्वं
परमार्थ मार्गे चलमन्तरंगम्।
ततः प्रियं श्रावित लल्लनाम्नो
प्राबोधयं धन्यतमा हि जाता।।

हिन्दी काव्यानुवाद

रात के पिछले पहर में जग कर मनमीत को मनुहारा
ईश प्रेम के वश तड़पती रह गई
मैं लल हूँ, लल हूँ, कहते प्रिय को जगाया
लीन हुई, मन मिलन हुआ, स्वच्छ हुई काया।

अर्थःरात के अन्तिम पहर (ब्राह्मी मुहूर्त) में जाग कर यह चंचल मन परमार्थ की ओर आकर्षित किया। इस प्रक्रिया को नियमपूर्वक चलाने में मुझे कष्ट अवश्य हुआ। इसी ब्राह्मी मुहूर्त में मैं शिवोऽहं शिवोऽहं बार बार उच्चारण करती थी तथा नियम में रहने से मैं पवित्र हो गई। लल्लेश्वरी कहती है ब्राह्मी मुहूर्त अध्यात्म मार्ग की सफलता के लिये, परमशिव के चिन्तन के लिये तथा परमशिव के साक्षात्कारके लिये उत्तम समय है। मनु महाराज भी कहते हैंः

"ब्राह्मे मुहूर्ते बुध्येत धर्माथ चानुचिन्तयन"

धर्मार्थ का चिन्तन करने वाले को ब्राह्मी मुहर्त में उठना

चाहिये।

ब्राह्मी मुहूर्त किस को कहते हैं?

मुहूर्तः सूर्योदय से दो घडी पूर्व का समय घड़ी : 60 पल या 24 मिन्ट

अर्थात्: सूर्योदय से 48 मिन्ट पहले का समय **रात्रेश्च पश्चिमे यामे मुहूर्तो ब्राह्म उच्येता** दिन का विशिष्ट भाग दिन का सवेरे का समय

दिशि आयस दश दिशि चलिथ
चालिथ च्वटुम शून्य अद् वाव
शिवूय डयूठुम शायि शायि मीलिथ
श्य त त्रेय त्रोपिमस त शिवय द्राव।। - 92

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

चङ्क्रमणं दिक् चक्रेऽस्मिन् त्वा देशं स्वमागता
विदीर्य झंझावातं चर्निजनं च महावनम्।
पञ्चेन्द्रियाणि मनसा वशीकृत्य गुणत्रयम्
वयलोकयं शिवं व्यारंतं सर्वत्र जगती तले।।

हिन्दी काव्यानुवाद

दस दिशाओं से पलायन करके लौटी
तत्पर भागी शून्य को चीरा पवन सहश
कण–कण में शिव को पाया
छः और त्राय पर किया नियंत्राण, शिव को पाया।

अर्थ:मैं लल्लेश्वरी दस दिशओं को घूमते हुये अन्त में अन्तर्जगत में पहुँची, इस के लिये मुझे बहुत से जंगलों को लांघना पड़ा, तथा बहुत से तूफानों, झंझावातो का सामना करना पड़ा जब मैने पाँचों ज्ञानेन्द्रियो तथा मन को वश में किया, मल, विक्षेप–आवरण को दूर किया तो मैंने अनुभव किया कि पूरी जगत् शिवमय ही है इस वाख में "**श्य तुत्रेय**" 36 तत्त्वों का अर्थ आ सकता है क्योंकि शैवशास्त्र में 36 तत्त्वों का उल्लेख है दूसरा अर्थ है **श्य तु त्रेय 6+3** नवद्वार भी हो सकता है।

शुन्यहुक मॉदान क्वडुम पानस
म्य ललि रूजुम नु ब्वद्ध होश।
व्यजुय सपनिस पानय पानस
अदु कॅमि हिलि फवल ललि पम्पोश।। - 93

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

शून्यं महामार्गम पारयं यदा
लला तदाहं विस्मृत्य सर्वम्
लब्ध्वा स्वकीयानुभवं मदीया
स्थिति स्थिता विरूढ कञ्चवत्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

असीम शून्य के विस्तृत क्षेत्र को पार किया
सुध-बुध खो बैठी, मैं लल्ला
हुईपरिचित मैं स्वयम अपने आप से
फिर कस कीचड़ काई से कंवल को खिलते पाया।

अर्थःलल्लेश्वरी कहती है जब मैंने शून्य की सीमा लांघ ली तो मैं उस अवस्था पर पहुँची जहाँ पर मेरा मन तथा बुद्धि काम नहीं कर सकती है। श्रुति में कहा गया है "**यतो वाचो निवर्तन्तेऽप्राप्य मनसा सह**" शून्य की भूमिका लांघ कर मैंने अनुभव किया "**अहं शिवोऽस्मि**" यह अनुभव करने से ही मेरा जीवन कृत कृत्य हुआ। आप माने कि लल्लेश्वरी के शरीर रूपी मिट्टी में से कमल रूपी शिव का साक्षात्कार हुआ।

तन मन गयस ब्व तस कुनुय
बूज़ुम सतच गण्टा वज़ान
तथ जायि धारणाय धारण रॅटम
आकाश तु प्रकाश कोरुम सर। - 94

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

मनस कमर्ण वाचा निमग्ना ध्येय चिन्तते
तदैव तस्य देवस्य ध्वनि कर्ण पथं गतः।
धारणा विघृत स्वान्ते सर्वतत्वम वेदिषम्
गगनात् पाताल पर्यन्त स्थितस्य मगनस्तथा।।

हिन्दी काव्यानुवाद

तन मन से हुई ध्यानस्थ उन के प्रति
सत्त की घण्टा बजते सुनी शिव ज्ञान
उस स्थल पर धारणा (योग क्रिया) को धारण किया
आकाश प्रकाश का हुआ यथार्थ बोध।

अर्थःजब मैं तन मन से मग्न हो गई तो मुझे सत्य की

(शिव की) घण्टी (मधुर ध्वनि) सुनाई दी, तब मैं ध्यान धारणा में लय हो गई। मैंने उस विशाल आकाश तथा प्रकाश को देखा – जिस में सभी प्रकाश लय हो जाते हैं। जिस प्रकाश के सामने सभी अग्नि, बिजली तथा सूर्य के प्रकाश मद्यम पड़ जाते हैं। उसी प्रकार के प्रकाश को देखा।

व्याख्याःलल्लेश्वरी कहती है कि जब मैं समाधिस्थ हुई तो मैंने उस परमशिव का साक्षात्कार किया। श्वेताश्वतरोपनिषद् लल्लेश्वरी के वाख का समर्थन करते हुये कहता है

"ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन् देवात्म शक्तिं स्वगुणैनि"

ब्रह्मवादी जब युक्तियों द्वारा उस परम शिव को पाने में सफल न हुये तो वह ध्यान योग में स्थित हो गये तो उन्होंने उस अचिंत्य दिव्य शक्ति (परमशिव) का साक्षात्कार किया। लल्लेश्वरी भी कहती है कि मैंने परमशिव का साक्षात्कार ध्यान योग से किया – यहाँ ध्यान योग से तात्पर्य है समाधिस्थ होना।

समाधि का लक्षण विद्यारण्य मुनि पंचदशी में ऐसे करता हैः

ध्यातृ ध्याने परित्यज्य क्रमात् ध्येयैक गोचरम्
निवात दीपवच्चितं समाधिरभिधीयते।।

अर्थात्ःजब हम किसी इष्ट मूर्ति के ध्यान की तैयारी करते है तो सब से पहले ध्यान की पहली अवस्था होती है उस में ध्याता, ध्यान और ध्येय तीनों प्रतीत

होते हैं परन्तु जब अभ्यास से ध्याता ध्यान छोड़ कर ध्येयाकार वृत्ति में होता है वही समाधि कहलाती है।

नियम करयोथ गरबा-च्यतस करबा प्यॅयी
मरन ब्रोन्ठूय मरबा, मरिथ मरतबू हुरीय।। - 95

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

गर्भवासे प्रतिज्ञातं विस्मृतं किन्नु कारणम्
भव जीवन्मृतो येन पद्यसे परमं पदम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

प्रतिज्ञाबद्ध हुए थे गर्भ में
कब चेतोगे ?
जीते जी यदि मर जाओगे
मर कर अमर हो जाओगे।

अर्थःहे मनुष्य! आपने गर्भ में परमशिव को जानने की प्रतिज्ञा की थी, आपने यह प्रतिज्ञा भी की थी कि मैं ऐसे कर्म करूंगा जिस से मैं आवागमन के बन्धन से मुक्त हूंगा। वह क्यों भूल गये? अभी भी समय है मरने से पहले ऐसे कार्य कर कि मरने के पश्चात् भी आपकी प्रतिष्ठा बनी रहे।

व्याख्याः यह दैवी नियम है कि यदी कोई मनुष्य किसी अच्छी पदवी पर धन सम्पदा से युक्त होकर भी मन से शुद्ध नहीं होगा तो उस का प्रभत्व (दब दबा) जीवन

काल तक ही रहता है मरने के पश्चात् उस का नाम आहिस्ता आहिस्ता समाप्त ही होता है परन्तु कई मनुष्य गुप्त रूप से ही देश, समाज तथा दीन दुखियों की सेवा निष्काम भाव से भी करते हैं इनके अन्त समय तक ऐसे पुरुषों के नाम तथा प्रतिष्ठा पर शरीर रूपी परदा होता है, शारीरिक परदा हटने के पश्चात् वह चमकते हैं, ऐसे महा पुरुषों के विषय में लल्लीश्वरी कहती है **"तिमन छुह मरिथ मरतब हुरान"** यह लल्ल वाक्य लल्लीश्वरी ने गर्भोपनिषद् के आधार पर कहा है

मरन्ह ब्रोन्ठूय मरबा, मरिथ मरतब हूरिय

पानस लॉगिथ रूदुख म्य चुय
म्यॅ चे़ छांडान लूसुम दोह
पानस मंज़ यलि डयूठुक म्यॅ च़य
म्यॅ चे़ त पानस द्युतुम छ़ोह।। - 96

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

देहादिषट् कोशपिधानतस्त्वाम्
अप्राप्य खिन्नास्मि चिरं महेश।
उपाधि निर्मुक्त विबोध रूपं
ज्ञात्वाद्य विश्रान्तिम उपागतात्वाम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

काया के आकार में छिप कर बैठे
तुझे ढूँढते मैं थक गई, दिन ढल गया

तुझ को ही जब अपने अन्दर पा लिया
साथ लेकर मैं तुझे, बस झूमती रह गई।

अर्थःहे भगवन्! आप रक्त, मांस, हड्डी, चमड़ी वीर्यसे बने हुये षटकोष के शरीर में छिप कर बैठे हो, मैं आप को दिन रात ढूँढता हूँ जब मैं ने आप को अपने आप में छिपा हुआ पाया फिर मैंने जाना '**शिवोऽहं**" मैं स्वयं ही शिव हूँ। इसी लल्ल–वाख का रूपान्तर मुण्डकोपनिषद् का यह मन्त्र है

सामने वृक्षे पुरुषो निमग्नो
ऽ नीशया शोचति मुह्यमानः।
जुष्टं यदा पश्यत्यन्यमीशम्
अस्य महिमानं वीतशोकः।।

व्याख्याः मानिये एक वृक्ष पत्तों, फूलों तथा फल से भरपूर है उसकी ऊपर वाली डाली पर परमात्म रूपी एक पक्षी बैठा है। इसी वृक्ष की निचली डाली पर जीवात्मा रूपी दूसरा पक्षी बठा है। यह जीवात्मा रूपी पक्षी ऊपर बठे हुये परमात्म रूपी पक्षी के पास जाने का प्रयत्न करता है परन्तु रास्ते में वृक्ष के फलों को (भोग भोगने में) खाने में लगने से ऊपर वाले परमात्मा रूपी पक्षी को भूल जाता है। जब साधक को परमशिव का अनुग्रह होगा तो यह जीवात्मा ऊपर वाली डाली पर बैठे हुये परमात्मा के पास पहुँचता है वहाँ पहुँच कर वह आश्चर्य में पड़ता है और देखता है कि मैं इसी परमात्मा रूपी पक्षी का प्रतिबिम्ब हूँ। इस से अलग नहीं हूँ।

लल्लेश्वरी भगवती इस वाख में यही कहती है "**म्यॅ चे़ तु पानस द्युतुम छ़ोह**" मैंने यह बाद में जान लिया "**शिवोहम्**" कि मैं स्वयं शिव हूँ।

नफ़सय म्योन छु होरॅंतुय
ॲम्य हॅस्त्य मंगुनम गरि गरि बल
लछिमंज़ सास मंज़ अखा लोरॅंतुय
न तु ह्यतिनम सॉरी तल।। - 97

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

लुब्ध मनो मे गजराज तुल्यं
परीक्षते तत् प्रतिवासरं माम्।
मृदनाति सर्वांसु सहस्र मध्ये
कश्चित् नरस्तस्य भयात् विमुच्यते।।

हिन्दी काव्यानुवाद

नफ़्स (वासना/स्वार्थ) मेरा है गजाकर
हर दम माँग रहा आहार
लाखों हज़ारों में बच पाया कोई एक
नहीं तो सब को रौदँ डाला है इस ने

अर्थःमेरा यह लोभी मन हाथी के समान है यह हर समय मेरे बल की परीक्षा करता रहता है इस मन रूपी हाथी के प्रभाव से हज़ारों लाखों में शायद एक आध बचा हो नहीं तो इस हाथी ने सब को रौंद डाला होता। श्रीमद् भगवद्गीता भी कहती है:

चञ्चलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि, बलवत् दृढम्
तस्याहं निग्रहं मन्ये, वायुरिव सुदुष्करम्।।

अ॰ 6—34

हे कृष्णः— मन बड़ा चण्चल है बडा दृढ है और मथने वाला है मैं तो मानता हूँ उसको वश में करना वायु को वश में करने के समान कठिन है।

ख्यनु ख्यनु करान कुन नो वातख
न ख्यन गछ़ख अहंकॉरी।
सौमुय ख्य मालि सामुय आसख
समी ख्यनु मूचरॅनय बरन्यन तॉरी।। - 98

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः—

भोगै र्न किंचित् परिलभ्यते नरः
भोगोपलब्धौ कुरुषेऽभिमान्नम्।
समस्थितस्तर्पय करणजातम्
उन्मुक्तद्वारो हि जनिष्यते मुदा।

हिन्दी काव्यानुवाद

नित आहाररत रहते कहीं नहीं पहुँचो गे
आहार रहित रहने पर हो जाओ गे अहंकारी
खाने पीने में संतुलन रख, संतुलित रहोगे
संतुलित भोज्य से ही द्वार के कपाट खुल जायेंगे।

अर्थःहे मनुष्य! तू खा खा कर कहीं का नहीं रहेगा, और न खाने पर अहंकारी बन जायेगा, इस लिये तुम

समरूप में न कम न अधिक अर्थात् सीमित मात्रा में खा जिस से शरीर यात्रा चल सके, ऐसे आहार विहार से तुम्हारे बन्द द्वार खुलेंगे, आपका अन्तः करण शुद्ध हो जायेगा।

भगवद्गीता भी इस वाख का समर्थन करते हुये कहती है।

नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति, न चैकान्तम्-अनश्नतः
नचाति स्वप्न शीलस्य, जाग्रतो-नैव चार्जुन।।
युक्ताहार-विहारस्य युक्त चेष्टस्य कर्मसु
युक्त-स्वप्नाव बोधस्य, योगो भवति दुखहाः।।

(अ॰ 6 श्लो 16-17)

अर्थःहे अर्जुन! यह योग न तो बहुत खाने वाले का सिद्ध होता है और न बिल्कुल न खाने वाले का, न अधिक सोने के स्वभाव वाले का और न ज़्यादा जागने वाले का ही सिद्ध होता है। यह दुखों का नाश करने वाला योग, यथा योग्य आहार और विहार करने वाले का तथा कर्मों को यथायोग्य रूप में करने वाले और योग्य समय पर उठने वाले का सिद्ध होता है।

ग्वर शब्दस युस यछ़पछ़ बरे
ग्यान वगि रटि च़्यत् त्वरगस।
इन्द्रिय शोमॅरिथ आनन्द करे
अद् कुस मरि तय मारन कस।। - 99

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

यस्यास्ति श्रद्धा गुरु प्रोक्त शब्दे
ज्ञानस्य वल्गा हय चित्तरोधे।
वशे स्वजात मुदयस्य चित्ते
न तस्य मृत्यु र्न च तस्य मारकः।

हिन्दी काव्यानुवाद

गुरु वाक् पर जो व्यक्ति करे दृढ़ आस्था
चित्त अश्व को ज्ञान-लगाम से निंयत्रित कर
इन्द्रियों को वश में करके आनन्दित हो उठे
फिर कौन मरेगा और किस को मारेंगे।

अर्थःगुरु शब्द पर जो विश्वास या श्रद्धा रखे, तथा ज्ञान रूपी लगाम से अपने चित्तरूपी घोडे को नियन्त्रण में रखे, जो इन्द्रियों को वश में करता है उसे ही आनन्दानुभव होता है ऐसा साधक न मर सकता है न उसको कोई मार सकता है।

व्याख्याः इस वाख में लल्लेश्वरी ने आवगमन के चक्र से मुक्ति के विषय में कहा है। **पहला,** जिस को गुरु शब्द पर श्रद्धा या विश्वास होगा, **दूसरा,** जो ज्ञानरूपी लगाम से चित्तरूपी घोड़े को नियन्त्रण में रखेगा **तीसरा,** जो इन्द्रियों को अपनी मुट्ठी में रख कर आनन्द का अनुभव करेगा, वह आवागवन के चक्र से मुक्त होता है वेदों तथा उपनिषदों ने इ तीनों के विषय में तीन प्रमाण कहे हैं। रामायण में लिखा है।

गुरोः सकाशात् अपि वेद वाक्यतः
संजात विद्यानुभवो निरेक्ष्यते।।

अर्थःगुरु मुख से और वेद वाक्य से श्रवण मनन कर आत्मा का अनुभव किया जाता है

उपनिषद् भी इस का समर्थन इस प्रकार करता है:

आयम्य तद्भावगतेन चेतसा
लक्ष्यं तदेवाक्षरं ब्रह्म विधि।

भावरूपी चित्त से लक्ष्य का अनुभव कर।

लोलुक नार ललि ल्वलि ललुनोवुम
मरनय म्वयस तु रूज़ुस न ज़ुरय
रंग रछ़ि ज़ातसुय क्याह न रंग होवुम
ब्व दपुन चौ़लुम क्याह सनु करय। - 100

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः—

प्रेमाग्नि क्रीडे तम लालयं यदा
तदा मृताहं मरणात् पूर्वम्
जन्मक्षणे मे नहि जाति रूपम
अहम् विलीनेति नवीनरूपम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

प्रेमाग्नि को दुलारा गोदी में
मरने से पहले ही मर गई एक कण न रह गई शेष
क्या क्या रंग न भरे रंगहीन के स्वरूप में
'मैं हूँ' कहना जब छोड़ा और कर सकती क्या?

अर्थः प्रेमाग्नि की गोदी में मैंने उस "परमशिव" को डुलाया। लालन पालन किया, जिस से मैं मरने से पहले ही विदेह हो गई। जन्म के समय न मेरी कोई जाति थी न मेरा कोई रंग, या भेद भाव था परन्तु अब मेरे कई रंग हो गये हैं। मैं किसी का बेटा, किसी का बाप, किसी का भाई, किसी का मित्र किसी का शत्रु बन गया। अब जब मेरा "महत्त्व" समाप्त हुआ तो मैंने असली रंग का अनुभव किया "**अहं शिवोऽस्मि**"

त्रेशि ब्वछि मो क्रेशु नावुन
यान्य छ्ययि तान्य सन्दारुन दीह
फ्रठ चोन दारुन तु पारुन
कर वुपकारुन स्वय छय - 101

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

न पीड्याङ्गं क्षुधया पिपासया
निभालय त्वं परिक्षीणेदेहम्।
अलं व्रतै बाह्य प्रदर्शनैरलं
परोपकारं कुरु मुख्यकार्यम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मत तड़पा दे भूख प्यास से इस काया को
ज्यों ही क्षुधा सतायेगी, खिलाना इस को
धिक्कार है तेरे व्रतोपवास और निग्रह क्रिया पर
परोपकार ही कर्तव्य-क्रिया है।

अर्थःहे मनुष्य! तुम भूख के मारे अपनी देह को न

तड़पाओ जैसे ही यह कमज़ोर होने लगे, वैसे ही उसे सम्भालो, तुम्हारे व्रतोपवास धारण करने से अथवा अपने शरीर को गेरुए वस्त्रों तथा रंगबिरंगे तिलकों के आडम्बर से सजाने को धिक्कार हो, तू परोपकार कर, वही तेरा कर्तव्य है।

कवि कालिदास 'कुमार सम्भव' में लिखते हैं

जब पार्वती तपस्या करती थी तो भगवन् शंकर ब्रह्मचारी के रूप में पार्वती से कहते हैं

अपि स्वशक्त्या तपसि प्रर्वतते।
शरीरमाद्यं खलुधर्म साधनम्।।

अर्थःहे पार्वती! क्या तुम शक्ति के अनुसार तपस्या व्रतोपवास करती हो, शरीर ही धर्म का साधन है

पञ्चस्तवी कार कहता हैः

रे मूढाः किमयं वृथैव तपसा कायः परिक्लिश्यते।
भक्तिश्चेत् अविनाशिनी भगवती पादद्वयी सेवताम्।।

अर्थःहे मूर्ख बिना भक्ति के शरीर को क्यों निरर्थक कष्ट देते हो।

लॅर लॅजम मंज़ मॉदानस
अँद्य अँद्य कॅरिमस तकिय तु गाह
स्व रोज़ि यत्यि तय बु गछ़ पानस
वोन्य गव वानस फालव दिथ। - 102

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः—

अकारि गेहं शुभसज्जितं परं
विचन्तितं हा तदिहेव हास्यते।
अहं गमिष्यामि तथैव सर्वथा
यथा वणिक पण्यगृहं विधास्यति।।

हिन्दी काव्यानुवाद

बीच मैदानं में एक आवास बनाया।
चारों ओर ख़ूब सजाया, विश्राम स्थल बनाये
यह तो रह जायेगा यहीं और मैं चला जाऊंगा
दुकान चलाने वाला दुकान बढ़ा कर चला गया।

अर्थःमैदान के बीच मैंने एक मकान बनाया, उस को चारों ओर से सजाया संवारा परन्तु अफ़सोस! वह मकान यहीं रह जायेगा और मैं चली जाऊँगी। मानिये दुकानदार दुकान बन्द करके चला गया।

जगद्‌गुरु शंकराचार्य ने कहा है

"मा कुरु जनधन यौवन गर्वं
हरति निमेषात् कालः सर्वम्"

अर्थःहे मानव! परिवार, बडे बडे मकान, धन तथा जवानी का अभिमान मत कर, काल तुम से क्षण मात्र में छीन लेगा, यह सब कुछ छिन जायेगा।

मुडस ग्यानुच कथ न वनिज़्ये
खरस गोर दिन रावि दोह
युस युथ करे सु त्युथ स्वरे
क्रय करिज़ि नु पनुन पान।। - 103

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

मूढाय नोपदेष्टव्यं गर्दभाय गुड़ापर्णम्।
यथा कर्म तथा भोगस्तत्रात्मान न पातयते।।

हिन्दी काव्यानुवाद

मूढ मति से ज्ञान की बातें मत कहना
व्यर्थ है गधे को कन्दगीठा खिलाना
जो जैसा करेगा वह वैसा ही भरेगा
अपने आप को कुँए में नहीं ढकेलना।

अर्थःमूढ को ज्ञान की बात कभी कहना नहीं, गधे को कभी गुड खिलाना नहीं, जो जैसा करेगा सो वैसाभरेगा, तू व्यर्थ अपने को कुएँ में ढकेलना नहीं।

भर्तृहरि कहते हैं–

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः
ज्ञान लव दुर्विदग्धं ब्रह्मापि तं नरं न रञ्जयति।।

अर्थःजो बिल्कुल मूढ होगा सम्भव है वह कुछ ज्ञान की बातें समझे परन्तु थोड़ी समझ वाला तथा अपने को निपुण मानने वाले मूर्ख को ब्रह्मा भी समझाने में असमर्थ है।

आयस ति स्योंदुय गछ ति स्यॅंदुय
स्यॅंदिस होल म्य करयम क्या
ब तसु ऑसुस आगरय व्योंदुय
व्यदिस तु व्यन्दिस करयम क्या। - 104

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः—

समागता सरलमानास्तथैव
गन्तास्म्यहं सरल स्वभाव रक्ता।
किं मे करिष्यति शठः शिवज्ञातभावा
किं वा शिवोऽपि कुर्यान्मम निर्भयायाः।।

हिन्दी काव्यानुवाद

सहज रूप से आई और लौट जाऊंगी सहज रूप से
मेरा क्या बिगाड़ सकता है कुटिल कोई
यदि मुझ से वे पूर्ण परिचित थे, तो
मुझ जानी पहचानी का क्या बिगाड़ सकता कोई?

अर्थःमैं सीधी ही आई थी और सीधी ही जाऊँगी। मुझ में स्वभाव से ही आर्जव था और अन्त तक उस को अपनाऊँगी। मुझ शुद्धहृदयवाली को कोई शठ स्वभाव वाला क्या करेगा, मैं पहले से ही उस "परम शिव" को जानती ही थी, अब मुझे वह शिव भी क्या कर सकेगा, जबकि मैं जन्मजात ही, सहजस्वभाव से भेदभावरहित निर्भय हो गई थी।

भगवद्गीता में लिखा है'

देव द्विज गुरु प्राज्ञ पूजनं शौचमार्जवम्।
ब्रह्मचर्यमहिंसा च शारीरं तप उच्यते।।

(अ 17 श्लो 14)

अर्थःदेवता, ब्राह्मण, गुरु और ज्ञानियों की पूजा, शुद्धता, सरलता, ब्रह्मचर्य तथा अहिंसा को शरीर सम्बन्धी तप कहते हैं। अर्थात् "आर्जव" सरलता का होना शारीरिक तपस्या है।

अभयं सत्व संशुद्धिर्ज्ञानयोग व्यवस्थितिः
दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाधयस्तप "आर्जवम्"।।

(अ॰ श्लो 15)

अर्थःइस श्लोक से स्पष्ट है कि "आर्जव" एक साधक के लिये महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है।

स्वय् शेल पीठस त पटस
स्वय शेल छय उत्तम दीश।
स्वय शेल छय फेरवुनिस ग्रटस
शिव छुय क्रूठ, तय चेन व्पदीश। - 105

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः—

यथा शिलैकैव स्वजाति भेदात्
पीठादि नानाविध रूप भागिनी।
तथैव योऽनन्ततया विभाति
कष्टेन लभ्यं शृणु तं गुरोः शिवम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

वही शिला भद्रपीठ और पट (छाजन) में है
वही शिला है उत्तम ईश

वही शिला है घूमती चक्की के पाट में
शिव है गहन, उपदेश को जानो।

अर्थःजो पत्थर भद्रपीठ में है वह नीचे वाले पट पर भी है वही पत्थर सड़क पर भी है वही पत्थर फिरने वाली चक्की में भी है मूल तो सब का एक ही है परन्तु नाम रूप भिन्न भिन्न हैं। इसी प्रकार शिव का उपदेश कठिन है उस उपदेश को जान।

श्वेत केतु को पिता सामवेद के महावाक्य का अर्थ समझाते हुये कहते हैं।

यथा सौम्येकेन लोहमणिना सर्व लोह वर्ण विज्ञातम्।
स्यात् वाचरम्भणं विकरो नामधेयं लोहमित्येव सत्यम्।।

अर्थःहे सौम्य श्वेतुकेतु! अब आप को लोहे का ज्ञान हुआ। ये सभी पदार्थ लोहे के ही बने हैं। ये नाम रूप से अलग अलग होने पर भी वास्तव में लोहा सत्य है मूल में लोहा ही आधर है। इसी प्रकार इस सृष्टि का नाम रूप गलत है शिव ही सत्य है उसको गुरु के रूप में जानना कठिन है।

व्याख्याःयद्यपि शिवलिंग में, मन्दिर में, चक्की में, एक ही पत्थर है परन्तु

"भावे हि विद्यते देवो न पाषाणे न मृन्मये"

यद्यपि परमात्मा अणु अणु में है परन्तु वह भक्त की भावना से ही कहीं पर प्रकट होता है, जैसे अग्नि हर लकडी में है परन्तु दिखाई नहीं देती है। जहाँ पर दियासलाई से लकड़ी को जलाते हैं वहीं पर अग्नि

प्रकट होती है इस प्रकार परम शिव हर पदार्थ में है वह पत्थर हो या लकडी।

युस यि कर्म करि प्यतरुन पानस
अरजुन बरजुन ब्युयन क्युत
अंति लागि रोरॅत पुशरुन स्वात्मस
अद यूरिय गछ़ि तूरिय छुम ह्युत।। - 106

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

यादृशं कुरुते कर्म तादृशं लभते फलम्
नान्यस्तु फलभागी स्यात् स्वात्मैव फल भुक भवेत्।
फलकामो न कुर्यात् निःस्पृहः कार्यमाचरेत्
अर्पयित्वात्मने सर्वं कल्याणं लभते परम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

जो जैसा कर्म करेगा, भुगते गा अपने आप
परिश्रम का फल तो है, दूजे के हेतु
फल, निस्वार्थ रूप से स्वात्म पर छोड़ दे
जिस दिशा में जायेगा वही होगा कल्याण पथ।

अर्थःजो मनुष्य जैसा कर्म करता है उसको वैसा ही फल भोगना पडता है दूसरा उस का हिस्सेदार नहीं हो सकता है, मनुष्य को चाहिये कर्म को अनासक्त भाव से करे, कर्म का फल शिव को समर्पित करे, फिर वह ऐसा कर्म करने वाले जहाँ जाये वहाँ उसका हित होगा। भगवद्गीता भी इसी कथन का समर्थन करती है–

त्यक्त्वा कर्म फलासंगं, नित्य तृप्तो निराश्रयः।
कर्मण्यभि प्रवृत्तोपि, नैव किंचित् करोति सः।।

(अ॰ 4 श्लो 20)

अर्थःकर्म के फल के प्रति आसक्ति को त्याग कर नित्य तृप्त हो कर कर्म के फल पर आश्रित न रह कर भले ही वह मनुष्य कर्म में लगा रहे अथवा कर्म फल भगवान् को अर्पित करे, उसके लिये वह कर्म बन्धन नहीं बनता है बल्कि उसे परमगति मिलती है।

व्याख्याःमनुष्य जैसी आसक्ति से कर्म करता है वह कर्म उसका प्रारब्ध बनता है, उसी के अनुसार शुभाशुभ फल मिलता है जैसा कि अध्यात्म रामायण के उत्तर काण्ड में भगवान् राम लक्ष्मण से कहते हैं:

क्रिया शरीरोद्भवहेतुरादृता
प्रिया प्रियौ भवतः सुरागिणः
धमेर्तरौ तत्र पुनः शरीरकं
पुनः क्रिया चक्रवदीर्यते भवः।

(सर्ग 5 श्ल. 8)

अर्थः कर्म देहान्तर की प्राप्ति के लिये ही स्वीकार किये गये हैं, क्योंकि उनमें प्रेम रखने वाले पुरुषों से इष्ट–अनिष्ट दोनों ही प्रकार की क्रियायें होती हैं और उनके कारण शरीर प्राप्त होता है जिससे फिर कर्म होते हैं। इसी प्रकार यह संसार चक्र के समान चलता रहता है।

हा च्य़ता कवु छुय लोगॅमुत परमस
कवु गोयॅ अपज़िस पज़्युक ब्रोंत
न्यश बौज़ॅ वश कौरॅनख परधरमस
यिन गछ्न ज़्यनु मरनस क्रोंत। - 107

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

रेचित! कस्मादसि मोहमग्नं
जानासि सत्यं त्वमसत्यमेव।
परधर्ममेत्य निजधर्म विहीन मूढ
तस्मात् पुनः पतति हा! जन्मादि चक्रे।।

हिन्दी काव्यानुवाद

हे चित्त ! पर-मदिरा में अनुरक्त हो क्यों
असत्य को सत्य मानने की भ्रान्ति हो रही है क्यों
अल्पबुद्धि ने आसक्त किया पर-धर्म के प्रति
जन्म मरण के भँवर जाल में उलझ गये हो।

हेचित्त! तुम मोह में अथवा आसक्ति में कैसे पड़े हो, तुम्हे असत्य में सत्य का और सत्य में असत्य का भ्रम हुआ है, दुष्ट बुद्धि ने तुम्हें परधर्मी बनाया है, तुम मानव होते हुये भी मानव धर्म से विचलित हुये हैं इसी कारण तुम आवागमन के चक्र में फंसे हो। **आध्यात्मरामायण** भी इसी वाक्य की पुष्टि करता हैः–

अज्ञानमेवास्य हि मूल कारणं
तत् धानमेवात्र विधौ विधीयते।

विद्यैव तन्नाश विधौ पटीयसी
न कर्म तज्जं सविरोधमीरितम्।।

(सर्व ५ श्ल ६)

अर्थः संसार का मूल कारण अज्ञान ही है और इन विधि वाक्यों में उसका नाश ही उपाय बतलाया गया है। अज्ञान का नाश करने में ज्ञान ही समर्थ है (सकाम) कर्म नहीं क्योंकि उस (अज्ञान) से उत्पन्न होने वाला कर्म उस का विरोधी नहीं हो सकता है।

पातञजल दर्शन में लिखा हैः

अनित्याऽशुचि दुःख अनात्मसु नित्य शुचि सुखात्म ख्यातिर् अविद्या।

अर्थःअनित्य में नित्य, अपवित्र में पवित्र, दुःख में सुख का ज्ञान अविद्या कहलाती है, लल्लेश्वरी का वाख भी इसी पातंजल दर्शन के प्रमाण को स्पष्ट रूप से समर्थन करता है।

अन्दर ऑसिथ न्यबर छ़ोंडुम
पवनन रगन कॉरनम सथ
द्यानु किन्य दय ज़गि कीवल ज़ोनुम
रंग गव संगस मीलिथ कॅयथ।। - 108

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

अन्तस्थितस्य देवस्य बहिरन्वेषणं कृतम्
प्राणायाम प्रयासेन तस्यावाप्तिर्मया कृता।
ध्यान योगेन प्राप्ताहं कैवल्यपद दुर्लभम्
तेन मे रूप सौभाग्यं तस्य रूपेण संगतम्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

हैं वे भीतर और मैं ढूँढती रह गई बाहर
श्वास-क्रिया (प्राणायाम) से मानस में विश्वास बढ़ा
यह जाना कि जग है पूरा विराट् शिव
अंश-अंशी का मिलन हुआ अद्भुत।

अर्थःवह मेरे अन्दर थे परन्तु मैं उन्हें बाहर ढूँढती रही। प्राणापानवायु के माध्यम से, ध्यानादि योग साधना से मैंने जान लिया यह सारा जगत ही विराट् शिव है जिस के फल स्वरूप मैं ने "**अहं शिवोऽस्मि**" का अनुभव किया।

दछिनिस आबॅरस ज़ायुन ज़ानुहा
सॅदरस ज़ानहा कडिथ अठ
मंदिस रूगियस वैद्युत ज़ानुहा
मूढस ज़ॉनिम नु प्रनिथ कथ।। - 109

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

छोत्स्याम्यहं दक्षिण जात मेघान
कर्तुं क्षमा सिन्धु जलस्य शोषणम्।
विमोचनं शक्यमसाध्य रोगतः
न मूढमुद् बोधयितुं समर्थः।

हिन्दी काव्यानुवाद

दक्षिण दिशा से आये मेघखण्डों को छिन्न भिन्न कर पाना सम्भव है
सागर से अनन्त जल राशि को अलग कर पाना सम्भव है!
असाध्य रोग ग्रस्त का उपचार कर पाना सम्भव है!
पर मूढ़ मति को तथ्यावगत कर पाना सम्भव नहीं है!

अर्थःलल्लेश्वरी कहती है दक्षिण के बादल में जो गुण होता है मैं उसको टुकडे टुकडे कर सकती हूँ ऐसा भी सम्भव है कि समुद्र में से पानी निकाल कर समुद्र को सुखा सकती हूँ, मैं असाध्य रोग का उपचार भी कर सकता हूँ परन्तु मूर्ख को समझा नहीं सकती हूँ।

राजा भर्तृहरि ने इस कथन का वर्णन इस प्रकार किया हैः

लभेत् सिकतासु तैलमपि यत्नतः पीडयन्
पिबेच्च मृगतृष्णिकासु सलिलं पिषासार्दितः।
कदाचिदपि पर्यटन् शषविषाणमासाधयेत्।
न तु प्रतिनिविष्ट मूर्खजन चित्तमाराधयेत्।

अर्थःयदि मनुष्य प्रयत्न करेगा तो रेत में से तेल निचोड कर निकाल सकता है, सम्भव है प्यासा मृगतृष्णा के चित्तभ्रम के पानी में से पानी पी सकता है। प्रयत्न करने पर खरगोश भी सींग प्राप्त कर सकता है परन्तु मूर्ख को प्रयत्न करने पर भी समझाना असम्भ्व है।

अव्यचॅारी पोथ्यन छिह हो मालि परान
यिथु तोतु परान "राम" पंजरस
गीता परान तू हीथा लबान
पॅरुम गीता परान छस।। - 110

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः—

पठन्ति ग्रन्थान शुकवत नरा वृथा
तथैव गीताध्ययन प्रदर्शनम्
ज्ञानाय गीताम् अहमध्यगीषि
तथापि धीये न प्रदर्शनाय।।

हिन्दी काव्यानुवाद

अविचारी पढ़ते हैं पोथियों को
जैसे पिंजर बद्ध तोता रट रहा हैं 'राम' का नाम
बहाने के हेतु कर रहे हैं सतत गीता पाठ
मैं ने गीत पढ़ली और किया गीता को आत्मसात्।

अर्थःजिस प्रकार पिंजरे में बन्द घरेलू तोता राम, राम की रट लगाता है उसी प्रकार कुछ लोग पोथियों के पाठ की रट लगाते रहते हैं जो निष्फल है तथा समय नष्ट करना है। कई लोग वेदो, उपनिषदों के सार भूत भगवद्गीता भी दिखावे के लिये पढते हैं अथवा दो चार श्लोक यादकरके दूसरों पर धर्मात्मा होने का प्रभाव डालते हैं, लल्लेश्वरी कहती है मैंने गीता पढ़ी तथा उसको आत्मसात किया, उसको अपने जीवन का मूल्य बनाया। गीता के आरम्भ में भक्त जन मंगल रूप में पढ़ते हैं:

गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्र विस्तरैः

अर्थःजो गीता पढ़ेगा, फिर उस पर मनन करके अपने भीतर उतारेगा तथा उस पर कार्य करेगा, उस को और शास्त्रों की क्या आवश्यकता है। लल्लेश्वरी कहती है भगवद्गीता रट लगाने वाला ग्रन्थ नहीं है उसपर मनन करने की आवश्यकता है तथा उसको अपने जीवन व्यवहार में अपनाने की आवश्यकता है।

परुन स्वलभ पालुन द्वरलभ
सहज़ गारुन सूक्ष्म तु क्रूठ
अभ्यास कि गनिरय शास्त्र मुाठुम
चीतन आनन्द निश्चय गोम। - 111

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

सुलभं हि पठनं नित्यं
दुर्लभं तस्य पालनम्।
दुर्लभः सहज़ानन्दः
शास्त्रं विस्मृत्य प्राप्यते।।

हिन्दी काव्यानुवाद

सुलभ है पढ़ना, दूर्लभ है पालन करना
सहज ढूँढना है सूक्ष्म और कष्ट प्रद
गहनाभ्यांस से शास्त्र हुए विस्मृत
शिव के आनन्द रस का हुआ अनुभव।

अर्थःपढ़ना सुलभ है परन्तु उस पढ़ने को कार्य रूप देना अथवा उस अध्ययन को आत्मसात करना बहुत दुर्लभ है, इसी प्रकार उस सहज स्वात्मा अथवा परम शिव का साक्षात्कार बहुत सूक्ष्म एवं कष्टप्रद है परन्तु लल्लेश्वरी कहती है जब मैं समाधि की भूमिका पर पहुँची तो मैंने चारों ओर शिव ही शिव देखा। इस भूमिका पर पहुँच कर मुझे सब शास्त्र विधान भूल गये। अष्टावक्र राजा जनक को कहता है:

आचक्ष्व शृणुवा तात
नाना शास्त्रण्येकशः।
तथापि न तव स्वास्थ्यं
सर्वं विस्मृणात् ऋते।।

अर्थःआप गुरु के पास शास्त्र सुनो अथवा शिष्यों को सुनाओ परन्तु जब आपको यह सभी शास्त्र भूल जायेंगे तभी आप परम कल्याण प्राप्त करोगे।

व्याख्याःलल्लेश्वरी का इस अवस्था पर पहुँच कर शास्त्र अथवा शास्त्र विधान रुकावट ही बनते हैं परन्तु साधक यह जानता है कि गुरु, शास्त्र अथवा शास्त्र विधानों से ही मैं उस अवस्था पर पहुँची जहाँ पर मैंने चारों ओर शिव ही शिव देखा, इस भूमिका पर पहुँच कर साधक बार बार मस्ती में कहता रहता है:

अहो शास्त्रं अहो शास्त्रं, अहो गुरुरहो गुरुः
अहो ज्ञानं अहो ज्ञानं, अहो सुखं अहो सुखम्।।

अर्थःशास्त्र धन्य हैं शास्त्र धन्य है, गुरु धन्य है, गुरु धन्य है, मेरा ज्ञन धन्य है मेरा ज्ञान धन्य है मेरे आनन्द का यह अनुभव धन्य है मैं इस समय आनन्द ही आनन्द अनुभव कर रहा हूँ।

"शिवोऽहं शिवोऽहं, शिवोऽहम्"

मंदछि हांकल कर छ़यन्यम
यलि ह्यडुन गेलुन असुन प्रावु
ऑरुक जामु कर सनु दज़्यम
यलि अन्दरयुम रवास्युक रोज़्यम वारु। - 112

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः—

लज्जा विश्रृखंला तत्र सम्यक् भवितुमर्हति
अपशब्दान् यदाक्षन्तुं शक्तिरर्न्तजनिष्यति।
लज्जा जवनिका लग्ना ज्वलिष्यति क्षणान्तरे
यदाहि मन्मनोवाजी ममायन्तो भविष्यति।।

हिन्दी काव्यानुवाद

कब टूटेगी लज्जा-साँकल
जब सह लूँगी पर निंदा, कटाक्ष, उपालंभ
जब द्वेष-घृणा के आवरण होंगे क्षार
जब अबोध चंचल मन शान्त रहेगा।

अर्थःलज्जा की सांकल तब ही टूटेगी जब मैं दूसरों का मुझ पर हंसना, मज़ाक़ करना तथा अनादर इत्यादि सहन करूँगी। जब मेरी दीनता तथा भेदभाव का पर्दा

जल जायेगा जब अन्दर का चंचल मन नियन्त्रण में रहेगा तभी लज्जा की रस्सियाँ टूटेगी।

व्याख्या:लज्जा की सांकल में जकड़ जाना, मज़ाक़ उड़ाना, फिकरे कसने उतने ही समय तक है जब तक भेद भाव है "**भयं द्वितीयात्**" भेदभव तब ही समाप्त होगा जब चंचल मन पर नियन्त्रण होगा।

कंध्यो! कररव कंदि कंदे,।
कंध्यो! करख कंदिविलास
भूगय मीठ्य दितिथ यथ कंदे
अथ कंदि रोज़ि सूर नु तु सास।। - 113

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्री:–

त्वं चेत् तनुं चिन्तयसि प्रमुग्ध
शरीर सज्जां वितनोपि नित्यं
चिनोषि चेत् भोग विलास साधनं
हा हन्त सर्वं भस्म भविष्यति।।

हिन्दी काव्यानुवाद

देहधारी मानव ! यदि तुम शरीर चिन्ता में लगे रहोगे
देहधारी मानव ! यदि इस के शृंगार में जुटे रहोगे।
मधुर भोज्य दिये हैं इस काया को
शेष न रह पायेंगे इस काया के भस्मावशेष।

अर्थ:हे मनुष्य! यदि आप अपने ही शरीर की चिन्ता करता रहेगा, तन की ही सजावट में लगा रहेगा, इस

शरीर के लिये भोग विलास के साधन जुटाता रहेगा, यह भूलना मत कि इस शरीर को राख भी शेष नहीं बचेगी।

व्याख्या:इस शरीर के तीन विकार हो जाते हैं "**कृमि विट् भस्म संज्ञितः**" इस शरीर को जब ज़मीन में दफनाते हैं तो कीडे पैदा होते हैं, जब जलाते हैं तो भस्म बनता है, जिस शरीर का अन्त इस प्रकार का है उस शरीर की सजावट दिन रात करना मूर्खता है। शरीर की उतनी ही रक्षा करनी चाहिये जो परम शिव के साक्षात्कार में सहायक बने।

मुकुन्दमाला में शरीर की अस्थिरता से सम्बन्धित यह श्लोक है:

इदं शरीरं परिणाम पेशलं
पश्यत्य वश्यं श्लथ सन्धिर्जजरम्"

अर्थ:जिस शरीर का परिणाम अन्त में नाश है उस शरीर की रात दिन क्यों सजावट करता रहता है।

रंगस मंज़ छुय ब्योन ब्योन लबुन
सोरुय चालख बरख तय स्वरव
चख रश तु वैर गालख
अद डेशख शिवसुन्द म्वख।। - 114

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

नामानि रूपाणि बहूनि सन्ति
विश्वस्य मञ्चे जगदी श्वरस्य
द्वन्द्वं सहिष्ये न करिष्यसि घृणाम्
तदाहि ते शंकर दर्शनं भवेत्।।

हिन्दी काव्यानुवाद

विश्व मंच पर देखोगे रूप अनेक, परस्पर भिन्न
सब सह लोगे, सुख पाओगे
क्रोध, ईर्ष्या एवं वैर मुक्त हो कर
शिव-दर्शन होंगे साक्षात्।

अर्थःलल्लेश्वरी कहती है इस संसार रूपी मंच पर अलग अलग नाम के पात्र हैं तथा अपना अपना रोल करते हैं परन्तु हे शंकर! यह सभी रोल आप के ही हैं।

''विश्वं हि एतत् परमात्म दर्शनम्''

भिन्न भिन्न नाम रूप होते हुये भी वास्तव में शिव एक है यह रहस्य वही जान सकता है जो दुःख सुख को सहन कर सकता है तथा जो क्रोध, ईर्ष्या एवं वैर आदि दूषित भावानुभूतियों से मुक्त हो।

हा मनशि! क्याज़ि छुक वुठान स्यकि लवर
अमि रटि हा मालि पकी नु नाव
ल्यूखुय यि नारान्य कर्मणि रुखि
ति मालि ह्यकी न फिरिथ कांह।। - 115

संस्कृत पद्यानुवाद श्री आचार्य राम शास्त्रीः–

त्वं कथं सिकता रज्जु निर्माणे निरतो नर
नातस्ते जीवनस्येयं नौका पारं गमिष्यति।
ललाटे कर्म रेखां यमदा नारायणः स्वयम्
न सा साधन शून्यस्य लोपं यास्यति दुर्जय।।

हिन्दी काव्यानुवाद

हे मनुष्य ! क्यों रेत की रसी बट रहे हो
इस रसी को पकड़कर नैया नहीं होगी गतिशील
दैव इच्छा से जो भाग्य बदा है
उसे कोई उलट नहीं सकता है।

अर्थःहे मनुष्य! आप रेत की रस्सी क्यों बटता है, इस से तुम्हारी जीवन नैया पार नहीं पहुँचेगी। नारायण ने जो कर्म पटल पर लिखा है वह कोई बदल नहीं सकता है। भर्तृहरि कहते हैंः–

नैवाकृतिः फलति नैव कुलं न शीलं
विंद्यापि नैव न च यत्न कृतापि सेवा।
भाग्यानि पूर्वतपसा खलु सञ्चितानि
काले फलानि पुरुषस्य यथैव वृक्षाः।।

अर्थःमनुष्य का न सौन्दर्य फल देता है, न ऊँचा वंश, न सदाचार, न विद्या, न परिश्रम के साथ किया गया कोई कार्य। प्रत्युत पूर्व जन्म में किये गये तप के द्वारा अर्जित किया हुआ भाग्य ही उचित अवसर पर वृक्ष की भांति फल देता है।

कुस मरि तय कसू मारन्
मरि कुस तय मारन् कस्।
युस हर हर त्रैविथ घर घर करे
अदु सुय मरि तय मारन तस।। - 116

संस्कृत पद्यानुवाद आचार्य राम शास्त्री

को नाम मृत्यो वशगो भविष्यति
कः कस्य हन्ता भ्रममात्रमेव।
हरं हरं यो विस्मृत्य ब्रूयात्
गृहं गृहं तस्य वधो भविष्यति।।

अर्थः इस वाक्य का अर्थ बहुत ही रहस्यपूर्ण तथा गूढ है इस वाक्य का समर्थन कठोपनिषद् का यह वाक्य करता हैः

हन्ता चेत् मन्यते हन्तुं,
हत्श्च मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो
नायं हन्ति न हन्यते।।

अर्थः आत्मा अमर है, शरीर के नष्ट होने से आत्मा का नाश नहीं होता है जो आत्मा को मरने वाला अथवा मारने वाला मानते हैं वह आत्मा का वास्तविक रूप नहीं जानते हैं वाक्य के पहले पाद में लल्लीश्वरी ने आत्मा की नित्यता को दरशाया, आत्मा नित्य है भगवद्गीता आत्मा के नित्यता के विषय में कहती हैः **''देही नित्यमवध्योयं देहे सर्वस्य भारत''**

अर्थः हे अर्जुन! सब शरीरों में रहने वाला जीवात्मा अवध्य है, जिसे मारा नहीं जा सकता है। भगवद्गीता इसी आत्मा के विषय में कहती हैः

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पवाकः

न चैनं कल्येदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

अर्थः इस आत्मा को नशस्त्र काट सकता है, न ही अग्नि इस को जला सकती है, ना ही जल इसको बिगो सकता है ना ही वायु इस को सुखा सकात है। आत्मा र्निविकार होते हुये भी हम देखते हैं कि जिस मनुष्य को तलवार से हमला किया जाता है वह प्रत्यक्ष रूप में मरता है उसके टुकडे टुकडे हो जाते हैं उसकी चेतना समाप्त हो जाती है फिर गीता तथा लल्लीश्वरी कैसे कहती है जीवात्मा मरता नहीं है?

पाठक गण! इस ललकाक्य का अर्थ आप तभी समझ सकते हैं जब आपको यह विदित होगा कि आत्मा क्या है? जीवात्मा क्या है? शरीर क्या है? इस प्राणी शरीर में से कौन सा तत्व या शक्ति निकलती है जिस से प्राणी मरता है।

आत्मा क्या है? एक कमरे में दीवार पर एक आईना टंगा हुआ था इस कमरे में एक बच्चा आ गया और आते ही आईने को दोनों हाथों से पकडा, और अपनी प्रतिबिम्ब देख कर बहुत खुश हुआ इतने में ही उसके हाथों से यह आईना नीचे फरश पर गिरा और टूट

गया इस बच्चे ने एक टुकडा उठाया और उसमें भी उसको अपना प्रतिबिम्ब दिखाई दिया इसी प्रकार इस ने बहुत टुकडे उठाये और हर टुकडे में वह अपना प्रतिबिम्ब देखता रहा, आईना टूटने से बच्चे के प्रतिबिम्ब पर कोई प्रभाव नहीं पडा, आईना टूटनेसे प्रतिबिम्ब टूटा नहीं, इसी प्रकार आप मानिये आईने का फ्रेम स्थूल शरीर है, आईने में बच्चे का प्रतिबिम्ब जीवात्मा है, बच्चा परमात्मा है जिस का प्रतिबिम्ब आईने में है, आईना सूक्ष्म शरीर है, सूक्ष्म शरीर के विषय में स्वामी विद्यारण्य ने कहा है।

बुद्धि कर्मेन्द्रिय प्राण पंचकैः मनसा धिया
शरीरं सप्त दशभिः सूक्ष्मं तत् लिंग मुच्यते।

अर्थः पांच ज्ञानेन्द्रिय, पांच कर्मेन्द्रिय, पंच प्राण मन तथा बुद्धि इन १७ पदार्थों को सूक्ष्म शरीर कहते हैं इनके जो सूक्ष्म तत्व हैं वही शरीर से निकलते हैं, उनके निकलने से ही चेतना समाप्त हो जाती है इसी सूक्ष्म शरीर को जीवन भर के किये हुए अच्छे या बुरे संस्कार लगे हुये होते हैं फिर यही सूक्ष्म शरीर अच्छे या बुरे संस्कारों सहित प्रकृति के नियम के अनुसार नया जन्म धारण करता है यह सूक्ष्म शरीर जिस किसी देह में पहुंचता है उसको हर स्थान पर परमात्मा का प्रकाश व्याप्त होने के कारण वहां पर भी परमात्मा का प्रतिबिम्ब होता ही है जिस को जीवात्मा कहते हैं, जिस

प्रतिबिम्ब से यह सूक्ष्म शरीर चेतना प्राप्त करता है यह जीवात्मा अविद्या के कारण यह मानता है कि यह मेरा शरीर है, जिस प्रकार एक गृहस्थी कहता है मेरा घर, मेरा पलंग, मेरा विस्तरा इत्यादि इसी प्रकार एक मनुष्य कहता है मेरे इन्द्रिय, मेरा शरीर इत्यादि। यह इन्द्रिय तथा शरीर आपस में इस प्रकार गुलमिल हो जाते हैं जैसे एक लोहे के गोले को अग्नि में डालेंगे वह अग्नि का ही गोला बनता है यदि इस गोले को हाथ लगायेंगे तो हाथ जल जाता है हम कहते हैं। अग्नि गोलाकार है और लोहे का गोला जल रहा है परन्तु यह सत्य नहीं है ठंडक लोहे के गोले का धर्म है अग्नि का गुण शस्त्र में आना, शस्त्र का गुण अग्नि में आना, जैसे आत्मा के गुण शरीर में तथा शरीर के गुण आत्मा में होने को वेदान्त के अनुसार **'अध्यास'** कहते हैं। रामायण में लिखा है:

यदन्यदन्यत्र विभाव्यते भ्रमात्

अध्यासमित्याहु र्विपश्चितः।

असर्प भूतेहि विभावनं यथा

रज्जवादिके तत् वदपीश्वरे जगत्।

अर्थः रस्सी का सांप अनुभव होना, रस्सी में सांप का गुण अनुभव होना, सांप में रस्सी के गुणों का अनुभव होना **'अध्यास'** कहलाता है। यह वेदान्त का विषय है ऐसे विषय बहुत ही कड़वे होते हैं परन्तु लल्लीश्वरी ने

इस विषय को बहुत ही सरलता पूर्वक समझाने का प्रयत्न किया है जब तक जीवात्मा को अध्यास का (रस्सी रूपी सांप का) भ्रम है तब तक मनुष्य यह मानता है कि मैं मरता हूँ और मुझे मारते हैं जिस प्रकार रस्सी को सांप समझने वाला चिलाता है और बेहोश हो जाता है। जब जीवात्मा गुरुकृपा से अपने आप को शरीर से अलग समझता है तभी जीवात्मा अनुभव करता है कि मैं अमर, विकार रहित, अव्यय तथा नित्य हूं जिस प्रकार लोहे का गोला अग्नि में से अलग हो कर अपनी स्वाभाविक ठंडक का अनुभव करता है, इसी कारण लल्लीश्वरी कहती है

"मरि कुस तय मारन कस"

इस वाक्य का दूसरा पाद है

युस हर हर त्रेविथ घर घर करे।
अद सूय मेरि तय मारन तस।।

अर्थः जो भगवत् नाम को छोड कर हर समय घर के जंजाल में फसा रहता है ऐसे मनुष्य आवागमन के चक्र में फसे रहते हैं उन का न यहलोक तथा ना ही परलोक सुधर जाता है ऐसे गृहस्थियों के विषय में लल्लीश्वरी कहती है कि इस प्रकार का मनुष्य बार बार मरता है और उत्पन्न होता है। इस विषय में उपनिषद् कार कहता है:

विद्यां चाविद्यां च यस्तत् वेदोभयं सह

अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्याया मृतमश्नुते

अर्थः जिस गृहस्थ में विद्या (हर हर) तथा अविद्या (घर घर) इकट्ठे हो कर चलते होंगे उस गृहस्थ में सभी का उद्धार तथा सुधार होता है इस प्रकार का गृहस्थ सफल गृहस्थ है। हर हर के बिना गृहस्थ अधुरा है और गृहस्थ के बिना हर हर अधूरा है यह दोनों एक दूसरे से आश्रित है जैसे एक गांव में दो मित्र रहते थे एक अन्धा था दूसरा लंगडा। जब कभी भी इन को कहीं जाना होता था तो लंगडा अन्धे के कन्धे पर बैठ कर अन्धे को इशारों से रास्ता दिखाता था तो लंगडा उस इशारे से चलता था तथा अपने लक्ष्य तक पहुंचते थे इसी प्रकार दोनों हर हर और घर घर करने वाला गृहस्थी उस परम शिव का साक्षात्कार कर सकता है।

।। इति शुभम् ।।


मिलने का पता

1. **विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय**
(धार्मिक पुस्तक भण्डार)
तालाब तिलो (जैन कालोनी के नज़दीक)
2555763, 9419119922

2. **विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय**
(जे. के बुक शॉप)
तालाब तिलो, गली नं. 1, जम्मू
250543, 9419240070

3. **विजयेश्वर ज्योतिष कार्यालय**
चिनोर चौक (रूप नगर) जम्मू.
9419103424

4 **Durga Masala Store**
131-132, I.N.A. Market, New Delhi - 23
Ph. : 024602813



ओंकार नाथ शास्त्री
(हिन्दी अनुवादक)



अजीत कॉलोनी, गोलगुजराल, जम्मू
स्वरदूत मो० 9419133233, 2555607
punchang.vijayshwar@yahoo.com